दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : सोमवार, 2 नवम्बर, 2026 ■ वर्ष -01 ■ अंक-249 ■ पृष्ठ-16 ■ मूल्य : 01 रु. ■ ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com

संक्षिप्त खबरें

पीवी सिंधु ने बैडमिंटन का हाइलो ओपन खिताब जीता

नई दिल्ली (एजेंसी)। दो बार की ओलंपिक मेडलिस्ट पीवी सिंधु ने



रविवार को जर्मनी के सारब्रुकन में आयोजित 'हाइलो ओपन सुपर 500' बैडमिंटन टूर्नामेंट का खिताब जीतकर इस सत्र का अपना दूसरा टाइटल हासिल किया। सिंधु ने फाइनल में डेनमार्क की लाइन होजमार्क केयर्सफेल्ट को सीधे गेमों में शिकस्त देकर ट्रॉफी अपने नाम की। जुलाई में 'जापान ओपन' जीतने वालीं पूर्व वर्ल्ड चैंपियन सिंधु पिछले हफ्ते 'फ्रेंच ओपन' में उपविजेता रही थीं, उन्होंने 500,000 अमेरिकी डॉलर इनामी राशि वाले इस टूर्नामेंट के फाइनल में शानदार प्रदर्शन किया।

बांग्लादेश में कपड़ा मजदूरों का प्रदर्शन, 3 जगह हिंसा हुई

ढांका (एजेंसी)। बांग्लादेश की राजधानी ढाका समेत तीन इलाकों में रविवार को कपड़ा फैक्ट्रियों के मजदूरों ने वेतन बढ़ाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। इस दौरान कई जगह हिंसा भी हुई। ढाका के मीरपुर इलाके में मजदूरों ने सड़कें जाम कर दीं। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर ईंट-पत्थर फेंके और एक पुलिस गाड़ी में आग लगा दी। गाजीपुर में मजदूरों ने हाईवे जाम किया और पुलिस चौकी में आग लगा दी। वहीं, अशुलिया में कम से कम 30 फैक्ट्रियां बंद रहीं। मजदूरों की मांग है कि उनका न्यूनतम मासिक वेतन 9,600 रुपए से बढ़ाकर करीब 23 हजार रुपए किया जाए।

वोटर लिस्ट में गड़बड़ी करना अब पड़ेगा भारी निलंबन के साथ होगी सजा

नई दिल्ली। वोटर लिस्ट तैयार करने की अहम जिम्मेदारी को हल्के में लेना अब भारी पड़ेगा। चुनाव आयोग ने पीलीभीत की गड़बड़ियों के सामने आने के बाद ऐसा करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों से सख्ती से निपटने का फैसला लिया है। इसके तहत ऐसी गड़बड़ियों में शामिल अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ लोक प्रतिनिधित्व कानून (आरपी एक्ट) के साथ अब भारतीय दंड संहिता (बीएनएस) का धारा 198 में भी मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। जिसमें एक साल की सजा और जुमार्ना दोनों साथ-साथ होगा।

बिहार के दूध, सब्जी और मछली को मिलेगा ग्लोबल बाजार : मुख्यमंत्री

सीएम ने 1.06 लाख दुग्ध उत्पादक किसानों के खातों में किया राशि अंतरित

पटना (एनएसबी)। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रविवार को कॉम्फेड में आईसीसीसी का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने डीबेटी के अंतर्गत 5832 दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों के माध्यम से 1,06,063 लाभार्थियों के बैंक खातों में 68,51,27,060 (68.51 करोड़) रुपए की राशि का प्रत्यक्ष अंतरण किया तथा नवनिर्मित कॉल सेंटर (सुधा संपर्क) का उद्घाटन किया। यह भुगतान 1,46,66,061 लीटर दूध की आपूर्ति के एवज में किया गया है। कार्यक्रम के दौरान डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग के सचिव शीर्षत कपिल अशोक ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से कॉम्फेड के अंतर्गत किये जा रहे कार्यों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

इस अवसर पर सीएम ने कहा कि बिहार की अर्थव्यवस्था में कृषि एवं पशुपालन की महत्वपूर्ण भूमिका है। बिहार के दूध, तरकारी एवं मछली को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाना है। दुग्ध उत्पादकों को बिचौलियों से मुक्त कर पारदर्शी तरीके से सीधे बैंक खाते में भुगतान सुनिश्चित करना इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। दुग्ध उत्पादकों के हित में डिजिटल व्यवस्था को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों को यूनिक फार्मर आईडी उपलब्ध करायें, जिसके माध्यम से दूध की गुणवत्ता, फैट एवं एसएनएफ की मात्रा और भुगतान की डिजिटल निगरानी संभव होगी। सीएम ने आगे कहा कि बिहार की पहचान बन चुका सुधा ब्रांड अब राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान स्थापित करेगा। सरकार का लक्ष्य सुधा को एक अंतर्राष्ट्रीय ब्रांड के रूप में विकसित करना है। सीएम ने महिला सशक्तीकरण पर जोर देते हुए कहा कि पशुपालन एवं दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाई जा रही है। वहीं सीएम ने गेट नं.-02, जैविक उद्यान में सुधा कैफ्टेरिया एवं तरकारी दुकान का उद्घाटन किया और वहां उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। इसके पश्चात मीठापुर, मीन भवन अवस्थित फीस कैच कियोस्क एवं सुधा पार्लर का उद्घाटन किया तथा उपलब्ध ताजा मछलियों की प्रजातियों को भी देखा। साथ ही बक्सर से सिलीगुड़ी के लिए फीस कैच वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, मंत्री नन्द किशोर राम, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के सचिव लोकेश कुमार सिंह, सहकारिता विभाग के सचिव धर्मेन्द्र सिंह, डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग के सचिव शीर्षत कपिल अशोक सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।



किसानों और पशुपालकों की आय बढ़ाना सरकार का लक्ष्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार की अर्थव्यवस्था में कृषि और पशुपालन की महत्वपूर्ण भूमिका है। सरकार किसानों और पशुपालकों की आमदनी बढ़ाने, उन्हें आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने और उनके उत्पादों को बेहतर बाजार देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने दुग्ध उत्पादकों को यूनिक फार्मर आईडी उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया। इसके माध्यम से दूध की गुणवत्ता, फैट और एसएनएफ की मात्रा तथा भुगतान की डिजिटल निगरानी संभव होगी।

मुख्य बिंदु

सुधा कैफ्टेरिया एवं तरकारी दुकान का उद्घाटन

सिलीगुड़ी के लिए फीस कैच वाहन को किया रवाना

वर्ष 2026-27 में प्रतिदिन 50 लाख लीटर दूध संग्रहण का लक्ष्य

लोकतंत्र को मजबूत बनाने में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण



■ सीएम ने पाटलिपुत्र राष्ट्रीय युवा संसद-2.0 का किया शुभारंभ

पटना (एनएसबी)। सीएम सम्राट चौधरी ने रविवार को गोला रोड स्थित ज्ञान निकेतन स्कूल परिसर में आयोजित दो दिवसीय पाटलिपुत्र राष्ट्रीय युवा संसद-2.0 का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर सीएम ने आयोजन समिति से जुड़े लोगों को मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान सीएमने भारतीय पुलिस सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी स्व. आचार्य किशोर कुणाल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि भी अर्पित की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने, देश की सभ्यता एवं संस्कृति को आगे बढ़ाने तथा भारत को सशक्त राष्ट्र बनाने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि वर्ष 1974 के आंदोलन में युवाओं ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई थी। आज का दौर जेन-जी और जेन अल्फा का है। युवा पीढ़ी को लोकतांत्रिक व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में काम करना होगा। सीएम ने कहा कि लोकतंत्र में जनता मालिक होती है और लोकतंत्र लोकलाज से चलता है। जनता की आवाज और उनकी अपेक्षाओं को समझना सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बने हैं। पूर्व सीएम नीतीश कुमार भी लगातार पांच बार बिहार के मुख्यमंत्री रहे। इन नेताओं ने जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप विकास कार्यों को प्राथमिकता दी।

खेल नेतृत्व क्षमता विकसित करने का सशक्त माध्यम

पटना। सीएम सम्राट चौधरी ने रविवार को पाटलिपुत्र खेल परिसर में आयोजित 52वीं राष्ट्रीय जूनियर बालक कबड्डी प्रतियोगिता 2026 का दीप प्रज्वलित कर विधिवत उद्घाटन किया। प्रतियोगिता का आयोजन 1 से 4 नवम्बर तक किया गया है। इस अवसर पर सीएम ने प्रतियोगिता में भाग लेने बिहार आए विभिन्न राज्यों के खिलाड़ियों एवं उनके अभिभावकों का स्वागत किया, साथ ही सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों से मुलाकात की, उनका परिचय जाना और उन्हें सफल होने की शुभकामनाएं दीं।

राहुल की रामलीला 'जलसा' 1984 के पीड़ितों के घावों पर नमक छिड़कने जैसा

अमित शाह का कांग्रेस पर निशाना

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इंडी गठबंधन द्वारा आयोजित रैली को लेकर कांग्रेस और राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि 1984 के सिख-विरोधी दंगों की बरसी पर दिल्ली के रामलीला मैदान में इंडी गठबंधन की रैली से पीड़ितों और उनके परिवारों की पुरानी दर्दनाक यादें फिर से ताजा हो जाएंगी। दरअसल, चंडीगढ़ में विकास परियोजनाओं के शिलान्यास के दौरान शाह ने कहा कि 1 नवंबर को राजधानी में इस तरह का 'जलसा' आयोजित करना दंगा पीड़ितों और उनके परिवारों के पुराने जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा है। उन्होंने कांग्रेस पर संवेदनहीनता का आरोप लगाते हुए तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी के विवादित बयान का हवाला दिया और चुनाव आयोग के खिलाफ विपक्ष की 'मॉक संसद' पर तंज कसते हुए कहा कि अगर राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनना है, तो वे मॉक पार्लियामेंट में ही बने रहें।



■ PM बनना है तो मॉक संसद में ही रहें, मॉक पार्लियामेंट पर अमित शाह ने कसा तंज

मेरी बात सच होगी, ज्ञानेश जेल जाएंगे : राहुल

CEC के खिलाफ विपक्षी पार्टियों ने निकाली रैली

नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित विपक्षी गठबंधन इंडिया की रैली को संबोधित करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार को लेकर बड़ा बयान दिया। उन्होंने 'वोट चोरी' का आरोप लगाते हुए कहा कि ज्ञानेश कुमार को इसके लिए मुकदमे का सामना करना पड़ेगा और उन्हें जेल जाना होगा।

इंडिया गठबंधन की ओर से आयोजित 'दिल्ली चलो' रैली में राहुल गांधी ने कहा कि देश के लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए यह लड़ाई जारी रहेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि ज्ञानेश कुमार ने जो किया है, वह सामान्य चोरी नहीं, बल्कि कानूनी भाषा में 'रेयरेस्ट ऑफ रेयर' (दुर्लभतम) श्रेणी का मामला है। राहुल गांधी ने मुख्य चुनाव आयुक्त पर ईवीएम के इस्तेमाल और मतदाता सूची से 13.5 करोड़ नाम हटाने के जरिए वोट चोरी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के लिए ज्ञानेश कुमार ने जो किया है, वह देशद्रोह और हर नागरिक की आवाज की चोरी के समान है।" उन्होंने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त के अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को भी संविधान और लोकतंत्र पर कथित हमले के लिए परिणाम भुगतने होंगे। राहुल गांधी ने कहा, "जब गृह मंत्री अमित शाह घोषणा करते हैं कि प्रधानमंत्री मोदी कहीं नहीं जा रहे हैं, तो हम उन्हें बताना चाहते हैं कि जब तक वे अपने किए की सजा का सामना नहीं करेंगे, हम उन्हें कहीं जाने नहीं देंगे।" उन्होंने 2024 के लोकसभा चुनाव और कई विधानसभा चुनावों में कथित धांधली का मुद्दा उठाते हुए कहा कि रामलीला मैदान में जुटी भारी भीड़ देश के युवाओं, किसानों और मजदूरों की आवाज है। यह उन लोगों को स्पष्ट संदेश दे रही है, जो 'वोट चोरी' में शामिल हैं कि जनता उनके खिलाफ लड़ेगी और उन्हें हराएगी।



देश के लोकतंत्र को मिटने नहीं देंगे : तेजस्वी यादव



■ नई दिल्ली में इंडिया ब्लॉक की महारैली को किया संबोधित

नई दिल्ली/पटना। एसआईआर के खिलाफ और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे को लेकर रविवार को दिल्ली में आयोजित इंडिया महागठबंधन की महारैली में बिहार से राजद नेता तेजस्वी यादव, कांग्रेस सांसद अखिलेश सिंह, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम, पूर्णिया से सांसद पप्पू यादव समेत कई नेता शामिल हुए। रैली को संबोधित करते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि देश सब कुछ देख रहा है। संवैधानिक संस्थाएं काम नहीं कर रही हैं। ज्ञानू, मोदी जी की सुनोगे या देश की जनता की सुनोगे? देश के लोकतंत्र को मिट्टी में मिलने नहीं देंगे। हम बिहारी हैं, मिटने नहीं देंगे। यूपी के चुनाव में भाजपा को हराकर रहेंगे। तेजस्वी ने आगे कहा कि हमने आज वोट चोरों के खिलाफ महाभारत का आयोजन किया है। आज शकुनी अपना खेल खेल रहे हैं तो हमें कुरुक्षेत्र में उतरना पड़ रहा है। इन पर देशद्रोह का मुकदमा चलना चाहिए, ताकि किसी व्यक्ति में हिम्मत न हो कि वह हमारे देश के लोकतंत्र को खत्म कर सके। कुछ लोग लोग तय कर रहे हैं कि देश में कौन वोट देगा और कौन नहीं। देश देख रहा है कि संवैधानिक संस्थाएं न्याय नहीं कर रही हैं।

12 साल में 49 करोड़ लोग गरीबी से निकले : प्रधानमंत्री

नई दिल्ली (एजेंसी)। पीएम मोदी ने कहा कि 2011 से 2023 के बीच भारत में 49.6 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए। इस दौरान देश में अत्यधिक गरीबी की दर 90% तक कम हुई। मोदी ने वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि गरीबी खत्म करना सरकार के लिए सिर्फ नारा नहीं, बल्कि पक्का संकल्प है। मोदी ने यह भी कहा कि पिछले 6 साल में रोजगार के 13.4 करोड़ नए अवसर बने हैं। यह संख्या कामकाजी उम्र की आबादी में हुई बढ़ोतरी से करीब दोगुनी है। उन्होंने देश में आर्थिक असमानता कम होने की बात भी कही। प्रधानमंत्री ने ये आंकड़े इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए साझा किए। पीएम बोले- गरीबी खत्म करना सरकार के लिए सिर्फ एक नारा नहीं वर्ल्ड बैंक ने अक्टूबर में 'इंडिया पॉवर्टी एंड इक्विटी ब्रीफ' नाम से रिपोर्ट जारी की थी। इसके मुताबिक, भारत में अत्यधिक गरीबी की दर 2011 में 27.1% थी, जो 2023 में घटकर 2.6% रह गई। मोदी ने कहा कि वर्ल्ड बैंक के मुताबिक भारत में दुनिया में सबसे तेजी से गरीबी कम हुई है। उन्होंने आर्थिक असमानता मापने वाले गिनी इंडेक्स का भी जिक्र किया। उनके मुताबिक, इसमें 20% से ज्यादा की गिरावट आई है और यह घटकर 23.0 पर पहुंच गया है। रिपोर्ट के अनुसार, रोजाना करीब 400 रुपए (4.20 डॉलर) से कम कमाने वाले लोगों की आबादी 57.7% से घटकर 16.1% रह गई है।



■ आर्थिक असमानता भी घटी, 6 साल में रोजगार के 13.4 करोड़ मौके बने

एमएलसी वंशीधर ब्रजवासी व राहुल राज की सदस्यता खतरे में



पटना (एनएसबी)। बिहार टछउ चुनाव में निर्दलीय चुनाव जीतने वाले वंशीधर ब्रजवासी और राहुल राज की सदस्यता खतरे में पड़ गई है। उनकी भाजपा में ज्वानिंग का जहां जदयू ने विरोध किया है, वहीं मामला कानूनी पचड़े में फंसता दिखाई दे रहा है। राजद और जनसुराज ने बीजेपी पर संविधान की धज्जियां उड़ाने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि दल-बदल कानून के तहत सदन के लिए निर्वाचित निर्दलीय सदस्य किसी दल की सदस्यता ग्रहण नहीं कर सकते। इसके बाद भी दोनों नेताओं ने शनिवार को भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

नीतीश के विजन को यूपी में भी आगे बढ़ाएगी जदयू : निशांत

वाराणसी में जदयू का राज्यस्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन

पटना (एनएसबी)। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर जदयू ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसी दिशा में बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने बनारस की धरती से चुनावी शंखनाद किया और राज्यस्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में कार्यकताओं का चुनावी तैयारियों में जुटने का आह्वान किया।

इस मौके पर जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा, बिहार सरकार के मंत्री सह यूपी प्रभारी श्रवण कुमार, मंत्री जमां खां, यूपी जदयू के प्रदेश अध्यक्ष अनूप पटेल, सांसद कौशलेन्द्र कुमार, सुनील कुमार, विधायक संतोष निराला, अमरेन्द्र पाण्डेय, राहुल सिंह सहित कई नेता और यूपी के विभिन्न जिलों से आए बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस मौके पर श्री निशांत ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि उत्तर प्रदेश में जदयू एक ऐसे संगठन के रूप में खड़ा हो, जो जनता की आवाज बने, उनके मुद्दों की लड़ाई लड़े और जनता की बेहतरी के लिए काम करे। उन्होंने कार्यकताओं से अपील करते हुए कहा कि वे संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत करें और अभी से चुनाव की तैयारी में जुटें। बिहार में दो दशकों में नीतीश कुमार ने विभिन्न क्षेत्रों में जो ऐतिहासिक काम किए हैं, उसे गांव-गांव तक पहुंचाएं। उन्होंने यह भी कहा कि वे अब लोगों के बीच आते रहेंगे और पार्टी कार्यकताओं से उनकी निरंतर मुलाकात होगी। उनका प्रयास होगा कि यूपी में पार्टी एनडीए के साथ मिलकर नीतीश कुमार के न्याय के साथ विकास के विजन को धरातल पर उतारे। इस मिशन में कार्यकताओं की भूमिका सबसे अहम होने वाली है। वहीं संजय झा ने कहा कि पार्टी यूपी विधानसभा चुनाव के लिए पूरी तरह से तैयार है। नीतीश कुमार ने बिहार में जिस सुशासन और विकास के मॉडल को स्थापित किया है, उसे प्रत्येक मतदाता तक पहुंचाना है।



■ जदयू ने फूंका यूपी विस चुनाव 2027 का बिगुल

CISF ने सुरक्षा देने का 56 साल पुराना स्ट्रक्चर बदला

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (CISF) ने सबसे बड़ा प्रशासनिक बदलाव किया है। फोर्स ने आज से अपने 56 साल पुराने टेरिटोरियल कमांड मॉडल को खत्म करके फंक्शनल सेक्टर मॉडल अपना लिया है। फोर्स अब तक जोन के हिसाब से काम करती थी। जैसे-मुंबई जोन के एक ही अधिकारी के पास पावर प्लांट भी होता था और कोयला खदान भी। इससे सुरक्षा मिली-जुली रहती थी। नए मॉडल में एक जैसी इंडस्ट्रियल यूनिट को एक ही छतरी के नीचे लाया गया है। यानी देशभर के सारे पावर प्लांट, सारे स्टील प्लांट, सारे बंदरगाह अलग-अलग डेडिकेटेड सेक्टर के अधीन होंगे। इस बदलाव का असर बिजली, कोयला, स्टील, पेट्रोलियम और नैचुरल गैस यूनिट पर पड़ेगा। सरकारी इमारतों, संग्रहालयों, स्मारकों, समुद्री बंदरगाहों और दिल्ली मेट्रो जैसी की सुरक्षा के लिए कुल 11 सेक्टर बनेंगे।

खबरें : एक नजर में

शक्तिपीठ श्री छोटी पटनदेवी मंदिर में 54 फिट ऊँचे गुंबद शीर्ष का निर्माण शीघ्र

पटना (दैनिक नवसंदेश)। पटना की आदि-अनादि मूल शक्ति पीठ स्थल मां पटनेश्वरी छोटी पटनदेवी जी की जन सेवी संस्था श्री पटनदेवी जी गौ मानस सेवा संस्थानम् के कार्य कारिणी समिति की बैठक संस्थापक अध्यक्ष बाबा विवेक द्विवेदी की अध्यक्षता मे हुई, जिसमें विगत शारदीय नवरात्रि महोत्सव के आयोजन की समीक्षा के साथ आय-व्यय विवरण का अवलोकन किया गया। साथ ही यहां चल रहे 51 शक्ति पीठ स्थापना निर्माण के अंतर्गत निर्मित 5 वें तल्ले के ऊपर 54 फिट ऊँचे गुंबद शीर्ष के निर्माण का लक्ष्य रखा गया। इसके बाद माता रानी के भवन की कुल ऊंचाई 111 फिट हो जाएगी, जिसके ऊपर 11 फिट स्वर्ण कलश की स्थापना की जाएगी। इस कार्य परियोजना को पूर्ण करने के लिए संस्थान ने 1 वर्ष की अनुमानित अवधि निर्धारित की है, जिसे संस्थान के सदस्यों और आम भक्तों से प्राप्त सेवा सहयोग से पूर्ण किया जाएगा। इसके लिए संस्थान अपने सदस्यों के बीच जन संपर्क अभियान चलाएगी। बैठक में बैठक में संतोष पांडेय , वरुण वर्मा , दिलीप कुमार, अरुण खत्री , विचित्र मणि गुड्डू राजकुमार सोनी , संजीव सिंह जय हिंद , प्रदीप यादव , परमहंस तिवारी , विजय गुप्ता , श्याम खत्री, मनोज केशरी, संजय सिंह मोनू खत्री , मनोज सिंह , दिलीप यादव , अरुण मिश्रा, रविशंकर प्रसाद , रविकांत मिश्रा, मनोज सिंह रंजीत राय , ऋषिकेश कुशवाहा , दिलीप मेहता , मिथिलेश जायसवाल , भोला बरनवाल , राजन कुमार ने अपने विचार रखे।

निगम कर्मियों की होने वाली हड़ताल फिलहाल स्थगित

पटना (दैनिक नवसंदेश)। नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव के साथ नगर निगम कर्मचारी यूनियन के नेताओं की हुई बैठक के बाद मिले आश्वासन पर निगम कर्मियों की होने वाली हड़ताल को फिलहाल स्थगित कर दी गई है।

खुसरूपुर में ट्रेन की चपेट में आने से 15 वर्षीय युवती की मौत

खुसरूपुर/ पटना (दैनिक नवसंदेश)। खुसरूपुर थाना क्षेत्र के स्टेशन से पूर्व रेलवे गुमटी के पास ट्रेन की चपेट में आने से एक 15 वर्षीय युवती की दर्दनाक मौत हो गई। मृतका की पहचान लोदीपुर निवासी सुनील सिंह की पुत्री सोनाली कुमारी के रूप में हुई है। घटना के बाद इलाके में शोक का माहौल है।
प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोनाली कुमारी फतुहा से अपने घर लोदीपुर जा रही थी। इसी दौरान खुसरूपुर स्टेशन से पूर्व रेलवे गुमटी के पास वह ट्रेन की चपेट में आ गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों के बीच अफरा-तफरी मच गई। घटना के संबंध में जीआरपी प्रभारी राजीवकांत शर्मा ने बताया कि मृतका फतुहा से अपने घर लोदीपुर जा रही थी। इसी दौरान ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। महज 15 वर्ष की उम्र में सोनाली की असमय मौत से परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घटना की खबर मिलते ही परिवार में मातम छा गया। आसपास के लोग भी इस घटना से मर्माहत हैं।

ब्राह्मण समाज की 15 सूत्री मांगों के लिए लोकमंच का मौन संकल्प पदयात्रा

पटना (दैनिक नवसंदेश)। पटना के मिलर स्कूल में ब्राह्मण समाज की मांगों को लेकर लोकमंच के बैनर तले दस हजार लोग उपस्थित हुए। लोकमंच के संस्थापक आशीष कुमार उर्फ बब्बू झा के नेतृत्व में मिलर स्कूल मैदान से मौन संकल्प पदयात्रा की शुरुआत हुई। करीब10 हजार ब्राह्मण आयकर गोलंबर, विधानसभा होते हुए शहीद स्मारक पहुंचे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आशीष कुमार उर्फ बब्बू झा ने कहा कि ब्राह्मण समाज का मौन संकल्प मार्च के माध्यम से लोकमंच को मजबूत बनाने और संकल्पों को सिद्धि का हमलोगों ने प्रण लिया है। हम सब अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद, पंडित मदन मोहन मालवीय, आचार्य चाणक्य, मैथिल कोकिल विद्यापति , बाबा लक्ष्मी नाथ गोसाई और वी वी गिरि के रास्ते पर चलने वाले लोग हैं। बिहार में पहली बार ब्राह्मण समाज अपनी मांगों को लेकर पटना में एकत्रित हुआ है। बिहार के कोने -कोने से लोग यहां आए हुए हैं। हम वोट बैंक नहीं बुद्धि बैंक हैं। ब्राह्मण जो बोलता है वो करता है।

कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने बिहार विधान मंडल परिसर की नर्सरी को गोद लेने का लिया निर्णय

पटना (दैनिक नवसंदेश)। भारत के संविधान के 'अनुच्छेद 51क' के अंतर्गत निहित मूल कर्तव्यों के अनुसार, प्रत्येक भारतीय नागरिक का यह कर्तव्य है कि वह प्राकृतिक पर्यावरण, जिसके अंतर्गत वन, झीलें, नदियाँ और वन्यजीव शामिल हैं, का संरक्षण एवं संवर्धन करे तथा समस्त जीवों के प्रति करुणा और संवेदनशीलता का भाव रखे। प्रकृति के प्रति अपनी प्रतिबद्धता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवैधानिक एवं नागरिक दायित्वों के निर्वहन की दिशा में एक अनुकरणीय पहल करते हुए कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा बिहार विधान मंडल परिसर स्थित नर्सरी को गोद लेंगे। इसका उद्देश्य नर्सरी का संरक्षण एवं संवर्धन करते हुए हरित वातावरण के विकास को प्रोत्साहित करना तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनभागीदारी और जागरूकता को बढ़ावा देना है। श्री सिन्हा ने कहा कि वर्तमान में इस नर्सरी में आम की प्रसिद्ध 'दीघा मालदह' किस्म के पौधों का संवर्धन किया जा रहा है। अब इसके दायरे का विस्तार करते हुए यहां विभिन्न प्रजातियों के फलदार, छायादार एवं औषधीय पौधों के साथ-साथ आकर्षक फूलों के पौधों का भी संवर्धन किया जाएगा, ताकि नर्सरी को विविधतापूर्ण एवं समृद्ध हरित केंद्र के रूप में विकसित किया जा सके। प्रकृति का संरक्षण केवल हमारा नैतिक दायित्व नहीं, बल्कि हमारी सभ्यता, संस्कृति और संस्कारों की मूल भावना है।

कायस्थों की घटती राजनीतिक हिस्सेदारी चिंताजनक : राजीव रंजन प्रसाद

सक्रियता बढ़ाने के लिए बनेगा रोडमैप, 38 जिलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में संगठन विस्तार

दैनिक नवसंदेश

पटना। विश्व स्तरीय कायस्थ संगठन ग्लोबल कायस्थ कान्फ्रेंस (जीकेसी) के ग्लोबल अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने कायस्थ समाज के लोगों से 20 दिसंबर को नवी मुंबई के खारघर में आयोजित होने वाले विराट कायस्थ महासम्मेलन में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की।

उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन देश-विदेश के कायस्थ समाज को एकजुट करने, सामाजिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत को नई पहचान दिलाने तथा समाज के सर्वांगीण विकास के लिए सामूहिक संकल्प का महत्वपूर्ण अवसर है।

उन्होंने बिहार प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में शामिल सभी 38 जिलों के प्रतिनिधियों से सम्मेलन की जानकारी समाज के प्रत्येक परिवार तक पहुंचाने और अधिकाधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

पटना के किदवईपुरी स्थित ठाकुर प्रसाद कम्युनिटी हॉल में आयोजित बैठक में बिहार के सभी 38 जिलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में कायस्थ समाज के सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक विकास से जुड़े विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा की गई और उनके क्रियान्वयन के लिए जिला स्तर पर समन्वित प्रयास करने पर बल दिया गया।

बैठक का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद कायस्थ एंथम प्रस्तुत किया गया तथा विभिन्न जिलों से पहुंचे प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया।


अपनी बात रखते ग्लोबल कायस्थ कान्फ्रेंस (जीकेसी) के ग्लोबल अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद।

राजीव रंजन प्रसाद ने कायस्थ समाज से मुंबई विराट कायस्थ महासम्मेलन में बढ़-चढ़कर भाग लेने का किया आह्वान

जरूरतमंद परिवारों की सहायता और कायस्थ विभूतियों की विरासत के संरक्षण पर हुई चर्चा

बैठक में पूर्व सांसद आर. के. सिन्हा को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उपस्थित सदस्यों ने उनके योगदान को याद करते हुए उनके प्रति सम्मान व्यक्त किया और श्रद्धासुमन अर्पित किए।

बैठक में संगठन के सदस्यता अभियान को व्यापक बनाने, जिला स्तर पर नियमित बैठकें आयोजित करने और प्रदेश एवं जिला इकाइयों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर भी चर्चा हुई। बैठक में महिला सशक्तीकरण, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा, सांस्तिक विरासत के संरक्षण और पर्यावरण जागरूकता को संगठन की भावी कार्ययोजना का हिस्सा बनाने पर जोर दिया गया।

इस अवसर पर, संजय सिन्हा, प्रेम कुमार, दीप श्रेष्ठ, दिलीप कुमार सिन्हा, सुभाषनी स्वरुप, मुकेश महान, अनिल कुमार दास, कुमार संभव, मधुकर वर्मा, संजय सिन्हा, निलेश रंजन, धनंजय सिन्हा, हरी पाल, विनोद कुमार श्रीवास्तव, जितेंद्र श्रीवास्तव, दीपक कुमार, अरविंद, सुमन कुमार, सरोज श्रीवास्तव,विदु भूषण प्रसाद,धरमांस रंजन, निलेश वर्मा, जयंती मल्लिक, हैप्पी श्रीवास्तव, अनुराग समरुप, अपराजिता, राज श्री, राहुल मणि, अतुल आनंद सन्नू, राकेश कुमार, अश्वनी वर्मा, स्मिता वर्मा, पल्लवी, समीक्षा वर्मा, प्रियादर्शी हर्षवर्धन,मधु समरुप,रवि रंजन समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

जीकेसी के ग्लोबल अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने अपने संबोधन में समाज की एकजुटता और सामूहिक विकास पर जोर देते हुए कहा कि संगठन की मजबूती उसकी सामाजिक सक्रियता और जरूरतमंद लोगों के प्रति संवेदनशीलता से तय होती है।

ग्लोबल अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने कायस्थ समाज की घटती राजनीतिक हिस्सेदारी पर चिंता जताते हुए कहा कि जिस समाज का देश की आजादी और राष्ट्र के नवनिर्माण में महत्वपूर्ण योगदान रहा है, आज उसकी राजनीतिक भागीदारी लगातार कम होती जा रही है। यह चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि समाज को अपनी सक्रियता बढ़ानी होगी और राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए संगठित प्रयास करने होंगे। इसके लिए जीकेसी की पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी एक रोडमैप तैयार कर रही है, जिससे कायस्थ समाज की राजनीतिक हिस्सेदारी बढ़ाने की दिशा में ठोस पहल की जा सके।

जीकेसी की प्रबंध न्यासी रागिनी रंजन ने महिला सशक्तीकरण को सामाजिक विकास का महत्वपूर्ण आधार बताते हुए महिलाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने पर बल दिया। उन्होंने लघु एवं कुटीर उद्योगों को प्रोत्साहित करने तथा महिलाओं की दक्षता और स्थानीय संसाधनों के अनुरूप जिलावार योजनाएं तैयार करने की आवश्यकता जताई।

प्रकाश पर्व : तैयारियों को लेकर विधायक एवं नगर आयुक्त ने किया पटना सिटी का निरीक्षण

पटना (दैनिक नवसंदेश)। आगामी प्रकाश पर्व को लेकर श्रद्धालुओं की सुविधा, सुगम यातायात और बेहतर नागरिक सुविधाएं सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पटना नगर निगम ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में रविवार को पटना साहिब के विधायक रत्नेश कुमार एवं नगर आयुक्त यशपाल मीणा ने पटना सिटी के विभिन्न स्थलों का संयुक्त निरीक्षण किया। इस दौरान गुरु गोविंद सिंह पथ पर जाम एवं जलजमाव की समस्या के स्थायी समाधान के साथ-साथ क्षेत्र में चल रही विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।

निरीक्षण के दौरान चौक शिकारपुर के समीप जलजमाव की समस्या के समाधान के लिए छटंकी नाला के लिए पाइपलाइन क्रसिंग का कार्य कराने का निर्देश दिया गया। इस कार्य को सुचारू रूप से पूरा करने के लिए दानापुर रेल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक को बुडको को आवश्यक अनापत्ति प्रमाणपत्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया, ताकि पाइपलाइन क्रसिंग का कार्य शीघ्र शुरू किया जा सके।

मेहंदीगंज रेलवे गुमटी पर आए दिन लगने वाले जाम की समस्या के समाधान के लिए रेलवे के डीआरएम के साथ चर्चा की गई। इस दौरान गुमटी पर रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण पर सहमति बनी। इसके निर्माण से क्षेत्र में यातायात का दबाव कम करने और आवागमन को अधिक सुगम बनाने में मदद मिलेगी।

निरीक्षण के दौरान विधायक एवं नगर आयुक्त ने वार्ड संख्या-62 स्थित रघुनाथ स्कूल के सामने पटना नगर निगम द्वारा विकसित किए जा रहे खेल परिसर के निर्माण कार्यों का भी जायजा लिया। नगर आयुक्त ने बताया कि लगभग 14 एकड़ भूमि पर इस खेल परिसर को आधुनिक सुविधाओं से युक्त खेल मैदान के रूप में विकसित किया जा रहा है।

परियोजना के तहत बाउंड्री एवं गेट निर्माण, पाइलिंग तथा शौचालय निर्माण का कार्य पूरा हो चुका है। परिसर में फ्लड लाइट की व्यवस्था की जाएगी, जिससे बच्चे और युवा शाम के समय भी खेल गतिविधियों में हिस्सा ले सकेंगे। इसके अतिरिक्त पेयजल, शौचालय एवं सुरक्षा संबंधी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। परियोजना पर करीब 161 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इस खेल परिसर का निर्माण मार्च 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

लोकतंत्र की मजबूती का सशक्त आधार हैं युवा : मिथिलेश तिवारी


पाटलीपुत्र राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता में शामिल हुए शिक्षा मंत्री, विद्यार्थियों का बढ़ाया उत्साह।

पटना (दैनिक नवसंदेश)। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा है कि युवा हमारे लोकतंत्र के मजबूत स्तंभ हैं। देश के भविष्य और लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने में उनकी भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। युवाओं की क्षमता और योगदान को कमतर नहीं आंका जा सकता।

श्री तिवारी रविवार को ज्ञान निकेतन स्कूल में आयोजित पाटलीपुत्र राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले युवा प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया और उनके प्रयासों की सराहना की।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि युवा संसद जैसे आयोजन विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक व्यवस्था और संसदीय कार्यप्रणाली को समझने का अवसर देते हैं। इससे विद्यार्थियों में संसदीय परंपराओं, लोकतांत्रिक मूल्यों और संविधान के प्रति जागरूकता बढ़ती है। साथ ही, उनमें तार्किक सोच, विचारों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने और विभिन्न विषयों पर स्वस्थ चर्चा करने की क्षमता विकसित होती है।

उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करते हैं। युवाओं को लोकतंत्र की मूल भावना को समझते हुए देश और समाज के विकास में सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए।

छठ महापर्व पर दूधिया रोशनी से जगमगाएंगे गंगा घाट, शहर के सभी वार्डों में अतिरिक्त स्ट्रीट लाइट लगाने का अभियान शुरू

घाटों और पहुंच पथों पर लगाई जाएंगी करीब 40 हजार से अधिक अतिरिक्त लाइटें

पटना (दैनिक नवसंदेश)। दीपावली एवं छठ महापर्व के मद्देनजर पटना में रोशनी की व्यापक व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए पटना नगर निगम ने विशेष अभियान शुरू कर दिया है। शहर की सड़कों, गली-मोहल्लों और सार्वजनिक स्थलों के साथ-साथ गंगा घाटों को भी दूधिया रोशनी से जगमग करने की तैयारी है। एक ओर खराब स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत का कार्य अंतिम चरण में है, वहीं दूसरी ओर शहर के सभी वार्डों में अतिरिक्तस्ट्रीट लाइट लगाने का कार्य भी शुरू कर दिया गया है। रविवार को पहली खेप में सभी वार्डों को कुल 1800 अतिरिक्तलाइटें उपलब्ध कराई गईं।

नगर आयुक्त यशपाल मीणा ने विद्युत प्रमंडल एवं सभी अंचलों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि अतिरिक्तस्ट्रीट लाइट लगाने का कार्य प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित समय-सीमा में पूरा किया जाए। साथ ही, कार्य में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने का भी निर्देश सफाई निरीक्षकों को दिया गया है।

छठ महापर्व के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए गंगा घाटों एवं वहां तक पहुंचने वाले रास्तों पर विशेष प्रकाश व्यवस्था की जा रही है। वर्तमान में पटना नगर निगम क्षेत्र के गंगा घाटों एवं पहुंच पथों पर 50 हाईमास्ट लाइट और लगभग 2,200 स्ट्रीट लाइटें लगी हुई हैं। इनके अतिरिक्त महापर्व के अवसर पर करीब 47 हजार अस्थायी लाइटें लगाई जाएंगी। इनमें लगभग 30 हजार फ्लड लाइट एवं मेटल लाइट तथा 17 हजार ट्यूबलाइट शामिल हैं। इससे घाटों और उनके आसपास के क्षेत्रों में पर्याप्त रोशनी सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।

गंगा घाटों के साथ-साथ पटना नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न तालाबों एवं पार्कों में भी विशेष प्रकाश व्यवस्था की जा रही है। दीपावली और छठ महापर्व के दौरान शहर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर पर्याप्त रोशनी उपलब्ध कराने के लिए निगम द्वारा आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं।

पटना नगर निगम के संपत्ति कर संग्रह में 43. 6 फीसदी की रिकॉर्ड वृद्धि

पटना (दैनिक नवसंदेश)। पटना नगर निगम द्वारा राजस्व संग्रह में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में 1 अप्रैल से 31 अक्टूबर 2026 तक निगम को संपत्ति कर के रूप में 80. 79 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ है, जबकि पिछले वित्तीय वर्ष की समान अवधि में यह राशि 56.28 करोड़ थी। इस प्रकार संपत्ति कर संग्रह में करीब 43.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। पिछले वर्ष की तुलना में निगम ने इस अवधि में 24.52 करोड़ अतिरिक्त राजस्व अर्जित किया है।

वित्तीय वर्ष 2025-26 में 1 अप्रैल से 31 अक्टूबर तक कुल 1,55,260 होल्डिंग्स से संपत्ति कर प्राप्त हुआ था। वहीं, चालू वित्तीय वर्ष की समान अवधि में यह संख्या बढ़कर 1,74,363 हो गई है। यानी पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 19 हजार से अधिक होल्डिंग्स से संपत्ति कर का भुगतान प्राप्त हुआ है।

पटना नगर निगम द्वारा अक्टूबर माह में कुल 1398 नई संपत्तियों को कर के दायरे में लाया गया है। सबसे अधिक पाटलिपुत्र अंचल में 389 संपत्तियों का कर निर्धारण किया गया है। वहीं, अजीमाबाद में 279, कंकड़बाग में 266, नूतन राजधानी में 234, बांकीपुर में 134 एवं पटना सिटी में 96 संपत्तियों का कर निर्धारण किया गया। इस उपलब्धि में पटना नगर निगम द्वारा चलाए गए डोर-टू-डोर संपर्क अभियान और वार्ड-वार संपत्ति कर संग्रह शिविरों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। निगम की टीमों द्वारा घर-घर पहुंचकर नागरिकों को संपत्ति कर भुगतान के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही, वार्ड स्तर पर शिविर लगाकर नागरिकों को अपने ही क्षेत्र में कर भुगतान की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

2 नवंबर से 4 नवंबर तक निम्नलिखित वार्डों में लगेंगे शिविर : वार्ड 46 : पार्षद कार्यालय, कंकड़बाग अंचल, वार्ड 22: पार्षद कार्यालय, राजापुल, पाटलिपुत्र अंचल, 5 नवंबर से 7 नवंबर तक निम्नलिखित वार्डों में लगेंगे शिविर : वार्ड 55 : कुशवाहा पंचायत बैठका, चक पर, कंकड़बाग अंचल, वार्ड 26 : पार्षद कार्यालय, दक्षिणी मंदिरी, पाटलिपुत्र अंचल । इन वार्डों में आम जन संपत्ति कर संबंधी कोई भी सेवा यथा संपत्ति कर भुगतान, कर निर्धारण, कर पुनर्निधारण, पीआईडी आदी संबंधी सेवा प्राप्त कर सकते हैं।

मेगा हेल्थ कैंप में 400 लोगों का हुआ नि:शुल्क इलाज

पटना (दैनिक नवसंदेश)। मारवाड़ी हेल्थ सोसायटी, पटना की ओर से रविवार, 1 नवंबर 2026 को राजेंद्र नगर स्थित सोसायटी परिसर में निःशुल्क मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया।

स्वास्थ्य सेवा एवं मानव कल्याण के उद्देश्य से आयोजित इस शिविर में लगभग 400 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार किया गया। सुबह से ही शिविर में मरीजों एवं उनके परिजनों की भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श लेने के साथ-साथ कई प्रकार की नि:शुल्क जांच एवं स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठाया।

शिविर में विभिन्न चिकित्सा क्षेत्रों के 16 विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। इनमें नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. अभिषेक कुमार एवं डा. शिल्पी अग्रवाल, जनरल फिजिशियन डा. पूनम नंदन एवं डा. मुकेश कुमार, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डा. उषा अग्रवाल, ओरल एवं डेंटल विशेषज्ञ डा. संजय कुमार संथालिया, आरसीटी विशेषज्ञ डा. अमित खेमका, दंत रोग विशेषज्ञ डा. किशलय संथालिया, चर्म रोग विशेषज्ञ डा. निकिता वर्द्धन, पेट रोग विशेषज्ञ डा. अमित कुमार बांका, शिशु रोग विशेषज्ञ डा. श्रवण कुमार, ईएनटी विशेषज्ञ डा. दिवेश कुमार, हृदय रोग विशेषज्ञ डा. विनीत कुमार तथा हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ डा. राजेश कुमार शामिल थे। इसके अतिरिक्तकांटेक्ट लेंस विशेषज्ञ अप्टोमेट्रिस्ट प्रवीण कुमार ने भी अपनी सेवाएं प्रदान कीं।


16 विशेषज्ञ चिकित्सकों ने दीं सेवाएं, विभिन्न बीमारियों की जांच, चिकित्सा परामर्श एवं स्वास्थ्य सुविधाओं का मरीजों ने उठाया लाभ।

शिविर में मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विभिन्न चिकित्सा विभागों के लिए अलग-अलग व्यवस्था की गई थी। आंख, हृदय, मधुमेह, पेट, हड्डी एवं जोड़, दांत, त्वचा, कान-नाक-गला, स्त्री रोग तथा बच्चों से संबंधित बीमारियों की जांच एवं चिकित्सकीय परामर्श उपलब्ध कराया गया। मरीजों को एक ही परिसर में विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श मिलने से काफी सहूलियत हुई।

इसके अलावा शिविर में विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य जांच, चश्मे एवं दवाओं से संबंधित सुविधाएं तथा मोतियाबिंद से पीड़ित मरीजों को ऑपरेशन के लिए आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श एवं सहायता उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई थी। जरूरतमंद मरीजों को विशेष प्राथमिकता दी गई।

इस अवसर पर मारवाड़ी हेल्थ सोसायटी के अध्यक्ष राधेश्याम बंसल, निवर्तमान अध्यक्ष रमेश गुप्ता , सलाहकार मंडल के विजय किशोरपुरिया , कार्यकारी अध्यक्ष हनुमान गोयल, सचिव दिनेश अग्रवाल, सहायक सचिव बिनोद अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष सुजीत सिंघानिया सहित सोसायटी के अन्य सदस्य एवं सहयोगी सक्रिय रूप से उपस्थित रहे। पदाधिकारियों ने शिविर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली।

अध्यक्ष राधेश्याम बंसल ने कहा कि मारवाड़ी हेल्थ सोसायटी का मुख्य उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है।

खबरें — खास-खास

बिहार में भाजपा वोट चोरी ही नहीं कर रही है, बल्कि जनादेश की डकैती भी कर रही है : प्रो मनोज कुमार झा

राजद दोनों विधान पार्षदों के मामले पर सभापति से लेकर न्यायालय और जनता के अदालत तक जायेगा : झा

पटना (दैनिक नवसंदेश)। राज्यसभा सांसद और राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता प्रोफेसर मनोज कुमार झा ने राजद के राज्य कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए विधान परिषद के कार्यकारी सभापति डा रामवचन राय से नवनिर्वाचित विधान पार्षद वंशीधर ब्रजवासी और राहुल राज को अयोग्य करार देने की मांग की है ।

इन्होंने दोनों एमएलसी के भाजपा में शामिल होने का वीडियो और तस्वीर दिखाते हुए कहा कि इन दोनों ने दलबदल कानून का उल्लंघन किया है। जिस कारण इनकी सदस्यता समाप्त की जाए।


राज्यसभा सांसद और राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता प्रोफेसर मनोज कुमार झा।

प्रो मनोज झा ने आगे कहा कि हम कार्यकारी सभापति के पास जाएंगे और इन दोनों दलबदल करने वाले विधान परिषद के सदस्यों को अयोग्य घोषित करने की मांग करेंगे। सभापति से आग्रह है कि इन्होंने कहा कि कार्यकारी सभापति से कहा कि आप पंच परमेश्वर हैं, उनको पता होगा कि पंच परमेश्वर से क्या उम्मीद होती है इन्होंने आगे कहा कि अगर इस मामले में वो फैसला नहीं लेते हैं इन दोनों के अयोग्यता के संबंध में तो इस पर बहुत बड़ा बवाल होगा और जिसे संभालना मुश्किल होगा।

भारतीय संविधान की दसवीं अनुसूची का पैरा 2 (2) का हवाला देते हुए प्रो मनोज झा ने कहा कि किसी राजनीतिक दल द्वारा उम्मीदवार घोषित किए बिना अर्थात स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में निर्वाचित होता है और निर्वाचन के पश्चात किसी दल में शामिल हो जाता है तो वह सदन की सदस्यता के लिए अयोग्य माना जाएगा।

इन्होंने ने आगे कहा कि वह व्यक्ति अयोग्य घोषित हो जाता है तो वह राज्य के विधानमंडल के सदस्य के रूप में सदस्यता लेने के लिए पात्र नहीं होगा. कानून में वैध प्रावधान बिल्कुल स्पष्ट है।

प्रो मनोज झा ने कहा कि यह वोट चोरी नहीं बल्कि जनादेश की डकैती है। भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि पहले चुनाव में वोट चोरी की चर्चा होती थी लेकिन अब बिहार में जनादेश की चोरी की जा रही है। यह चोरी नहीं, बल्कि डकैती है।

प्रो मनोज झा ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को निशाने पर लेते हुए कहा कि सभी की परीक्षा है, अगर इस तरह की गतिविधियों को संरक्षण दिया जाता है तो जनता के सामने इस पूरे मामले को उजागर किया जाएगा। इस पूरे घटनाक्रम को भाजपा और जद यू के बीच राजनीतिक शक्ति संतुलन से भी जोड़कर देखा जाना चाहिए,इन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा बिहार में अपनी राजनीतिक ताकत बढ़ाने के साथ-साथ जद यू को भी कमजोर करने की कोशिश कर रही है।

इन्होंने कहा कि जिन सीटों पर निर्दलीय उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की है, वहां जद यू के उम्मीदवारों की पराजय हुई है।

प्रो मनोज झा ने चुनाव आयोग से लेकर अदालत तक जाने की चेतावनी की बातें कही और कहा कि इस मामले को सिर्फ राजनीतिक बयानबाजी तक सीमित नहीं रखा जाएगा। राजद चुनाव आयोग के सामने भी अपनी बात रखेगी और विधान परिषद के कार्यकारी सभापति से भी दोनों सदस्यों की सदस्यता पर फैसला लेने का आग्रह करेगी। इन्होंने कहा कि उन्हें चुनाव आयोग से बहुत ज्यादा उम्मीद नहीं है लेकिन पार्टी हर संवैधानिक मंच पर अपनी लड़ाई को जारी रखेगी।

राजद के राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर कार्यकारी सभापति इस मामले में तत्काल और निष्पक्ष निर्णय नहीं लेते हैं तो मामला अदालत में भी जाएगा और जनता की अदालत में भी उठाया जाएगा। इन्होंने कहा कि जनता सबसे बड़ी अदालत होती है और किसी भी तरह की बेईमानी और नाइंसाफी को जनता के सामने उजागर किया जाएगा।

इस संबंध में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने भी एक्स हैंडल पर इस बारे में विस्तार से लिखा है। उन्होंने दोनों नवनिर्वाचित सदस्यों को अयोग्य घोषित करने की मांग करते हुए लिखा, वंशीधर ब्रजवासी एवं डा. राहुल राज को स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में निर्वाचित होने के पश्चात भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने के कारण संविधान की दसवीं अनुसूची के पैरा 2(2) के अंतर्गत अयोग्य घोषित होना तय है। संविधान के अनुसार दोनों सदस्यों के विरुद्ध दल-बदल विरोधी कानून के तहत अयोग्यता संबंधी कार्यवाही बिना अनावश्यक विलंब के तत्काल प्रभाव से समाप्त की जाए।

भाकपा माले के वरिष्ठ नेता कमरेड स्वदेश भट्टाचार्य को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए पटना में देश भर से पार्टी नेता एवं कार्यकर्ता जुटे

2 नवंबर को पटना के बांसघाट पर दी जाएगी अंतिम विदाई

पटना (दैनिक नवसंदेश)। 31 अक्टूबर को देहांत के बाद कामरेड स्वदेश भट्टाचार्य का पार्थिव शरीर को आरा ले जाया गया। जहां हजारों की संख्या में पार्टी कार्यकर्त्ता, नेता एवं जिले भर से लोग जुटे। लाल सलाम एवं कमरेड तेरे अरमानो को मंजिल तक पहुंचाएंगे के नारे के साथ लोगों ने आरा के क्रांतिपार्क में उन्हें अंतिम सलाम किया एवं श्रद्धांजलि दी। कॉमरेड स्वदेश भट्टाचार्य का पार्थिव शरीर दर्शनार्थ के लिए पटना ले आया गया। वीरचंद पटेल स्थित एमएलए फ्लैट 213 में कमरेड स्वदेश भट्टाचार्य का पार्थिव शरीर दर्शनार्थ के लिए रखा गया। कॉमरेड स्वदेश भट्टाचार्य को श्रद्धांजलि देने वाले लोगों में सीपीएम के वरिष्ठ नेता अरुण मिश्रा, सीपीआई के वरिष्ठ नेता रामलला सिंह, विजय नारायण मिश्रा ,जानकी पासवान वीआईपी पार्टी के मुख्य प्रवक्ता देव ज्योति, इंडियन इंजीनियर्स एसोसिएशन के सेक्रेटरी जनरल, पीएस महाराज, पूर्व अध्यक्ष श्यामनंदन प्रसाद सिंह, पश्चिम

संक्षिप्त खबरें

बीएएमएस परीक्षा में सातवें स्थान लाकर बिहार का बढ़ाया मान, भोजपुर के लाल कुंदन ने किया कमाल



आरा (दैनिक नवसंदेश)। भोजपुर के लाल कुंदन कुमार ने महाराष्ट्र आयुर्वेदिक महाविद्यालय नासिक (सायन) मुंबई में बीएएमएस फाइनल परीक्षा में सातवें स्थान लाकर पूरे बिहार का नाम रोशन किया है। जी हां! भोजपुर जिले अंतर्गत सन्देश प्रखंड के अहपुरा निवासी वरिष्ठ पत्रकार अनूप कुमार सिंह के पुत्र कुंदन कुमार ने भोजपुर समेत पूरे बिहार का नाम रोशन किया है। गौरतलब हो कि पत्रकार अनूप कुमार सिंह के पुत्र कुंदन कुमार ने महाराष्ट्र आयुर्वेदिक स्वास्थ्य विश्वविद्यालय नासिक के अंतर्गत आयुर्वेदिक महाविद्यालय सायन मुंबई बीएएमएस फाइनल परीक्षा में सातवें स्थान लाया है। भोजपुर के लाल कुंदन कुमार ने बताया कि उसके बाबा राम पुकार सिंह का सपना था कि उनका पुत्र डॉक्टर बनें। लेकिन कुंदन के पिता पत्रकार अनूप कुमार सिंह ने अपने पिता के सपनों को पूरा करने के लिए अपने पुत्र कुंदन को प्रेरित किया।

हादसे के 30 घंटे बाद भी बनास नदी में डूबे दोनों मासूमों का नहीं मिला सुराग



एसडीआरएफ की टीम ने रविवार को दूसरे दिन चलाया अभियान

आरा/गड़हनी (दैनिक नवसंदेश)। गडहनी थाना क्षेत्र के बनास नदी में शनिवार को डूबे दोनों मासूमों का 24 घंटे बाद भी सुराग नहीं मिल सका। दोनों मासूमों की तलाश में रविवार को दूसरे दिन एसडीआरएफ की टीम ने नदी में तलाशी अभियान चलाया। बावजूद इसके टीम को सफलता नहीं मिली। इधर, नदी में डूबे दोनों मासूम बच्चों के घरों में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। वही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मां-बाप की आंखें अपने लाडलों के इंतजार में पथरा गई हैं। लापता बच्चों की पहचान नगर पंचायत गड़हनी के वार्ड संख्या-2 स्थित शांति नगर निवासी चंदन केशरी के सात वर्षीय पुत्र हिमांशु कुमार और रविंद्र केशरी उर्फ मैनी के 10 वर्षीय पुत्र मोनू कुमार के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, शनिवार की दोपहर करीब तीन बजे दोनों बच्चे अपने अन्य चार दोस्तों के साथ शांति नगर के सामने बनास नदी में नहाने गए थे। इसी दौरान दोनों पानी के तेज बहाव में बह गए, जबकि दो को बचा लिया गया था। सूचना मिलने के बाद शनिवार शाम करीब छह बजे से एसडीआरएफ की टीम और स्थानीय ग्रामीणों ने खोजबीन शुरू की। एसडीआरएफ की टीम नाव के सहारे गड़हनी के शांतिनगर से लेकर भेंड़री तक नदी में लगातार तलाशी अभियान चला रही है।

भोजपुर के तीन कलाकारो को मिला कला रत्न सम्मान

आरा (दैनिक नवसंदेश)। दलसिंहसराय समस्तीपुर अनन्या कला प्रेक्षागृह में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। विजुअल आर्ट फाउंडेशन दलसिंहसराय समस्तीपुर, शारदीय नवरात्रि महोत्सव के पावन अवसर पर भोजपुर के तीन कलाकारों को कला रत्न सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ चित्रकार कला लेखक रौशन राय, वरिष्ठ चित्रकार कौशलेश कुमार और वरिष्ठ मूर्तिकार पिंटू प्रसाद को कला रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। बिहार कला संस्कृति मंत्री डॉ प्रमोद कुमार ने इन कलाकारों को स्मृतिचिह्न और प्रमाणपत्र देकर इस भव्य आयोजन में सम्मानित किया।

स्वागत सह सम्मान सह विदाई समारोह का आयोजन

आरा (दैनिक नवसंदेश)। मध्य विद्यालय जमीरा में प्रधानाध्यापक कृष्ण कुमार सिंह ने 20 वर्षों तक कार्य कर सेवानिवृत्त होने वाली शिक्षिका सुनिता सिन्हा के लिए स्वागत सह सम्मान सह विदाई समारोह का आयोजन किया। मुख्य अतिथि के रूप में तनुजा कुमारी, बिकास कुमार सिंह, वर्षा श्रीवास्तव मौजूद रही। सुनिता सिन्हा के विदाई समारोह में बोलते हुए प्रधानाध्यापक कृष्ण कुमार सिंह ने कहा कि सुनिता मैडम अपने कार्य के प्रति जागरूक रहती थी तथा प्रधानाध्यापक के कार्यो में सहयोग करने का काम करती जो इनके जाने से हमेशा कमी रहेगी। विद्यालय की ओर से अंग वस्त्र एंव स्मृति चिन्ह आदि भेंट स्वरूप दिया गया। सभी अतिथि शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने भावुक होकर अपनी भावनाओं को प्रदर्शित किया। शिक्षक शिक्षिकाओं में मुख्य रूप से संजीव, श्रवण, अब्बास, सतेन्द्र, शिवजी मिश्र, उज्जवल, प्रियंका गुप्ता, नेहा, ममता, फखरा खातुन, पुष्पा, प्रियंका कुमारी, रंजना, आभा, आरती, अमृतेश, स्वेता, नरगीस, रफत यास्मीन, आदि ने संबोधित किया।



अज्ञात युवक की मौत

आरा (दैनिक नवसंदेश)। सदर अस्पताल परिसर के पुराने लेबर वार्ड के समीप रविवार को एक अज्ञात 25 वर्षीय युवक की मौत हो गई। खबर लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

हत्या के मामले में चार वर्षो से फरार आरोपित गिरफ्तार

आरा (दैनिक नवसंदेश)। गड़हनी थाना पुलिस ने हत्या के मामले में चार वर्षों से फरार चल रहे आरोपित को गिरफ्तार किया गया, उसकी गिरफ्तारी थाना क्षेत्र के अगिआंव बाजार से शनिवार को की गयी। वह गड़हनी थाना क्षेत्र के लसाढ़ी गांव निवासी बीरबल सिंह का पुत्र रविकांत कुमार है। इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित ने प्रेस नोट जारी कर दी। बता दें कि बीते 5 नवंबर 2022 की शाम गड़हनी थाना क्षेत्र कुरकुरी गांव निवासी छोटू कुमार जब अपने घर के दरवाजे पर था। तभी रविकांत कुमार अपने अन्य साथियों के साथ उसके घर पर पहुंचा और पूर्व के 14 हजार रुपए के विवाद में उसकी गोली मारकर हत्या कर दी थी।

एक नाली बंदूक के साथ गिरफ्तार

आरा (दैनिक नवसंदेश)। इमादपुर थाना पुलिस ने शनिवार को गुप्त सूचना के आधार पर राजपुर गांव में छापेमारी की इस दौरान एक नाली बंदूक के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। वह इमादपुर थाना के राजपुर गांव निवासी बंसु चैधरी का पुत्र ज्वाला चैधरी है।

श्रद्धांजलि सभा व विचार गोष्ठी में नशे के दुष्परिणामों पर मंथन

कोइलवर (दैनिक नवसंदेश)। गीधा गांव में रविवार को समाजसेवी स्व. बीगन प्रसाद की 34वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा के साथ विचार एवं कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया। जनहित परिवार साहित्य मंडल, आरा की ओर से आयोजित कार्यक्रम में सबसे पहले उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान लोगों ने उनके सामाजिक कार्यों और



समाज के प्रति उनके योगदान को याद किया। कार्यक्रम में नशामुक्त समाज के निर्माण को लेकर वक्ताओं ने अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि नशे की लत से व्यक्ति का शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित होने के साथ परिवार की आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति भी बिगड़ती है। मौके पर प्रखंड प्रमुख मनोज कुमार सिंह, जिला परिषद सदस्य रविंद्र कुमार राम, अतुल जी, किरण देवी, डॉ. ममता कुमारी, गोपाल प्रसाद और नीलम देवी समेत कई लोग मौजूद रहे। वहीं, कार्यक्रम के दौरान न्यूट्रिभेट के एरिया मैनेजर रितेश कुमार झा और राकेश कुमार दुबे ने किसानों के बीच पशुओं की दवाओं का वितरण किया।

मुसहर जाति को सामाजिक आर्थिक आधार पर अनुसूचित जाति में मिले विशेष दर्जा : बृजनंदन

नौ सूत्री मांगों को लेकर मुसहर समाज क महाधरना आज, माता शबरी संघर्ष समिति के बैनर तले आहूत है धरना

आरा (दैनिक नवसंदेश)। मुसहर समाज के अधिकार सम्मान और बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी विभिन्न मांगों को लेकर माता शबरी संघर्ष समिति की ओर से कल 02 नवंबर को समाहरणालय के समक्ष महाधरना आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में भोजपुर जिले के विभिन्न गांवों से हजारों लोग पहुंचेंगे। महाधरना को लेकर आज समिति के युवाओं ने गीधा, सकड्डी, धरहरा, शीतल टोला, अनाइठ और चंदवा सहित विभिन्न गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान युवाओं ने स्थानीय लोगों से मुलाकात कर महाधरना के उद्देश्य और समाज की प्रमुख मांगों की जानकारी दीं। उन्होंन अधिक से अधिक संख्या में शांतिपूर्ण ढंग से महाधरना में शामिल होने की अपील की। समिति का कहना है कि मुसहर समाज आज भी शिक्षा, आवास, पेयजल, पहुंचपथ, स्वास्थ्य और आवश्यक प्रपत्र जैसी बुनियादी समस्याओं का सामना कर रहा है। बिहार में 42 लाख से अधिक आबादी के बावजूद मुसहर जाति के लोग हाशिए पर पड़े हुए हैं। अनुसूचित जाति में आबादी के अनुसार हिस्सेदारी मिलनी चाहिए। समाज के लोगों को सम्मानजनक जीवन और समान अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रशासन एवं सरकार का ध्यान इन मुद्दों की ओर आकर्षित करना आवश्यक है। महाधरना में मुसहर जाति को अनुसूचित जाति के अंतर्गत विशेष श्रेणी का प्रावधान, मुसहर जाति आयोग का गठन, शिक्षा एवं रोजगार के लिए विशेष अभियान, पात्र परिवारों को सरकारी दस्तावेज एवं कल्याणकारी योजनाओं का लाभ, सभी मुसहर बस्तियों में आवास, पहुंच पथ, उज्जवला योजना से आच्छादन, पेयजल और शौचालय की व्यवस्था सहित अन्य मांगें उठाई जाएंगी। समिति के संयोजक बृजनंदन राम ने कहा कि मुसहर जाति का महाधरना मुसहर जाति के अधिकार, सम्मान और विकास की मांग को लोकतांत्रिक तरीके से सरकार एवं प्रशासन तक पहुंचाने का प्रयास है। मुख्य वक्ता हमारे समाज के हितैषी पद्म श्री डॉ. भीम सिंह भवेश जी होंगे। समिति की ओर से बताया गया कि यह जनसंपर्क अभियान समाज के लोगों को जागरूक करने और उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाया गया है।

छेर नदी के डायवर्सन पर चढ़ा तीन फीट पानी, शाहपुर-बनाही पथ पर आवागमन ठप

शाहपुर-बनाही पथ पर फिर लगा ब्रेक, डायवर्सन पर तीन फीट पानी



शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)। चक्रवाती तूफान अर्णव के प्रभाव से पिछले तीन दिनों से हो रही लगातार बारिश के कारण छेर नदी का जलस्तर बढ़ गया है। इसके चलते शाहपुर-बनाही पथ पर रुद्रनगर गांव के समीप निमार्णाधीन पुल के बगल में बने डायवर्सन पर ढाई से तीन फीट पानी चढ़ गया है। इससे इस महत्वपूर्ण सड़क पर वाहनों का आवागमन पूरी तरह ठप हो गया है। मजबूरी में स्थानीय लोग एक-दूसरे का हाथ पकड़कर मानव श्रृंखला बनाते हुए पानी से भरे डायवर्सन को पार कर रहे हैं। पिछले दो महीने के भीतर यह तीसरी बार है, जब नदी का पानी चढ़ने से इस मार्ग पर आवागमन बाधित हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार, शनिवार की देर रात छेर नदी का पानी डायवर्सन पर चढ़ना शुरू हुआ। रविवार की सुबह तक जलस्तर में तेजी से वृद्धि हुई और देखते ही देखते डायवर्सन पानी में डूब गया। पानी की गहराई और तेज बहाव के कारण छोटे-बड़े वाहनों का परिचालन बंद हो गया है। इससे सड़क के दोनों ओर लोगों की आवाजाही प्रभावित हुई है। शाहपुर-बनाही पथ क्षेत्र की महत्वपूर्ण संपर्क सड़क है। यह एनएच-84, पटना-बक्सर फोरलेन एनएच-922 और एनएच-30 को जोड़ती है। साथ ही शाहपुर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की लाखों की आबादी को बनाही रेलवे स्टेशन से जोड़ने का प्रमुख माध्यम है। सड़क पर आवागमन ठप होने से रेलवे यात्रियों, किसानों, व्यवसायियों और रोजाना आने-जाने वाले लोगों को भारी परेशानी हो रही है। गौरतलब है कि रुद्रनगर के समीप छेर नदी पर नए पुल का निर्माण कराया जा रहा है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग एवं प्रशासन से सुरक्षित वैकल्पिक व्यवस्था कराने और निमार्णाधीन पुल का कार्य शीघ्र पूरा कराने की मांग की है।

जिनवानी कॉलेज में युवा संवाद, 150 युवाओं ने ली लोकतांत्रिक शपथ

'अपने वोट को जानो' अभियान के तहत मतदान पर चर्चा



आरा (दैनिक नवसंदेश)। जिनवानी मैनेजमेंट कॉलेज में शनिवार को मेरा युवा भारत, भोजपुर के तत्वावधान में युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को मतदान के प्रति जागरूक करना और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना था। कार्यक्रम में कॉलेज के निदेशक सिद्ध विजय जैन, जिला युवा अधिकारी संजना वत्स, प्राचार्य डॉ. आनंद त्रिवेदी सहित महाविद्यालय के शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। वक्ताओं ने युवाओं को मतदान के महत्व, नागरिक अधिकारों, कर्तव्यों और राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका से अवगत कराया। जिला युवा अधिकारी संजना वत्स ने युवाओं से अपने मताधिकार के प्रति सजग रहने और लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने में योगदान देने की अपील की। निदेशक सिद्ध विजय जैन ने शिक्षा एवं सामाजिक जागरूकता को युवाओं के सर्वांगीण विकास का आधार बताया। प्राचार्य डॉ. आनंद त्रिवेदी ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करते हैं। महाविद्यालय के छात्र एवं युवा आदर्श व्यक्तित्व आदित्य सिंह ने ह्यअपने वोट को जानोह्ण अभियान के तहत मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की जानकारी दी। कार्यक्रम में 150 युवाओं ने लोकतांत्रिक शपथ लेकर जिम्मेदार नागरिक बनने का संकल्प लिया। आयोजन में विश्वनाथ और स्वयंसेवक राजा कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

आरके सिन्हा के निधन पर श्रद्धांजलि सह शोकसभा का आयोजन



आरा (दैनिक नवसंदेश)। शहर के कतीरा सर्किट हाउस के समीप मंगलम उत्सव भवन में रविवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता सह पूर्व राज्य सभा सांसद आरके सिन्हा के निधन पर श्रद्धाजंलि सह शोकसभा का आयोजन किया गया। संचालन अधिवक्ता डी. राजन ने किया। श्रद्धांजलि एवं शोकसभा का शुभारंभ उनके चित्र के समक्ष दीप जलाकर एवं फूल माला चढा कर कर किया गया। वक्ताओं में प्रदीप श्रीवास्तव उर्फ रजनीकांत, डॉ. केएन सिन्हा, अवधेश कुमार पाण्डेय, डॉ. अरविंद कुमार सिन्हा, अशोक कुमार शर्मा, सचिन सिन्हा, डॉ. अर्मत्य राज सिन्हा, पिन्टू तिवारी, डॉ.संदीप कुमार, विनय कुमार श्रीवास्तव, डॉ. जितेंद्र शुक्ला, रवि कुमार श्रीवास्तव अधिवक्ता, शिलु सिन्हा, आशुतोष पाण्डेय, मोहित श्रीवास्तव, करुणा सिन्हा, प्रदीप कुमार सिन्हा ने उनके जीवन के प्रारम्भ काल के संघर्ष को स्मरण किये। वक्ताओं ने कहा कि उन्होंने छोटी रकम से एसआईएस की नींव रखकर अपनी मेहनत एवं काबलियत के बल पर एक विशाल एम्पायर खड़ा किया। वे आम पुछकर सहयोग किया करते थे। सभी वक्तओ ने खुलकर हर पहलूओं पर अपना विचार रखे। आजाद श्रीवास्तव ने दो मिनट की मौन करवाकर शोकसभा को समाप्त किया गया।

एमडीजे पब्लिक स्कूल के छात्र मुफ्त दो दिवसीय शैक्षणिक परिभ्रमण पर रवाना



आरा (दैनिक नवसंदेश)। एमडीजे पब्लिक स्कूल लोहई टोला, अमरपुरी बाली सोनवर्षा तथा एम डीजे गर्ल्स पब्लिक स्कूल के कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा 10 तक के छात्र-छात्राओं का जत्था विद्यालय परिवहन द्वारा आज मुफ्त दो दिवसीय शैक्षणिक परिभ्रमण पर रवाना हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक डॉ नंदकुमार सिंह के द्वारा हरी झंडी दिखाकर छात्रों को रवाना किया गया। उनके सुखद एवं मंगलमय यात्रा की कामना की गई। परिभ्रमण के अंतर्गत छात्र-छात्राएं पटना, राजगीर बोधगया एवं सासाराम समेत बिहार की अन्य ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण करेंगे जिसमें गोलघर, चिड़ियाघर, तारामंडल, बिहार संग्रहालय, शहीद स्मारक, श्री कृष्ण विज्ञान केंद्र, विश्व शांति स्तूप, महाबोधि मंदिर, बौद्ध मंदिर, शेरशाह का मकबरा इत्यादि प्रमुख है। विद्यालय के निदेशक डॉ सिंह ने बताया कि प्रत्येक वर्ष हमारे विद्यालय के छात्र-छात्राएं संपूर्ण बिहार शैक्षणिक परिभ्रमण पर जाते हैं। इस बार का यह शैक्षणिक परिभ्रमण पूरी तरह मुफ्त है, जिसमें खाने पीने से लेकर आने-जाने तथा टिकट इत्यादि का सभी खर्च विद्यालय द्वारा वहन किया जाएगा। इस प्रोग्राम में नर्सरी से कक्षा 10 तक के सभी मेधावी छात्र-छात्राओं का चयन किया गया है। इन मेधावी छात्रों के चयन के लिए विद्यालय में अंतर विद्यालयी प्रतियोगिता बेसिक इंग्लिश स्कॉलर टेस्ट का आयोजन किया गया था। छात्रों के जत्थे के साथ विद्यालय के शिक्षक शिक्षिका भी रवाना हुए जो छात्रों को भिन्न-भिन्न ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण कराते हुए उन जगहों की विशेषता बताएंगे तथा उन्हें गाइड करेंगे। इस शैक्षणिक परिभ्रमण पर ढेर सारे अभिभावकों द्वारा प्रसन्नता व्यक्त करते हुए छात्र छात्राओं के सुखद एवं मंगलमय यात्रा की कामना की गई।

छापेमारी में हथियार, कारतूस व अंग्रेजी शराब बरामद, पिता-पुत्र गिरफ्तार

राइफल, कारतूस, खोखा, अंग्रेजी शराब आदि बरामद, एसपी अवधेश दीक्षित द्वारा दी गई जानकारी

आरा (दैनिक नवसंदेश)। आयर थाना पुलिस द्वारा दुलारपुर गांव स्थित घर में छापेमारी की। तलाशी के दौरान घर से एक राइफल, 312 बोर के 39 कारतूस, 10 खोखा, राइफल सफाई वाले 5 फायर रॉड, 3 ब्रश, 1 ब्लूएथ्रु एवं 375 एमएल अंग्रेजी शराब बरामद हुआ। पुलिस ने मौके से पिता पुत्र को गिरफ्तार कर लिया। इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित द्वारा प्रेस नोट जारी कर दी गई। गिरफ्तार आरोपितों में आयर थाना क्षेत्र के दुलारपुर गांव निवासी अवधेश कुमार सिंह एवं उनका पुत्र सतरंजन कुमार सिंह उर्फ नेपाली शामिल है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आयर थाना पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि दुलारपुर गांव निवासी अवधेश कुमार सिंह अपने घर में अवैध हथियार एवं शराब रखे हुए है। सूचना के सत्यापन उपरांत उनके निर्देश पर थानाध्यक्ष वंदना कुमारी ने सशस्त्र बल के साथ उसके घर पर छापेमारी की गई। पुलिस ने मौके से पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं पुलिस के अनुसार पिता की मृत्यु के बाद लाइसेंसी राइफल की वैधता समाप्त हो गई थी।

मां ने हीं प्रेमी के साथ मिलकर कराई बेटे की हत्या, आरोपित मां गिरफ्तार

मोहित राज हत्याकांड: हत्या में एक नामजद, दो-तीन अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

आरा (दैनिक नवसंदेश)। तरारी थाना के दुर्गपुर गांव निवासी मोहित राज हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा करने का दावा किया है। मृतक की मां को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मृतक की मां ने ही अपने प्रेमी के साथ मिलकर पुत्र की हत्या कराई है। मृतक के पिता सत्येंद्र सिंह उर्फ अलगू के दिए फर्दबयान पर थाना क्षेत्र के दुर्गपुर गांव निवासी बुधन सिंह के पुत्र संतोष कुमार को नामजद एवं दो-तीन अन्य अज्ञात को आरोपित बनाया गया है। पुलिस ने दुगार्पुर निवासी सत्येंद्र सिंह उर्फ अलगू की पत्नी व मृतक की मां मानती देवी को गिरफ्तार कर लिया। पीरो एसडीपीओ कन्हैया कुमार ने बताया कि 28 अक्टूबर को तरारी थाना के करथ गांव स्थित बिरहर करहा के पास मोहित राज नामक युवक का शव बरामद किया गया था।

दो दिवसीय सेवेन साइड फुटबॉल टूर्नामेंट-26 आरा कप का आयोजन



आरा (दैनिक नवसंदेश)। रमना मैदान में सेवेन साइड फुटबॉल टूर्नामेंट-26 आरा कप का आयोजन किया गया। रविवार को दो दिवसीय टूर्नामेंट की विधिवत शुरूआत हुई। इसमें आठ टीमों ने हिस्सा लिया, जिनमें किंग ऑफ 7 फुटबॉल क्लब, एसके क्लब वलीगंज, युवा फुटबॉल क्लब, आरा एरो, आरा स्पोर्टिंग क्लब, गोल्डन बेबी फुटबॉल अकादमी, आरएसएस फुटबॉल क्लब और आरा फुटबॉल क्लब की टीम ने हिस्सा लिया। उद्घाटन सत्र में नॉकआउट सिस्टम के तहत क्वार्टर फाइनल के 4 मैच खेले गए। पहला मैच किंग ऑफ सेवेन फुटबॉल क्लब और एसके क्लब वलीगंज के बीच हुआ। इसमें किंग ऑफ 7 फुटबॉल क्लब के मृत्युंजय कुमार ने दो गोल और रवि कुमार व धीरज कुमार ने एक-एक गोल दाग कर 4-0 से जीत दर्ज की। वहीं दूसरा मैच आरा एरो ने युवा फुटबॉल क्लब साउथ एकौना को 1-0 से हराकर जीत दर्ज की। तीसरा मैच गोल्डन बेबी फुटबॉल क्लब और आरा फुटबॉल क्लब के बीच खेला गया। दोनों तरफ से एक-एक गोल हुआ वहीं पेनल्टी शूटआउट में गोल्डन बेबी फुटबॉल एकेडमी ने 3-0 से हराया। चैथा और अंतिम क्वार्टर फाइनल मैच आरएसएस फुटबॉल क्लब और आरा स्पोर्टिंग क्लब के बीच खेला गया। दोनों टीमों में से किसी ने गोल नहीं किया। अंत में ट्राई ब्रेकर में आरा स्पोर्टिंग क्लब ने जीत दर्ज की। पहले मैच में मैन ऑफ द मैच किंग ऑफ 7 फुटबॉल क्लब के सनी कुमार, दूसरे मैच में मैन ऑफ द मैच युवा फुटबॉल क्लब दक्षिण एकौना के कृष्णा कुमार, तीसरे मैच के मैन ऑफ द मैच गोल्डन बेबी फुटबॉल क्लब के अमृत राज और अंतिम मैच में मैन ऑफ द मैच आरएसएस फुटबॉल क्लब के विनय सिंह को मिला। निर्णायक की भूमिका में विनीत कुमार, रंजन सिंह, सुनील यादव, नीतीन कुमार उर्फ नंद गोपाल सिंह और धर्मेश उपाध्याय रहे। वहीं सोमवार को दो सेमीफाइनल मैच और फाइनल मैच खेला जाएगा। पहला सेमीफाइनल किंग ऑफ सेवेन फुटबॉल क्लब और आरा ऐरो के बीच खेला जाएगा जबकि दूसरा सेमीफाइनल गोल्डन बेबी फुटबॉल अकैडमी और आरा स्पोर्टिंग क्लब के बीच खेला जाएगा।

भोजपुरी के पारंपरिक गोंड नाच और आल्हा गायन की होगी प्रस्तुति

आरा (दैनिक नवसंदेश)। भिखारी ठाकुर सामाजिक शोध संस्थान, आरा के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में इस साल रजत जयंती महोत्सव लोकरस रंग सह सम्मान समारोह में नाटक, गायन की अन्य प्रस्तुतियों के साथ भोजपुरी की पारंपरिक लोक विरासत को सहेजने तथा नई पीढ़ी को स्थानीय लोकसंस्कृति से परिचित कराने के उद्देश्य से पारंपरिक गोंड नाच तथा आल्हा गायन का भी प्रदर्शन भिखारी ठाकुर सांस्कृतिक मंच, पटेल बस पड़ाव परिसर से किया जाएगा। महोत्सव की प्रस्तावित तिथि आगामी 15 से 18 दिसंबर तय की गई है। इसकी जानकारी आज संस्थान के सदस्यों की बैठक की अध्यक्षता करते हुए स्वामी विक्रमादित्य ने दी। स्कूली छात्रों की सहभागिता सुनिश्चित करने का दायित्व शिक्षकों मुन्ना राय और धनंजय कुमार कटकैरा को दिया गया। बैठक का संचालन संस्थान के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ने किया।

दरभंगा में राज्यस्तरीय अंतर प्रमंडल बालिका बैडमिंटन प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ

दरभंगा (एनएसबी)। नेहरू स्टेडियम, लहेरियासराय में रविवार को राज्यस्तरीय अंतर प्रमंडल बालिका बैडमिंटन प्रतियोगिता अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 का भव्य शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन ओएसडी सह पीजीआरओ राजेश कुमार गुप्ता, अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन सलीम अख्तर, सहायक आयुक्त, मद्य निषेध प्रदीप कुमार एवं जिला खेल पदाधिकारी चंदन कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।इस अवसर पर खिलाड़ियों ने आकर्षक मार्च पास्ट कर अतिथियों को सलामी दी।



प्रतियोगिता का उद्घाटन करते पदाधिकारी।



प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी।

जिला खेल पदाधिकारी चंदन कुमार ने अतिथियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया तथा बिहार के विभिन्न प्रमंडलों से आए बालिका खिलाड़ियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि हैंडबॉल की राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के सफल आयोजन के बाद दरभंगा प्रमंडल को बालिका बैडमिंटन की राज्यस्तरीय प्रतियोगिता आयोजित करने का गौरव प्राप्त हुआ है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि दरभंगा की धरती से भी पीवी सिंधु और साइना नेहवाल जैसी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी उभरेंगी। ओएसडी सह पीजीआरओ राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि खेल बच्चों के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम है। ऐसी प्रतियोगिताओं से बालिकाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और आगे बढ़ने का बेहतर अवसर मिलता है। अपर समाहर्ता सलीम अख्तर ने खिलाड़ियों से अनुशासन, समर्पण एवं खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेकर अपने प्रमंडल का नाम रोशन करने का आह्वान किया।सहायक आयुक्त, मद्य निषेध प्रदीप कुमार ने युवाओं से नशे से दूर रहकर खेल एवं शिक्षा जैसी सकारात्मक गतिविधियों में आगे बढ़ने की अपील की। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को नशामुक्त रहने की शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम स्थल पर स्थापित नशामुक्ति सेल्फी प्वाइंट खिलाड़ियों के बीच आकर्षण का केंद्र रहा, जहां खिलाड़ियों ने नशामुक्त समाज का संदेश दिया। समाचार लिखे जाने तक तीनों आयु वर्गों के सेमीफाइनल मुकाबले जारी थे। अंडर-14 वर्ग में दरभंगा एवं तिरहुत, अंडर-17 वर्ग में मगध एवं बिहार एकलव्य तथा अंडर-19 वर्ग में पटना एवं दरभंगा प्रमंडल की टीमों के बीच मुकाबले खेले जा रहे थे। इससे पूर्व एकल मुकाबलों में पटना, दरभंगा, मुंगेर एवं तिरहुत प्रमंडल की टीमें तीसरे दौर में प्रवेश कर चुकी थीं।प्रतियोगिता के सफल संचालन में अर्जुन कुमार शाह, सुभाष कुमार पंजियार, ऋतुराज, प्रिया कुमारी, कृष्ण ठाकुर, नीलम रानी, बालाजी एवं विकास कुमार शर्मा ने ऑफिशियल्स के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।वहीं, आयोजन एवं परिणामों के संधारण में एकलव्य प्रशिक्षक निशांत कुमार, देवनंदन झा, राजेश कुमार, ज्योति कुमारी, सोनी कुमारी, कुंदन कुमार, अक्षय कुमार, राकेश कुमार सहित अन्य शिक्षकों का सराहनीय योगदान रहा।कार्यक्रम का मंच संचालन कुमार अनुराग ने किया।

संक्षिप्त खबरें

नारी शक्ति का शंखनाद : अराजकता हटाओ, लोकतंत्र बचाओ पदयात्रा को लेकर बेनीपुर में बैठक


बैठक में निभा देवी एवं अन्य।

बेनीपुर (एनएसबी)। आगामी 5 नवंबर को आयोजित होने वाली 'अराजकता हटाओ, लोकतंत्र बचाओ पदयात्रा' को सफल बनाने को लेकर आज दरभंगा पूर्वी जिला कार्यालय में बेनीपुर विधानसभा महिला मोर्चा की संगठनात्मक बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष निभा देवी ने की। बैठक में जिला पदाधिकारी एवं सभी मंडल पदाधिकारी बहनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और पदयात्रा को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया। बैठक को संबोधित करते हुए निभा देवी ने कहा कि आज देश और समाज में लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए महिलाओं का आगे आना बेहद जरूरी हो गया है। यह पदयात्रा केवल एक मार्च नहीं, बल्कि अराजकता के खिलाफ एकजुटता की गूंज है। दरभंगा और बेनीपुर की एक-एक बहन इस यात्रा को सफल बनाने के लिए पूरी ताकत से जमीन पर उतर चुकी है। जब नारी शक्ति किसी संकल्प को पूरा करने की ठान लेती है तो बदलाव निश्चित है।बैठक में उपस्थित सभी बहनों ने एक स्वर में हुंकार भरी कि आधी आबादी की यह ताकत 5 नवंबर को सड़कों पर दिखेगी।

लापदा मजदूर की आम के बगीचे में मिला शव

बहेड़ी (एनएसबी)। थाना क्षेत्र की हरहाच्चा पंचायत स्थित महादेव चौक के समीप 45 वर्षीय मजदूर सुरेश साह का शव रविवार एक नवंबर रविवार को दिन के करीब 11 बजे घर के बगल स्थित आम के बगीचे में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक स्वर्गीय कृपाली साह के पुत्र थे। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। मृतक की पत्नी पार्वती देवी ने आई आई एफ एल फाइनेंस लिमिटेड के कर्मियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने बताया कि 14 नवंबर 2024 को रंजीत नामक व्यक्ति ने मेरे नाम पर कंपनी से 60 हजार रुपये का ऋण लिया था। इसी ऋण को लेकर कंपनी के 6 लोग शनिवार यानी 31 अक्टूबर को उनके घर पहुंचे थे। पत्नी का आरोप है कि उन लोगों ने उनके पति को काफी मानसिक रूप से प्रताड़ित किया और धमकी भी दी।पार्वती देवी के अनुसार, कंपनी के लोगों के जाने के करीब दो घंटे बाद से ही उनके पति लापता हो गए। परिजनों ने उनकी काफी खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। रविवार की सुबह करीब 11 बजे घर के बगल स्थित आम के बगीचे में उनका शव मिला।घटना की सूचना मिलते ही बहेड़ी थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच, दरभंगा भेज दिया।बताया जाता है कि सुरेश साह गांव में ही मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनके परिवार में एक पुत्र और पांच पुत्रियां हैं। पुत्र सुशील साह बाहर रहकर मजदूरी करते हैं। इस घटना के बाद गांव में तरह-तरह की चचाएं हो रही हैं। पत्नी द्वारा लगाए गए आरोपों के बाद अब पुलिस जांच पर सबकी निगाहें टिकी हैं। हालांकि, मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगा।

पॉक्सो एक्ट अभियुक्त गिरफ्तार, भेजा न्यायिक हिरासत में

अलीनगर (एनएसबी)। पॉक्सो एक्ट के एक मामले में पुलिस ने रविवार को प्राथमिकी अभियुक्त विकास कुमार को गिरफ्तार किया। इस संबंध में अलीनगर थानाध्यक्ष रंजीत कुमार शर्मा ने बताया कि अलीनगर थाना कांड संख्या 100/26, दिनांक 21 जुलाई 2026 के तहत दर्ज मामले में नरमा गांव निवासी रघुवीर पासवान के पुत्र विकास कुमार नामजद प्राथमिकी अभियुक्त था। उसके विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की धारा 352, 351 (2), 74, 3(5) तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 12 के तहत मामला दर्ज है। थानाध्यक्ष के अनुसार, पुलिस ने रविवार को उसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

पानी मे डूबने से बालक की मौत

दरभंगा (एनएसबी)। सोनकी थाना क्षेत्र के शहजादपुर निवासी सुबोध मंडल के पुत्र दस वर्षीय अमन कुमार मंडल की पानी में डूबने से मौत हो गई। बताया गया है कि वह गांव के बगल में मखाना बिछने के लिए तालाबनुमा गड्ढे में गया था। इस क्रम में वह अधिक गहरे पानी में चला गया जिसके फलस्वरूप वह डूब कर मर गया। उसके साथी ने ग्रामीणों को खबर किया लोग दौड़ कर गए और पानी में उसे खोजने लगे । लेकिन अंत में उनका लाश ही मिली। सोनकी पुलिस ने लाश को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच भेज कर पोस्टमार्टम के बाद लाश परिजनों को सौंप दिया।

हत्या मामले का नामजद सोनेलाल गिरफ्तार

अलीनगर (एनएसबी)। पुलिस ने हत्या के प्रयास मामले के आरोपी सोनेलाल यादव को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपित अलीनगर थाना क्षेत्र के श्यामपुर गांव निवासी स्व. जग नारायण यादव का पुत्र है। इसकी सूचना देते हुए थानाध्यक्ष रंजीत कुमार शर्मा ने बताया कि अलीनगर थाना कांड संख्या 152/26, दिनांक 8 अक्टूबर 2026 के तहत दर्ज मामले में सोनेलाल यादव प्राथमिकी अभियुक्त था। उसके विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 109(1) के तहत मामला दर्ज है। पुलिस ने शनिवार की रात उसे गिरफ्तार किया। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

हत्या के प्रयास के मामले में नामजद आरोपित गिरफ्तार

अलीनगर (एनएसबी)।अलीनगर थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में कार्रवाई करते हुए शनिवार की रात एक नामजद प्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपित की पहचान अलीनगर थाना क्षेत्र के श्यामपुर गांव निवासी स्व. जग नारायण यादव के पुत्र सोनेलाल यादव के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार शर्मा ने बताया कि अलीनगर थाना कांड संख्या 152/26, दिनांक 8 अक्टूबर 2026 के तहत दर्ज मामले में सोनेलाल यादव प्राथमिकी अभियुक्त था। उसके विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 109(1) के तहत मामला दर्ज है। पुलिस ने शनिवार की रात उसे विधिवत गिरफ्तार कर लिया। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

सिमरी पुलिस ने मानसिक रूप से बीमार बच्ची को पहुंचाया आश्रय गृह

सिंहवाड़ा (एनएसबी)। सिमरी थाना क्षेत्र के बनौली गांव में भटक रही एक मानसिक रूप से बीमार बच्ची को सिमरी पुलिस ने रविवार को भराठी स्थित वृहद आश्रय गृह पहुंचा दिया। गांव में पांच दिनो से भटक रही बच्ची की सुरक्षा और उसके साथ किसी तरह की अनहोनी की आशंका को देखते हुए ग्रामीणों ने उसे अपने संरक्षण में रखा था। मुखिया प्रतिनिधि सुजीत कुमार ने सिमरी थाना पुलिस को सूचना दी कि गांव में एक बच्ची पिछले करीब पांच दिनों से इधर-उधर भटक रही है। बच्ची की मानसिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण ग्रामीण उसकी सुरक्षा को लेकर चिंतित थे। सिमरी पुलिस बच्ची को थाने लायी। आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के बाद बच्ची को भराठी स्थित वृहद आश्रय गृह भेज दिया गया। सिमरी थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि बच्ची की पहचान और उसके परिजनों के संबंध में जानकारी जुटाने का प्रयास किया जा रहा है।

लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पखवाड़ा आयोजित

दरभंगा (एनएसबी)। लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पखवाड़ा के तहत आज मव्वि के एक प्रतिष्ठान के बेसमेंट सभागार में शाम में लौह पुरुष की 151 वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया और आज के दिवस को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई।

इस मौके पर लोकतांत्रिक संघर्ष मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सह मिथिला मुक्ति मोर्चा के संयोजक संस्थापक श्याम कुमार सिंह ने कहा कि सरदार पटेल जी राष्ट्रीय एकता व अखंडता के महान प्रतिपालक, आधुनिक भारत के शिल्पकार महान स्वतंत्रता सेनानी सेनानी थे। वे सामाजिक एकता के पक्षधर थे, उनके द्वारा किए कार्य देश को सदैव स्मरणीय रहेगा। वे मरकर भी अमर हैं। उनके विचारों, आदर्शों पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस मौके पर


कार्यक्रम में श्याम कुमार सिंह एवं अन्य।

अनूठा सिंह, अनिल सिंह, पंकज सिंह, सुनील झा, अशोक पासवान, अमरजीत कुमार, दिलीप सहनी, पिंटू ठाकुर, संजय पासवान, डब्बू सिंह, संजय सिंह , शैलेन्द्र जी, नीलेंदु झा, मो तनवीर अहमद, शत्रुघ्न प्रसाद आदि थे।

दरभंगा एम्स के निर्माण की दिशा में निर्णायक पहल, बड़ी उपलब्धि : डॉ. धर्मशीला गुप्ता

दरभंगा (एनएसबी)। भाजपा नेत्री एवं राज्यसभा सांसद डॉ. धर्मशीला गुप्ता ने दरभंगा एम्स के अस्पताल भवन, अकादमिक ब्लॉक, आवासीय परिसर एवं अन्य आधारभूत संरचनाओं के निर्माण के लिए 1,549.25 करोड़ रुपये की निविदा जारी होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा एवँ बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के प्रति आभार जताया है।

उन्होंने कहा कि दरभंगा एम्स केवल एक अस्पताल नहीं, बल्कि संपूर्ण मिथिलांचल और उत्तर बिहार के करोड़ों लोगों के बेहतर स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा और क्षेत्रीय विकास की उम्मीदों से जुड़ी महत्वपूर्ण परियोजना है। इसके निर्माण की दिशा में यह नई पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प और देश में आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की प्रतिबद्धता को दशार्ती है। डॉ. गुप्ता ने कहा कि लगभग 187 एकड़ भूमि पर प्रस्तावित इस संस्थान में अत्याधुनिक अस्पताल भवन, अकादमिक ब्लॉक, चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों के लिए आवासीय परिसर तथा अन्य आवश्यक आधारभूत संरचनाओं का निर्माण कराया जाएगा। एचएससीसी (इंडिया) लिमिटेड द्वारा जारी निविदा के अनुसार निर्माण कार्य ईपीसी मॉडल पर कराया जाना है तथा इसके लिए 30 महीने की समय सीमा निर्धारित की गई है। उन्होंने कहा कि दरभंगा एम्स के शुरू होने से दरभंगा, मधुबनी, समस्तीपुर, सीतामढ़ी, सुपौल, सहरसा, पूर्णिया सहित पूरे उत्तर बिहार के लोगों को बेहतर और सुपर स्पेशियलिटी चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने में


डॉ. धर्मशीला गुप्ता।

मदद मिलेगी। गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए मरीजों को पटना, दिल्ली और अन्य बड़े शहरों की ओर जाने की मजबूरी भी कम होगी। इसके साथ ही मेडिकल शिक्षा, चिकित्सा अनुसंधान और रोजगार के नए अवसर भी विकसित होंगे। राज्यसभा सांसद ने कहा कि केंद्र सरकार इस महत्वाकांक्षी परियोजना को आगे बढ़ाने के लिए लगातार आवश्यक वित्तीय एवं प्रशासनिक कदम उठा रही है। निविदा जारी होना परियोजना के अगले महत्वपूर्ण चरण की शुरूआत है। अब निर्माण एजेंसी के चयन और निर्धारित समयसीमा के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य को आगे बढ़ाना महत्वपूर्ण होगा। डॉ. धर्मशीला गुप्ता ने कहा कि मिथिला की धरती पर एम्स जैसी राष्ट्रीय स्तर की चिकित्सा संस्था का निर्माण आने वाली पीढ़ियों के लिए एक महत्वपूर्ण सौगात साबित होगा। यह संस्थान न केवल स्वास्थ्य सेवाओं की तस्वीर बदलेगा, बल्कि मिथिला को चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य अनुसंधान के क्षेत्र में भी नई पहचान दिलाएगा।

जनगणना 2027 की तैयारी तेज, दरभंगा में अधिकारियों के दूसरे बैच का दो दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

दरभंगा (एनएसबी)। भारत की जनगणना 2027 द्वितीय चरण को लेकर दरभंगा जिले में प्रशासनिक तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी कड़ी में रविवार को लहेरियासराय स्थित जिला परिषद सभागार में नगरीय चार्ज अधिकारियों एवं ग्रामीण अपर चार्ज जनगणना अधिकारियों के दूसरे बैच का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ।

■ जिला परिषद सभागार में नगरीय चार्ज एवं ग्रामीण अपर चार्ज अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण, आंकड़ों की शुद्धता पर विशेष जोर

कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर जिला जनगणना अधिकारी-सह-जिला सांख्यिकी पदाधिकारी उदय नारायण प्रसाद ने की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को संबोधित करते हुए जनगणना के प्रथम चरण में किए गए कार्यों पर संतोष व्यक्त किया तथा सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों के प्रति आभार जताया। जनगणना का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण और संवेदनशील जिम्मेदारी है। सभी अधिकारी पूरी गंभीरता, संवेदनशीलता और समयबद्ध तरीके से जनसंख्या गणना का कार्य सुनिश्चित करें। उन्होंने आंकड़ों की शुद्धता को जनगणना की सफलता का सबसे महत्वपूर्ण आधार बताते हुए कहा कि सही आंकड़े ही भविष्य की योजनाओं को उद्देश्यपरक और प्रभावी बनाने में सहायक होंगे।प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनगणना निदेशालय, पटना से आए प्रशिक्षक रोहित कुमार एवं अमिताभ कुमार ने अधिकारियों को जनगणना से जुड़े विभिन्न कार्यों की बारीकियों से अवगत कराया।

सिमरी पुलिस ने मानसिक रूप से बीमार बच्ची को पहुंचाया आश्रय गृह

सिंहवाड़ा (एनएसबी)। सिमरी थाना क्षेत्र के बनौली गांव में भटक रही एक मानसिक रूप से बीमार बच्ची को सिमरी पुलिस ने रविवार को भराठी स्थित वृहद आश्रय गृह पहुंचा दिया। गांव में पांच दिनो से भटक रही बच्ची की सुरक्षा और उसके साथ किसी तरह की अनहोनी की आशंका को देखते हुए ग्रामीणों ने उसे अपने संरक्षण में रखा था। मुखिया प्रतिनिधि सुजीत कुमार ने सिमरी थाना पुलिस को सूचना दी कि गांव में एक बच्ची पिछले करीब पांच दिनों से इधर-उधर भटक रही है। बच्ची की मानसिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण ग्रामीण उसकी सुरक्षा को लेकर चिंतित थे। सिमरी पुलिस बच्ची को थाने लायी। आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के बाद बच्ची को भराठी स्थित वृहद आश्रय गृह भेज दिया गया। सिमरी थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि बच्ची की पहचान और उसके परिजनों के संबंध में जानकारी जुटाने का प्रयास किया जा रहा है।

लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ पदयात्रा में बेनीपुर विधानसभा के हर बूथ से भाजपा कार्यकर्ताओं की होगी भागीदारी : डॉ. गोपाल जी ठाकुर

दरभंगा (एनएसबी)। 5 नवम्बर को दरभंगा जिला मुख्यालय में आहूत लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ अभियान की सफलता सुनिश्चित करने को लेकर बेनीपुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक धेरुख स्थित पार्टी के जिला कार्यालय में दरभंगा पूर्वी के जिलाध्यक्ष विनय पासवान की अध्यक्षता में रविवार को सम्पन्न हुई।

बैठक में प्रस्तावित पदयात्रा में बेनीपुर विधानसभा के हर बूथ स्तर से कार्यकताओं की विशाल भागीदारी सुनिश्चित करने, संगठन की एकजुटता बनाने तथा आपसी समन्वय एवं केंद्र तथा राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने जैसे अहम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में दरभंगा के सांसद डॉ. गोपाल जी ठाकुर ने पदयात्रा की सफलता के लिए कार्यकताओं को संबोधित करते हुए अभियान के उद्देश्यों,



बैठक में सांसद डॉक्टर गोपाल जी ठाकुर व अन्य।

उसकी सफलता तथा संगठन की भूमिका पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि कांग्रेस सहित विपक्षी दलों के द्वारा सरकार के विरोध में फैलाए जा रहे नकारात्मक संदेशों का मजबूती से डटकर जवाब देने के लिए पार्टी कार्यकर्ता इस पदयात्रा में विशाल भागीदारी सुनिश्चित करें। सांसद डॉ ठाकुर ने कार्यकताओं से आह्वान करते हुए कहा कि वे अभियान के संदेश को जन-जन तक पहुंचाएं तथा लोकतांत्रिक मूल्यों, संवैधानिक मयार्दाओं और जनहित के मुद्दों को लेकर जनता के बीच सक्रिय भूमिका निभाते हुए लोकतंत्र की मजबूती के लिए जागरूक नागरिकों की भागीदारी भी सुनिश्चित करें। सांसद डॉ ठाकुर ने कार्यकताओं से संगठनात्मक एकजुटता बनाए रखने, आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा अभियान को सफल बनाने के लिए व्यापक जनसंपर्क करने की अपील करते हुए कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की शक्ति है और कार्यकताओं की सक्रियता से ही जनहित से जुड़े संदेश को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा सकता है। बैठक में बेनीपुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकताओं ने पदयात्रा अभियान को सफल बनाने के लिए सक्रिय सहभागिता निभाने तथा संगठन के निदेशों के अनुरूप कार्य करने का संकल्प लिया। बैठक मे विभिन्न वक्ताओं ने कार्यकताओं में अभियान को लेकर उत्साह और संगठनात्मक सक्रियता बढ़ाने पर जोर दिया। बैठक में हर पंचायत ने बूथ स्तर पर पदयात्रा में पार्टी कार्यकताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने का संकल्प व्यक्त किया गया। जिलाध्यक्ष विनय पासवान की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पूर्व प्रत्याशी रामनारायण ठाकुर, रामसागर ठाकुर पिंटू झा संतोष झा नीरज चौधरी महावीर सिंह रजनीश सुन्दरम प्रवीण झा सीताराम मांझी राजीव मिश्रा सरिता देवी निभा देवी ममता देवी त्रिवेणी महतो प्रदीप गुप्ता भगवान पाठक भगवान झा शंकर भगवान पूर्व राहुल झा भगवान ठाकुर नटवर झा संजय कुमार कल्पना देवी विजयलक्ष्मी देवी मुन्नी देवी आरती देवी सहित सैकड़ों पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।

अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन की कार्रवाई



अतिक्रमण हाल हटाते एसडीम।

मधुबनी (एनएसबी)। सदर अनुमंडल पदाधिकारी चंदन कुमार एवं नगर आयुक्त के नेतृत्व में सदर अस्पताल मधुबनी जाने वाले मार्ग पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। प्रशासन की इस पहल से सड़क को सुगम और व्यवस्थित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया।अतिक्रमण मुक्त और बेहतर यातायात व्यवस्था के लिए प्रशासन का अभियान जारी है।

मधुबनी जिला मुख्यालय में आस्था के महा पर छठ एवं दीपावली को लेकर सड़क पर अतिक्रमण हटाने का कार्य संचालित किया जा रहा है जिससे आने हो जाने वाले लोगों को किसी भी प्रकार का कोई कठिनाई नहीं हो! मधुबनी नगर निगम के मेयर अरुण रैना पवित्र पर्व को लेकर मधुबनी को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए इस अभियान को सफल बनाने के लिए नगर वासियों से अपील की है!

बेनीपट्टी एसडीपीओ ने किया पतौना थाना का निरीक्षण, पुलिस व्यवस्था का लिया जायजा

बिस्फी (एनएसबी)। बिस्फी प्रखंड क्षेत्र के पतौना थाना में शनिवार को बेनीपट्टी एसडीपीओ ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना की प्रशासनिक व्यवस्था, पुलिस की कार्यशैली और क्षेत्र में विधि-व्यवस्था की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान थाना के विभिन्न कार्यों की समीक्षा की गई।

एसडीपीओ के निरीक्षण के समय पतौना थानाध्यक्ष अनुराग कुमार, एसआई उदय कुमार, एसआई विकास कुमार, एसआई कंचन कुमारी, पीटीसी रजनीश कुमार, पीटीसी अमित कुमार एवं एएसआई रविंद्र कुमार मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान एसडीपीओ ने थाना में संचालित गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की तथा पुलिस पदाधिकारियों के साथ क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था एवं कानून-व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। उन्होंने थाना स्तर पर किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए पुलिसिंग व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने पर जोर दिया। इस दौरान आम जनता की शिकायतों का त्वरित निष्पादन, क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने तथा पुलिस और आम लोगों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा हुई। पुलिस पदाधिकारियों को अपने दायित्वों का पूरी तत्परता से निर्वहन करने और जनहित से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता बरतने पर बल दिया गया। एसडीपीओ का यह निरीक्षण थाना की कार्यप्रणाली को बेहतर बनाने और पुलिस प्रशासन की व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। निरीक्षण के माध्यम से थाना स्तर पर हो रहे कार्यों की समीक्षा के साथ क्षेत्र में प्रभावी पुलिसिंग सुनिश्चित करने की दिशा में पहल की गई।



डीएसपी निरीक्षण करते।

संक्षिप्त खबरें

मधवापुर के नए थानाध्यक्ष बने विनय कुमार सन्नी कुमार मौसम का निलंबन

बेनीपट्टी (एनएसबी)। वरीय पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मधवापुर थाना के निवर्तमान थानाध्यक्ष सन्नी कुमार मौसम को निलंबित करते हुए विनय कुमार को नए थानाध्यक्ष के रूप में प्रतिनियुक्ति किया है। विनय कुमार नगर थाना में अपर थानाध्यक्ष के पद पर पदस्थापित थे। जिन्हें मधवापुर थाना का कमान मिला है। वही सन्नी कुमार मौसम का निलंबन किस कारण हुई, यह अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। एसपी के द्वारा की गई इस कार्रवाई से लोग अचंभित है। बहरहाल मधवापुर थाना में लगातार कम ही समय में कई अफसरों का निलंबन कई सवाल खड़े कर रहे है। अब देखना होगा कि आखिर नए थानाध्यक्ष की क्या भूमिका रहती है।

आज आवास कर्मी पांच महीने से लंबित मानदेय के विरोध में काला बिल्ला लगाकर करेंगे कार्य

मधुबनी (एनएसबी)। जिले के सभी आवास कर्मी पांच महीने से लंबित मानदेय के विरोध में काला बिल्ला लगाकर करेंगे कार्य। मधुबनी जिला के तमाम आवास कर्मी यथा आवास सहायक, आवास पर्यवेक्षक, प्रखंड लेखापाल एवं कार्यपालक सहायक 5 महीने से लंबित मानदेय के विरोध में काला बिल्ला लगाकर आवास योजना का कार्य करेंगे एवं सरकार के सामने अपना विरोध दर्ज करेंगे। विदित हो कि दुर्गा पूजा जैसे महापर्व में भी आवासकर्मियों को मानदेय का भुगतान नहीं किया गया, जिससे जिले के सभी आवास कर्मी क्षुब्ध हैं। आवास कर्मी संघ के प्रदेश अध्यक्ष शशि शेखर ने कहा, सरकार की ये उदासीन रवैया से हम सभी आवास कर्मी हताश, निराश एवं परेशान हैं।दीपावली एवं छठ जैसे महापर्व में मानदेय नहीं मिलने से हम लोगों के सामने घोर संकट की स्थिति उत्पन्न हो जाएगी। सरकार एवं विभाग को चाहिए कि यथाशीघ्र आवास कर्मियों के संपूर्ण लंबित मानदेय का भुगतान करें जिससे कि हम सभी अपने परिवार एवं बाल बच्चों के साथ आसानी से त्यौहार मना सकें। अन्यथा की स्थिति में हम लोग चरणबद्ध आंदोलन करेंगे एवं सरकार को घेरने का काम करेंगे।

मुजफ्फरपुर के हॉकी के जनक अमितेश के निधन से खेल जगत शोकाकुल



अमितेश कुमार की फाइल

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। पूर्व हॉकी खिलाड़ी व मुजफ्फरपुर रेडर्स क्लब (हॉकी) के सचिव 66 वर्षीय अमितेश कुमार उर्फ लडडू का निधन शनिवार रात ब्रमपुरा थाना चौक स्थित रंग गली कुआं के समीप (वार्ड 3) स्थित आवास मे हो गया। उनका अंतिम संस्कार सिकंदरपुर मक्तिनाथ धाम में रविवार की रात किया गया। उनके मझले भाई जिला बास्केबॉल एसिसएशन के सचिव अखिलेश कुमार उर्फ मणि ने मुखाग्नि दी। उनके परिवार में उनकी पत्नी व दो पुत्री के साथ एक भाई है। पुत्र नहीं होने के कारण उनके भाई अखिलेश कुमार ने मुखाग्नि दी। उनके निधन की खबर मिलते ही जिले के खेल जगत में शोक की लहर दौड़ गई। भारतीय एथलेटक्सि टीम के मैनेजर रह चुके अनिल कुमार सिन्हा, बिहार के पूर्व हॉकी कोच मनोज कुमार, पूर्व हॉकी खिलाड़ी अमरेंद्र कुमार, पूर्व हॉकी खिलाड़ी मुकतेश बोहरा, पूर्व राज्य हॉकी खिलाड़ी धीरज कुमार सिंह, भारतीय एथलेटिक्स एसोसिएशन के पूर्व संयुक्त सचिव अरुण कुमार केसरी, जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन के सचिव पारस प्रसाद गुप्ता आदि ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। सभी खेल अधिकारियों ने कहा कि उनका पूरा परिवार खेल जगत से जुड़ा था। स्व. अमितेश कुमार ने उत्तर बिहार में हॉकी के उत्थान मे अहम भूमिका निभायी थी।

शिक्षाविद् डॉ. नवल किशोर प्रसाद यादव का निधन अपूरणीय क्षति : सर्वोदय मंडल

सीतामढ़ी (एनएसबी)। सर्वोदय मंडल, सीतामढ़ी के नगर मंत्री एवं शिक्षाविद् डॉ. नवल किशोर प्रसाद यादव के निधन पर विभिन्न सामाजिक एवं संगठनात्मक लोगों ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। 77 वर्षीय डॉ. यादव का निधन ब्रेन हैमरेज के कारण हो गया। उनके निधन को जिले के लिए अपूरणीय क्षति बताया गया है। सर्वोदय मंडल के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. आनंद किशोर ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि डॉ. यादव शिक्षा एवं समाज सेवा के प्रति समर्पित व्यक्तित्व थे। शिक्षक के रूप में उन्होंने लंबे समय तक अपनी सेवाएं दीं। विशेष रूप से सोनबरसा के पिछड़े इलाकों के सैकड़ों बच्चों को शिक्षित कर उन्होंने समाज में शिक्षा की अलख जगाई। शिक्षा के साथ-साथ वे सामाजिक गतिविधियों में भी सक्रिय रहे। उनके निधन पर सर्वोदय मंडल के जिलाध्यक्ष नंदकिशोर मंडल, संयुक्त किसान संघर्ष मोर्चा के जिलाध्यक्ष जलंधर यदुबंशी, सर्वोदय मंडल के नगर अध्यक्ष रामसुरेश तिवारी, उपाध्यक्ष अमरेन्द्र राय, जिला मंत्री राम प्रमोद मिश्र, अवधेश यादव, अश्विनी मिश्र, डॉ. विमलेश कुमार, मदनमोहन ठाकुर, उपेन्द्र आर्य एवं घनश्याम प्रसाद ने गहरी संवेदना व्यक्त की। शोक व्यक्त करने वालों ने कहा कि डॉ. नवल किशोर प्रसाद यादव का शिक्षा एवं समाज सेवा के क्षेत्र में योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। उनके निधन से समाज ने एक समर्पित शिक्षाविद् एवं सेवाभावी व्यक्तित्व को खो दिया है।

हमीदी कॉम्प्लेक्स में भव्य मुशायरे का आयोजन शायरों एवं कवियों ने बांधा समां

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। स्थानीय हमीदी कॉम्प्लेक्स में डॉ अंसारी आसी अदबी साहित्यिक संगम के तत्वावधान में रविवार को एक भव्य मुशायरे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सैयद एम हसन ने की, जबकि मंच का संचालन श्रवण कुमार ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ शायरा एवं कवयित्री सविता राज की गजल के सस्वर पाठ से हुआ। उनकी गजल के अशआर—

"गोद में बच्चे लिए हर रोज ही, स्वप्न कुछ गढ़ती रही हैं बेटियाँ।"

ने श्रोताओं की खूब वाहवाही बटोरी।

इसके पश्चात कवि श्रवण कुमार ने अपनी गजल के माध्यम से महफिल में उत्साह का रंग भर दिया,"आशा के दीप हरदम मन में जलाए रखना, बदलेगा फिर जमाना, हिम्मत बनाए रखना।" वहीं आलम सिद्दीकी ने अपने प्रभावशाली अंदाज में अपनी पंक्तिया प्रस्तुत की "अब मुझे आँख दिखाता है वही सौदागर, मिलने आया था कभी आँखों में आँसू लेकर।" शायर अली अहमद मंजर ने अपनी गजल के माध्यम से मोहब्बत और इंसानियत का पैगाम दिया, "इंसान जो नफरत को मिटाने निकल आए, हर दिल में मोहब्बत के खजाने निकल आए।" वहीं महफूज आरिफ ने अपने शेर,"जीतने वाले हार जाएंगे, हम उन्हें आईना दिखाएंगे।" सुनाकर खूब तालियाँ बटोरीं। शायरा डॉ. आरती कुमारी ने अपनी भावपूर्ण गजल के अशआर प्रस्तुत किए, "कहानी की तरह तुमको सुना सकती नहीं सबको, तुम्हें गीतों के जैसे गुनगुना कर साथ रखना है।" उनकी इस प्रस्तुति को श्रोताओं ने खूब सराहा। कार्यक्रम के आयोजक डॉ. सिबगतुल्लाह हमीदी ने भी अपनी रचना के माध्यम से जीवन में सत्य और संघर्ष का संदेश दिया, 'सच की राह को चुनकर देख, काँटों पर तू चलकर देख।" इस दौरान शायरा एवं कवयित्री डॉ आरती कुमारी के उर्दू गजल संग्रह 'मुन्तज़िर है दिल' का लोकार्पण भी किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित साहित्य प्रेमियों ने सभी रचनाकारों की प्रस्तुतियों की सराहना की। अंत में डॉ. सिबगतुल्लाह हमीदी ने सभी अतिथियों, शायरों, कवियों एवं श्रोताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

ट्रैक्टर व ट्रक ऑनर संघ के सदस्यों का सम्मान कार्यक्रम सह सम्मेलन का आयोजन



उद्घाटन करते।

खजौली (एनएसबी)। हरदेब बनारस जनता महाविद्यालय, खजौली के परिसर में प्रखंड ट्रैक्टर एवं ट्रक ऑनर संघ के सदस्यों का सम्मान कार्यक्रम सह सम्मेलन का आयोजन रविवार को किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पार्षद दीपक कुमार सिंह, समाजसेवी दिलीप कुमार, आरपीएफ जयनगर प्रभारी वशिष्ठ कुमार, एसआई राज कुमार सिंह, माले नेता भूषण सिंह, राजेंद्र यादव उर्फ झवर, मनोज यादव,राजु कुमार द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के प्रखंड अध्यक्ष पवन कुमार यादव एवं संचालन प्रो. सुजीत ठाकुर ने किया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए जिला पार्षद दीपक कुमार सिंह ने कहा कि किसी भी संस्था और संघ के व्यवस्थित संचालन के लिए पारदर्शिता जरुरी है। खजौली प्रखंड में भी इस तरह की संस्था की जरुरत थी। वहीं समाजसेवी दिलीप कुमार ने कहा कि ट्रैकटर एवं ट्रक ऑनर संघ का निर्माण होने से यहां उनके हक, अधिकार की रक्षा होगी। वहीं आरपीएफ प्रभारी बशिष्ठ कुमार ने कहा कि ट्रैक्टर एवं ट्रक ऑनर संघ की स्थापना होने से वाहन ऑनर के बीच आपसी सामंजस्य की एक मिसाल कायम होगी। जबकि प्रखंड अध्यक्ष पवन कुमार यादव ने कहा कि खजौली में ट्रैक्टर एवं ट्रक ऑनर संघ की स्थापना वर्ष 2022 में होने के बाद बर्ष 2024 में संगठन की रूपरेखा तैयार किया गया था। वर्ष 2026 में प्रथम सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। इस मौके पर प्रदीप कुमार यादव, विनोद यादव, सतेन्द्र साह, मुनींद्र सिंह, संतोष यादव, भोला सिंह, मनीष गोईत, हरिनाथ यादव, हरिशंकर यादव, नरेश कुमार सिंह,उमेश सिंह ,आलोक यादव, बिरेंद्र शाह,सुमन गोइत,सहित अन्य लोग मौजूद थे।

मधुबनी हवाई अड्डा परिसर में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

■ भागवत कथा के श्रवण से मन भक्ति-रस में हुआ सराबोर, स्वामी यादवेंद्रानंद जी महाराज को मिथिला परंपरा के अनुसार किया गया सम्मानित



सम्मानित करते विधायक।

मधुबनी (एनएसबी)। आत्म-जागरूकता से वैश्विक शांति के पावन उद्देश्य को लेकर समर्पित दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से मधुबनी हवाई अड्डा परिसर में आयोजित सात दिवसीय भव्य श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में श्रद्धालुओं की भागीदारी लगातार बनी हुई है। हरलाखी के विधायक सुधांशु शेखर इस आध्यात्मिक आयोजन में श्रोता के रूप में शामिल होकर लोगों ने श्रीकृष्ण जन्मलीला और श्रीमद्भागवत की महिमा का श्रवण किया।

कथा के दौरान व्यासपीठ पर विराजमान भागवताचार्या विदुषी सुश्री पदमहस्ता भारती जी ने भगवान श्रीकृष्ण की जन्मलीला का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने श्रीमद्भागवत के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भागवत शास्त्र कलियुग में भगवान श्रीकृष्ण की प्राप्ति कराने वाला तथा शाश्वत प्रेमानंद प्रदान करने वाला दिव्य ग्रंथ है। कथा श्रवण के दौरान श्रद्धालु भक्ति-भाव में लीन नजर आए। इस अवसर पर हरलाखी के विधायक सुधांशु शेखर ने कहा कि दैनिक धार्मिक दीप प्रज्वलित करने का सौभाग्य भी प्राप्त हुआ। वहीं, संस्थान के बिहार-झारखंड प्रबंधन प्रमुख श्रद्धेय स्वामी यादवेंद्रानंद जी महाराज से संवाद किया गया। मिथिला की गौरवशाली परंपरा के अनुरूप उन्हें पाग, अंगवस्त्र एवं माला भेंटकर सम्मानित किया गया। अपने गृह जिले में इस भव्य आध्यात्मिक आयोजन के लिए स्वामी जी के प्रति आभार व्यक्त किया गया। बातचीत के क्रम में स्वामी यादवेंद्रानंद जी महाराज ने बताया कि दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान धार्मिक एवं आध्यात्मिक आयोजनों के साथ-साथ सामाजिक सुधार के क्षेत्र में भी निरंतर कार्य कर रहा है। संस्थान ब्रह्मज्ञान के माध्यम से आंतरिक परिवर्तन, वंचित एवं पिछड़े वर्गों का सामाजिक सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने तथा नशामुक्ति, लैंगिक असमानता और अशिक्षा जैसी सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन के लिए प्रयासरत है। आयोजकों के अनुसार, मधुबनी हवाई अड्डा परिसर में चल रहा यह सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ आगामी 3 नवंबर तक जारी रहेगा। आयोजन के माध्यम से श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक चेतना, आत्म-जागरण और सामाजिक सद्भाव का संदेश दिया जा रहा है।

प्रतिष्ठान 'माँ सरस्वती प्रिंटिग प्रेस' का शुभारंभ



फीता काटकर उद्घाटन करते।

मधुबनी (एनएसबी)। झंझारपुर में युवा उद्यमी मधेपुर प्रखंड के प्रसाद निवासी रमण कुमार के प्रतिष्ठान ह्यमाँ सरस्वती प्रिंटिग प्रेसह्न का उद्घाटन हरलाखी के विधायक सुधांशु शेखर ने फीता काटकर किया।

इस अवसर पर विधायक सुधांशु शेखर ने कहा कि श्रीयुत रमण एवं उनके सभी सहयोगीयों को नवीन प्रतिष्ठान के शुभारंभ की हार्दिक बधाई एवं अनंत शुभकामनाएँ दिये। व्यवसायिक प्रतिष्ठान सफलता, समृद्धि और विश्वास का नया प्रतीक बने तथा अपने बेहतर सेवाओं के माध्यम से ग्राहकों का स्नेह प्राप्त करे। यह प्रतिष्ठान झंझारपुर के व्यापारिक विकास को नई गति प्रदान करे और स्थानीय स्तर पर रोजगार एवं व्यवसाय के नए अवसर सृजित करे। युवा उद्यमी रमण जी के उज्ज्वल व्यावसायिक भविष्य एवं निरंतर प्रगति की हार्दिक मंगलकामनाएँ। मौके पर जदयू नेता विपुलभान तिवारी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

सम्पूर्ण क्रांति मोर्चा की बैठक में 21 नवंबर को जनाक्रोश यात्रा व मनरेगा को किसानों से जोड़ने पर हुई विस्तृत चर्चा

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। सम्पूर्ण क्रांति मोर्चा की बैठक रविवार को सकरा प्रखंड क्षेत्र मे आयोजित की गई। राम विनोद शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सतीश कुमार शर्मा ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। इसके पश्चात डॉ विजयेश कुमार ने विषय प्रवेश कराते हुए बैठक के प्रमुख उद्देश्यों एवं आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से प्रकाश डाला।

बैठक को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए सुखदेव ओझा ने मोर्चा के आगामी कार्यक्रमों एवं जनहित से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। बैठक को अंजनी बेनीपुरी, परशुराम सिंह, मनोज कुमार सिंह, नवीन कुमार, मोहम्मद उमेर, तज्जमुल हुसैन, विनोद कुमार, डॉ. मुकुंद कुमार, अनिल कुमार शाही, नरेश तिवारी, उपेन्द्र झा, देवेन्द्र झा, दिनेश कुमार सिंह, डॉ उमेश चंद्र शर्मा सहित अन्य गणमान्य लोगों ने भी संबोधित किया। विचार रखे। बैठक में 200 से ज्यादा लोग उपस्थित हुए। अंत में रामविनोद शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया और बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों एवं वक्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

बच्चों में पर्यावरण संरक्षण की चेतना जगाना भविष्य के लिए मजबूत आधार : डीपीओ



कार्यक्रम में उपस्थित।

मधुबनी (एनएसबी)। जिला गंगा समिति नमामि गंगे, मधुबनी के तत्वावधान में संचालित विशेष अभियान 6.0 के तहत आज +2 वॉटसन उच्च विद्यालय, मधुबनी में स्वच्छता, जल एवं पर्यावरण संरक्षण विषय पर भाषण प्रतियोगिता सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें +2 शिवगंगा बालिका उच्च विद्यालय, मधुबनी, वॉटसन मध्य विद्यालय, मधुबनी एवं +2 वॉटसन उच्च विद्यालय, मधुबनी के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम के तहत आयोजित भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने स्वच्छता, जल संरक्षण एवं पर्यावरण सुरक्षा के महत्व पर अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में +2 वॉटसन उच्च विद्यालय के कृष कुमार ने प्रथम, सरस्वती विद्या मंदिर रामपट्टी +2 उच्च माध्यमिक विद्यालय की स्नेहा वत्स ने द्वितीय, +2 वॉटसन उच्च विद्यालय के अभिनव कुमार ने तृतीय तथा वॉटसन मध्य विद्यालय, मधुबनी के शौर्य कृष्णा ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। वहीं, सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत गायन विधा में सरस्वती विद्या मंदिर (+2 उच्च माध्यमिक विद्यालय), रामपट्टी की स्नेहा वत्स तथा +2 शिवगंगा बालिका उच्च विद्यालय, मधुबनी की साक्षी कुमारी, संध्या कुमारी एवं अंशुप्रिया की टीम ने मनमोहक प्रस्तुति दी। नृत्य विधा में वॉटसन मध्य विद्यालय, मधुबनी की नव्या कुमारी, मानवी झा एवं राधिका कुमारी ने अपनी आकर्षक प्रस्तुति से उपस्थित लोगों की सराहना प्राप्त की। इसी क्रम में उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं को स्वच्छता, जल संरक्षण एवं पर्यावरण सुरक्षा के प्रति जागरूक एवं प्रतिबद्ध रहने की शपथ भी दिलाई गई। विद्यार्थियों ने अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने, जलस्रोतों को प्रदूषण मुक्त रखने तथा पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प लिया। सभी सफल प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका शिक्षक पवन कुमार, कुमारी पुष्पम, अवनीश कुमार एवं मधु कुमारी ने निभाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक सतीश कुमार ने की। इस अवसर पर डीपीओ नमामि गंगे आनंद अंकित ने कहा कि स्वच्छता, जल संरक्षण एवं पर्यावरण की सुरक्षा केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं है, बल्कि इसके लिए प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है।

बच्चों और युवाओं में इन विषयों के प्रति जागरूकता पैदा करना भविष्य के लिए एक मजबूत आधार तैयार करना है। ऐसे रचनात्मक आयोजनों से विद्यार्थियों की प्रतिभा निखरने के साथ-साथ उनमें पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी एवं सामाजिक चेतना का भी विकास होता है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने परिवार एवं समाज में स्वच्छता और जल संरक्षण का संदेश पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समन्वय एवं संचालन शिक्षक मनीष कुमार कर्ण ने किया। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के साथ-साथ स्वच्छता, जल संरक्षण एवं पर्यावरण सुरक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश भी दिया।

दिल्ली की रैली के समर्थन में सीपीएम ने निकाला प्रतिरोध मार्च

मुजफ्फरपुर की सड़कों पर उतरे वामपंथी कार्यकर्ता

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। दिल्ली के रामलीला मैदान में ईडी गठबंधन द्वारा आयोजित लोकतंत्र बचाओ रैली के समर्थन में रविवार को भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के नेतृत्व में मुजफ्फरपुर में प्रतिरोध मार्च निकाला गया। मार्च की शुरूआत शहीद खुदीराम बोस स्मारक स्थल से हुई। जुलूस कंपनी बाग, टावर चौक एवं सूतापट्टी होते हुए शहर की प्रमुख सड़कों से गुजरा। मार्च का नेतृत्व सीपीएम के जिला सचिव दिनेश भगत ने किया।

इस अवसर पर सीपीएम जिला सचिव दिनेश भगत ने कहा कि देश आज एक गंभीर लोकतांत्रिक और संवैधानिक संकट के दौर से गुजर रहा है। लोकतंत्र की बुनियाद निष्पक्ष चुनाव और जनता के मताधिकार पर टिकी होती है, लेकिन चुनावी प्रक्रिया की विश्वसनीयता को लेकर लगातार गंभीर सवाल उठ रहे हैं।



विशेष गहन पुनरीक्षण (स्क्रर) के नाम पर मतदाता सूची से बड़ी संख्या में लोगों के नाम हटाए जाने की आशंकाओं ने आम नागरिकों के बीच चिंता पैदा की है। सीटू के जिला प्रभारी सुंदेश्वर साहनी ने कहा कि चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था की निष्पक्षता और स्वतंत्रता लोकतंत्र की अनिवार्य शर्त है। यदि चुनाव कराने वाली संस्था की भूमिका ही सवालों के घेरे में आ जाए तो लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनता का विश्वास कमजोर होगा। विपक्ष द्वारा मुख्य चुनाव आयुक्त से जवाबदेही की मांग और उनके इस्तीफे की मांग इसी लोकतांत्रिक चिंता का हिस्सा है।

प्रदर्शन सभा को डीवाईएफआई के जिला सयोजक संतोष कुमार यादव, एसएफआई के जिला सयोजक आरिफ हुसैन, कामगार मजदूर यूनियन के जिला सचिव सलीम परवेज आदि ने कहा कि मोदी सरकार के पास देश के मजदूरों के सवालों का जवाब नहीं है, इसलिए वो अपनी जनता चुनना चाह रहे है। इसलिए ज्ञानेश कुमार को बर्खाश्त करने के बजाय बचाने मे लगी हुई है। मार्च मे ऐडवा नेत्री कामनी कुमारी, मुजफ्फरपुर ऑटो यूनियन के सचिव ए आर अन्नू, बबलू कुमार, प्रमोद कुमार सिंह, मो हारुन, मो हसमुद्दीन, संजय राम, अर्जुन पंडित, राजेश राम, प्रमोद भगत, परिक्षण पासवान, सोनू आदि शामिल थे।

'भारतीय मीडिया : सच के कितने पास, तथ्य से कितने परे' पर विमर्श

आजादी के समय की पत्रकारिता से आज मीडिया को सीखने की जरूरत : राजेन्द्र

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। आजादी के बाद भारतीय मीडिया का समाजशास्त्र समय के साथ बदलता गया। इसलिए आज मीडिया की निष्पक्षता व निर्भीकता पर प्रश्न उठने लगे हैं। ये बातें भाषा वैज्ञानिक, इतिहासकार व लेखक डॉ राजेन्द्र प्रसाद सिंह ने कहीं।

श्री सिंह रविवार को आमगोला स्थित शहनाई बैंक्वेट हॉल में 'अप्पन समाचार' पुस्तक के बहाने "भारतीय मीडिया : सच के कितने पास, तथ्य से कितने परे' विषय पर एएस फाउंडेशन के बैनर तले आयोजित विमर्श में बोल रहे थे। लेखक व चिंतक डॉ हरिनारायण ठाकुर ने कहा कि मीडिया को अपनी निष्पक्ष भूमिका को कभी भूलना नहीं चाहिए, लेकिन दुर्भाग्य से आज पारंपरिक पत्रकारिता अपने मूल उद्देश्य से विमुख होता हुआ दिख रहा है। उन्होंने अप्पन समाचार के काम की सराहना की। लेखक व संस्कृति कर्मी अरुण नारायण ने बिहार की पत्रकारिता के इतिहास के आइने में पारंपरिक व वैकल्पिक मीडिया की भूमिका को रेखांकित किया। दूसरे सत्र में पारंपरिक व वैकल्पिक मीडिया पर पैनल डिस्कशन किया गया, जिसमें पत्रकारिता के हरेक पक्ष पर गहन चर्चा की गयी। पैनलिस्ट डॉ ज्ञान प्रकाश, डॉ राजीव कुमार, भूपाल भारती, अशोक भारती, राजा ठाकुर, अमृतांज इंदीवर और संतोष सारंग से श्रोताओं ने पत्रकारिता की गिरते साख पर सवाल उठाए। इस मौके पर कठपुतली कलाकार सुनील सरला ने कठपुतली शो के जरिए लोकतांत्रिक मीडिया की प्रवृत्ति में आए बदलाव को दिखाया। मंच संचालन डॉ सुशांत कुमार एवं संतोष सारंग ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ हेम नारायण विश्वकर्मा ने किया। मौके पर डॉ रामेश्वर राय, डॉ ललन भगत, डॉ विष्णुदेव यादव, डॉ अविनाश कुमार, सोनू सरकार, मदन प्रसाद, बैजू कुमार, फुलदेव पटेल, नीरज कुमार, अमरेंद्र कुमार, यशोदा कुमारी पासवान, डॉ रिंकु कुमारी, अनीता कुमारी सिमरन सहनी, मुन्ना कुमार, लालबाबू पटेल, राकेश रंजन आदि मौजूद थे।



'भारतीय मीडिया, सच के कितने पास, तथ्य से कितने परे' पुस्तक का लोकार्पण करते अतिथि।

संक्षिप्त खबरें

मुजफ्फरपुर में पानापुर ओपी अध्यक्ष अभिषेक कुमार मिश्रा निलंबित, सरकारी चावल की कालाबाजारी मामले में हुई कार्रवाई

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। जिले के पानापुर (मीनापुर) ओपी अध्यक्ष अभिषेक कुमार मिश्रा के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। सरकारी चावल की कालाबाजारी से जुड़े मामले में लापरवाही और अनियमितता के आरोपों को लेकर एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। साथ ही उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई का आदेश भी जारी किया गया है। एसएसपी कार्यालय से दी गई जानकारी के अनुसार, जिलाधिकारी मुजफ्फरपुर की ओर से ओपी अध्यक्ष के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए प्रतिवेदन सौंपा गया था। प्रतिवेदन के मुताबिक, 13 अक्टूबर 2026 को कांटी स्थित सीएमआर गोदाम से टीपीडीएस गोदाम के लिए सरकारी चावल से लदे ट्रक को किसान नगर ढाला स्थित गणपति धर्मकांटा के पास एक टाटा मैजिक पिकअप पर अवैध रूप से चावल अनलोड करते हुए पाया गया था। सूचना मिलने पर पुलिस गश्ती दल ने संदेह के आधार पर दोनों वाहनों और उनके चालकों को पानापुर ओपी लाया था। आरोप है कि पिकअप वाहन को बिना थाना दैनिक में वैध प्रविष्टि किए और बिना विधिक कार्रवाई के मुक्त कर दिया गया। वहीं, जिलाधिकारी द्वारा गठित संयुक्त जांच टीम की रिपोर्ट में भी पाया गया कि ओपी अध्यक्ष ने खाद्यान्न लदे ट्रक को थाना परिसर के बाहर मुख्य सड़क पर बिना किसी सुरक्षा व्यवस्था के लावारिस स्थिति में छोड़ दिया था। संयुक्त जांच रिपोर्ट और जिलाधिकारी के प्रतिवेदन के आधार पर एसएसपी ने अभिषेक कुमार मिश्रा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। मामले में आगे विभागीय कार्रवाई की प्रक्रिया भी शुरू करने का निर्देश दिया गया है।

बागमती नदी का जलस्तर बढ़ने से कटरा पीपा पुल पर भारी वाहनों का परिचालन बंद, दर्जनों पंचायतों की बढ़ी मुश्किलें

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। जिले से होकर गुजरने वाली बागमती नदी के जलस्तर में लगातार हो रही बारिश के कारण फिर अचानक तेजी से वृद्धि दर्ज की गई है। जलस्तर बढ़ने के बाद सुरक्षा के मद्देनजर कटरा प्रखंड को बकुची से जोड़ने वाले महत्वपूर्ण पीपा पुल पर बढ़ते जल दबाव को देखते हुए भारी एवं बड़ी गाड़ियों का


बागमती नदी का कटरा पीपा पुल पर बढ़ा दवाब।

आवागमन पूरी तरह से रोक दिया गया है। पीपा पुल पर बड़े वाहनों के परिचालन पर रोक लगने से दर्जनों पंचायतों के स्थानीय लोगों की परेशानियां काफी बढ़ गई हैं। अब लोगों को कटरा प्रखंड मुख्यालय और जिला मुख्यालय तक पहुंचने के लिए लगभग 40 से 45 किलोमीटर की लंबी अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार यदि नदी के जलस्तर में और बढ़ोतरी होती है, तो इन इलाकों का संपर्क प्रखंड मुख्यालय से पूरी तरह कट सकता है। वहीं बागमती नदी के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह से सतर्क और अलर्ट मोड पर है। जलस्तर पर लगातार पैनी नजर रखी जा रही है। प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि यह बढ़ोतरी लगातार हो रही बारिश की वजह से हुई है और जल्द ही जलस्तर में गिरावट आने की संभावना है।राहत की बात यह है कि फिलहाल बागमती नदी का जलस्तर खतरे के निशान से नीचे है।

बीपीएससी अध्यापक संघ जिला इकाई ने चलाया सदस्यता अभियान

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। बीपीएससी अध्यापक संघ मुजफ्फरपुर जिला इकाई के सदस्यों ने रविवार को शेरपुर स्थित एक निजी स्कूल प्रांगण में सदस्यता अभियान चलाया। इस दौरान दर्जनों की संख्या में शिक्षकों ने सदस्यता ग्रहण की।



मौके पर जिला अध्यक्ष मो फरीद अंसारी की अध्यक्षता एवं अविनाश झा जिला उपाध्यक्ष के संचालन में हुई बैठक में सदस्यता अभियान और संगठन के विस्तार पर चर्चा की गई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष मो फरीद अंसारी, जिला संयोजक चंदन पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष अविनाश झा, जिला महासचिव प्रियतम कुमार, जिला उपाध्यक्ष रंजना झा,संगठन प्रभारी मुकेश कुमार सहनी, प्रधान सचिव श्रीकांत कुमार, प्रखंड अध्यक्ष सकरा रवि कुमार, मीडिया प्रभारी आंनद प्रकाश, ज्ञान प्रकाश, मो साजिद, मो नसीम अख्तर, मो शम्स तबरेज आलम, अंगना कुमारी, संतोष कुमार एवं अन्य शिक्षकगण उपस्थित थे। बैठक में जिला अध्यक्ष ने कहा कि सदस्यता अभियान जिले भर में जारी है। बैठक में उपस्थित सभी शिक्षकों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन संघ के जिला संयोजक चंदन पाण्डेय ने किया।

मुजफ्फरपुर व सीतामढ़ी की खबरें पेज 5 पर भी

'लाल-बाल-पाल स्मृति पर्व' को लेकर हुई बैठक, कोलकाता में 7 नवम्बर को होगा भव्य आयोजन



बैठक में मंचासीन दिनकर स्मृति न्यास के अध्यक्ष सहित अन्य लोग।

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। स्वतंत्रता संग्राम के महानायकों की याद में आयोजित होने वाले 'लाल-बाल-पाल स्मृति पर्व' को भव्य और सफल बनाने के लिए कोलकाता के बड़ा बाजार लाइब्रेरी में एक महत्वपूर्ण और आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में कार्यक्रम की अंतिम रूपरेखा और बृहद तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

इसके साथ ही लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अपलक्ष्य में एक विशेष कवि सम्मेलन का भी संयुक्त आयोजन किया गया। कवि सम्मेलन में कवियों ने अपनी कविताओं के माध्यम से देशप्रेम का रंग घोला। कार्यक्रम में राष्ट्रकवि रामधारी सिंह 'दिनकर' स्मृति न्यास की प्राचीन परंपरा 'संगत और पंगत' का भी विशेष ध्यान रखा गया। इस संगठनात्मक बैठक की अध्यक्षता बड़ा बाजार लाइब्रेरी के अध्यक्ष व कार्यक्रम संयोजक जय गोपाल गुप्ता तथा राष्ट्रकवि रामधारी सिंह 'दिनकर' स्मृति न्यास के अध्यक्ष नीरज कुमार ने संयुक्त रूप से की। अध्यक्षीय संबोधन में जय गोपाल गुप्ता ने कहा कि महापुरुषों का स्मरण समाज को जागृत करने के लिए आवश्यक है। यह आयोजन कोलकाता के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है। दिनकर न्यास के अध्यक्ष नीरज कुमार ने कहा कि लाल-बाल-पाल भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के महानायक हैं। इनसे युवा पीढ़ी को परिचित कराना हमारा राष्ट्रीय दायित्व है। बिपिनचंद्र पाल बहुमुखी प्रतिभा संपन्न भारत के महान सपूत थे। उनका जीवन-संघर्ष और त्याग राष्ट्रीय विकास के प्रेरक सूत्र हैं। प्रसिद्ध कवि-साहित्यकार डॉ संजय पंकज ने अपने भावोद्गार में कहा कि लाल-बाल-पाल भारतीय अस्मिता-बोध और शौर्य-स्वाभिमान की पहचान हैं। बिपिनचंद्र पाल का रचनात्मक व्यक्तित्व-कृतित्व बड़ा व्यापक और परिष्कृत है। उनकी राष्ट्रीय निष्ठा स्मरणीय, अनुकरणीय, प्रेरक और प्रणम्य है। बंगाल का लाल बिपिनचंद्र पाल भारत के गौरव-भाल हैं। सरकार को पाठ्यपुस्तक में इनकी जीवनी को अनिवार्य रूप से समाविष्ट करना चाहिए। विचार-विमर्श में वरिष्ठ पत्रकार दिव्येंदु चौधरी, कवि गिरिधर राय, डॉ. सुभाष राय, अशोक झा, हीरालाल मल्लिक, राजकुमार गुप्ता, सुरेश चौधरी, हिमाद्रि मिश्रा, पवन ढेलिया, डॉ केयूर मजूमदार, अशोक गुप्ता और श्री रजत राय उपस्थित थे। बैठक में जानकारी दी गई कि क्रांतिकारी, संपादक, शिक्षक और महान स्वतंत्रता सेनानी बिपिन चन्द्र पाल की जयंती के अवसर पर 07 नवम्बर 2026 को महाजाति सदन, कोलकाता (पश्चिम बंगाल) में मुख्य समारोह 'लाल-बाल-पाल स्मृति पर्व' का आयोजन किया जाएगा। बताया गया कि पश्चिम बंगाल में पहली बार सांस्कृतिक परिवेश में यह स्मृति पर्व आयोजित किया जा रहा है। सभी वक्ताओं ने इस राष्ट्रीय पर्व को पश्चिम बंगाल में ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने का संकल्प लिया। बैठक के दौरान वक्ताओं ने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन की अमर त्रिमूर्ति लाला लाजपत राय, बाल गंगाधर तिलक और बिपिन चन्द्र पाल के अतुलनीय योगदान को याद किया। कार्यक्रम संयोजक जय गोपाल गुप्ता और न्यास-अध्यक्ष नीरज कुमार ने बताया कि राष्ट्रकवि रामधारी सिंह 'दिनकर' स्मृति न्यास पिछले 37 वर्षों से इन महान युग नायकों के विचारों को आत्मसात करने और सांस्कृतिक भारत के निर्माण के लिए लगातार काम कर रहा है। वक्ताओं ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को इन महानायकों के राष्ट्रवाद और सांस्कृतिक चेतना से परिचित कराना बेहद जरूरी है और यह स्मृति पर्व इसी दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।

मुजफ्फरपुर में आधार केंद्र के नाम पर बड़ा फर्जीवाड़ा

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। जिले में आधार केंद्र के नाम पर एक बड़ा फजीर्वाड़ा सामने आया है, जहां नियम को ताक पर रखकर अवैध तरीके से आधार सेंटर चलाने और लोगों से लाखों रुपये वसूलने का सनसनीखेज मामला उजागर हुआ है। पारू प्रखंड के निवासी एक पीड़ित युवक राजू कुमार ने इस संबंध में मुजफ्फरपुर के साइबर थाने की पुलिस को एक लिखित प्राथमिकी आवेदन सौंपा है, जिसके बाद पुलिस इस सनसनीखेज मामले की जांच में जुट गई है।


मामले के शिकायतकर्ता एवं आधार कार्ड की फोटो।

अवैध उगाही और फर्जी आईडी संचालन का मामला आया सामने

साइबर थाने को दिए गए आवेदन के अनुसार, पीड़ित राजू कुमार से आधार केंद्र काउंटर के नाम पर एक बिचौलिए के जरिए 4 लाख 60 हजार रुपये की अवैध रकम वसूली गई। इसके बाद उनकी दो आईडी एक्टिवेट तो कर दी गईं, लेकिन कुछ ही दिनों बाद उन्हें फिर से बंद कर दिया गया। जब पीड़ित ने इसकी शिकायत कंपनी के वरीय अधिकारियों से की, तो उनकी आईडी दोबारा खोल दी गई। इसके बाद आईडी चलाने के एवज में फिर से अवैध रूप से पैसों की मांग की जाने लगी। जब पीड़ित ने और पैसे देने से मना कर दिया, तो उनकी आईडी हमेशा के लिए ब्लॉक कर दी गई। पीड़ित का आरोप है कि नियमों के मुताबिक आधार केंद्र को संबंधित प्रखंड परिसर के अंदर चलना चाहिए, लेकिन ये लोग सेंटर को अन्य जगहों पर गुप्त रूप से संचालित कर रहे हैं। वहां भारी मात्रा में अवैध पैसे लेकर फर्जी कागजातों के आधार पर फर्जी आधार कार्ड बनाए जा रहे हैं।सरकारी नियमों के अनुसार, देश या राज्य के विभिन्न प्रखंड कार्यालयों में आधार केंद्र चलाने का टेंडर सरकार द्वारा किसी विशेष अधिकृत कंपनी को दिया जाता है। नियम के तहत आधार केंद्र का संचालन अनिवार्य रूप से संबंधित प्रखंड कार्यालय परिसर के भीतर ही किया जाना चाहिए। इसका मुख्य और एकमात्र उद्देश्य नागरिकों के आधार कार्ड से जुड़े सुधार (जैसे नाम, पता, बायोमेट्रिक अपडेट आदि) और नए आधार से जुड़े अधिकृत कार्य करना है। कई बार टेंडर लेने वाली कंपनियां अलग-अलग जिलों में सब-लीज या अन्य लोगों को यह काम सौंप देती हैं। इसी का फायदा उठाकर जालसाज पहले आईडी एक्टिवेट करने के नाम पर भारी रकम वसूलते हैं और फिर लागत निकालने के लिए प्रखंड परिसर से बाहर अवैध स्थानों पर सेंटर चलाकर फजीर्वाड़े को अंजाम देते हैं।

यह मामला सामने आने के बाद मुजफ्फरपुर साइबर पुलिस गंभीरत से मामले की जांच में जुट गई है। हलाकि पुलिस ने अबतक जांच के संबंध में कोई अपडेट नहीं दिया है। पुलिस के अनुसार जांच पूरी होने के बाद ही इस मामले का खुलासा किया जाएगा।

एसडीएम पश्चिमी ने पारू प्रखंड के लालू छपरा जालील नगर गांव का भ्रमण कर लोगों की समस्याओं की ली जानकारी

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। पारू प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत लालू छपरा पंचायत के जालील नगर गांव का भ्रमण कर एसडीएम पश्चिमी स्नेहा कुमारी ने गांव की स्थिति का निरीक्षण किया। साथ हीं उन्होंने स्थानीय लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं एवं शिकायतों की जानकारी ली। इस दौरान ग्रामीणों ने एसडीएम के समक्ष आंगनबाड़ी केंद्र में मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता, जनवितरण प्रणाली के तहत मिलने वाले खाद्यान्न के घटिया स्तर की शिकायत की। इस दौरान ग्रामीणों ने राशन कार्ड के ई-केवाईसी कराने में आ रही परेशानियों से भी उन्हें अवगत कराया।

विशेष रूप से बाहर रहने वाले लोगों को ई-केवाईसी कराने में आ रही कठिनाइयों को दूर करने की मांग की गई। वहीं एसडीएम पश्चिमी स्नेहा कुमारी ने लोगों को मोबाइल ऐप के माध्यम से भी ई-केवाईसी कराने की जानकारी दी। निरीक्षण और भ्रमण के दौरान ग्रामीणों ने अपनी कई अन्य समस्याओं को खुलकर रखा और संबंधित मुद्दों पर प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए समस्याओं के समाधान का अनुरोध किया। वही एसडीएम पश्चिमी स्नेहा कुमारी ने ग्रामीणों स्थानीय समस्याओं एवं उनकी शिकायतों को दूर करने के मद्देनजर अपने स्तर से जांच कराकर इस दिशा में कार्रवाई का भरोसा दिलाया।


ग्रामीणों की समस्या एवं शिकायत सुनती एसडीओ पश्चिमी स्नेहा कुमारी।

आज विशाल 'लोकतंत्र बचाओ, भीड़तंत्र हटाओ' पदयात्रा निकाल कर विपक्षियों के प्रदर्शनों का जवाब देगी भाजपा

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। विपक्षी दलों द्वारा विभिन्न मुद्दे को लेकर केंद्र की एनडीए सरकार और बिहार सरकार के खिलाफ लगातार किए जा रहे आंदोलन और दिल्ली से लेकर पटना तक किए जा रहे विरोध प्रदर्शन का जबाब देने के लिए भाजपा नेतृत्व ने आज सोमवार को लोकतंत्र बचाओ भीड़तंत्र हटाओ पदयात्रा निकालने की घोषणा की है। पार्टी नेतृत्व के इस आव्हान पर आज नगर मे सैंकड़ो भाजपाई सड़क पर उतर कर विपक्षियों के प्रदर्शन का जबाब देने की जोरदार तैयारी की है।

लोकतंत्र बचाओ भीड़तंत्र हटाओ पदयात्रा की तैयारी को लेकर नगर विधायक रंजन कुमार ने कहा कि सोमवार को मुजफ्फरपुर क्लब से छाता बाजार तक आयोजित यह पदयात्रा ऐतिहासिक होंगी और विपक्षियों के द्वारा किए गए प्रदर्शन का मुहतोड़ जबाब साबित होंगी। उन्होंने विपक्षी दलों द्वारा किए जा रहे आंदोलन और प्रदर्शन को राजनितिक अशांति फैलाने का प्रयास बताते हुए कहा कि कांग्रेस सहित अन्य सभी विपक्षी दलों की हकीकत प्रदेश और देश की जनता अच्छी तरह समझ चुकी है। वावजूद इसके सता सुख के लिए सभी विपक्षी एक होकर सड़क से लेकर संसद तक हंगामा कर रहे है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र बचाओ भीड़तंत्र हटाओ पदयात्रा के माध्यम से बिहार की जनता भी विपक्षी दलों के प्रदर्शन का जबाब देने सड़क पर उतरेगी और यह पदयात्रा ऐतिहासिक होंगी। उधर,


पदयात्रा आयोजन को लेकर हुई बैठक को संबोधित करते पूर्व मंत्री सुरेश शर्मा।

मुजफ्फरपुर क्लब सभा स्थल से छाता बाजार तक आयोजित पदयात्रा के समर्थन में सड़क पर उतरेंगे सैंकड़ो लोग

स्पीकर चौक स्थित अटल सभागार में मुजफ्फरपुर पूर्वी जिला भाजपा के पदाधिकारियों की बैठक जिलाध्यक्ष विवेक कुमार की अध्यक्षता में हुई।

बैठक में उपस्थित नगर विधानसभा क्षेत्र के सभी मंडल अध्यक्ष, मोर्चा अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को जिलाध्यक्ष विवेक कुमार ने एकजुट होकर विपक्ष के दोहरे मापदंड और बयानों को जनता के सामने उजागर करने का आह्वान किया। इसी क्रम में 2 नवंबर सोमवार को विशाल 'लोकतंत्र बचाओ, भीड़तंत्र हटाओ' पदयात्रा निकालने की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में मौजूद पूर्व मंत्री सुरेश कुमार शर्मा ने कार्यकताओं को विपक्ष के प्रदर्शनों का मजबूती से जवाब देने का निर्देश दिया। उन्होंने भाजपाइयों सहित केंद्र और बिहार सरकार को अपना समर्थन और सहयोग देने वाले मुजफ्फरपुर सहित बिहार के लोगों से 2 नवंबर की पदयात्रा में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की। बैठक में जिला उपाध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह, जिला मंत्री परितोष सिंह, नगर विधानसभा संयोजक अमिताभ कुमार, जिला मीडिया प्रभारी रंजन कुमार ओझा, मंडल अध्यक्ष उत्पल रंजन, राजेश महतो, नंदकिशोर ठाकुर, सुनील कुमार, दिवाकर शर्मा, अमित कुमार, सुरेश कुमार घायल, रमन मिश्रा, चुन्नू रजक सहित विभिन्न मंचों एवं मोर्चा के पदाधिकारी एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे।

दिव्यांगजनों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना प्राथमिकता : डॉ. श्वेता गुप्ता

सीतामढ़ी (एनएसबी)। दिव्यांगजनों के अधिकार, सामाजिक सम्मान, शिक्षा, स्वास्थ्य, पुनर्वास एवं स्वावलंबन के संकल्प के साथ सक्षम उत्तर बिहार प्रांत का प्रांतीय अधिवेशन रविवार को सरस्वती विद्या मंदिर, सीतामढ़ी में संपन्न हुआ। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संघचालक डॉ. रामकिशोर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित अधिवेशन में बिहार सरकार की समाज कल्याण मंत्री डॉ. श्वेता गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। इसमें जम्मू-कश्मीर सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए संगठन के राष्ट्रीय एवं प्रांतीय पदाधिकारियों, सामाजिक कार्यकताओं, विशेषज्ञों तथा दिव्यांगजनों ने भाग लिया।

मंत्री डॉ. श्वेता गुप्ता ने कहा कि दिव्यांगजनों को सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। बिहार में पात्र दिव्यांगजनों को दिव्यांग पेंशन योजना के तहत 1,100 रुपये प्रतिमाह दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े जरूरतमंद दिव्यांगों तक योजनाओं की जानकारी और लाभ पहुंचाने में सामाजिक संगठनों की भूमिका महत्वपूर्ण है। सक्षम के अखिल भारतीय संयुक्त सचिव अभय परगल ने नेत्रदान एवं अंगदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दिव्यांगजन दया नहीं, बल्कि सम्मान, समान अवसर और अधिकार के अधिकारी हैं। अखिल भारतीय सह सचिव चंद्रभूषण पाठक ने शिक्षा, स्वास्थ्य, पुनर्वास एवं रोजगार के माध्यम से दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने पर बल दिया।



कार्यक्रम में मंचासीन मंत्री डॉ. श्वेता गुप्ता, सक्षम के पदाधिकारी व अन्य अतिथि।

अधिवेशन संयोजक डॉ. राजेश कुमार सुमन ने कहा कि देश में मान्यता प्राप्त 21 प्रकार की दिव्यांगताओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा दिव्यांगजनों को उनके कानूनी अधिकारों एवं सरकारी योजनाओं से जोड़ना आवश्यक है। विभिन्न सत्रों में सरकारी नीतियों, पुनर्वास, सेवा गतिविधियों एवं संगठन की आगामी कार्ययोजनाओं पर चर्चा हुई। डॉ. एसके वर्मा, डॉ. प्रीति पराशर, डॉ. अपेक्षा पंखुड़ी, डॉ. मनीष कृष्णा एवं डॉ. उमाशंकर सिंह ने विचार रखे।

सक्षम उत्तर बिहार प्रांत का भव्य अधिवेशन संपन्न, दिव्यांगजनों के अधिकार, सम्मान और स्वावलंबन पर हुआ मंथन

कार्यक्रम में आरोग्या फाउंडेशन के बच्चे आरव ने हारमोनियम पर छठ गीत प्रस्तुत किया। सरस्वती विद्या मंदिर के विद्यार्थियों ने स्वागत गीत, नृत्य एवं 'सीताराम विवाह एवं मिथिला दर्शन' पर आधारित संगीतमय नाटिका प्रस्तुत की।

समापन सत्र में विधायक सुनील कुमार पिंटू ने दिव्यांगजनों के सम्मान एवं सशक्तीकरण के लिए सामूहिक प्रयास का आह्वान किया। सिविल सर्जन डॉ. रविन्द्र कुमार यादव ने बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने का भरोसा दिया। मौके पर दक्षिण बिहार अध्यक्ष संजय कुमार, उत्तर बिहार अध्यक्ष अरुण कुमार, विद्यालय के सचिव रामनरेश ठाकुर सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे। उद्घाटन सत्र का संचालन आग्नेय कुमार तथा अन्य सत्रों का संचालन प्रो. राजकुमार गुप्ता ने किया। अंत में प्रांतीय सचिव अजय कुमार तिवारी ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

अधिवेशन की सफलता में डॉ. प्रतिमा आनंद, शिवनाथ प्रसाद, अभिषेक मिश्रा 'शिशु', अमित कुमार 'गोल्डी', अरुण श्रीवास्तव, जयप्रकाश कुमार, डॉ. हिमांशु, डॉ. प्रवीण कुमार, डॉ. विजय सर्राफ, राहुल रंजन, सीमा गुप्ता, नवीन कुमार ठाकुर, राखी ठाकुर एवं प्रधानाचार्य अनुज कुमार अकेला सहित आयोजन समिति के सदस्यों का योगदान रहा।

'वोट बचाओ-देश बचाओ' महारैली के समर्थन में जिला कांग्रेस ने निकला मार्च



मुख्य चुनाव आयुक्त और भाजपा स्के खिलाफ नारेबाजी करते कांग्रेस कार्यकर्ता।

सीतामढ़ी (एनएसबी)। नेता प्रतिपक्ष जननायक राहुल गांधी के आह्वान पर दिल्ली में आयोजित वोट बचाओ देश बचाओ महारैली के समर्थन में रविवार को सीतामढ़ी जिला कांग्रेस कमिटी द्वारा शहर के कारगिल चौक तक मार्च निकाला गया। हाथों में पार्टी का झंडा और संविधान की प्रति लिए कांग्रेस कार्यकर्ता मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर रहे थे।

मार्च में शामिल पूर्व जिला उपाध्यक्ष सीताराम झा, प्रमोद कुमार नील, प्रदेश प्रतिनिधि डॉ. राजीव कुमार काजू, मो. शम्स शाहनवाज, रितेश रमण सिंह, प्रो. राज कुमार गुप्ता, घनश्याम मिश्र, ऋतु ठाकुर ने कहा कि संविधान, लोकतंत्र और संवैधानिक संस्थानों को बचाने के लिए देशवासी राहुल गांधी के साथ खड़े हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह के हाथों कि कठपुतली बनकर चोर दरवाजे से भाजपा को सत्ता दिलाने का काम कर रहे हैं। एसआईआर के नाम पर करीब 13 करोड़ वैध मतदाताओं का नाम चुनाव से ठीक पहले काटकर भाजपा को फायदा पहुंचाया गया, जिसका पदार्फाश हो चुका है। वोट चोरी के जिम्मेदार मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को अविलंब हटाकर जेल भेजा जाना चाहिए। मौके पर धीरज सिंह, वीरेंद्र कुशवाहा, सोहन प्रसाद, अमजद खान, जैनेन्द्र कुमार, अख्तर खान, वेदांशु सिंह, शिपु कुमार, नंदन कुमार पासवान, पंकज कुमार, सेराज अहमद, तनवीर खान, सत्येंद्र सिंह, रोहित कुमार दास, अभयकान्त सिंह, नसीम खान आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।

संक्षिप्त खबरें

सोनबरसा सीओ पंकज कुमार बिहार राजस्व सेवा संघ के बने अध्यक्ष

सीतामढ़ी (एनएसबी)। बिहार राजस्व सेवा संघ (बिरसा) के विभिन्न पदों के लिए चुनाव प्रक्रिया संपन्न हो गई। चुनाव ऑनलाइन माध्यम से कराया गया, जिसमें गोपनीयता और पारदर्शिता का विशेष ध्यान रखा गया। इस चुनाव में सोनबरसा के



अंचलाधिकारी पंकज कुमार को संघ का अध्यक्ष निर्वाचित किया गया।उनके अध्यक्ष निर्वाचित होने पर राजस्व सेवा से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मियों में हर्ष का माहौल है। निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए ऑनलाइन मतदान प्रणाली अपनाई गई, जिससे सदस्यों ने अपनी सुविधानुसार मतदान में हिस्सा लिया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष पंकज कुमार ने कहा कि अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी मिलना उनके लिए सम्मान के साथ बड़ी जवाबदेही भी है। वे संघ के सभी सदस्यों के विश्वास पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। राजस्व सेवा के अधिकारियों की समस्याओं को उचित मंच पर उठाना, उनके हितों की रक्षा करना और संगठन को मजबूत बनाना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने चुनाव में सहयोग और समर्थन देने वाले सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपसी एकजुटता, संवाद और सामूहिक प्रयास से संघ को नई दिशा देने का प्रयास किया जाएगा।

शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण भुतही महावीरी झंडा को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद

सीतामढ़ी (एनएसबी)। भुतही महावीरी झंडा को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। इसी क्रम में भुतही थाना में पदस्थापित पुलिस अवर निरीक्षक सह महिला हेल्प डेस्क प्रभारी


सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेतीं भुतही थाना की महिला हेल्प डेस्क प्रभारी अंबिका शर्मा व अन्य।

अंबिका शर्मा भी लगातार क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर विधि-व्यवस्था की निगरानी करती रहीं। उन्होंने संवेदनशील स्थलों का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही महावीरी झंडा को आपसी भाईचारे और सद्भाव के साथ मनाने की अपील की। अंबिका शर्मा ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। किसी भी तरह की अशांति फैलाने की कोशिश करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने महिलाओं एवं युवतियों की सुरक्षा के प्रति भी विशेष सतर्कता बरतने पर जोर दिया।

बीडीओ ने फूलकाहां-भुतही पथ के गड्ढे भरवाए, चापाकल की मरम्मत और सड़क किनारे पेड़ों की छंटाई भी पूरी

सोनबरसा/सीतामढ़ी (एनएसबी)। शांति समिति की बैठक में उठीं जनसमस्याओं पर प्रशासन ने त्वरित पहल शुरू कर दी है। बीडीओ मृत्युंजय


फूलकाहां-भुतही पथ की मरम्मत का जायजा लेते अधिकारी व अन्य।

कुमार ने फूलकाहां-भुतही पथ पर बने गड्ढों को ईंट के टुकड़ों से भरवाया। वहीं, सड़क किनारे पेड़-पौधों की छंटाई और खराब चापाकलों की मरम्मत का काम भी पूरा करा दिया गया है। बीडीओ ने बताया कि शांति समिति की बैठक में सड़क पर बने गड्ढों की मरम्मत, चापाकलों को दुरुस्त कराने और सड़क किनारे पेड़-पौधों की छंटाई कराने की मांग उठाई गई थी। इन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया गया। इसके बाद वन विभाग के कर्मियों ने सड़क किनारे पेड़-पौधों की छंटाई की, जबकि पीएचईडी विभाग ने चापाकलों की मरम्मत कराई। बताया जाता है कि इन समस्याओं को पूर्व पैक्स अध्यक्ष संजय पूर्वे ने बैठक में प्रमुखता से उठाया था। बीडीओ मृत्युंजय कुमार स्वयं क्षेत्र का भ्रमण कर विधि-व्यवस्था की स्थिति का जायजा लेते और समस्याओं के समाधान की निगरानी करते दिखे। इस दौरान प्रखंड कृषि पदाधिकारी बालहंस, पूर्व पैक्स अध्यक्ष अरुण कुमार एवं संजय पूर्वे सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

महावीरी झंडा को लेकर 63 स्थलों पर मजिस्ट्रेट व पुलिस तैनात

वरीय उप समाहर्ता, एसडीओ और एडीशनल एसपी ने संभाली सुरक्षा की कमान, ड्रोन से होगी निगरानी

सोनबरसा/सीतामढ़ी (एनएसबी)। भुतही महावीरी झंडा को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरी ताकत झोंक दी है। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एसडीओ आनंद कुमार एवं एडीशनल एसपी आशीष आनंद लगातार भुतही क्षेत्र में कैंप कर सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी कर रहे हैं।

वहीं, वरीय उप समाहर्ता सह नोडल पदाधिकारी सोनबरसा मो. युनूस अंसारी भी प्रखंड क्षेत्र में लगातार भ्रमणशील रहकर विधि-व्यवस्था की स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

अधिकारियों ने भुतही रैन, फतहपुर समेत आसपास के संवेदनशील इलाकों का भ्रमण कर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों से सुरक्षा व्यवस्था का फीडबैक लिया। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात कर्मियों को पूरी मुस्तैदी के साथ जिम्मेदारी निभाने तथा किसी भी असामाजिक गतिविधि से सख्ती से निपटने का निर्देश दिया।

एसडीओ आनंद कुमार ने बताया कि भुतही और फतहपुर में नियंत्रण कक्ष स्थापित किए गए हैं। फतहपुर और महुलिया में सड़क के दोनों किनारों पर बैरिकेडिंग की गई है। संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। जुलूस की वीडियोग्राफी के साथ ड्रोन कैमरे से भी निगरानी की जाएगी, ताकि हर गतिविधि पर नजर रखी जा सके। वहीं, एडीशनल एसपी आशीष आनंद ने बताया कि सुरक्षा के मद्देनजर 63 संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील स्थलों पर दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारियों की तैनाती की गई है। इसके अलावा सशस्त्र बल एवं होमगार्ड के जवान भी प्रतिनियुक्त किए गए हैं। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए भुतही और फतहपुर में अग्निशमन दस्ता, चिकित्सक एवं चिकित्सा कर्मियों की भी तैनाती की गई है।


भुतही क्षेत्र में कैंप कर सुरक्षा व्यवस्था में जुटे एसडीओ आनंद कुमार एवं एडीशनल एसपी आशीष आनंद व अन्य अधिकारी।

इधर, वरीय उप समाहर्ता सह नोडल पदाधिकारी मो. युनूस अंसारी प्रखंड क्षेत्र का लगातार दौरा कर विधि-व्यवस्था की निगरानी कर रहे हैं। वे विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर प्रशासनिक तैयारियों का जायजा ले रहे हैं तथा प्रतिनियुक्त अधिकारियों एवं कर्मियों को सतर्कता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने को लेकर तत्पर दिखे। उन्होंने शांतिपूर्ण आयोजन के लिए आपसी समन्वय, सतर्कता और समय पर सूचना के आदान-प्रदान को महत्वपूर्ण बताया। प्रशासनिक अधिकारियों ने आम लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने और किसी भी भ्रामक सूचना की जानकारी तत्काल प्रशासन को देने की अपील की। उन्होंने लोगों से महावीरी झंडा आपसी प्रेम, सद्भाव और भाईचारे के माहौल में मनाने का आग्रह किया। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि पर्व के दौरान शांति एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक इंतजाम किए गए हैं। भुतही कंट्रोल रूम में पुलिस निरीक्षक परशुराम सिंह, भुतही थानाध्यक्ष चंद्रगुप्त कुमार समेत अन्य पुलिस एवं प्रशासनिक पदाधिकारी मौजूद रहे।

जातिगत जनगणना अनिवार्य करने सहित अति पिछड़ा वर्ग की मांगों को लेकर बैठक

मिट्ठू कुमार पान बने युवा अति पिछड़ा के जिला संयोजक

सीतामढ़ी (एनएसबी)। अति पिछड़ा आरक्षण बचाओ संघर्ष मोर्चा, सीतामढ़ी के तत्वावधान में रविवार को डुमरा में जिला संयोजक राजेंद्र महतो चंद्रवंशी की अध्यक्षता में बैठक हुई। संचालन बबलू मंडल ने किया। बैठक में जातिगत जनगणना अनिवार्य करने, पंचायती राज संस्थाओं में अति पिछड़ा वर्ग को 38 प्रतिशत आरक्षण देने सहित विभिन्न मांगों पर चर्चा की गई।



बैठक में मांग की गई कि राष्ट्रीय जनगणना 2026 में सभी धर्मों की सभी जातियों की गणना अनिवार्य की जाए। इसके अलावा रोहिणी आयोग की अनुशंसाएं लागू करने, अति पिछड़ा वर्ग अत्याचार निवारण कानून बनाने, सरकारी ठेकेदारी में आरक्षण देने तथा अति पिछड़ा वर्ग के आरक्षण की समीक्षा करने की मांग उठाई गई। बैठक को संबोधित करते हुए मिट्ठू कुमार पान ने कहा कि जातिगत जनगणना से विभिन्न जातियों की वास्तविक सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति के आंकड़े सामने आएंगे। इन्हीं आंकड़ों के आधार पर वंचित एवं कमजोर वर्गों के कल्याण के लिए प्रभावी योजनाएं बनाई जा सकती हैं।

भिखारी शर्मा ने पंचायती राज में जनसंख्या के अनुपात में 38 प्रतिशत आरक्षण लागू करने की मांग की। वहीं सरपंच बेबी कुमारी ने वर्ष 2015 के बाद अति पिछड़ा वर्ग में शामिल की गई जातियों की समीक्षा कर मूल अति पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को संरक्षित करने पर जोर दिया। बैठक में सर्वसम्मति से मिट्ठू कुमार पान को युवा अति पिछड़ा का जिला संयोजक मनोनीत किया गया। साथ ही 'चलो गांव की ओर' अभियान शुरू कर जनजागरण करने तथा नवंबर के अंतिम सप्ताह में विशाल प्रतिरोध सभा आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में श्रवण सहनी, राजीव कुमार भंडारी, केशरदेव लाल शाह, मो. महफूज, अशोक निराला, सुनील शर्मा, संजय साहनी, शिवनाथ चंद्रवंशी, रामबाबू सहनी, नरेश महतो, शत्रुघ्न कुमार, पप्पू ठाकुर, राजाराम पंडित, दशरथ प्रसाद ठाकुर, उमेश साहनी, उपेंद्र साहनी, सोजिंदर महतो, मुकेश कुमार, लक्ष्मण ठाकुर, मोहम्मद नजीर हजाम, महंत मुखिया, हरिश्चंद्र प्रसाद गुप्ता, वीरेंद्र कुमार, दिगंबर शर्मा एवं अनिल कुमार सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

जदयू ने प्रो. डॉ. रंजू गीता को बनाया वैशाली जिले का कार्यक्रम प्रभारी



24 नवंबर को आयोजित होगा सुशासन दिवस नीतीश संवाद कार्यक्रम

सीतामढ़ी (एनएसबी)। बिहार प्रदेश जनता दल (यूनाइटेड) की ओर से आगामी 24 नवंबर 2026 को राज्य के सभी जिलों में आयोजित होने वाले सुशासन दिवस : नीतीश संवाद कार्यक्रम को लेकर जिला कार्यक्रम प्रभारियों की सूची जारी कर दी गई है। इस सूची में प्रो. डॉ. रंजू गीता को वैशाली जिले का कार्यक्रम प्रभारी मनोनीत किया गया है।

पार्टी की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार, कार्यक्रम को सफल बनाने के उद्देश्य से प्रदेश के विभिन्न जिलों में अनुभवी नेताओं एवं कार्यकताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी क्रम में प्रो. डॉ. रंजू गीता को वैशाली जिले में कार्यक्रम के सफल आयोजन की जिम्मेदारी दी गई है। उनके मनोनयन से समर्थकों एवं शुभचिंतकों में खुशी का माहौल है। प्रो. डॉ. रंजू गीता को नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी जा रही हैं। समर्थकों ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व और सक्रिय भागीदारी से वैशाली जिले में सुशासन दिवस : नीतीश संवाद कार्यक्रम का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न होगा। गौरतलब है कि 24 नवंबर को आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम के माध्यम से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में सुशासन, विकास और जनकल्याण से जुड़े विषयों को जनता तक पहुंचाने की पहल की जाएगी।

अमर शहीद बैकुंठ शुक्ल की जीवनी पर बनेगी हिंदी फीचर फिल्म

केंद्रीय मंत्री राजभूषण निषाद सहित गणमान्य लोगों ने 'बैकुंठ द रिबेल हीरो' का पोस्टर किया लोकार्पित

कार्यक्रम में गयाजी केंद्रीय कारा का नाम शहीद बैकुंठ शुक्ल के नाम पर करने की प्रस्तावित प्रक्रिया शीघ्र पूरी कराने की उठी मांग

मुजफ्फरपुर के पताही हवाई अड्डा का नामकरण अमर शहीद बैकुंठ शुक्ल के नाम करने का भी प्रस्ताव

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। अमर शहीद बैकुंठ शुक्ल के अदम्य साहस, क्रांतिकारी संघर्ष और सर्वोच्च बलिदान की गाथा अब बड़े पर्दे पर जीवंत होगी। उनकी जीवनी पर आधारित हिंदी फीचर फिल्म ह्यबैकुंठ द रिबेल हीरोह्न का पोस्टर रविवार को माड़ीपुर स्थित एसके बैंक्वेट हॉल में आयोजित समारोह में लोकार्पित किया गया।

केंद्रीय मंत्री राजभूषण निषाद, बिहार सरकार की मंत्री रमा निषाद, लालगंज की पूर्व विधायक अनु शुक्ला, रेडक्रॉस सचिव उदय शंकर प्रसाद सिंह, सहारा इंडिया के मंडल प्रमुख राजीव कुमार मिश्रा, वरिष्ठ समाजसेवी अरुण कुमार सिंह एवं फिल्म के मुख्य अभिनेता धनंजय उपाध्याय ने संयुक्त रूप से पोस्टर का लोकार्पण किया।

केशव मूवीज एंटरटेनमेंट की प्रस्तुति में बन रही इस फिल्म के निमार्ता-निर्देशक अमित विक्रम ने बताया कि फिल्म के माध्यम से बैकुंठ शुक्ल के क्रांतिकारी विचारों, स्वतंत्रता संग्राम में योगदान और बलिदान को नई पीढ़ी तक पहुंचाया जाएगा।



हिंदी फीचर फिल्म 'बैकुंठ द रिबेल हीरो ' का पोस्टर लोकार्पित करते केंद्रीय मंत्री राजभूषण निषाद व अन्य।



समारोह को सम्बोधित करते राजीव मिश्रा, साथ में अमित विक्रम, मंचासीन केंद्रीय मंत्री राजभूषण निषाद व अन्य अतिथि।

वक्ताओं ने गया केंद्रीय कारा का नामकरण अमर शहीद बैकुंठ शुक्ल के नाम पर करने की प्रस्तावित प्रक्रिया शीघ्र पूरी कराने की मांग केंद्रीय एवं राज्य सरकार से की। साथ ही मुजफ्फरपुर के पताही हवाई अड्डे का नामकरण भी उनके नाम पर करने का प्रस्ताव रखा।

समारोह को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने भगत सिंह की फांसी के मामले में मुखबिरी करने वाले फणीन्द्रनाथ घोष को मृत्युदंड देने वाले बैकुंठ शुक्ल के साहस और राष्ट्र के प्रति समर्पण को याद किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षाविद नित्यानंद शर्मा एवं सफल संचालन स्वतंत्रता सेनानी स्मृति मंच के संयोजक अमित विक्रम ने किया।

कार्यक्रम में अमर शहीद बैकुंठ शुक्ल स्मृति समारोह समिति के संस्थापक सचिव एवं वरिष्ठ अधिवक्ता अरुण कुमार शुक्ला, व्यापार मंडल अध्यक्ष शंभू प्रसाद सिंह, रेडक्रॉस सदस्य हरिराम मिश्रा, जदयू नेता सौरभ, हम के महासचिव अमित कुमार, रामसूरत राय, पूर्व एमएलसी प्रत्याशी डॉ. रश्मि विनायक गौतम, डॉ विमोहन कुमार, उपमेयर डॉ. मोनालिसा, भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष डॉ. मोनालिसा राय, जनसुराज नेत्री रंजना कुमारी, लोजपा जिलाध्यक्ष चुलबुल शाही, जदयू नेता इरफान अहमद दिलकश, समाजसेवी योगेंद्र सिंह गंभीर, सनातन सेवक संस्थान के अध्यक्ष प्रभाकर कुमार, हेमंत कुमार, सत्येंद्र कुमार, मनीष बसंत शाही, केशव मिंटू, प्रशांत एवं लोजपा नेता रजनीश कुमार सहित सैकड़ों गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने फिल्म निर्माण में हरसंभव सहयोग का संकल्प लिया।

सम्पादकीय

भारत में लोकतंत्र है, भीड़तंत्र नहीं

भारत में लोकतंत्र है, भीड़तंत्र नहीं। सरकारें जनता के मतों से बनती और बदलती हैं, सड़क पर शक्ति प्रदर्शन से नहीं। बांग्लादेश और नेपाल के राजनीतिक घटनाक्रमों से प्रेरित होकर भारत में सत्ता परिवर्तन की अराजक राजनीति स्वीकार्य नहीं है। बाहरी ताकतों और डीप स्टेट की भूमिका से जुड़े सवालों के बीच यह स्पष्ट है कि भारत की राजनीतिक दिशा का निर्धारण भारतीय नागरिक ही करेंगे। मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण एक नियमित प्रशासनिक प्रक्रिया है और इसमें गड़बड़ी के आरोप प्रमाणों के साथ संवैधानिक मंचों पर उठाए जाने चाहिए। केरल, पंजाब और तमिलनाडु सहित विभिन्न राज्यों में एसआईआर को लेकर राजनीतिक दलों के अलग-अलग रुख उनके दोहरे मापदंडों पर सवाल खड़े करते हैं। संस्थाओं पर दबाव बनाने और राजनीतिक प्रदर्शनों से विद्यार्थियों, व्यापारियों तथा आम नागरिकों के दैनिक जीवन में व्यवधान उत्पन्न करना अनुचित है।

भारत का लोकतंत्र जनता के विश्वास, मताधिकार और संवैधानिक संस्थाओं की स्वतंत्रता पर आधारित है। देश में सत्ता परिवर्तन का अधिकार केवल जनता के पास है, जो अपने मताधिकार के माध्यम से सरकारों को चुनती और बदलती है। लोकतंत्र में राजनीतिक असहमति का स्वागत है, लेकिन भीड़ के दबाव, अराजकता और संवैधानिक संस्थाओं को निशाना बनाकर सत्ता परिवर्तन का प्रयास स्वीकार्य नहीं है। यदि निर्वाचन प्रक्रिया में किसी प्रकार की अनियमितता है, तो उसके लिए प्रमाण प्रस्तुत करते हुए संवैधानिक और कानूनी प्रक्रियाओं का पालन किया जाना चाहिए।

निर्वाचन आयोग और सर्वोच्च न्यायालय जैसी संस्थाओं की विश्वसनीयता पर राजनीतिक स्वार्थों के लिए सवाल उठाना तथा उन्हें दबाव में लाने का प्रयास लोकतांत्रिक मर्यादाओं के विरुद्ध है। बांग्लादेश और नेपाल के घटनाक्रमों से प्रेरित होकर भारत में भी अराजकता के माध्यम से सत्ता परिवर्तन की कल्पना करने वालों को समझना चाहिए कि भारत का लोकतंत्र मजबूत है और यहां सरकारों का भविष्य जनता तय करती है। दिल्ली विश्वविद्यालय, उत्तराखंड, केरल और ओडिशा के छात्रसंघ चुनावों में अभाविप को मिली सफलता इस बात का प्रमाण है कि विद्यार्थी लोकतांत्रिक प्रक्रिया में विश्वास रखते हैं और राष्ट्र प्रथम की विचारधारा के साथ खड़े हैं। पटना में आयोजित छात्र गर्जना मार्च में विद्यार्थियों की व्यापक सहभागिता लोकतांत्रिक मूल्यों और संवैधानिक संस्थाओं की गरिमा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। अभाविप देश के युवाओं से आह्वान करती है कि वे संवैधानिक संस्थाओं की गरिमा, लोकतांत्रिक मूल्यों और राष्ट्रहित की रक्षा के लिए सजग रहें तथा अराजकता और भीड़तंत्र की राजनीति का लोकतांत्रिक तरीके से विरोध करें।

भारत की युवा शक्ति की जड़ें अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, सभ्यतागत चेतना और राष्ट्र के प्रति कर्तव्यबोध में हैं। बांग्लादेश और नेपाल के घटनाक्रमों को भारत की परिस्थितियों पर लागू करने का प्रयास भारतीय समाज की विशिष्टता और सांस्कृतिक चेतना को नजरअंदाज करना है। भारत का युवा अपनी सांस्कृतिक पहचान पर गर्व करता है और देश की समस्याओं के समाधान के लिए सकारात्मक, रचनात्मक एवं लोकतांत्रिक मार्ग में विश्वास रखता है। पटना में छात्र गर्जना मार्च के माध्यम से विद्यार्थियों ने यह स्पष्ट किया है कि भारतीय युवाओं की ऊर्जा राष्ट्र निर्माण, सामाजिक समरसता और देश की सांस्कृतिक विरासत को सशक्त करने में लगेगी। अभाविप का मानना है कि युवाओं की भूमिका केवल परिस्थितियों पर प्रतिक्रिया देने तक सीमित नहीं, बल्कि अपने विचार, आचरण और सक्रिय सहभागिता से राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करने में भी है।

विपक्ष चुनावी हार के बाद अब संवैधानिक संस्थाओं को निशाना बना रहा है। एसआईआर, ईवीएम और चुनाव प्रक्रिया को लेकर भ्रम फैलाकर लोकतंत्र, संविधान और चुनाव आयोग की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं। विधान परिषद चुनाव के परिणाम ने कांग्रेस के दावों की पोल खोल दी है। कांग्रेस लंबे समय से बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग करती रही है। विधान परिषद चुनाव में प्रेफरेंशियल वोटिंग के कारण बैलेट से मतदान होता है। इसके बावजूद 28 सीटों में कांग्रेस को केवल एक सीट मिली है। कर्नाटक में भी कांग्रेस सभी चार सीटें हार गई। भाजपा ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस लगातार चुनावी हार के बावजूद जनता के बीच भ्रम फैलाने और संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल खड़े करने की राजनीति कर रही है। एसआईआर का अधिकार संविधान के तहत चुनाव आयोग को प्राप्त है और वर्ष 1950 से यह व्यवस्था लागू है। उनके अनुसार, इससे पहले भी आठ बार एसआईआर हो चुका है, जिनमें सात बार कांग्रेस के शासनकाल में यह प्रक्रिया अपनाई गई।

धनतेरस से भाईदूज तक : उत्सव, उल्लास और संस्कृति



बी कृष्णा

(ज्योतिष, योग एवं आध्यात्मिक चिंतक)

तमसो मा ज्योतिर्गमय

कार्तिक मास की पावन बेला में दीपों की पंक्तियां जब अंधकार को चीरकर प्रकाश का विस्तार करती हैं, तब यह दृश्य केवल उत्सव का उल्लास नहीं जगाता, बल्कि मनुष्य को अपने भीतर झांकने का निमंत्रण भी देता है। धनतेरस से दीपावली और फिर गोवर्धन पूजा तथा भाईदूज तक चलने वाली पर्व-श्रृंखला जीवन के गहरे रहस्यों को अपने भीतर समेटे हुए है। यह यात्रा बाहरी स्वच्छता से आंतरिक निर्मलता और फिर आत्मदीप्ति तक पहुंचने की यात्रा है। उपनिषद् की प्रार्थना, तमसो मा ज्योतिर्गमय, अर्थात् अंधकार से प्रकाश की ओर ले चलो, इसी यात्रा का मूल भाव है।

अंधकार केवल प्रकाश का अभाव नहीं है। अज्ञान, भय, भ्रम, लोभ और आत्मविस्मृति भी मनुष्य के भीतर अंधकार रचते हैं। इसी प्रकार प्रकाश केवल दीपक की लौ नहीं, बल्कि विवेक, सजगता, संतुलन और सत्यबोध का प्रतीक है। धनतेरस, नरक चतुर्दशी और दीपावली इन तीनों अवस्थाओं को क्रमशः शरीर, मन और आत्मा के परिष्कार से जोड़कर जीवन को समग्रता में देखने की दृष्टि देती हैं।

धनतेरस : आरोग्य ही वास्तविक धन

धनतेरस का नाम आते ही मन में सोना-चांदी, नए बर्तन और धन-समृद्धि की छवि उभरती है। किंतु इस पर्व का एक अत्यंत महत्वपूर्ण पक्ष आरोग्य से जुड़ा है। समुद्र मंथन से एक ओर आयुर्वेद के प्रवर्तक भगवान धन्वंतरि अमृत कलश लेकर प्रकट हुए, तो दूसरी ओर समृद्धि की अधिष्ठात्री देवी लक्ष्मी का प्राकट्य हुआ। इन दोनों का एक साथ स्मरण यह संकेत देता है कि आरोग्य और समृद्धि परस्पर पूरक हैं। निरोग शरीर के बिना धन-संपत्ति का उपभोग भी संभव नहीं और असंतुलित जीवन में समृद्धि भी स्थायी नहीं रहती।

धन्वंतरि का अमृत कलश केवल दीर्घायु की कामना नहीं, बल्कि स्वस्थ और संतुलित जीवन का प्रतीक है। शरीर स्वस्थ हो, मन संतुलित हो और विचार निर्मल हों, तभी धन का वास्तविक आनंद प्राप्त होता है। शरीर में रोग, मन में भय और व्यवहार में असंयम हो तो बाहरी वैभव भी जीवन को संतुष्टि नहीं दे पाता। इस दृष्टि से धनतेरस हमें धन की परिभाषा पर पुनर्विचार करने का अवसर देती है। वास्तविक धन केवल वह नहीं जो हमारे पास संचित है, बल्कि वह भी है जो हमें स्वस्थ, समर्थ और संतुष्ट बनाए रखता है।

लक्ष्मी : केवल संपत्ति नहीं, जीवन की दिशा

लक्ष्मी का स्मरण केवल धन प्राप्ति तक सीमित कर देना उनके व्यापक स्वरूप को संकुचित करना है। समृद्धि का संबंध केवल संग्रह से नहीं, बल्कि जीवन में संतुलन, विवेक और सदुपयोग से भी है। धन तभी कल्याणकारी बनता है जब उसके अर्जन और उपयोग में मर्यादा हो। लोभ से जुड़ा धन अशांति और संघर्ष को जन्म देता है, जबकि सदाचार और परिश्रम से अर्जित संपत्ति व्यक्ति, परिवार और समाज के लिए कल्याणकारी बनती है।

लक्ष्मी का स्थायी निवास उसी जीवन में संभव है, जहां श्रम का सम्मान हो, विचारों में स्पष्टता हो और व्यवहार में उदारता। धन का प्रवाह जब केवल निजी संग्रह तक सीमित न रहकर लोककल्याण से जुड़ता है, तभी समृद्धि सार्थक होती है। इसीलिए धनतेरस का संदेश केवल कुछ नया खरीदने तक सीमित नहीं, बल्कि अपने जीवन में आरोग्य, संतुलन और सदुपयोग की चेतना जगाने में निहित है।

नरक चतुर्दशी : भीतर के अंधकार से मुक्ति

धनतेरस के बाद आती है नरक चतुर्दशी, जिसे छोटी दीपावली भी कहते हैं। दीपावली के प्रकाश से पहले यह पर्व भीतर जमी हुई कालिमा को पहचानने और उसे दूर करने का संकेत देता है। नरक को केवल किसी बाहरी लोक के रूप में देखने के बजाय अपने भीतर की उन वृत्तियों के रूप में भी समझना चाहिए, जो मनुष्य को उसके श्रेष्ठ स्वरूप से दूर करती हैं। ईर्ष्या, क्रोध, अहंकार, लोभ और द्वेष मन के ऐसे विकार हैं, जिनके रहते बाहरी वैभव भी आंतरिक शांति नहीं दे सकता।

इस दिन स्नान, स्वच्छता और दीपदान की परंपराएं बाहरी शुद्धि के साथ आंतरिक परिष्कार का भी स्मरण कराती हैं। जिस प्रकार दीपावली के स्वागत के लिए घर के कोने-कोने की सफाई की जाती है, उसी प्रकार मन के भीतर संचित विकारों की सफाई भी आवश्यक है। घर का अंधकार दीप से दूर होता है, किंतु मन का अंधकार विवेक और आत्मनिरीक्षण से ही मिटता है। नरक चतुर्दशी वस्तुतः स्वयं को भीतर से स्वच्छ करने की तैयारी है।

दीपावली को केवल लक्ष्मी के स्वागत का पर्व मानना पर्याप्त नहीं। यह आत्मदीप्ति का उत्सव भी है। लक्ष्मी का आगमन स्वच्छता, सौंदर्य और प्रकाश के बीच होता है। ये सभी बाहरी प्रतीक हैं, जिनका आंतरिक अर्थ सजगता, पवित्रता और संतुलन से जुड़ा है। जब मनुष्य अपने विचारों और कर्मों को निर्मल करता है, तब उसके जीवन में समृद्धि का अर्थ भी व्यापक हो जाता है। धन, यश और सफलता के साथ संतोष, करुणा और शांति का होना ही सच्ची समृद्धि है।

दीपावली : आत्मदीप्ति का उत्सव

अमावस्या की गहन रात्रि में जब असंख्य दीप एक साथ प्रज्वलित होते हैं, तब प्रकाश का यह सामूहिक दृश्य एक गहरा जीवन-संदेश देता है। एक छोटा-सा दीप भी अपने आसपास के अंधकार को दूर करने की क्षमता रखता है। उसे अपने प्रकाश के लिए किसी दूसरे दीप की प्रतीक्षा नहीं करनी पड़ती। यही दीपावली का आत्मबोध है मनुष्य अपने भीतर विवेक और सद्भाव का दीप जलाए, तो उसका प्रकाश उसके आचरण और संबंधों तक स्वतः पहुंचता है।

दीपावली को केवल लक्ष्मी के स्वागत का पर्व मानना पर्याप्त नहीं। यह आत्मदीप्ति का उत्सव भी है। लक्ष्मी का आगमन स्वच्छता, सौंदर्य और प्रकाश के बीच होता है। ये सभी बाहरी प्रतीक हैं, जिनका आंतरिक अर्थ सजगता, पवित्रता और संतुलन से जुड़ा है। जब मनुष्य अपने विचारों और कर्मों को निर्मल करता है, तब उसके जीवन में समृद्धि का अर्थ भी व्यापक हो जाता है। धन, यश और सफलता के साथ संतोष, करुणा और शांति का होना ही सच्ची समृद्धि है।

धनतेरस शरीर के आरोग्य का स्मरण कराती है, नरक चतुर्दशी मन के विकारों को दूर करने की प्रेरणा देती है और दीपावली आत्मा के प्रकाश का उत्सव बनती है। इस प्रकार यह पर्व-श्रृंखला शरीर, मन और आत्मा के संतुलन का संदेश देती है। यही समग्रता जीवन को वास्तविक अर्थों में प्रकाशित करती है।

गोवर्धन पूजा और भाईदूज : प्रकाश का सामाजिक विस्तार

दीपावली का उत्सव व्यक्तिगत साधना तक सीमित नहीं रहता। गोवर्धन पूजा और भाईदूज इसके प्रकाश को प्रकृति, परिवार और सामाजिक संबंधों तक विस्तारित करते हैं। गोवर्धन पूजा में प्रकृति, भूमि, पशुधन और जीवन के पोषणकारी आधारों के प्रति कृतज्ञता का भाव प्रकट होता है। यह स्मरण कराती है कि मनुष्य का जीवन प्रकृति से अलग नहीं है। जिस धरती से अन्न मिलता है और जिस प्रकृति के सहारे जीवन चलता है, उसके प्रति सम्मान और संरक्षण का भाव भी हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है।

भाईदूज पारिवारिक आत्मीयता और स्नेह के बंधन को प्रतिष्ठित करता है। भाई-बहन का संबंध केवल एक पारिवारिक परंपरा नहीं, बल्कि विश्वास, संरक्षण और परस्पर सद्भाव का प्रतीक है। इस प्रकार दीपोत्सव का प्रकाश घर की देहरी से निकलकर परिवार, समाज और प्रति तक पहुंचता है। जब संबंधों में आत्मीयता और व्यवहार में तज्ञता होती है, तभी उत्सव का आनंद जीवन में स्थायी अर्थ ग्रहण करता है।

दीप बनें, दीप जलाएं

दीपक स्वयं जलकर दूसरों को प्रकाश देता है। उसकी सार्थकता केवल अपनी लौ में नहीं, बल्कि उस प्रकाश में है जो वह आसपास फैलाता है। मनुष्य का जीवन भी तभी सार्थक होता है जब उसका ज्ञान, सामर्थ्य और संवेदना दूसरों के जीवन में उजास भरें। केवल अपने घर को प्रकाशित करना पर्याप्त नहीं, अपने व्यवहार, विचार और कर्म से दूसरों के जीवन में भी प्रकाश पहुंचाना आवश्यक है।

धनतेरस से दीपावली तक की यह पर्व-यात्रा हमें यही बोध कराती है कि आरोग्य के बिना समृद्धि अधूरी है, मन की निर्मलता के बिना शांति संभव नहीं और आत्मबोध के बिना जीवन का प्रकाश पूर्ण नहीं होता। धन्वंतरि आरोग्य का स्मरण कराते हैं, लक्ष्मी संतुलित समृद्धि का और दीपावली आत्मदीप्ति का मार्ग दिखाती है। गोवर्धन पूजा प्रकृति के प्रति कृतज्ञ बनाती है और भाईदूज संबंधों की आत्मीयता को पुष्ट करती है।

इस दीपोत्सव पर संकल्प हो कि हम केवल दीप न जलाएं, अपने भीतर की चेतना भी जगाएंय केवल धन न अर्जित करें, उसका सदुपयोग भी करेंय केवल घर न सजाएं, मन को भी निर्मल बनाएं। जब शरीर स्वस्थ, मन शांत और आत्मा प्रकाशित होगी, तभी जीवन में सच्चे अर्थों में दीपोत्सव घटित होगा।

असतो मा सद्गमय।
तमसो मा ज्योतिर्गमय।
मृत्योर्मा अमृतं गमय।

हम सबका जीवन अज्ञान से ज्ञान, अंधकार से प्रकाश और सीमित दृष्टि से व्यापक चेतना की ओर अग्रसर हो !!!

(लेखक वरिष्ठ स्तम्भकार हैं।)
(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

पटाखों से हाथों के बाद आंखें होती हैं सबसे ज्यादा घायल : डा. दीपक अग्रवाल

प्रतिबन्धित कार्बाइड गन को चलाने से बच्चों को रोकें



मरीज के आंख की जांच करते हरिहर आई केयर के निदेशक एवं नेत्र एवं रेटिना सर्जन डा. दीपक अग्रवाल ।

पटना (दैनिक नवसंदेश) । दीपावली खुशियों का त्योहार है, लेकिन जरा सी असावधानी खुशियों को गम में बदल सकती है। हरिहर आई केयर के निदेशक एवं नेत्र एवं रेटिना सर्जन डा. दीपक अग्रवाल ने कहा कि पटाखों से होने वाली दुर्घटनाओं में हाथों और उंगलियों के बाद सबसे ज्यादा चोटें आंखों में लगती हैं।

डा. अग्रवाल ने बताया कि बच्चों द्वारा पटाखे फोड़ते समय वयस्कों की निगरानी का अभाव, पटाखों से जुड़े जोखिमों के बारे में जागरूकता की कमी और सुरक्षा दिशानिर्देशों का पालन न करना ही ज्यादातर हादसों का मुख्य कारण है।

उन्होंने अपील कि हो सके तो पटाखे न जलाएं, और जलाएं भी तो विशेष सतर्कता बरतें।

डा. अग्रवाल ने बताए सुरक्षा के उपाय-

- बच्चों द्वारा पटाखे जलाते समय वयस्कों की निगरानी जरूरी है
- पटाखे जलाने वालों को सुरक्षा चश्मा पहनना चाहिए
- पटाखा जलाते समय कम से कम एक हाथ की दूरी बनाए रखें
- दर्शकों और आसपास खड़े लोगों को कम से कम 5 मीटर की दूरी पर रहना चाहिए
- प्रतिबन्धित कार्बाइड गन को चलने से बच्चों को रोकें

डा. अग्रवाल ने बताया कि कई बार पटाखा आंख में जाकर पुतली को खराब कर देता है, जिससे रोशनी जाने का खतरा रहता है। पटाखे का कण आंख में जाने से बुरादा कर्निया पर चिपक जाता है और नसें फट जाने से आंखों में खून आ जाता है। इससे पलकें, आंखें और आंखों के पीछे की पतली हड्डियां भी क्षतिग्रस्त हो सकती हैं।

कार्बाइड गन से होने वाले आंखों के हादसों और नुकसान की तस्वीरें और मेडिकल रिपोर्ट्स विभिन्न समाचार माध्यमों और रिसर्च रिपोर्ट्स में दर्ज हैं। भोपाल, ग्वालियर, लुधियाना और बिहार सहित कई जगहों पर सैकड़ों बच्चों और युवाओं की आंखों की रोशनी कार्बाइड गन के धमाकों से जा चुकी है। कई मामलों में रेटिना डैमेज और ट्रॉमा के कारण रोशनी वापस नहीं आ पाती।

कार्बाइड गन में कैल्शियम कार्बाइड और पानी की प्रतिक्रिया से एसिटिलीन गैस बनती है। धमाके के दौरान निकलने वाली गर्म गैस, चिंगारी और केमिकल (कैल्शियम हाइड्रोक्साइड) से आंख की ऊपरी परत यानी कर्निया गंभीर रूप से जल जाती है।

कार्बाइड गन में कैल्शियम कार्बाइड और पानी की प्रतिक्रिया से एसिटिलीन गैस बनती है। धमाके के दौरान निकलने वाली गर्म गैस, चिंगारी और केमिकल (कैल्शियम हाइड्रोक्साइड) से आंख की ऊपरी परत यानी कर्निया गंभीर रूप से जल जाती है।

हर दिवाली के मौसम में भारत में पटाखों से कई लोगों की जान चली जाती है और हजारों लोग जलने, आंखों में चोट और सांस लेने में तकलीफ का शिकार होते हैं।

आंकड़ों के अनुसार, आतिशबाजी से जुड़ी दुर्घटनाओं के लगभग 50 प्रतिशत शिकार आसपास खड़े लोग या राहगीर होते हैं, और आंखों की चोटें सबसे ज्यादा बच्चों को होती हैं।

आंख में चोट लगने पर क्या करें - प्राथमिक उपचार

डा. अग्रवाल ने बताया कि आंख में चोट लगने पर कभी भी आंख को रगड़ना नहीं चाहिए, इससे रक्तस्राव बढ़ सकता है। आंख पर दबाव भी न डालें।

- आंखों को लगातार साफ पानी से धोएं
- आंख में फंसे कण को खुद निकालने की कोशिश न करें
- आंख में कोई दवा या मलहम खुद से न डालें
- बिना डक्टरी सलाह के कोई दर्द निवारक दवा न लें
- तुरंत नजदीकी अस्पताल जाकर नेत्र रोग विशेषज्ञ से पूरी जांच करवाएं।

सोनाटा गोल्ड : धनतेरस के लिए सोने के सदाबहार आकर्षण को एक नए रूप में पेश किया

22 कैरेट सोने के सिक्के और बेहतरीन डिजाइन से युक्त यह कलेक्शन, समृद्धि और नई शुरुआत के प्रतीक के रूप में सोने का जश्न मनाता है

पटना (दैनिक नवसंदेश) । सोनाटा लेकर आए हैं अपने सोनाटा गोल्ड कलेक्शन का नया रूप। खासतौर पर धनतेरस के लिए पेश किए गए इस कलेक्शन में शानदार डिजाइन और नए रंगों का संयोजन देखने को मिलता है। समृद्धि, सौभाग्य और नई शुरुआत के प्रतीक के रूप में सोने के महत्व को ध्यान में रखते हुए, यह कलेक्शन पारंपरिक त्योहारों को आधुनिक डिजाइन और रोजमर्रा की उपयोगिता के साथ एक नया रूप देता है।

अपनी बारीक कारीगरी के साथ, नया सोनाटा गोल्ड कलेक्शन आपके त्योहारों के लुक में चार-चांद लगा देगा। यह सोने के महत्व को ऐसी घड़ी के रूप में पेश करता है, जिसे आप त्योहारों के बाद भी पहन सकते हैं और हमेशा संजोकर रख सकते हैं। परंपरा और रोजमर्रा की जरूरत का बेहतरीन संयोजन होने के कारण, यह कलेक्शन आपकी त्योहारों की खरीदारी को खास बना देगा। क्योंकि यह आपके अपने स्टाइल और त्योहार की भावना को एक साथ लाता है।



सोनाटा का नया गोल्ड कलेक्शन दो नए रंगों - ब्लू और ग्रीन - में उपलब्ध है, जिसके साथ एक आकर्षक गोल्ड- टोन बेजेल दिया गया है। डायल पर बना सुंदर पैटर्न इसे गहराई देता है, जबकि नीचे के हिस्से में बीचों-बीच एक रिंग से घिरा 22 कैरेट सोने का सिक्का इस घड़ी की सबसे खास पहचान है। ऐसे समय में जब सोने की कीमत लगभग ₹14,400 प्रति ग्राम है, यह कलेक्शन सोने की खरीदारी को और अधिक सुलभ बनाता है। यह ग्राहकों के लिउ धनतेरस पर सोना खरीदने की परंपरा को एक आधुनिक अंदाज में बदल देता है।

इस कलेक्शन की हर घड़ी धनतेरस की भावना को संजोने का एक बेहतरीन जरिया है। क्राउन पर की गई बारीक कारीगरी, बेहतरीन इंडेक्स, नए डिजाइन वाली मिनट रिंग और बेहतर सुइयाँ, इन घड़ियों को एक शानदार फिनिश देती हैं और डायल को पढ़ने में भी आसान बनाती हैं। सोने के सांस्तिक महत्व और आधुनिक डिजाइन का मेल होने के कारण, इस कलेक्शन की घड़ियां उन लोगों के लिए बेहतरीन हैं, जो शुभ अवसर की भावना को अपने रोजमर्रा के जीवन में भी शामिल करना चाहते हैं।

इस अवसर पर टाइटन कंपनी लिमिटेड में सोनाटा ब्रांड के हेड, पुलक नारायण ने कहा, सोनाटा गोल्ड, सोनाटा का एक प्रमुख प्रोडक्ट रहा है। इसमें बेहतरीन डिजाइन और सोने का मूल्य दोनों शामिल हैं, जो धनतेरस जैसे शुभ अवसर के लिए एकदम परफेक्ट हैं। सोनाटा गोल्ड के साथ हमारे ग्राहक कीमती और पारंपरिक खरीददारी कर सकते हैं। इसकी खासियत यह है त्योहार के खास मौके के बाद भी लंबे समय तक उनके साथ रहता है। इस साल धनतेरस के मौके पर हम जो सोनाटा गोल्ड का नया कलेक्शन लेकर आए हैं, जो एक कदम और आगे है। इसमें डिजाइन, प्रीमियम मटीरियल और सोच-समझकर शामिल किए गए एलीमेंट्स पर विशेष ध्यान दिया गया है। इस तरह यह कलेक्शन परंपरा और संस्कृति के साथ गहराई से जुड़े रहते हुए आधुनिक बन जाता है। हमें पूरा विश्वास है कि यह कलेक्शन हमारे ग्राहकों को बहुत पसंद आएगा और सोनाटा गोल्ड हमेशा की तरह हमारा बेस्टसेलर बना रहेगा।

यह कलेक्शन बेहतरीन कारीगरी के साथ रोजमर्रा की उपयोगिता का शानदार संयोजन है। चाहे आप इसे धनतेरस पर अपने लिए खरीदें या किसी प्रियजन को उपहार में दें, नया सोनाटा गोल्ड कलेक्शन एक पुरानी और प्यारी परंपरा को आधुनिक अंदाज में आगे बढ़ाने का बेहतरीन जरिया है।

8,695 रुपये से शुरू होने वाला यह नया सोनाटा गोल्ड कलेक्शन टाइटन वर्ल्ड स्टोर्स, अधिकृत रिटेल आउटलेट्स, प्रमुख ई-कॉमर्स प्लेटफार्म और ऑनलाइन उपलब्ध होगा। यह त्योहारी सीजन के लिए सोने से बनी एक ऐसी पेशकश है, जो पारंपरिक विरासत को आधुनिक रूप में पेश करती है।

भारत की दुर्दशा का अत्यंत मार्मिक गीत है फिरगिया

पटना (दैनिक नवसंदेश) । अंग्रेज शासित भारत की दुर्दशा का अत्यंत मार्मिक चित्र है फिरंगिया। यह गीत पूर्वांचल के क्रांतिकारियों के कंठ में बसता था। इस एक गीत ने उसके रचनाकार प्राचार्य मनोरंजन प्रसाद सिन्हा को अमर कर दिया।

मनोरंजन बाबू ने, बटोहिया के अमर गायक बाबू रघुवीर नारायण से इसकी प्रेरणा ली थी। उन्होंने बटोहिया की प्रथम पंक्ति के प्रथम पद सुंदर सुभूमि भैया भारत के देसवा से ही किंचित परिवर्तित कर अपने गीत का आरंभ किया था। फिरगियों की प्रथम पंक्ति थी सुंदर सुधर भूमि भारत के रहे राम, आज इहे भइल मसान रे फिरगिया।

यह बातें रविवार को, बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में, आयोजित जयंती समारोह एवं कवि सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए, सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कही।

डा सुलभ ने कहा कि, मनोरंजन बाबू का यह गीत बिहार के गाँव-गाँव और गलियों में गाया जाता था। स्वतंत्रता के बाद भी दशकों तक इस गीत की अनुगूंज सुनायी देती थी। भारत क्या था और क्या बना दिया गया था, इसका ऐसा चित्रण किसी और गीत में नहीं मिलता।



साहित्य सम्मेलन में प्राचार्य मनोरंजन, महाकवि वियोगी और रुद्र की मनायी गयी जयंती, दी काव्यांजलि।

डा सुलभ ने जयंती पर बिहार के अन्य दो कवियों महाकवि मोहन लाल महती वियोगी और पं राम गोपाल शर्मा रुद्र को भी श्रद्धा पूर्वक स्मरण किया तथा कहा कि मोक्ष-भूमि गया के ये दोनों काव्य-पुरुष, हिन्दी काव्य के महान तपस्वी थे।

वियोगी जी आधुनिक हिन्दी साहित्य के निमाताओं में से एक और बीसवीं शताब्दी के सर्वाधिक महवपूर्ण साहित्यकारों में अग्र-पत्तिय हैं। चंदों के मर्मस्पर्शी गीतकार रामगोपाल शर्मा रुद्र मनुष्य के कोमलतम भावों और अंतों के मर्मस्पर्शी चित्रकार थे।

समारोह का उद्घाटन करते हुए राज्य उपभोक्ता संरक्षण आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति संजय कुमार ने कहा कि मनोरंजन बाबू का फिरगिया गीत ने असहयोग आंदोलन में गहरा प्रभाव छोड़ा था। वियोगी जी और रुद्र जी जैसे कवियों ने हिन्दी का भंडार भरा।

मुख्य अतिथि और ऊर्दू लाइब्रेरी के अध्यक्ष अरशद फिरोज ने कहा कि मनोरंजन बाबू की फिरगियों जैसे गीत ही नहीं, उनके यात्रा वृतांत भी बहुत लोकप्रिय हुए। उनकी पुस्तक उत्तराखण्ड की यात्रा को भी बहुत मक़बूलियत मिली। अपने बुजुर्गो को याद करना जरूरी है। इनसे हमें प्रेरणा मिलती है। ऐसे आयोजनों से हमें उनके बारे में जानने का भी मौका मिलता है।

सम्मेलन के उपाध्यक्ष डा कुमार अरुणोदय, ओम् प्रकाश पाण्डेय प्रकाश, शालिनी पाण्डेय, डा नागेश्वर प्रसाद यादव तथा परवेज आलम ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

इस अवसर पर आयोजित कवि सम्मेलन का आरंभ चंदा मिथ ने वाणी-वंदना से किया। वरिष्ठ कवि प्रो सुनील कुमार उपाध्याय, शमा कौसर शमा, सुनील कुमार मलंग, इरफान अहमद बेलहारवी, पं गणेश झा, डा आर प्रवेश, सदानन्द प्रसाद, प्रतिभा पाराशर, इन्दु भूषण सहाय, रजनीश कुमार गौरव आदि कवियों ने भी अपनी रचनाओं से कवि-सम्मेलन को सार्थक किया। मंच का संचालन कवि सुनील कुमार दूबे ने तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रवीर कुमार पंकज ने किया।

बांके बिहारी साव, अधिवक्ता शिवानन्द गिरि, वरिष्ठ शिक्षिका निर्मला सिंह, राज आनन्द, मो प्रहीम, शंकर शरण मधुकर, अभिराम बुद्धवाहा समेत बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन समारोह में उपस्थित थे।

दैनिक नवसंदेश

वायस 4 बिहार डॉटकाम की इकाई, दैनिक नवसंदेश (डेली डिजिटल न्यूज पेपर), स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक- यू. सिंह के द्वारा वार्ड-28, नियर पानी टंकी, रानीपुर, ब्रह्मपुर, फुलवारीशरीफ, पटना-801505 से डिजिटली प्रकाशित और संपूर्ण बिहार में प्रसारित ।
इस डिजिटल समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री से संपादक, मुद्रक, प्रसारक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्राप्त स्पष्टीकरण प्रकाशित किया जायेगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का न्याय क्षेत्र पटना न्यायालय (बिहार) ही होगा। (सभी पद अवैतनिक है।)

मोतिहारी में मनाया गया बिजली कंपनी का 14वां स्थापना दिवस, उत्कृष्ट कर्मियों को मिला प्रशस्ति पत्र

मोतिहारी (एनएसबी)। नर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड का 14वां स्थापना दिवस शनिवार को विद्युत आपूर्ति अंचल, मोतिहारी कार्यालय परिसर में समारोहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में विभागीय उपलब्धियों और बिजली आपूर्ति व्यवस्था में हुए सुधार पर चर्चा की गई। इस दौरान बेहतर कार्य करने वाले अभियंताओं एवं कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गयास मुख्य अतिथि जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव ने कहा कि बिजली के क्षेत्र में हुए बदलाव एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हैं। एक समय ग्रामीण से लेकर शहरी क्षेत्रों तक बिजली की समस्या रहती थी, लेकिन अब बिहार कई राज्यों से बेहतर बिजली सेवा उपलब्ध करा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी 20 से 22 घंटे तक बिजली मिल रही है। सरकार की मंशा हर घर तक निर्बाध बिजली पहुंचाने की है।


उद्घाटन करते डीएम, अधीक्षण अभियंता व अन्य।

डीएम ने कहा कि 125 यूनिट मुफ्त बिजली योजना के साथ प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना में भी राज्य सरकार की ओर से टप-अप दिया जा रहा है। अधिक से अधिक लोगों को इन योजनाओं का लाभ लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि बिजली आपूर्ति में अभी भी कुछ चुनौतियां हैं। ट्रांसफार्मरों के अपग्रेडेशन की जरूरत है, जिसे अगले गर्मी के मौसम से पहले पूरा करने का प्रयास किया जाएस समारोह को संबोधित करते हुए विद्युत अधीक्षण अभियंता ई राकेश रौशन ने कहा कि बिजली कंपनी के कार्यो में लगातार सुधार हुआ है। विभाग में क्रांतिकारी परिवर्तन आया है और इसका असर जमीनी स्तर पर भी दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार की बिजली कंपनी आज देश की टप पांच बिजली कंपनियों में शामिल है। एफआरसी और मानव बल ने बेहतर कार्य किया है। राजस्व वसूली के क्षेत्र में मोतिहारी अंचल ने करीब पौने 200 करोड़ रुपये की वसूली कर बेहतर प्रदर्शन किया है। जिले में 82 पावर सब-स्टेशन कार्यरत हैं, जबकि नए पावर सब-स्टेशन भी बनाए जा रहे हैंस कार्यक्रम के अंत में संधारण एवं संप्रेषण के क्षेत्र में उत्ष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मियों को डीएम और अधीक्षण अभियंता ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इनमें विद्युत विभाग मोतिहारी के एसडीओ राजीव मिश्रा और आपूर्ति प्रशाखा पकड़ीदयाल की कनीय अभियंता प्रियंका शंकर सहित कई अधिकारी एवं कर्मी शामिल रहे।समारोह में कार्यपालक अभियंता प्रदीप कुमार, रक्सौल विद्युत एसडीओ, चकिया कार्यपालक अभियंता संतोष कुमार, ई ऋतिक रंजन सहित विद्युत आपूर्ति अंचल के सभी पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।

पहाड़पुर थाना परिसर में चौकीदारों की परेड,थाना अध्यक्ष ने दिए आवश्यक निर्देश

पहाड़पुर(एनएसबी)। रविवार को पहाड़पुर थाना परिसर में चौकीदारी परेड का आयोजन किया गया। इस दौरान थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में तैनात चौकीदारों ने परेड में हिस्सा लिया। थाना अध्यक्ष देवेंद्र कुमार ने चौकीदारों को उनकी जिम्मेदारियों और कर्तव्यों के प्रति सजग रहने का निर्देश दिया,उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में शांति व्यवस्था बनाए रखने, अपराध नियंत्रण और असामाजिक गतिविधियों पर नजर रखने में चौकीदारों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। सभी चौकीदार अपने-अपने क्षेत्रों में सतर्क रहें तथा शराब, नशीले पदार्थो के कारोबार, चोरी,आपराधिक गतिविधियों और संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियों पर विशेष नजर रखें,थाना अध्यक्ष ने निर्देश दिया कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि या आपराधिक घटना की जानकारी तत्काल थाना को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा सके,उन्होंने ड्यूटी के प्रति लापरवाही नहीं बरतने और पुलिस प्रशासन के साथ बेहतर समन्वय बनाकर काम करने की हिदायत भी दी।

संक्षिप्त खबरें

अरेराज में ब्रह्माकुमारियों का तीन दिवसीय नवरात्रि महोत्सव संपन्न

चौतन्य झांकी, महिषासुर वध, डांडिया व झिझिया नृत्य रहे आकर्षण का केंद्र

अरेराज(एनएसबी)। ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय सेवा केंद्र की ओर से आयोजित तीन दिवसीय नवरात्रि महोत्सव आध्यात्मिक संदेश, चौतन्य झांकी और सांस्तिक प्रस्तुतियों के साथ संपन्न हो गया। मुख्य पथ के किनारे आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। दुर्गा की चौतन्य झांकी, महिषासुर वध की नाट्य प्रस्तुति, डांडिया, झिझिया और कथक आधारित भाव नृत्य कार्यक्रम के प्रमुख आकर्षण रहे।कार्यक्रम का उद्घाटन वरिष्ठ राजयोगिनी बीके मीना दीदी, पूर्व विधायक सुनील मणि तिवारी, बीके अशोक वर्मा, बीके विभा और बीके करुणा बहन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। बीके लक्ष्मी बहन के निर्देशन में सांस्तिक कार्यक्रम आयोजित हुए।वरिष्ठ राजयोगिनी बीके मीना दीदी ने कहा कि दुर्गा शक्ति का स्वरूप हैं। दुर्गा पूजा मनुष्य के भीतर मौजूद काम, क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार रूपी पांच विकारों पर विजय का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह पर्व असत्य पर सत्य और बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश देता है। आध्यात्मिक ज्ञान के माध्यम से जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने की भी उन्होंने अपील की।तीनों दिनों तक सजी दुर्गा की चौतन्य झांकी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी रही। महिषासुर वध की नाट्य प्रस्तुति में शिव प्रसाद गिरी ने महिषासुर और परिधि ने दुर्गा की भूमिका निभाई। दोनों के बीच संवाद और युद्ध के श्यों को दर्शकों ने सराहा। डांडिया, पारंपरिक झिझिया नृत्य, गीत-संगीत और सामूहिक नृत्य ने देर रात तक दर्शकों को बांधे रखा। कथक आधारित भाव नृत्य में ष्ण प्रसाद की प्रस्तुति को भी खूब सराहना मिली।कार्यक्रम का संचालन राजयोगी एवं मधुबन निवासी बीके राजकिशोर भाई ने किया। दूसरे दिन इंस्पेक्टर प्रणव कुमार, वरिष्ठ पत्रकार भोला जी, राजू मिश्रा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। संस्था की ओर से अतिथियों को पट्टा, पुष्पगुच्छ और ईश्वरीय सौगात देकर सम्मानित किया गया।समापन दिवस पर सुबह सेवा केंद्र में सम्मान समारोह आयोजित हुआ। इस दौरान 12 ब्रह्माकुमारी बहनों को चुनरी ओढ़ाकर, मुकुट पहनाकर और उपहार देकर सम्मानित किया गया। उनकी आरती भी उतारी गई। विशेष हवन कुंड में उपस्थित लोगों ने अपने अंदर के विकारों को त्यागने का संकल्प लिया। नंदू भाई, बीके अशोक वर्मा, बीके छोटू भाई सहित अन्य वरिष्ठ भाई-बहनों को भी सम्मानित किया गया। महोत्सव ने श्रद्धालुओं को धार्मिक आस्था के साथ आत्मिक शुद्धता, सकारात्मक जीवन और बुराइयों पर विजय का संदेश दिया।

सदर अस्पताल का सिविल सर्जन ने किया निरीक्षण, दो गर्भवती महिलाओं का सिजेरियन

मोतिहारी(एनएसबी)। सदर अस्पताल, मोतिहारी में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लेने के लिए सिविल सर्जन ड दिलीप कुमार ने अस्पताल का व्यापक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न वार्डो का भ्रमण कर भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों से उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन ने वार्डो की व्यवस्था, साफ-सफाई, मरीजों की देखभाल, चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता तथा स्वास्थ्यकर्मियों की कार्यप्रणाली की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों से अस्पताल में संचालित स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी लेते हुए मरीजों को समय पर समुचित उपचार उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने अस्पताल परिसर एवं सभी वार्डो में स्वच्छता बनाए रखने तथा मरीजों के साथ संवेदनशील और



सम्मानजनक व्यवहार सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। सिविल सर्जन ने कहा कि अस्पताल आने वाले प्रत्येक मरीज को समय पर जांच, आवश्यक उपचार एवं बेहतर चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराना स्वास्थ्य विभाग की प्राथमिकता है।दो गर्भवती महिलाओं का कराया गया सिजेरियन निरीक्षण के दौरान मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर भी पहल की गई। सिविल सर्जन की मौजूी एवं पहल पर सदर अस्पताल में दो गर्भवती महिलाओं का सिजेरियन अपरेशन कराया गया। इससे जरूरतमंद प्रसूताओं को सरकारी अस्पताल में ही आवश्यक शल्य चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हुई। सिविल सर्जन ने चिकित्सकों, नर्सिग कर्मियों एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मियों के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने का निर्देश दिया। उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं को नियमित रूप से बेहतर बनाने, मरीजों की समस्याओं का त्वरित समाधान करने तथा उपलब्ध संसाधनों का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने पर बल दिया।उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पतालों में आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सभी स्वास्थ्यकर्मियों को जिम्मेदारी, तत्परता एवं सेवा भावना के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए।

संक्षिप्त खबरें

10 हजार के इनामी नरेश पांडे के घर इश्तेहार का तामिला

मोतिहारी (एनएसबी)। छतौनी थाना कांड संख्या 390ध्26 में फरार चल रहे 10 हजार रुपये के इनामी आरोपित नरेश पांडे के घर पुलिस ने विधिवत इश्तेहार का तामिला किया। पुलिस के अनुसार आरोपित छतौनी बाजार निवासी जगदीश पांडे का पुत्र नरेश पांडे हैस पुलिस ने बताया कि उसके विरुद्ध छतौनी थाना में 15 जुलाई 2026 को विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। मामले में बीएनएस की धारा 338, 336(3), 340(2), 317(5), 318(4), 111 एवं 61(2), बिहार मद्यनिषेध अधिनियम की धारा 30(ए), आर्म्स एक्ट की धारा 25(1-बी)ए, 26 एवं 35 तथा फेमा एक्ट की धारा 13(1)(सी) के तहत मामला दर्ज हैस पुलिस के अनुसार नरेश पांडे की गिरफ्तारी के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में उसके छतौनी बाजार स्थित आवास पर इश्तेहार का विधिवत तामिला कराया गया। पुलिस ने फरार आरोपित की गिरफ्तारी के लिए आगे भी कार्रवाई जारी रखने की बात कही है।

जागरूकता ही सुरक्षा की पहली सीढ़ी, बच्चों को बिना डरे बात करनी चाहिए : विशेष न्यायाधीश

सुरक्षित बचपन अभियान के तहत चिल्ड्रेन केयर सेंटर में विधिक जागरूकता कार्यक्रम

मोतिहारी(एनएसबी)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (छ।सै।) के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पूर्वी चम्पारण के तत्वावधान में शनिवार को श्रीष्ण नगर स्थित चिल्ड्रेन केयर सेंटर में 'सुरक्षित बचपन अभियान' के तहत विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विशेष न्यायाधीश (त्ंचम ंदक च्व्ब्ब् ।बज) मिथिलेश कुमार ने बच्चों को बाल सुरक्षा एवं कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया।विशेष न्यायाधीश ने बच्चों को पक्सो अधिनियम, बाल अधिकार, गुड टच-बैड टच तथा बाल सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने सरल भाषा और व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से बच्चों को सुरक्षित और असुरक्षित स्पर्श के बीच अंतर समझाया।उन्होंने कहा कि किसी भी अनुचित व्यवहार या असहज परिस्थिति का सामना होने पर बच्चे डरें या संकोच न करें, बल्कि तत्काल अपने माता-पिता, अभिभावक या शिक्षक को इसकी जानकारी दें। उन्होंने कहा कि जागरूकता ही सुरक्षा की पहली सीढ़ी है। बच्चों को अपनी सुरक्षा के प्रति सतर्क रहते हुए किसी भी परेशानी की जानकारी भरोसेमंद बड़े व्यक्ति को देनी चाहिए।कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के पैरा विधिक स्वयंसेवक, संस्थान के प्राचार्य, शिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। संस्थान प्रबंधन ने बाल सुरक्षा और विधिक जागरूकता के लिए आयोजित कार्यक्रम को महत्वपूर्ण पहल बताते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के प्रति आभार जताया।

पकड़िया में छापेमारी कर नौ बोतल विदेशी शराब बरामद, दो नामजद फरार

पहाड़पुर(एनएसबी)। शराबबंदी कानून के उल्लंघन के खिलाफ पहाड़पुर पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में शनिवार को पुलिस ने थाना क्षेत्र के पकड़िया गांव में छापेमारी कर उत्तर प्रदेश में बिक्री के लिए निर्धारित रयल स्टैग ब्रांड की नौ बोतल विदेशी शराब बरामद की। बरामद शराब की कुल मात्रा तीन लीटर 375 मिलीलीटर है,प्राप्त जानकारी के अनुसार, 31 अक्टूबर 2026 को अपरा करीब 3 बजकर 40 मिनट पर पुलिस ने पकड़िया गांव निवासी साजन महतो एवं राजाबाबू महतो उर्फ विधायक की टाट-फूस की झोपड़ी में छापेमारी की। इस दौरान 375 मिलीलीटर की कुल नौ बोतल विदेशी शराब बरामद की गई। सभी बोतलों पर उत्तर प्रदेश में बिक्री के लिए निर्धारित होने का उल्लेख था,इस मामले में पहाड़पुर थाना कांड संख्या 595ध्26, दिनांक 31 अक्टूबर 2026 के तहत बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद संशोधन अधिनियम, 2022 की धारा 30(ए) के अंतर्गत साजन महतो एवं राजाबाबू महतो उर्फ विधायक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। दोनों पकड़िया गांव निवासी सुदामा महतो के पुत्र हैं,थाना अध्यक्ष देवेंद्र कुमार ने बताया कि शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है,पकड़िया गांव में छापेमारी के दौरान नौ बोतल विदेशी शराब बरामद की गई है। इस मामले में दो लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है,दोनों फिलहाल फरार हैं,उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। छापेमारी दल में पुलिस अवर निरीक्षक अमित कुमार शामिल थे।

शराबबंदी कानून के उल्लंघन पर पुलिस का कड़ा प्रहार,12 कांडों में जब्त शराब का हुआ विनष्टीकरण

पहाड़पुर(एनएसबी)। शराब के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने और शराबबंदी कानून के प्रभावी अनुपालन को लेकर पहाड़पुर पुलिस ने कानूनी प्रक्रिया के तहत बड़ी कार्रवाई की है। थाना क्षेत्र के विभिन्न कांडों में जब्त देशी एवं विदेशी शराब का विनष्टीकरण कर प्रशासन ने कानून के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की,जानकारी के अनुसार, न्यायालय समाहर्त्ता, पूर्वी चंपारण, मोतिहारी द्वारा अधिहरण (उत्पाद) वाद संख्या 1532ध्26 एवं 1534ध्26 में पारित आदेश के आलोक में यह कार्रवाई की गई। पहाड़पुर थाना के वर्ष 2021, 2022, 2023 एवं 2026 के कुल 12 कांडों में जब्त शराब को नष्ट करने का आदेश प्राप्त हुआ था। इसके बाद निर्धारित कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए देशी चुलाई शराब एवं विदेशी शराब का विनष्टीकरण किया गया,इस पूरी कार्रवाई के दौरान अंचलाधिकारी रामसेवक पासवान एवं पहाड़पुर थानाध्यक्ष देवेंद्र कुमार मौजूद रहे। मौके पर प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों की उपस्थिति में न्यायालय के आदेश का अनुपालन सुनिश्चित किया गया,इस संबंध में थानाध्यक्ष देवेंद्र कुमार ने बताया कि समाहर्त्ता न्यायालय से प्राप्त आदेश के आलोक में विभिन्न कांडों में जब्त शराब का नियमानुसार विनष्टीकरण कराया गया है,उन्होंने स्पष्ट किया कि शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों तथा अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त लोगों के विरुद्ध पुलिस की कार्रवाई आगे भी पूरी सख्ती के साथ जारी रहेगी,पुलिस की इस कार्रवाई को शराब के अवैध कारोबार के विरुद्ध प्रशासन की सख्त कार्यशैली और कानून के प्रति जवाबदेही के रूप में देखा जा रहा है।

प्रो. प्रसून दत्त सिंह ऑल इंडिया ओरिएंटल कॉन्फ्रेंस की कार्यकारिणी में निर्वाचित

बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश से निर्वाचित होने वाले एकमात्र प्रतिनिधि, पांचवीं बार भी मिली जिम्मेदारी

मोतिहारी (एनएसबी)। महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी के संस्त विभागाध्यक्ष एवं मानविकी एवं भाषा संकाय के पूर्व अधिष्ठाता प्रो प्रसून दत्त सिंह को अखिल भारतीय प्राच्य विद्या सम्मेलन (अल इंडिया ओरिएंटल कन्फ्रेंस) की कार्यकारिणी का सदस्य निर्वाचित किया गया है। वे इससे पूर्व भी पांच बार इस प्रतिष्ठित कार्यकारिणी के सदस्य रह चुके हैं। इस बार बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश से कार्यकारिणी के लिए निर्वाचित होने वाले वे एकमात्र प्रतिनिधि हैं।उत्तराखंड के हरिद्वार स्थित पतंजलि विश्वविद्यालय में 29 से 31 अक्टूबर तक आयोजित अल इंडिया ओरिएंटल कन्फ्रेंस के 52वें अधिवेशन में प्रो सिंह का निर्वाचन हुआ। अधिवेशन के संरक्षक योगगुरु स्वामी रामदेव


कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

तथा मार्गदर्शक प्रसिद्ध आयुर्वेदाचार्य आचार्य बालष्ण रहे। सम्मेलन की अध्यक्षता केंद्रीय संस्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो श्रीनिवास वरखेड़ी ने की।अल इंडिया ओरिएंटल कन्फ्रेंस की स्थापना वर्ष 1918 में भंडारकर ओरिएंटल रिसर्च इंस्टीट्यूट, पुणे के कार्यकारिणी बोर्ड के प्रस्ताव पर हुई थी। इसका प्रथम अधिवेशन वर्ष 1919 में पुणे में आयोजित किया गया था। यह संस्त, प्राच्य विद्या तथा भारतीय ज्ञान परंपरा के क्षेत्र में देश के प्राचीनतम एवं प्रतिष्ठित अकादमिक मंचों में से एक माना जाता है।इस प्रतिष्ठित संस्था के पूर्व अध्यक्षों एवं कार्यकारिणी सदस्यों में बाल गंगाधर तिलक, ड़ सर्वपल्ली राधाष्णन, पी.वी. काणे, महामहोपाध्याय सर ड. गंगानाथ झा, ड़ आर्एन् दांडेकर, प्रो वी.एन् पांडुरंगी, पद्मश्री अभिराज राजेन्द्र मिश्र, प्रो राधावल्लभ त्रिपाठी, प्रो सतीश चंद्र झा और प्रो सरोजा भाटे जैसी देश की प्रतिष्ठित विभूतियां एवं भारत विद्या के विद्वान रहे हैंस प्रो प्रसून दत्त सिंह के निर्वाचन पर महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो संजय श्रीवास्तव ने प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने इसे विश्वविद्यालय के साथ-साथ बिहार के लिए भी गौरव का विषय बताया।

लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ के संकल्प के साथ भाजपा ने निकाली पदयात्रा

मोतिहारी में भाजपा की पदयात्रा, राधा मोहन सिंह व सतीश चंद्र दुबे समेत जुटे हजारों कार्यकर्ता

मोतिहारी(एनएसबी)। भारतीय जनता पार्टी की ओर से रविवार को 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' के संकल्प के साथ शहर में पदयात्रा निकाली गई। महात्मा गांधी प्रेक्षागृह, राजा बाजार से शुरू हुई पदयात्रा नरसिंह बाबा मंदिर के समीप पहुंचकर समाप्त हुई। इसमें पार्टी के नेताओं, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने भाग लिया।पदयात्रा के दौरान लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा, अराजकता के खिलाफ जनजागरण और राष्ट्रहित में सामूहिक भागीदारी का संदेश दिया गया। सांसद एवं पूर्व केंद्रीय षि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह ने कहा कि पदयात्रा का उद्देश्य लोकतंत्र को मजबूत करना, निष्पक्ष चुनाव प्रणाली में जनता का विश्वास बनाए रखना तथा भ्रम और अराजकता फैलाने वाली ताकतों का जवाब देना है।उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग मतदाता सूचियों को स्वच्छ, पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाने के लिए कार्य कर रहा है। मृत व्यक्तियों के नाम तथा एक से अधिक स्थानों पर




पदयात्रा में शामिल राधामोहन, सतीश चंद्र दुबे व अन्य।

दर्ज दोहरे और फर्जी मतदाताओं के नाम हटाना आयोग की संवैधानिक जिम्मेदारी है। इससे फर्जी मतदान पर रोक लगेगी और वास्तविक मतदाताओं के माताधिकार की रक्षा होगी। श्री सिंह ने आरोप लगाया कि विपक्षी दल मतदाता सूची के शुद्धिकरण की प्रक्रिया को लेकर जनता में भ्रम और अफवाह फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से घर-घर जाकर मतदाता सूची के शुद्धिकरण की प्रक्रिया की जानकारी देने तथा अफवाहों का तथ्यों के आधार पर जवाब देने का आह्वान किया।मुख्य अतिथि केंद्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव व्यवस्था पर निर्भर करती है। मतदाता सूची का शुद्धिकरण किसी राजनीतिक दल के हित में नहीं, बल्कि वास्तविक मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा के लिए आवश्यक है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जनता के बीच जाकर तथ्यों के आधार पर जानकारी देने और लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रति विश्वास मजबूत करने की अपील की।पदयात्रा में पूर्व मंत्री एवं मधुबन विधायक राणा रणधीर सिंह, मोतिहारी विधायक प्रमोद कुमार, हरसिद्धि विधायक ष्णानंदन पासवान, कल्याणपुर विधायक सचिन्द्र प्रसाद सिंह, पिपरा विधायक श्यामबाबू यादव, चिरैया विधायक लालबाबू गुप्ता, पूर्व विधायक ढाका पवन जायसवाल, पूर्व विधायक गोविन्ज सुनील मणि तिवारी, भाजपा जिलाध्यक्ष पवन राज सहित भाजपा संगठन के ढाका और रक्सौल जिलाध्यक्ष, एनडीए के घटक दलों के जिलाध्यक्ष, पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समर्थक शामिल हुए।

मायके से ससुराल जा रही महिला को कंटेनर में मारी ठोकर

चकिया(एनएसबी)। थाना क्षेत्र अंतर्गत बनझुला गांव के निकट एनएच 28 पर रविवार को कंटेनर की ठोकर से एक महिला घायल हो गई। घायल महिला की पहचान वैशाली जिला के बिदुपुर निवासी ओमप्रकाश केसरी की 35 वर्षीय पत्नी पूजा कुमारी के रूप में बताई गई है। घटनास्थल पर मौजूद ग्रामीणों ने बताया की घायल महिला अपने मायके पकड़ीदयाल से बिदुपुर ससुराल जा रही थी। उक्त स्थान पर बस से जाने के लिए



,ठोकर मारते हुए सड़क किनारे दुकान तक पहुंची कंटेनर।

खड़ी थी। एक बस को रुकने के लिए हाथ दी। बस रुक हीं रही थी कि तब तक पीछे से तेज रफ्तार में आ रही कंटेनर ने बस में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते हीं बस रुकी नहीं आगे निकल गई व कंटेनर दिशाहीन हो गई तथा बस के लिए इंतजार कर रही महिला को ठोकर मारते हुए सड़क किनारे पान दुकान के निकट खड़ी इलेक्ट्रिक स्कूटी पर चढ़ गई। जिससे स्कूटी क्षतिग्रस्त हो गई व वहाँ मौजूद ग्राहक व दुकानदार बाल-बाल बच गयें। ग्रामीणों के सहयोग से एनएचएआई के एंबुलेंस से घायल महिला को अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया, जहां पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। वहीं स्टेयरिंग के बीच में फंसे कंटेनर चालक को वहां मौजूद लोगों ने बाहर निकाला और इलाज के लिए नजदीकी निजी क्लीनिक में भेज दिया।

संक्षिप्त खबरें

छात्र जनता दलयू के जिलाध्यक्ष के रूप में केशव कुमार को महत्वपूर्ण दायित्व


केशव कुमार

सहरसा कार्यालय (एनएसबी)। जनता दलयू जिला प्रवक्ता डॉक्टर लुतफुल्लाह ने प्रेस जारी कर कहा कि छात्र जनता दल यूनाइटेड, सहरसा के जिलाध्यक्षह्ल के रूप में केशव कुमार को महत्वपूर्ण दायित्व दिया गया है। उसके लिए मैं जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय नेतृत्व से लेकर प्रदेश एवं जिला नेतृत्व तक सभी सम्मानित नेताओं और पदाधिकारियों के प्रति हृदय की गहराइयों से आभार व्यक्त एवं कोटि कोटि बधाई देता हूं जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा, बिहार प्रदेश जदयू के अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा, बिहार सरकार के मंत्री रत्नेश सदा, बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार, छात्र जनता दल प्रदेश अध्यक्ष धीरज कुमार एवं सहरसा जिला अध्यक्ष गुंजेश्वर शाह के प्रति अपना आभार व्यक्त करता हूँ। उनका स्नेह और मार्गदर्शन हम जैसे युवा कार्यकत्ताओं के लिए प्रेरणा का विषय है। मुझे जो जिम्मेदारी दी गई है मैं पूरी निष्ठा ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करुंगा पार्टी को धारदार तथा मजबूती प्रदान करूंगा। पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी के विकास के कार्यो को घर-घर तक पहुंचने का कार्य करूंगा।

सोनवर्षा राज थाना पुलिस ने हथियार व कारतूस के साथ दो व्यक्ति को किया गिरफ्तार

सोनवर्षाराज (सहरसा) (एनएसबी)। थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए शाहपुर गांव में छापेमारी कर एक देशी कट्टा व पांच जिंदा कारतूस के साथ दो लोगो को गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में सोनवर्षा राज थानाध्यक्ष नागमणि कुमार ने बताया कि रविवार को गुप्त सूचना के आधार पर शाहपुर गांव निवासी दिवाकर यादव के घर छापेमारी की गयी. इस दौरान जांच के क्रम में घर से एक देशी कट्टा व पांच जिंदा कारतूस बरामद कर मौके से दीवाकर यादव व मनखुश कुमार को मौके से गिरफ्तार किया गया। मामले में अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

सोनवर्षा पुलिस के कार्रवाई से हड़कंप अमृता गांव से 41 लीटर विदेशी शराब जप्त, पुलिस को देखकर भागने का कर रहा था प्रयास


बरामद शराब।

सोनवर्षाराज (सहरसा) (एनएसबी)। स्थानीय थाना पुलिस ने शनिवार की रात गुप्त सूचना के आधार पर बरैठ पंचायत के अमृता गांव में छापेमारी कर पांच कार्टून विदेशी शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार कारोबारी की पहचान अमृता गांव निवासी सेलेन यादव के रूप में हुई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष नागमणि कुमार ने बताया कि पुलिस गश्ती के दौरान गुप्त सूचना मिली थी कि अमृता गांव में अवैध रूप से शराब की बिक्री की जा रही है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने सेलेन यादव के घर छापेमारी की। इस दौरान पुलिस को देखकर वह भागने का प्रयास करने लगा, लेकिन पुलिस बल के सहयोग से उसे पकड़ लिया गया। घर की तलाशी लेने पर एक कमरे में दो बोरों में छिपाकर रखी गई शराब बरामद हुई। इसमें ऑफिसर चॉइस विदेशी शराब के 180 एमएल के 180 पाउच तथा एम्पेरियर ब्लू विदेशी शराब की 750 एमएल की 12 बोतलें शामिल हैं। पुलिस ने कुल पांच कार्टून शराब जब्त कर कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया।

तंजीम उलमा व अइम्मा फाउंडेशन की ओर से 14 अनाथ बच्चियों का सामूहिक विवाह समारोह आयोजित

फोटो कैप्शनः 7 सामूहिक विवाह समारोह अतिथि

सहरसा शहर (एनएसबी)। तंजीम उलमा व अइम्मा फाउंडेशन की ओर से रविवार को रिफ्यूजी कॉलनी स्थित रॉयल बैंक्वेट परिसर में सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 14 अनाथ बच्चियों का विवाह सादगीपूर्ण वातावरण में संपन्न कराया गया। समारोह में इमारत-ए-शरिया, फुलवारी शरीफ पटना से आए प्रमुख अतिथियों ने शिरकत की एवं नवविवाहित जोड़ों को शुभकामना दी।कार्यक्रम में इमारत-ए-शरिया के सदर मुफ्ती सईदुर रहमान कासमी, चीफ काजी एवं नाजिम इमारत-ए-शरिया पटना के पीए काजी मो अनवार आलम कासमी, दारुल कजा, इमारत-ए-शरिया के मौलाना कमाल अनीस कासमी, मुआविन नाजिम इमारत-ए-शरिया सहित अन्य अतिथि मौजूद थे।सामूहिक विवाह समारोह की मुख्य विशेषता यह रही कि सभी विवाह अत्यंत सादगी के साथ संपन्न कराए गये।फाउंडेशन की ओर से नवविवाहित दुल्हनों को नई जिंदगी की शुरूआत एवं गृहस्थ जीवन के सुचारू संचालन के लिए आवश्यक घरेलू सामान एवं उपहार भेंट किया गया।जरूरत के मुताबिक सामान उपलब्ध कराकर संस्था ने सामाजिक जिम्मेदारी निभाने का प्रयास किया. इस आयोजन को सफल बनाने में तंजीम उलमा व अइम्मा के सदर मुफ्ती मंजूर आलम कासमी, सचिव मौलाना एएम रहमानी, नाजिम मौलाना सोहराब नदवी, नायब सदर मुफ्ती कलीमुल्लाह कासमी, नायब सचिव मौलाना मेराज एजाजी, एकाउंटेंट मौलाना अब्दुल नहान, तरजुमान मुफ्ती नदीम अख्तर रहमानी, मौलाना नईमुद्दीन कासमी, हाफिज इकबाल, मौलाना जहीरुद्दीन, मौलाना अबुल कलाम, हाफिज फिरदौस, कारी मुस्तकीम रहमानी, कारी असलम इरफानी, मौलाना अकरम, मौलाना फाहक, मौलाना जहीर साहब, हाफिज शाहनवाज, मौलाना अब्दुल जब्बार कलीपी, कारी ईसा, मौलाना कमाहीन, हाफिज मो. अली, मुफ्ती मुख्तार साहब, मौलाना कासिफुल इस्लाम, मुफ्ती अशफाक सहित निगम आयुक्त प्रभात कुमार झा, उप महापौर उमर हयात गुड्डू व अन्य लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।समारोह में शामिल अतिथियों ने संस्था की इस पहल की सराहना करते नवविवाहित जोड़ों के सुखद एवं खुशहाल वैवाहिक जीवन की कामना की।

राज्यकर्मी की दर्जा की मांग को लेकर डाटा एंट्री ऑपरेटर संघ ने आंबेडकर चैक से निकाला रोड मार्च

सहरसा शहर (एनएसबी)। बिहार राज्य डाटा इंट्री ऑपरेटर संयुक्त मोर्चा के प्रदेशव्यापी आह्वान पर रविवार को जिला इकाई डाटा इंट्री ऑपरेटर, प्रोग्रामर, आईटी सहायक एवं संबंधित कर्मियों ने अपनी बहुप्रतीक्षित मांग राज्यकर्मी का दर्जा को लेकर आंबेडकर चैक से रोड मार्च निकाला। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विभागों एवं कार्यालयों में कार्यरत कर्मियों ने बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता सुनिश्चित की। रोड मार्च के माध्यम से कर्मियों ने एकजुटता का परिचय देते सरकार का ध्यान अपनी वर्षों पुरानी मांग की ओर आकृष्ट कराया।



मोर्चा में शामिल डाटा इंट्री ऑपरेटर।

कार्यक्रम का नेतृत्व जिलाध्यक्ष नेहा रंजन एवं जिला सचिव नारायण पोद्दार ने किया. दोनों पदाधिकारियों ने अपने संबोधन में कहा कि डाटा इंट्री ऑपरेटर, प्रोग्रामर एवं आईटी कर्मी राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में लंबे समय से महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे हैं एवं सरकारी कार्यो के डिजिटलीकरण एवं विभागीय कार्यप्रणाली को सुचारु बनाए रखने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। इसके बावजूद इन कर्मियों को अब तक राज्यकर्मी का दर्जा एवं समुचित सेवा-सुरक्षा प्राप्त नहीं हो सकी है। उन्होंने कहा कि कर्मियों की मांग कोई व्यक्तिगत लाभ की मांग नहीं है। बल्कि उनके सम्मान, अधिकार, भविष्य की सुरक्षा एवं सेवा की स्थिरता से जुड़ा एक न्यायोचित विषय है। वर्षों से अपनी सेवाएं देने वाले कर्मियों के प्रति सरकार को संवेदनशीलता दिखाते हुए शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेना चाहिए। संयुक्त मोर्चा ने सरकार से पुरजोर मांग किया कि राज्य के विभिन्न विभागों में कार्यरत सभी पात्र डाटा इंट्री ऑपरेटर, प्रोग्रामर एवं आईटी कर्मियों को अविलंब राज्यकर्मी का दर्जा प्रदान किया जाय। जिससे उन्हें सम्मानजनक एवं सुरक्षित भविष्य मिल सके। रोड मार्च के दौरान कर्मियों में विशेष उत्साह एवं एकजुटता देखने को मिली। सभी ने एक स्वर में अपनी मांग के समर्थन में आवाज बुलंद की एवं अपने अधिकारों की प्राप्ति तक लोकतांत्रिक व शांतिपूर्ण तरीके से संघर्ष जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया। अंत में जिला इकाई की ओर से जिलाध्यक्ष नेहा रंजन एवं जिला सचिव नारायण पोद्दार ने कार्यक्रम में शामिल सभी कर्मियों के प्रति आभार व्यक्त करते कहा कि एकता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है एवं संगठित प्रयास से ही हमारी न्यायोचित मांग को मुकाम तक पहुंचाया जा सकता है। मौके पर राजू कुमार, रजनीश कुमार, अश्वनी कुमार, विकास कुमार, रतन कुमार, गौतम कुमार, सौरभ कुमार, विकास कुमार शर्मा, राधेश्याम कुमार, सुभाष कुमार, अमित कुमार, राहुल कुमार, सुमित कुमार, अभिषेक कुमार, प्रफुल्ल कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

गुड्डो मुखिया हत्याकांड में एक और आरोपी गिरफ्तार, मुख्य आरोपी अब भी फरार

सिमरी बख्तियारपुर से जिसान की हुई गिरफ्तारी, इससे पहले दो प्राथमिक अभियुक्तों को पुलिस भेज चुकी है जेल

बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)। पूर्व मुखिया पति जावेद इकबाल उर्फ गुड्डो मुखिया हत्याकांड में पुलिस को एक और सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मामले के अप्राथमिकी अभियुक्त मो. जिसान को गिरफ्तार कर लिया है। उसकी गिरफ्तारी सिमरी बख्तियारपुर से की गई है।

गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान सौर बाजार थाना क्षेत्र के चिकनी गांव निवासी मो. जिसान, पिता अब्दुल बदूद के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष कुंदन कुमार सहनी ने गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए बताया कि यह कार्रवाई कांड संख्या 187/26 के तहत की गई है। पुलिस गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर रही है। गौरतलब है कि इस चर्चित हत्याकांड में पुलिस इससे पहले दो प्राथमिक अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज चुकी है। अब एक और आरोपी की गिरफ्तारी के बाद पुलिस की कार्रवाई तेज हुई है। हालांकि, हत्याकांड का मुख्य आरोपी अब भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। उसकी गिरफ्तारी पुलिस के लिए चुनौती बनी हुई है। पुलिस फरार मुख्य आरोपी की तलाश में जुटी है।


गिरफ्तार आरोपी को जेल लेकर जाती पुलिस।

रौशन सिंह धोनी बने बिहार टेबल टेनिस संघ के संयुक्त सचिव


पुरस्कार देते अतिथि।

सहरसा शहर (एनएसबी)। बिहार टेबल टेनिस संघ चुनाव में सहरसा जिला टेबल टेनिस संघ के सचिव सह टेबल टेनिस के सीनियर नेशनल कोच रह चुके रोशन सिंह धोनी को निर्विरोध बिहार टेबल टेनिस संघ का संयुक्त सचिव चुना गया। साथ ही अरविंद कुमार सिंह अध्यक्ष एवं राजीव रतन सिंह महासचिव के पद पर लगातार दूसरी बार निर्विरोध निर्वाचित हुए। इस चुनाव में पटना हाई कोर्ट के अधिवक्ता पतंजलि ऋषि ने चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराया। इस अवसर पर टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त सचिव समरजीत सिंह बिहार राज्य खेल प्राधिकरण से आनंदी कुमार बिहार ओलंपिक संघ से पर्यवेक्षक के रूप में देवाशीष बनर्जी उपस्थित थे। यह चुनाव 2026 से 2030 के लिए किया गया है।

रौशन सिंह धोनी के बिहार टेबल टेनिस संघ के संयुक्त सचिव बनाए जाने पर जिला टेबल टेनिस संघ सहरसा के अध्यक्ष विवेक विशाल ने कहा कि पिछले 20 वर्षों से रोशन सिंह धोनी द्वारा सहरसा में खेल को बढ़ाने के लिए विभिन्न प्रकार के प्रयास किए जा रहे हैं। अब सहरसा के बच्चे राष्ट्रीय फलक पर अपना पहचान बना रहे हैं ठीक उसी तरह अब सहरसा भी खेल संघ के संगठन में अब जिला से राज्य स्तर पर अपनी प्रतिनिधित्व करने का पहल कर रहा है जिसकी पहली करी में रोशन सिंह धोनी को बिहार टेबल टेनिस संघ का संयुक्त सचिव बनाया गया है इससे सहरसा के खिलाड़ियों को आगे और बेहतर प्लेटफार्म मिलेगा। इस अवसर पर सिमरी बख्तियारपुर विधायक संजय कुमार सिंह, छातापुर विधायक नीरज कुमार बबलू, पूर्व मंत्री डॉ आलोक रंजन, जिला हैंडबॉल संघ अध्यक्ष दिवाकर सिंह, जिला तैराकी संघ अध्यक्ष चंद्रदेव मुखिया, सचिव चंदन कुमार, जिला हॉकी संघ अध्यक्ष सुनील कुमार झा, जिला योगासन संघ अध्यक्ष अमन कुमार सिंह, कोशी स्पोर्ट्स अकादमी अध्यक्ष अर्जुन चैधरी, जिला साइकलिंग संघ अध्यक्ष डॉ जयंत आशीष, सचिव दर्शन कुमार गुड्डू,जिला बैडमिंटन संघ सचिव रणबीर कुमार सिंह राजा, जिला कबड्डी संघ सचिव आशीष रंजन, जिला खो खो संघ सचिव सैयद समी अहमद, जिला फुटबाल संघ सचिव मो अशफाक आलम, जिला बॉल बैडमिंटन संघ सचिव अंशु मिश्रा, जिला रस्सा कशी संघ अध्यक्ष विप्लव रंजन जिला कराटे संघ सचिव इन्ताज आलम, जिला ताइक्वांडो संघ सचिव कल्पतरु कुमार, सिद्धार्थ कुमार सिद्धू ,पंकज ठाकुर, कुणाल चैधरी, शशि शेखर सम्राट, सुदीप सुमन, मनीष यादव, तुषार कात्यान, सागर कुमार नन्हे, धीरज यादव, मुस्कान यादव, राजकिशोर झा, अभिजीत आनंद, शिवेंद्र नारायण सिंह आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामना दिया है।

खिरन यादव अपने सहकर्मी के बीच बहुत ही लोकप्रिय रहे : डॉ. अनंत कुमार सिंह

सहरसा शहर (एनएसबी)। सर्व नारायण सिंह राम कुमार सिंह महाविद्यालय के शिक्षकेत्तर कर्मचारी खिरन यादव के सेवानिवृत्त होने पर प्रधानाचार्य डा अनंत कुमार सिंह, कर्मचारी संजय कुमार सिंह, भवानी तिवारी, किशोर नारायण सिंह के द्वारा पाग, चादर, माला, पहनाकर उन्हें सम्मानित कर उन्हें विदाई दी गई।

प्रधानाचार्य डॉ अनंत कुमार सिंह ने कहा कि खिरन यादव अपने सहकर्मी के बीच बहुत ही लोकप्रिय रहे। इरफान आलम ने कहा कि आज महाविद्यालय से एक कर्मचारी ही नहीं लगता है हमारे शरीर से एक अंग हमसे अलग हो रहा है भवानी तिवारी ने कहा कि महाविद्यालय से कार्यकाल पूरा कर आज एक सुयोग्य कर्मचारी सेवानिवृत हो रहे हैं स बर्सर डा कपिल देव पासवान ने कहा कि खिरन यादव महाविद्यालय के कार्य को करने के लिए मौजूद रहते थे प्रधान सहायिका बबीता कुमारी ने कहा महाविद्यालय परिवार उनके सदा स्वस्थ एवं दीघार्यु जीवन की कामना करता है खिरन यादव भावुक होते हुए कहा कि मैं महाविद्यालय से अपना कार्यकाल पूरा कर आज विदा हो रहा हूं पर आप लोगों के द्वारा दिया गया सम्मान सदैव अपने दिल में रखूंगा। प्रधानाचार्य कक्ष में विदाई के समय डा प्रमोद कुमार, डॉ रामनरेश पासवान, डॉ रविंद्र साहू, डा नृपेंद्र सिन्हा ,डा सुमन स्वराज, डॉ निशा , रामसागर, अभिनव कुमार सिन्हा, अभिमन्यु कुमार, सत्यनारायण यादव, गोपाल प्रसाद यादव, शशिनाथ, विश्वजीत कुमार सिंह, तौसीफ आलम, परशुराम सिंह, श्रवण कुमार मिश्रा, निलेश कुमार, ओम प्रकाश पंडित, बब्बन सिंह, संजय कुमार सिंह, अजय कुमार, मनोज कुमार सिंह, उदय कुमार सबो ने उनके स्वास्थ्य एवं दीघार्यु होने की कामना की।



सेवानिवृत्त पर विदाई देते कॉलेज कर्मी।

ब्लू डार्ट कुरियर सेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नये परिसर का उद्घाटन

फोटो कैप्शनः 4 उद्घाटन करते अतिथि

सहरसा शहर (एनएसबी)। शहर के पुराना बस स्टैंड स्थित सत्यम शिवम मार्केट में रविवार को ब्लू डार्ट कूरियर सेवा के नये परिसर में कार्यालय की शुरूआत की गई।यह दुकान पहले वीआईपी रोड मे स्थित था। इस अवसर पर नवल कुमार सिंह, हसंत कुमार सिंह, आंचल मधु, मुन्नी सिंह ,विश्वजीत कुमार सिंह, वरुण कुमार सिंह, सत्यम सिंह एवं रामकुमार के द्वारा फीता एवं केक काटकर दुकान का उद्घाटन किया गया। उद्घाटनकर्ता नवल किशोर सिंह ने बताया कि कोशी स्टेशनरी द्वारा विश्वसनीयता के साथ पुरे देश विदेश में विगत 41 वर्षों सें कुरियर सेवा निरंतर किया जा रहा है। जो अत्यंत महत्वपूर्ण व सराहनीय प्रयास है।कोशी स्टेशनरी के प्रोपराइटर हसंत कुमार सिंह नें कहा कि हमारे संस्थान के लिए अत्यंत खुशी और गर्व का अवसर है कि कोशी स्टेशनरी ने 41 वर्षों की निरंतर सेवा और ब्लू डॉर्ट में 25 वर्षों की तेज विश्वसनीय और सुरक्षित सेवा के इस विशेष अवसर पर आज संयुक्त वर्षगांठ के तहत नए परिसर का उद्घाटन किया गया।उन्होने कहा कि ब्लू डार्ट कुरियर के द्वारा देश के सभी जिलों सभी राज्यों एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्तर पर कम एवं किफायती दरों पर विश्वसनीयता के साथ गुणवत्तापूर्ण सेवा प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि विगत 41 वर्षों में आज तक किसी के द्वारा किसी प्रकार की कोई शिकायत नहीं मिला। उन्होंने इस ब्लू डार्ट कुरियर सेवा में एक बार आकर अवश्य सेवा देने की अपील की।



उद्घाटन करते अतिथि।

4 नवंबर की पदयात्रा की तैयारी को लेकर एनडीए की बैठक

सभी घटक दलों ने लिया भागीदारी का संकल्प

सहरसा शहर (एनएसबी)। आगामी 4 नवंबर को सहरसा में आयोजित होने वाली ह्यलोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओह्ल पदयात्रा की तैयारियों को लेकर रविवार को सहरसा परिसदन में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के जिलाध्यक्षों एवं प्रमुख नेताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष सह एनडीए संयोजक साजन शर्मा ने की, जबकि संचालन भाजपा के प्रदेश मंत्री दिवाकर सिंह ने किया।

बैठक को संबोधित करते हुए बिहार सरकार के पूर्व मंत्री डॉ. आलोक रंजन झा ने कहा कि 4 नवंबर की पदयात्रा लोकतांत्रिक मूल्यों, संवैधानिक संस्थाओं की गरिमा और सामाजिक व्यवस्था के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करने का एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। एनडीए के सभी घटक दलों के कार्यकत्ता आपसी समन्वय और एकजुटता के साथ इस कार्यक्रम में भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि पदयात्रा को सफल बनाने के लिए सभी स्तरों पर व्यापक तैयारी और जनभागीदारी सुनिश्चित करना आवश्यक है। बैठक में हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष रामरतन ऋषिदेव, लोजपा के जिलाध्यक्ष, जदयू के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनील सिंह तथा राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रधान महासचिव सी.एम. झा ने भी अपने विचार रखे। सभी नेताओं ने आगामी पदयात्रा की तैयारियों, आपसी समन्वय और घटक दलों की भागीदारी को लेकर चर्चा की। बैठक में भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन साह, जदयू प्रवक्ता भीमनारायण महतो, जदयू नेता चंदन सिंह, लोजपा के के.डी. शर्मा, मुखिया संजीव जायसवाल, रालोमो के पवन झा, गोपाल तिवारी, सुबोध झा, हम के युवा अध्यक्ष रमण यादव, भाजपा महामंत्री भैरव झा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रिंकी देवी तथा भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के संयोजक शशि सोनी सहित एनडीए के विभिन्न घटक दलों के प्रमुख नेता एवं कार्यकत्ता उपस्थित थे। बैठक में आगामी 4 नवंबर को आयोजित पदयात्रा की रूपरेखा, संगठनात्मक तैयारी तथा एनडीए के सभी घटक दलों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने पर विशेष चर्चा हुई।


बैठक में पूर्व मंत्री, प्रदेश मंत्री, जिलाध्यक्ष व अन्य।

संक्षिप्त खबरें

उपयोग पोर्टल का हुआ शुभारंभ,डिजिटल होंगी नगर निकाय की सेवाएं

गोगरी (एनएसबी)। नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार सरकार की ओर से राष्ट्रीय शहरी डिजिटल मिशन एनयूडीएम के तहत विकसित उपयोग पोर्टल का शुभारंभ 31 अक्टूबर को किया गया। इसको लेकर नगर परिषद गोगरी जमालपुर में भी कार्यक्रम आयोजित किया गया। उपयोग पोर्टल के माध्यम से नगर निकायों की विभिन्न सेवाओं को डिजिटल प्लेटफर्म पर उपलब्ध कराने की पहल की गई है। इसका मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को नगर परिषद से जुड़ी सेवाएं अनलाइन उपलब्ध कराना, सरकारी कार्यप्रणाली में पारदर्शिता लाना तथा कार्यालयों के चक्कर लगाने की परेशानी को कम करना है।इस डिजिटल व्यवस्था से नागरिकों को नगर निकाय की सेवाओं का लाभ लेने में सहूलियत मिलेगी। साथ ही शिकायतों के निष्पादन और नगर परिषद के कामकाज को अधिक व्यवस्थित एवं पारदर्शी बनाने में मदद मिलेगी।

महिला को ससुराल वालों ने घर से निकला,पुलिस से लगाई गुहार

बेलदौर (एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र के कंजरी पंचायत अंतर्गत वार्ड नंबर 3 निवासी मोहम्मद हारून की 25 वर्षीय पत्नी रोजीदा खातून ने बेलदौर थाना अध्यक्ष को लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है।पीड़िता ने आवेदन में बताया है कि उसकी शादी वर्ष 2018 में कंजरी पश्चिम पार निवासी मोहम्मद आलम के 27 वर्षीय पुत्र मोहम्मद हारून के साथ मुस्लिम रीति-रिवाज के अनुसार हुई थी। शादी के दौरान उनके माता-पिता ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार उपहार स्वरूप करीब 3 लाख रुपये नकद, सोने के आभूषण, बर्तन, कपड़े और फर्नीचर दिए थे।रोजीदा खातून के अनुसार, शादी के महज 25 दिन बाद ही उनकी तबीयत खराब हो गई। तबीयत बिगड़ने पर ससुर मोहम्मद आलम, सास तबरून खातून सहित पांच लोगों ने साजिश रची और दबंगई दिखाते हुए कहा कि यदि वह अपना इलाज करवाना चाहती हैं, तो पहले दहेज के रूप में जमीन लिखवा कर दें, अन्यथा 2 लाख रुपये नकद दें, तभी उन्हें घर में रखा जाएगा।लड़की के माता-पिता के गरीब होने के कारण वे यह मांग पूरी नहीं कर सके, जिसके बाद ससुराल वालों ने उनके साथ मारपीट कर उन्हें घर से निकाल दिया। पीड़िता का यह भी आरोप है कि ससुराल पक्ष ने उनके मायके से मिले सोने के आभूषणों को करीब 85 हजार रुपये में बेच दिया।इस संबंध में थाना अध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि पीड़िता का आवेदन मिल गया है। मामले की गंभीरता से छानबीन की जा रही है और जांचोपरांत दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

बच्ची ने पी ली थिनर हालत नाजुक

बेलदौर (एनएसबी)। थाना क्षेत्र के बोबील पंचायत अंतर्गत भोराहा मुस्लिम टोला निवासी मोहम्मद आसिफ की ढाई वर्षीय पुत्री आशिया खातून ने खेलने के दौरान गलती से थिनर पी लिया, जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई।घटना रविवार दोपहर करीब एक बजे की है। जानकारी के अनुसार, बच्ची की मां बेलदौर बाजार बर्तन खरीदने आई हुई थी और साथ में बच्ची भी थी। इसी दौरान बर्तन दुकानदार अपनी दुकान की रंगाई कर रहा था और उसने थिनर वहीं रख दिया था। मां का ध्यान हटने पर बच्ची ने पानी समझकर थिनर पी लिया, जिससे उसकी तबीयत अचानक बिगड़ने लगी।परिजनों ने आनन-फानन में उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेलदौर पहुंचाया, जहां डक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल, खगड़िया रेफर कर दिया। इस घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

गंगा के कटाव में विलीन हुआ पुराना मंदिर

1957 में नयाटोला खजरैठा में स्थापित हुई मां काली की सिद्ध शक्तिपीठ, सैकड़ों वर्षो से चली आ रही पूजा की परंपरा, मां के दरबार में दूर-दराज से पहुंचते हैं श्रद्धालु, तीन दिनों तक लगता है भव्य मेला

परबत्ता (एनएसबी)। प्रखंड के खजरैठा पंचायत अंतर्गत नयाटोला खजरैठा गांव में अवस्थित सिद्ध शक्तिपीठ मां काली मंदिर की महिमा क्षेत्र में दूर-दूर तक प्रचलित है। भक्तों की अटूट आस्था है कि मां काली के दरबार में सच्चे मन से मांगी गई हर मुराद पूरी होती है। यही वजह है कि प्रत्येक वर्ष काली पूजा के अवसर पर यहां श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ता है। खगड़िया सहित आसपास के जिलों और दूर-दराज के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में भक्त मां के दर्शन के लिए पहुंचते हैं। काली पूजा को लेकर मंदिर परिसर में तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। मूर्तिकार मां काली की भव्य प्रतिमा को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। पूजा के साथ यहां लगने वाला पारंपरिक मेला भी खास आकर्षण का केंद्र रहता है। तीन दिनों तक मंदिर परिसर और आसपास का इलाका भक्तों एवं मेलार्थियों की भीड़ से गुलजार रहता है।

'गंगा के कटाव ने विलीन हुआ मंदिर, फिर 1957 में हुई स्थापना'

मां काली पूजा समिति, नया टोला खजरैठा के व्यवस्थापक बालष्ण चौधरी बताते हैं कि मां काली की पूजा की परंपरा कई सौ वर्ष पुरानी है। गांव के ही हंसु ठठेरी ने सबसे पहले मां काली की पूजा प्रारंभ की थी, जो आज भी पूरी श्रद्धा और परंपरा के साथ जारी है। पहले मां काली का मंदिर लक्ष्मीपुर गांव में अवस्थित था, लेकिन गंगा नदी के भीषण कटाव में पुराना मंदिर विलीन हो गया। इसके बाद वर्ष 1957 ई में नयाटोला खजरैठा गांव में मां काली के मंदिर की पुनः स्थापना की गई। तब से यह मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। विशाल एवं भव्य मंदिर के निर्माण में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर सहयोग किया। ग्रामीणों की सामूहिक भागीदारी आज भी सामाजिक एकता, अखंडता और सामूहिक संकल्प की मिसाल पेश करती है।

'वैदिक मंत्रोच्चार से गूंजेगा मंदिर परिसर, विशेष निशा पूजन की तैयारी'

खजरैठा मां काली मंदिर की पूजन पद्धति भी विशेष महत्व रखती है। मुख्य पुजारी ड़ प्राण मोहन कुंमर, मनोज कुंवर, मालीक झा, आचार्य शंभुनाथ ठाकुर एवं ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार, 8 नवंबर की देर रात अमावस्या के अवसर पर मां काली की प्रतिमा को विधिवत पिंडी पर विराजमान कराया जाएगा। इसके बाद श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए मंदिर का पट खोल दिया जाएगा। प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत विशेष निशा पूजन संपन्न होगा। चार दिनों तक दर्जनभर विद्वान पंडितों के वैदिक मंत्रोच्चार से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहेगा। शास्त्रीय मान्यताओं के अनुसार अमावस्या की कालरात्रि मां काली की आराधना के लिए विशेष मानी जाती है। 9 एवं 10 नवंबर को विशेष पूजन-अर्चना होगी, जबकि 11 नवंबर की शाम मां काली की प्रतिमा का गंगा नदी में विसर्जन किया जाएगा। पूजा के दौरान धार्मिक परंपराओं के अनुसार छागड़ की बलि भी दी जाती है।

'कुमारी एवं ब्राह्मण भोजन की भी है परंपरा'

मंदिर परिसर में पूजा के दौरान दर्जनों की संख्या में कुमारी कन्याओं एवं ब्राह्मणों को भोजन कराने की परंपरा वर्षो से चली आ रही है। इस अवसर पर दूर-दराज से श्रद्धालु अपनी मनोकामनाएं लेकर मां के दरबार में पहुंचते हैं। भक्तों की आस्था, ग्रामीणों का सहयोग और सदियों पुरानी पूजा परंपरा खजरैठा की मां काली शक्तिपीठ को क्षेत्र की विशिष्ट धार्मिक पहचान प्रदान करती है।

पिकअप वाहन के चपेट में आने से मवेशी जख्मी

पसराहा (एनएसबी)। थाना क्षेत्र के एनएच-31 स्थित सतीशनगर होटल के पास रविवार को एक अनियंत्रित पिकअप वाहन ने मवेशी को जोरदार टक्कर मार दी जिससे पिकअप बीच



सड़क पर पलट गई और घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे में भैंस गंभीर रूप से जख्मी हो गई जिसका शरीर का एक हिस्सा टूटने के कारण उसकी स्थिति काफी नाजुक बनी हुई है जबकि चालक बाल-बाल बच गया। जानकारी के अनुसार, नवगछिया की ओर से खगड़िया जा रहा पिकअप तेज रफ्तार और अनियंत्रित होने के कारण अचानक सड़क पर आए मवेशी को बचाने में असफल रहा और टक्कर के बाद पलट गया। घटना की सूचना मिलते ही पसराहा थाना पुलिस मौके पर पहुंची, दुर्घटनाग्रस्त वाहन को जब्त कर लिया और मामले की छानबीन शुरू कर दी है। जख्मी भैंस के मालिक मुनो यादव ने बताया कि बाढ़ के कारण उन्होंने मवेशियों को सड़क किनारे सुरक्षित जगह रखा था और सड़क पार करने के दौरान यह हादसा हुआ। थानाध्यक्ष राजीव रंजन कुमार ने पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस मौके पर पहुंची थी और वाहन को कब्जे में ले लिया है। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों ने एनएच-31 पर वाहनों की तेज रफ्तार पर कड़ा नियंत्रण लगाने की मांग की है।

काली पूजा और दीपावली को लेकर शांति समिति की बैठक, भाईचारे के साथ पर्व मनाने की अपील

गोगरी (एनएसबी)। काली पूजा एवं दीपावली पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर रविवार को गोगरी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित गणमान्य लोगों से पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर राय-



बैठक में उपस्थित लोग।

विचार एवं सुझाव लिए गए।इस मौके पर गोगरी थानाध्यक्ष अजय शंकर कुमार ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि पर्व के दौरान किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान नहीं दें और आपसी भाईचारे एवं सौहार्द के साथ त्योहार मनाएं। उन्होंने पटाखों की बिक्री के लिए लाइसेंस लेना अनिवार्य बताते हुए कहा कि बिना लाइसेंस पटाखों की बिक्री नहीं की जाए। वहीं काली प्रतिमा विसर्जन के दौरान डीजे बजाने पर प्रतिबंध रहने की जानकारी दी गई।बैठक में थानाध्यक्ष ने विभिन्न पूजा समितियों के सदस्यों से प्रतिमा विसर्जन के रूट एवं समय-सारणी की जानकारी भी ली, ताकि विसर्जन के दौरान यातायात एवं विधि-व्यवस्था को सुचारु रखा जा सके। इस अवसर पर नगर कार्यपालक पदाधिकारी सोनी कुमारी सहित कई गणमान्य लोग एवं शांति समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

बिहार फोटो वीडियो एक्सपो 2026 प्रदर्शनी में खगड़िया के धर्मवीर सम्मानित

खगड़िया(एनएसबी)। फोटोग्राफी के क्षेत्र में उत्ष्ट कार्य करने एवं गांव के फोटोग्राफरों हितों के लिए निरंतर प्रयास करने के लिए संहौली निवासी धर्मवीर सिंह को पटना के ज्ञान भवन में आयोजित बिहार फोटो वीडियो एक्सपो 2026 प्रदर्शनी के दौरान खगड़िया से तीसरी बार सम्मानित किया गया। धर्मवीर सिंह को उनके उत्ष्ट कार्यो के लिए बिहार फोटो वीडियो एसोसिएशन के अध्यक्ष ओमप्रकाश ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर अल इंडिया फोटोग्राफर फेडरेशन के अध्यक्ष राकेश कुमार तिवारी और बिहार फोटोग्राफर एसोसिएशन के अध्यक्ष ,सचिव गणेश कुमार , चंदन कुमार सहित एसोसिएशन सभी पदाधिकारी एवं बिहार फोटो वीडियो एक्सपो 2026 प्रदर्शनी से जुड़े पदाधिकारीगण उपस्थित थे। धर्मवीर सिंह को यह सम्मान मिलने से खगड़िया के फोटोग्राफी जगत में हर्ष का माहौल है। फोटोग्राफी के क्षेत्र में उनकी सक्रियता और फोटोग्राफरों के हित में किए जा रहे प्रयासों की उपस्थित लोगों ने सराहना की। लोगों ने कहा कि यह सम्मान न केवल धर्मवीर सिंह, बल्कि खगड़िया के फोटोग्राफी क्षेत्र के लिए भी गौरव एवं सम्मान की बात है।

संत रामपाल महाराज के सत्संग का हुआ लाइव प्रसारण

बेलदौर (एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र के प्रसिद्ध भगवती मंदिर परिसर स्थित चननदह स्थान, पंचरासी में रविवार को संत रामपाल महाराज के सत्संग का लाइव प्रसारण प्रोजेक्टर के माध्यम से दिखाया गया। इस आध्यात्मिक कार्यक्रम को देखने और सुनने के लिए आसपास के क्षेत्रों से दर्जनों की संख्या में संत रामपाल महाराज के अनुयायी और श्रद्धालु पहुंचे।लाइव प्रसारण के दौरान संत रामपाल महाराज ने संत कबीर साहिब के अमूल्य विचारों का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने अपने संबोधन में बताया कि कलियुग के पांच हजार पांच सौ पचास वर्ष बीत जाने के बाद इस धरा पर महान संतों का अवतार हुआ। उनके मत और विचारों ने समाज में फैली अज्ञानता, पाखंड और कुरीतियों से लोगों को मुक्ति दिलाई है। उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं को संतों के विचारों से अवगत कराते हुए कहा कि केवल कबीर साहिब के बताए गए सच्चे मार्ग पर चलकर ही समाज का वास्तविक उद्धार और कल्याण संभव है।यह विशेष सत्संग कार्यक्रम दिन के 10 बजे से शुरू होकर दोपहर 2 बजे तक यानी कुल चार घंटे तक संचालित हुआ। इस दौरान पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल में डूबा रहा। कार्यक्रम के दौरान कई जिज्ञासु और इच्छुक संत प्रेमियों को निःशुल्क नामदीक्षा भी प्रदान की गई, ताकि वे आध्यात्मिक मार्ग पर आगे बढ़ सकें।सत्संग के सफल संचालन और सुरक्षा व्यवस्था के लिए आयोजकों द्वारा बेहद चुस्त-दुरूस्त और चाक-चौबंद इंतजाम किए गए थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में निगरानी सेवादार देशबंधु पटेल दास, जिला सेवादार राजकुमार दास, भोला दास, एरिया सेवादार अमित दास तथा प्रखंड सेवादार बबलू दास ने अपनी सक्रिय भूमिका निभाते हुए आवश्यक सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम के में सभी श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण भी किया गया।

समीर कश्यप बने अखंड ब्राह्मण सेवा समिति के प्रदेश उपाध्यक्ष

खगड़िया (एनएसबी)। अखंड ब्राह्मण सेवा समिति, भारतवर्ष की बिहार प्रदेश इकाई में संगठनात्मक विस्तार एवं मजबूती की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए समीर कश्यप को प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया है। बिहार प्रदेश अध्यक्ष पंडित मुरारी झा के प्रस्ताव एवं संगठन के राष्ट्रीय सचिव पंडित आनंद शंकर मिश्रा के अनुमोदन के उपरांत संगठन के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुभाष कुमार चतुर्वेदी ने समीर कश्यप की नियुक्ति की आधिकारिक घोषणा की। इस अवसर पर संगठन के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुभाष कुमार चतुर्वेदी ने विश्वास व्यक्त किया कि समीर कश्यप अपनी संगठनात्मक क्षमता, सक्रियता एवं समर्पण के बल पर बिहार प्रदेश में संगठन के विस्तार एवं मजबूती में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उनके नेतृत्व एवं सहयोग से संगठन की गतिविधियों को नई गति मिलेगी तथा संगठन के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने में सफलता प्राप्त होगी। वहीं, संगठन के राष्ट्रीय सचिव पंडित आनंद शंकर मिश्रा ने इस नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त करते हुए नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि समीर कश्यप के प्रदेश उपाध्यक्ष बनने से बिहार प्रदेश अध्यक्ष पंडित मुरारी झा के हाथ और मजबूत हुए हैं। दोनों पदाधिकारियों के आपसी समन्वय, सहयोग एवं कुशल नेतृत्व में बिहार प्रदेश में संगठन का निरंतर विस्तार होगा। साथ ही ब्राह्मण समाज की एकजुटता, सामाजिक समरसता एवं ब्राह्मण हितार्थ कार्यो को नई ऊर्जा एवं मजबूती मिलेगी। समीर कश्यप की नियुक्ति पर बिहार प्रदेश अध्यक्ष पंडित मुरारी झा , प्रदेश संरक्षक पंडित अशोक कुमार मिश्रा, प्रदेश अध्यक्ष (युवा प्रकोष्ठ) पंडित प्रकाश मिश्रा सहित संगठन के अनेक राष्ट्रीय एवं प्रदेश पदाधिकारियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। संगठन के पदाधिकारियों ने आशा व्यक्त की कि समीर कश्यप अपने नवीन दायित्व का निष्ठा एवं समर्पण के साथ निर्वहन करते हुए संगठन की एकता, अखंडता एवं विस्तार के लिए सक्रिय भूमिका निभाएंगे। उनके नेतृत्व एवं सहयोग से बिहार प्रदेश में संगठन को नई पहचान मिलेगी तथा समाजहित एवं ब्राह्मण समाज के कल्याण से जुड़े कार्यो को और अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाया जा सकेगा।

चौथम पुलिस ने तीन लोगों को किया गिरफ्तार

ब्रेथ एनालाइजर से जांच में शराब पीने की हुई पुष्टि

चौथम (एनएसबी)। थाना क्षेत्र में शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी कड़ी में रविवार को चौथम थाना क्षेत्र के करूवा मोड़ चौक पर शराब के नशे में आपस में विवाद कर रहे तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की इस कार्रवाई से शराब पीकर सार्वजनिक स्थानों पर हंगामा करने वालों में हड़कंप मच गया है। मिली जानकारी के अनुसार, चौथम थाना की पुलिस टीम क्षेत्र में नियमित गश्ती कर रही थी। इसी दौरान पुलिस की नजर करवा मोड़ चौक पर आपस में विवाद कर रहे तीन व्यक्तियों पर पड़ी। तीनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो रही थी। स्थिति को देखते हुए गश्ती दल ने पहले अपने स्तर से मामले को शांत कराने और आपसी सुलह कराने का प्रयास किया। लेकिन पुलिस के समझाने के बावजूद विवाद बढ़ता चला गया। इसके बाद पुलिस को आशंका हुई कि तीनों व्यक्ति शराब के नशे में हैं और इसी वजह से आपस में विवाद कर रहे हैं। पुलिस ने तत्काल तीनों व्यक्तियों की ब्रेथ एनालाइजर मशीन से जांच कराई। जांच के दौरान उनके शराब पीने की पुष्टि हुई। इसके बाद पुलिस ने शराबबंदी कानून के उल्लंघन के आरोप में तीनों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान रणवीर यादव, पिता नारायण यादव तथा अमलेश यादव, पिता अरविंद यादव, दोनों निवासी सैदापुर, जबकि तीसरे व्यक्ति की पहचान शिवचंद यादव, पिता शनिचर यादव, निवासी नौरंगा के रूप में की गई है। बताया गया कि रविवार होने के कारण गिरफ्तार तीनों व्यक्तियों को पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है। थाना अध्यक्ष ने बताया कि आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद तीनों गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा जाएगा। गौरतलब हो कि आगामी त्योहारों और उत्सवी मौसम को देखते हुए चौथम पुलिस शराब एवं अन्य नशीले पदार्थो के अवैध कारोबार पर विशेष निगरानी रख रही है। थाना अध्यक्ष ने बताया कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने और शराबबंदी कानून को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए पुलिस पूरी तरह सतर्क है। बाहर से आने वाले शराब और किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थो की आवाजाही पर रोक लगाने के लिए संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

संक्षिप्त खबरें

घर पर चढ़कर मारपीट व गोली चलाने का आरोप

तीन नामजद सहित पांच पर प्राथमिकी

गोगरी (एनएसबी)। थाना क्षेत्र में घर पर चढ़कर मारपीट करने, गाली-गलौज और गोली चलाने की षिकायत की गयी है। इस संबंध में पीड़िता ममता देवी ने गोगरी थाना में लिखित आवेदन देकर तीन नामजद सहित पांच लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस ने कांड संख्या 382ध्26 दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, पीड़िता ने आरोप लगाया है कि बीते 22 अक्टूबर की शाम करीब सात बजे कुछ लोग उनके घर पर पहुंचे और उनके बेटे का नाम लेकर गाली-गलौज करने लगे। वहीं, 24 अक्टूबर की सुबह आरोपित दोबारा हथियार के साथ उनके घर पहुंचे। इस दौरान मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया गया है।आवेदन में पीड़िता ने आरोप लगाया है कि एक नामजद आरोपित ने पिस्तौल से उनके पुत्र पर गोली चला दी। हालांकि, संयोगवश उनका पुत्र नीचे बैठ गया, जिससे गोली उसे नहीं लगी। इसके बाद आरोपितों ने दोबारा घर में घुसने और परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट करने का प्रयास किया। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया है कि विरोध करने पर उनके परिवार को लगातार धमकी दी जा रही है।पीड़िता ने पुलिस को बताया कि घटना से संबंधित साक्ष्य उनके मोबाइल में सुरक्षित हैं। उन्होंने अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा की गुहार लगाते हुए आरोपितों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।इस मामले में गोगरी थाना में कांड संख्या 382ध्26 दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

ग्राम रक्षा दल के जिला स्तरीय बैठक पंचायत एवं प्रखंड अध्यक्ष हुए सम्मानित

गोगरी (एनएसबी)। प्रखंड स्थित आदर्श संकुल संसाधन केंद्र मध्य विद्यालय पीपरपांती के प्रांगण में रविवार को पंजीत बिहार राज्य दलपति एवं ग्राम रक्षा दल की जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष गजेंद्र कुमार ने की। बैठक प्रदेश महामंत्री कमलेश कुमार राय के निर्देशानुसार आयोजित की गई। जिला अध्यक्ष गजेंद्र कुमार ने कहा कि ग्राम रक्षा दल के सदस्यों ने लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर संघर्ष किया है। संगठन को उम्मीद है कि सरकार जल्द ही ग्राम रक्षा दल के हित में सकारात्मक निर्णय लेगी। उन्होंने सभी सदस्यों से एकजुट होकर संगठन को मजबूत बनाने की अपील की। प्रदेश महामंत्री कमलेश कुमार राय के निर्देश पर आयोजित बैठक में संगठन की मजबूती, ग्राम रक्षा दल के भविष्य और सरकार के स्तर पर होने वाली सकारात्मक पहल को लेकर चर्चा की गई। सदस्यों को संगठन के प्रति समर्पित रहकर कार्य करने का संदेश दिया गया। जिला सचिव गौतम कुमार चौरसिया ने कहा कि पंजीत बिहार राज्य दलपति एवं ग्राम रक्षा दल के लिए बहुत जल्द सकारात्मक दिन आने की उम्मीद है। सरकार के स्तर पर सकारात्मक पहल की तैयारी हो चुकी है। उन्होंने कहा कि ग्राम रक्षा दल के सदस्यों को धैर्य और एकजुटता बनाए रखनी चाहिए। संगठन को विश्वास है कि लंबे समय से चली आ रही समस्याओं का समाधान जल्द होगा। वही भागलपुर जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार मंडल ने कहा कि ग्राम रक्षा दल के सदस्यों को अपने अधिकारों के लिए संगठित रहना होगा। सभी जिलों के पदाधिकारियों के बीच आपसी समन्वय और एकता जरूरी है। बैठक के दौरान जिला अध्यक्ष गजेंद्र कुमार ने विभिन्न पंचायतों के अध्यक्षों एवं प्रखंड अध्यक्षों को सम्मानित किया। मौके पर संगठन के कई पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

परबत्ता में अवैध मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन, मुंगेर का एक आरोपी गिरफ्तार

दियारा इलाके में चल रहा था हथियार बनाने का अवैध कारोबार, देसी पिस्टल, 10 जिंदा कारतूस समेत कई उपकरण बरामदय एक विधि विरुद्ध बालक भी निरुद्ध

परबत्ता (एनएसबी)। परबत्ता थाना क्षेत्र के दियारा इलाके में पुलिस ने अवैध हथियार निर्माण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन किया है। इस दौरान पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जबकि एक विधि विरुद्ध बालक को निरुद्ध किया गया है। पुलिस अधीक्षक भानु प्रताप सिंह के निर्देश पर अवैध हथियार निर्माण एवं तस्करी के विरुद्ध लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 31 अक्टूबर को परबत्ता थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि अस्सी दियारा के झरखा बहियार में अवैध रूप से मिनी गन फैक्ट्री संचालित की जा रही है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर छापेमारी टीम का गठन किया गया। टीम ने मौके पर पहुंचकर मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन किया और एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मुंगेर जिले के बरियारपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कल्याण टोला निवासी जिज्ञु मंडल, पिता स्व. गोनौरी मंडल के रूप में हुई है। वहीं, एक विधि विरुद्ध बालक को भी निरुद्ध किया गया है। 'छापेमारी में ये सामान बरामद' पुलिस ने मौके से एक देसी पिस्टल, 10 जिंदा कारतूस, दो बेस मशीन, एक ड्रिल मशीन, एक मोबाइल फोन, 2780 रुपये नकद तथा हथियार बनाने में इस्तेमाल होने वाले अन्य उपकरण बरामद किए हैं।ध पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ के दौरान मिली जानकारी के आधार पर इस अवैध कारोबार में शामिल अन्य लोगों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है। इस छापामारी अभियान में परबत्ता थाना के पुलिस अवर निरीक्षक सुमंत चौधरी, निशा कुमारी , डीआईयू एवं एसटीएफ टीम खगड़िया मौजूद थे।

जीविका एवं ब्रह्माकुमारीज के संयुक्त तत्वावधान में नशामुक्ति जागरूकता रैली एवं शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

खगड़िया (एनएसबी)। बिहार सरकार द्वारा संचालित नशामुक्ति अभियान के अंतर्गत अलौली प्रखंड के स्वाभिमान संकुल संघ स्तर पर 'प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय एवं जीविका के संयुक्त तत्वावधान में' मद्य निषेध एवं नशामुक्ति को लेकर जागरूकता रैली निकाली गई। इस दौरान जीविका दीदियों एवं ब्रह्माकुमारी बहनों ने नारे लगाते हुए आम लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान दीदियों ने कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज तीनों के लिए घातक है। शराब एवं अन्य नशीले पदार्थो के सेवन से स्वास्थ्य खराब होता है, पारिवारिक कलह और आर्थिक तंगी बढ़ती है तथा समाज की प्रगति रुक जाती है। रैली के उपरांत शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें सभी दीदियों एवं उपस्थित लोगों ने स्वयं नशा नहीं करने तथा दूसरों को भी नशा छोड़ने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया।

राष्ट्रीय एकता दिवस पर भाजपा ने निकाली 'रन फॉर यूनिटी'

सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि

खगड़िया (एनएसबी)। लौह पुरुष एवं भारत रत्न शसरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिला के तत्वावधान में भाजपा जिला अध्यक्ष शत्रुघ भगत के नेतृत्व में भव्य 'रन फर यूनिटी' (एकता दौड़) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत खगड़िया के राजेंद्र चौक से हुई, जहां से भाजपा कार्यकर्ताओं एवं उपस्थित लोगों ने मैराथन दौड़ में भाग लेकर राष्ट्रीय एकता, अखंडता और भाईचारे का संदेश दिया। यह दौड़ शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गो से होते हुए दान नगर स्थित सरदार पटेल पार्क पहुंची। वहां उपस्थित सभी लोगों ने सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष शत्रुघ भगत ने कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी का जीवन राष्ट्रसेवा, ढ़ इच्छाशक्ति, साहस और राष्ट्रीय एकता का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने देश की स्वतंत्रता के बाद सैकड़ों रियासतों का एकीकरण कर अखंड भारत के निर्माण में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। उनका संपूर्ण जीवन हमें यह प्रेरणा देता है कि राष्ट्र की एकता, अखंडता, सुरक्षा और संप्रभुता से बढ़कर कुछ भी नहीं है। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल के सच्चे अनुयायी वही हैं, जिनके मन में राष्ट्रवाद की भावना हो और जो देश की एकता, अखंडता एवं संप्रभुता को सर्वोपरि मानते हों। राष्ट्रीय एकता दिवस हमें जाति, धर्म, भाषा और क्षेत्र से ऊपर उठकर एकजुट रहने तथा राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाने का संदेश देता है।

हरिहरनाथ सोनपुर मेला की तैयारियों को लेकर जिला पदाधिकारी ने की विस्तृत समीक्षा बैठक

ट्रैफिक प्रबंधन, प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई, पेयजल, स्वास्थ्य, पशु चिकित्सा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारियों को ससमय पूरा करने का निर्देश

सोनपुर (एन एसबी) जिला जन-संपर्क सारन द्वारा मिली जानकारी अनुसार हरिहरनाथ सोनपुर मेला के सफल, सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित आयोजन को लेकर जिला पदाधिकारी सारण श्री वैभव श्रीवास्तव एवं वरीय पुलिस अधीक्षक श्री रौशन कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में संबंधित विभागों के पदाधिकारियों के साथ समाहरणालय सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मेला क्षेत्र सहित मेला तक पहुंचने वाले सभी प्रमुख मार्गो पर यातायात प्रबंधन, आधारभूत सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्था, स्वच्छता, स्वास्थ्य सेवाओं, पशु मेला एवं सांस्तिक कार्यक्रमों की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ निर्धारित समय-सीमा में सभी तैयारियां पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में जिला पदाधिकारी द्वारा निम्नलिखित महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। यातायात प्रबंधन एवं विधि-व्यवस्था जेपी सेतु पर सुचारू यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न महत्वपूर्ण स्थानों पर पुलिस बल एवं दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश दिया गया। विशेषकर शनिवार एवं रविवार को तीनों पालियों में पर्याप्त संख्या में पदाधिकारी एवं पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने को कहा गया।

- जेपी सेतु पर ट्रैफिक कंट्रोल के लिए आवश्यक बैरिकेडिंग, ड्रप गेट, स्टैटिक ड्यूटी प्वाइंट, ट्रली एवं अन्य आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। पटना जिला प्रशासन एवं वैशाली जिला प्रशासन के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर संयुक्त यातायात प्रबंधन योजना तैयार करने को कहा गया। श्रावणी मेला के दौरान शनिवार एवं रविवार को अपनाई गई रूट डायवर्जन व्यवस्था की तर्ज पर सोनपुर मेला अवधि में भी आवश्यकतानुसार रूट डायवर्जन की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया। यातायात प्रबंधन का पूर्वाभ्यास (ट्रैफिक ड्रिल) कराने को कहा गया, ताकि प्रतिनियुक्त पदाधिकारी एवं कर्मी निर्धारित व्यवस्था से भली-भांति परिचित रहें। जेपी सेतु के दोनों छोर पर



जिला पदाधिकारी और पुलिस अधीक्षक संयुक्त समीक्षा बैठक।

क्रेन की व्यवस्था रखने तथा वीआईपी मूवमेंट से लगभग एक घंटा पूर्व आवश्यकतानुसार वैकल्पिक यातायात व्यवस्था लागू करने का निर्देश दिया गया, ताकि मुख्य मार्ग पर जाम की स्थिति उत्पन्न न हो। सभी प्रमुख मार्गो पर ट्रैफिक रूट प्लान, पार्किंग स्थल एवं मल्टीलेवल पार्किंग की संभावनाओं को चिति कर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। 2 मेला क्षेत्र में प्रकाश व्यवस्था नगर कार्यपालक पदाधिकारी को प्रकाश व्यवस्था का नोडल पदाधिकारी नामित करते हुए हरिहरनाथ मंदिर प्रवेश द्वार से लेकर मेला परिसर, कैंप एरिया एवं नखास क्षेत्र तक पर्याप्त एवं आकर्षक एलईडी तथा झालर लाइटिंग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

- नगर क्षेत्र की सभी खराब स्ट्रीट लाइटों को 6 नवंबर तक दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया। अनुमंडल पदाधिकारी, सोनपुर को संपूर्ण क्षेत्र का सर्वेक्षण कर प्रकाश व्यवस्था की स्थिति का आकलन करने को कहा गया। गजग्राह प्रतिमा के समीप अव्यवस्थित विद्युत तारों को सुव्यवस्थित कराने का निर्देश दिया गया। 3 पार्किंग, बैरिकेडिंग एवं अतिक्रमण नियंत्रण

पर्यटन विभाग द्वारा स्विस कटेज के लिए चिति क्षेत्र के आसपास पार्किंग की व्यवस्था हेतु संबंधित रैयतों से समन्वय स्थापित कर आवश्यक स्थान उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही जलजमाव की निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। भवन निर्माण विभाग से समन्वय स्थापित कर आवश्यकतानुसार मजबूत बैरिकेडिंग एवं ड्रप गेट की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। पार्कों एवं निर्धारित प्रतिबंधित स्थलों पर दुकान या ठेला नहीं लगने देने तथा अतिक्रमण निरोधी अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। गज ग्रह चौक से घोड़ा बाजार तक संकीर्ण मार्ग पर विशेष रूप से ड्रप गेट एवं बैरिकेडिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया।

4 साफ-सफाई, पेयजल एवं जल निकासी मेला क्षेत्र में नियमित एवं प्रभावी साफ-सफाई सुनिश्चित करने तथा आवश्यकता पड़ने पर तत्काल सफाई के लिए विशेष व्यवस्था रखने का निर्देश दिया गया। मेला क्षेत्र के प्रमुख स्थलों पर पेयजल के लिए स्टैड पोस्ट लगाने तथा आवश्यकतानुसार ड्रेनेज एवं सोख्ता का निर्माण कराने को कहा गया। पशु मेला बाजार में भी पर्याप्त पेयजल एवं साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। नगर निकाय के कार्यपालक पदाधिकारी को मेला क्षेत्र के सभी सार्वजनिक शौचालयों का नगर निकाय की कायाकल्प योजना के तहत आवश्यक मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कराने का निर्देश दिया गया। सभी चौक-चौराहों की पेंटिंग एवं मरम्मत कराने को कहा गया। 5 सड़कों का संधारण एवं आवागमन ग्रामीण विकास विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग एवं पथ निर्माण विभाग को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि मेला क्षेत्र के अंदर तथा मेला तक पहुंचने वाले सभी संपर्क मार्गो को पूरी तरह दुरुस्त रखा जाए। सभी संबंधित सड़कों को गड्ढामुक्त बनाने तथा आवश्यकतानुसार मरम्मत कार्य शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया गया। संबंधित विभागों को निविदा एवं कार्यादेश की प्रक्रिया ससमय पूर्ण कर कार्य सुनिश्चित करने को कहा गया। 6 भीड़ प्रबंधन एवं सुरक्षा व्यवस्था जिला पदाधिकारी ने कहा कि मेले में भीड़ प्रबंधन अत्यंत महत्वपूर्ण है। क्राउड मैनेजमेंट में थोड़ी-सी चूक भी अन्य सभी व्यवस्थाओं को प्रभावित कर सकती है। इसलिए सभी संबंधित पदाधिकारी सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। प्रमुख प्रवेश एवं निकास मार्गो पर पर्याप्त बैरिकेडिंग, ड्रप गेट एवं सुरक्षा बलों की तैनाती सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। पूरे मेला क्षेत्र में यातायात एवं भीड़ नियंत्रण की प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने को कहा गया। 7 घाटों पर आपदा प्रबंधन एवं सुरक्षा मढौघा, पहलेजा घाट एवं कालीघाट पर दो-दो एसडीआरएफ टीमों की प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश दिया गया, ताकि घाटों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित हो सके। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर घाटों पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए चेंजिंग रूम की व्यवस्था की कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश अनुमंडल पदाधिकारी, सोनपुर को दिया गया। 8 खेलकूद एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन प्रमंडल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं के आयोजन की तैयारियों की समीक्षा की गई। सोनपुर आइडल प्रतियोगिता की तैयारियों का भी जायजा लिया गया तथा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण करने को कहा गया। सभी कार्यो की गुणवत्ता एवं प्रगति की जांच के लिए टीम गठित कर नियमित रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। 9. कला, संस्ति एवं सांस्तिक कार्यक्रम कला एवं संस्ति के अंतर्गत पर्यटन विभाग तथा जिला प्रशासन की ओर से कलाकारों की भागीदारी सुनिश्चित करने के संबंध में समीक्षा की गई। जिला कला एवं संस्ति पदाधिकारी को कलाकारों एवं उनके टाइम स्लट को अंतिम रूप देने का निर्देश दिया गया, ताकि सांस्तिक कार्यक्रमों का व्यवस्थित आयोजन किया जा सके। 10 स्वास्थ्य एवं चिकित्सा व्यवस्था सिविल सर्जन से मेला क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं की तैयारियों की समीक्षा की गई।

- बैठक में बताया गया कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से सात अस्थायी स्वास्थ्य शिविर 24ञ7 संचालित किए जाएंगे। मेला क्षेत्र के नौ स्थानों पर एंबुलेंस की व्यवस्था रखने का निर्देश दिया गया, ताकि किसी भी आपातकालीन स्थिति में त्वरित चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जा सके। 11 पशु मेला एवं पशु चिकित्सा व्यवस्था पशु मेला के सभी बाजार स्थलों पर पर्याप्त पेयजल एवं जल निकासी के लिए ड्रेनेज एवं सोख्ता की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। पशुओं के उपचार एवं स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं के लिए समर्पित पशु चिकित्सा टीम की 24ञ7 उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया। सोनपुर पशु अस्पताल को भी 24 घंटे संचालित रखने तथा मेला क्षेत्र में आवश्यकतानुसार पशु चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश दिया गया। 12 स्थानीय लोगों एवं अन्य व्यवस्थाओं से संबंधित निर्देश

मेला क्षेत्र के स्थानीय वासियों को आवश्यकतानुसार पास निर्गत करने के संबंध में निर्देश दिया गया। डाक बंगला की समुचित साफ-सफाई, रंग-रोगन एवं आवश्यक मरम्मत कराने को कहा गया। मेला से संबंधित सभी महत्वपूर्ण सूचनाओं, संयुक्त आदेशों एवं संपर्क सूत्रों के व्यवस्थित प्रसार के लिए 'मेला दर्पण' की तैयारी करने का निर्देश दिया गया। इसके माध्यम से सभी संयुक्त आदेश एवं आवश्यक सूचनाएं नियमित रूप से उपलब्ध कराई जाएंगी। मेला क्षेत्र में स्थापित नियंत्रण कक्ष को प्रभावी ढंग से संचालित करने तथा सभी संबंधित विभागों के बीच त्वरित समन्वय सुनिश्चित करने को कहा गया। जिला पदाधिकारी ने सभी विभागों को निर्देश दिया कि मेला आयोजन से संबंधित सभी तैयारियों को आपसी समन्वय के साथ समयबद्ध तरीके से पूरा करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि श्रद्धालुओं, पर्यटकों एवं आम नागरिकों को सुरक्षित, स्वच्छ, सुगम एवं बेहतर सुविधाओं से युक्त मेला अनुभव उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए सभी संबंधित विभाग पूरी तत्परता एवं जवाबदेही के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें।

संक्षिप्त खबरें

परहम पंचायत में सरकारी राशि की बंदरबांट का आरोप

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। जमालपुर प्रखंड की परहम पंचायत में सरकारी योजनाओं की राशि में कथित अनियमितता और बंदरबांट का मामला सामने आया है। पंचायत के पूर्व मुखिया तनिक पंडित ने इस संबंध में जिला प्रशासन को आवेदन देकर मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है।पूर्व मुखिया ने आरोप लगाया कि पंचायत में आवास योजना का लाभ दिलाने के नाम पर बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं का उद्देश्य जरूरतमंद और गरीब परिवारों को लाभ पहुंचाना है, लेकिन यदि योजनाओं की राशि में अनियमितता होती है तो इसका सीधा नुकसान पात्र लाभुकों को उठाना पड़ता है।उन्होंने जिला प्रशासन से पूरे मामले की जांच कराकर सरकारी राशि के इस्तेमाल का ब्योरा खंगालने की मांग की है। साथ ही, अनियमितता की पुष्टि होने पर संबंधित जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की अपील की है। हालांकि, इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी।

विसर्जन में उपद्रव करने वालों पर होगी सख्त कानूनी कार्रवाई

जमालपुर (मुंगेर)(एनएसबी)। काली पूजा एवं लोक आस्था के महापर्व छठ को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर जमालपुर आदर्श थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान ने की। इसमें पूजा समितियों के प्रतिनिधियों एवं स्थानीय गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया। बैठक में पूजा आयोजन, प्रतिमा विसर्जन, विधि-व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान ने स्पष्ट कहा कि काली पूजा के दौरान शांति भंग करने, उपद्रव फैलाने अथवा कानून व्यवस्था में बाधा डालने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। ऐसे लोगों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने पूजा समितियों को निर्देश दिया कि प्रतिमा विसर्जन के दौरान निर्धारित नियमों का पूरी तरह पालन करें।

बिटिया के नाम 51 दीप जलाकर बेटियों के उज्ज्वल भविष्य का लिया संकल्प

कॉलिंग इंटरनेशनल स्कूल की शिक्षिकाओं ने की अनूठी पहल

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। बेटियां घर की खुशहाली और समाज की असली ताकत होती हैं। उनके सम्मान, शिक्षा और उज्ज्वल भविष्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से दरियापुर स्थित कलिंग इंटरनेशनल स्कूल में अनूठी पहल की गई। यहां लाडो बिटिया के नाम 51 दीपक जलाकर बेटियों के भविष्य को संवारने और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करने का संकल्प लिया गया।कार्यक्रम में विद्यालय के संस्थापक उमेश प्रसाद सिंह, निदेशक पंकज कुमार सिंह, प्राचार्य राकेश कुमार सिंह, उपप्राचार्य सूरज जायसवाल और प्रशासक प्रणव कुमार मौजूद रहे। इस दौरान शिक्षिकाओं ने बेटियों के सम्मान और उनके उज्ज्वल भविष्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।इस पहल में शिक्षिका खुशबू कुमारी, अश्वनी कुमारी, निशा गुप्ता, रितु कुमारी, आकांक्षा कुमारी, तानिया कुमारी, रंजीता, प्रियंका कुमारी, रिचा कुमारी, नैना कुमारी, करीना कुमारी और मुस्कान कुमारी ने भाग लिया। सभी ने 51 दीपक जलाकर बेटियों के जीवन में शिक्षा, समानता और आत्मनिर्भरता का प्रकाश फैलाने का संदेश दिया।कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि बेटियों को समान अवसर, उचित शिक्षा और प्रोत्साहन देकर ही सशक्त समाज का निर्माण किया जा सकता है। बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच अपनाना और उनके सपनों को पूरा करने में सहयोग देना प्रत्येक परिवार और समाज की जिम्मेदारी है।



बेटियों के सम्मान में दीप जलते कलिंग्स इंटरनेशनल स्कूल।

थानाध्यक्ष के स्थानांतरण से जनता मायूस

जमालपुर (मुंगेर)। ईस्ट कलोनी थाना के थानाध्यक्ष वीरभद्र सिंह के अचानक स्थानांतरण की खबर से क्षेत्र की जनता और जनप्रतिनिधियों में मायूसी देखी जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि काफी अरसे बाद ईस्ट कलोनी थाना को एक अच्छे और कर्तव्यनिष्ठ पदाधिकारी मिले थे। उनके कार्यकाल में लोगों को पुलिस से बेहतर सहयोग और न्याय की उम्मीद जगी थी। ऐसे में अचानक उनका स्थानांतरण होने से लोगों में निराशा है। जनता और जनप्रतिनिधियों ने कहा कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और आम लोगों की समस्याओं के समाधान में अच्छे पुलिस पदाधिकारी की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

बेटियां हैं घर की रौनक, इन्हें मिले सपनों को साकार करने की आजादी

जमालपुर (एनएसबी)। लायंस क्लब अफ जमालपुर आदर्श की कोषाध्यक्ष सोनम रजा कहती है बेटियां घर की रौनक होती हैं। उनकी मुस्कान से घर में खुशियां आती हैं और उनके होने से परिवार में अपनापन व खुशहाली बढ़ती है। आज की बेटियां शिक्षा, विज्ञान, खेल, चिकित्सा, प्रशासन और अन्य क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। वे अपने माता-पिता के साथ परिवार, समाज और देश का नाम रोशन कर रही हैं।बेटियों को केवल प्यार और दुलार ही नहीं, बल्कि अपने सपनों को पूरा करने की आजादी भी मिलनी चाहिए। उनकी उड़ान पर बंदिशें लगाने के बजाय उन्हें आगे बढ़ने का अवसर देना चाहिए, ताकि वे अपनी मेहनत और प्रतिभा से इतिहास रच सकें।समाज को बेटा-बेटी के बीच भेदभाव मिटाकर समान अधिकार, शिक्षा और सम्मान सुनिश्चित करना होगा। आखिरकार, बेटी की सफलता पूरे परिवार का गौरव होती है।



सोनम रजा,कोषाध्यक्ष, लायंस क्लब।

शराब के नशे में पत्नी के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप

जमालपुर (मुंगेर)। ईस्ट कलोनी थाना क्षेत्र के छोटी आशिकपुर में घरेलू हिंसा का मामला सामने आया है। यहां एक महिला ने अपने पति पर शराब के नशे में गाली-गलौज करने, मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता उत्तम कुमारी ने इस संबंध में रविवार,1 नवंबर को ईस्ट कलोनी थाना में लिखित आवेदन देकर पुलिस से न्याय और सुरक्षा की गुहार लगाई है।थाना में दिए गए आवेदन के अनुसार, पीड़िता ने बताया कि 1 नवंबर की सुबह करीब आठ बजे उनके पति पवन कुमार ने कथित रूप से शराब के नशे में उनके साथ गाली-गलौज की और मारपीट की। महिला का आरोप है कि उनके पति आए दिन उनके साथ दुर्व्यवहार और मारपीट करते हैं, जिससे उन्हें शारीरिक एवं मानसिक प्रताड़ना झेलनी पड़ रही है।पीड़िता ने आवेदन में अपनी सुरक्षा को लेकर आशंका जताते हुए कहा है कि भविष्य में उनके साथ दोबारा ऐसी घटना हो सकती है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मामले की उचित जांच कर दोषी के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने के साथ ही स्वयं और अपने बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित कराने की मांग की है।

छठ घाट को व्यवस्थित करने में लगे हैं मुखिया प्रतिनिधि

बाढ़ के बाद खतरनाक हुए सिंघिया घाट

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने को लेकर जमालपुर प्रखंड की सिंघिया पंचायत में तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में रविवार को मुखिया प्रतिनिधि जवाहर साह ने वार्ड सदस्यों की टीम के साथ पंचायत के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने घाटों की मौजूदा स्थिति का जायजा लेते हुए विशेष रूप से बाढ़ के कारण खतरनाक हो चुके सिंघिया गंगा घाट की स्थिति पर चिंता जताई।निरीक्षण के दौरान जवाहर साह ने कहा कि इस बार बाढ़ के कारण गंगा घाट की स्थिति काफी खतरनाक हो गई है। ऐसे में छठ वतियों और श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए महापर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराना पंचायत के लिए बड़ी चुनौती है। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की कि सिंघिया घाट की खतरनाक स्थिति को देखते हुए इस बार विशेष व्यवस्था की जाए, ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो।उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर से जितना संभव है, उतनी व्यवस्था पहले भी की जाती रही है और आगे भी पूरी जिम्मेदारी के साथ प्रयास जारी रहेगा। लेकिन बाढ़ के कारण घाटों की बदली स्थिति को देखते हुए प्रशासन का सहयोग भी बेहद जरूरी है। निरीक्षण के बाद घाटों की वास्तविक स्थिति से जिला प्रशासन को अवगत कराया जाएगा।मुखिया प्रतिनिधि ने बताया कि सिंघिया पंचायत के भागवत शाह टोला, दरगाह टोला, जानीपुर और महम्मदपुर सहित गंगा किनारे के दर्जनों स्थानों पर छठ पूजा का आयोजन होता है। इन सभी घाटों को व्यवस्थित करना पंचायत की प्राथमिकता है। इसके लिए घाटों की साफ-सफाई, छठ वतियों एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा, चेंजिंग रूम, पर्याप्त रोशनी, ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव और माइकिंग की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही नाव के माध्यम से घाटों की निगरानी भी की जाएगी।उन्होंने कहा कि छठ महापर्व में बड़ी संख्या में श्रद्धालु गंगा घाटों पर पहुंचते हैं। ऐसे में सुरक्षा और सुविधाओं को लेकर किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इसी उद्देश्य से अभी से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं, ताकि वतियों को अर्घ्य देने के दौरान किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।निरीक्षण के दौरान वार्ड प्रतिनिधि नीरज कुमार, बबलू कुमार भारती सहित कई लोग मौजूद थे।



छठ घाट का निरीक्षण करते मुखिया प्रतिनिधि।

संक्षिप्त खबरें

निर्दलीय एमएलसी के भाजपा में शामिल होने के दावे से सियासी हलचल, सदस्यता पर उठे सवाल

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। निर्दलीय विधान पार्षद बंशीधर ब्रजवासी और राहुल राज के भाजपा में शामिल होने को लेकर बिहार की राजनीति में नई बहस छिड़ गई है। दोनों नेताओं की राजनीतिक सदस्यता और विधान परिषद की सदस्यता को लेकर संवैधानिक प्रावधानों के संदर्भ में सवाल उठने लगे हैं। मामले का अहम पहलू यह है कि निर्दलीय निर्वाचित जनप्रतिनिधि यदि चुनाव जीतने के बाद किसी राजनीतिक दल की सदस्यता ग्रहण करते हैं, तो संविधान की दसवीं अनुसूची के तहत उनकी सदस्यता पर अयोग्यता का प्रश्न उठ सकता है। हालांकि, इस संबंध में अंतिम निर्णय सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के तहत ही लिया जा सकता है। सदस्यता ग्रहण करने के दावे और बाद के स्पष्टीकरण ने बढ़ाई चर्चा मीडिया में भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने की बात स्वीकार किए जाने के बाद बंशीधर ब्रजवासी के एक अन्य बयान ने मामले को और दिलचस्प बना दिया है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, बाद में उन्होंने भाजपा में औपचारिक सदस्यता लेने से इनकार करते हुए कहा कि उन्होंने केवल समर्थन दिया है। इस विरोधाभासी बयान के बाद राजनीतिक गलियारों में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। संविधान की दसवीं अनुसूची के पैरा 2(2) के अनुसार, निर्दलीय निर्वाचित सदस्य चुनाव के बाद किसी राजनीतिक दल में शामिल होता है तो उसे सदन की सदस्यता से अयोग्य ठहराया जा सकता है। हालांकि, केवल किसी दल को बाहरी समर्थन देना और उसकी औपचारिक सदस्यता ग्रहण करना अलग-अलग स्थितियां हैं। इस अंतर का निर्धारण उपलब्ध साक्ष्यों और संबंधित सदस्य के आचरण के आधार पर किया जाएगा। अयोग्यता पर निर्णय विधान परिषद के सभापति को करना है। इस मुद्दे पर राजद और जन सुराज की ओर से दोनों विधान पार्षदों की सदस्यता समाप्त करने की मांग उठाई गई है। वहीं, भाजपा की ओर से दोनों नेताओं को पार्टी में शामिल किए जाने की घोषणा की गई थी। ऐसे में अब सबकी निगाहें इस मामले में होने वाली संवैधानिक और कानूनी कार्रवाई पर टिकी हैं। इस पूरे घटनाक्रम के बीच शिक्षकों के बीच भी जनप्रतिनिधियों की राजनीतिक प्रतिबद्धता और उनके मूल दायित्वों को लेकर चर्चा तेज हो गई है। चुनाव के दौरान किसने किसका समर्थन किया, किसके पक्ष में प्रचार हुआ और किसे वोट दिलाने की कोशिश की गई, इसे लेकर सामने आ रहे बयान और वीडियो भी राजनीतिक चर्चाओं का हिस्सा बन रहे हैं। शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों से चुने जाने वाले प्रतिनिधियों से शिक्षकों को केवल राजनीतिक समीकरणों में उलझने की नहीं, बल्कि उनके अधिकारों, सेवा-सुरक्षा, वेतन, पेंशन और शैक्षणिक समस्याओं को मजबूती से उठाने की अपेक्षा रहती है। ऐसे में राजनीतिक निष्ठा से अधिक महत्वपूर्ण शिक्षकों के प्रति जवाबदेही और जनविश्वास बनाए रखना है। अब बड़ा सवाल यही है कि राजनीतिक दलों में शामिल होने और केवल समर्थन देने के बीच संवैधानिक अंतर का फैसला क्या होगा और शिक्षक हितों की बात करने वाले जनप्रतिनिधि अपने कार्यो से शिक्षकों का कितना विश्वास जीत पाएंगे

हाथीदह टाल से जलनिकासी नहीं हुई तो 6 लेन पर होगा अनिश्चितकालीन आंदोलन

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। हाथीदह टाल क्षेत्र में जलजमाव की समस्या से परेशान किसानों का आक्रोश अब बढ़ता जा रहा है। मोकामा नगर परिषद क्षेत्र का पानी टाल में गिरने से बड़े भूभाग में जलजमाव की स्थिति बनी हुई है। इससे खेती-किसानी प्रभावित होने के साथ किसानों को आर्थिक नुकसान की चिंता सता रही है। किसानों ने प्रशासन को 10 दिनों का अल्टीमेटम देते हुए स्पष्ट किया है कि निर्धारित समय सीमा के भीतर हाथीदह टाल से पानी की समुचित निकासी नहीं कराई गई तो वे छह लेन सड़क को अनिश्चितकाल के लिए जाम करने को बाध्य होंगे। किसानों का कहना है कि नगर परिषद के पानी की निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने का खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ रहा है।किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि जलनिकासी की समस्या का स्थायी समाधान किया जाए, ताकि टाल क्षेत्र की षि भूमि को जलजमाव से मुक्त कराया जा सके। उनका कहना है कि समय पर पानी नहीं निकलने से रबी फसल की बुआई भी प्रभावित हो सकती है। अब देखना यह है कि किसानों के अल्टीमेटम के बाद प्रशासन कितनी तत्परता से कार्रवाई करता है। फिलहाल, हाथीदह टाल की जलनिकासी का मुद्दा किसानों और प्रशासन के बीच गंभीर चुनौती बनता जा रहा है।

निर्माण के बाद ही धंसने लगी मुख्यमंत्री ग्रामीण संपर्क सड़क

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। मोकामा प्रखंड के तारतर गांव में मुख्यमंत्री ग्रामीण संपर्क सड़क योजना के तहत निर्मित सड़क का हिस्सा धंसने से निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठने लगे हैं। सड़क के धंसने से स्थानीय लोगों में चिंता है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क का निर्माण आवागमन की सुविधा के लिए कराया गया था, लेकिन इसके क्षतिग्रस्त होने से योजना के उद्देश्य पर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों ने संबंधित विभाग से सड़क निर्माण की गुणवत्ता की जांच कराने तथा धंसे हुए हिस्से की शीघ्र मरम्मत कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते इसकी तकनीकी जांच और आवश्यक मरम्मत नहीं कराई गई तो सड़क की स्थिति और खराब हो सकती है। अब देखना यह है कि संबंधित विभाग मामले को कितनी गंभीरता से लेते हुए स्थल निरीक्षण कराता है और सड़क की वास्तविक स्थिति के आधार पर आवश्यक कार्रवाई करता है।

पूर्व विधायक ज्ञानेंद्र सिंह ज्ञानू ने स्व. श्यामा देवी को दी श्रद्धांजलि

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। पत्रकार धर्मेंद्र (छोटू) की माता स्व श्यामा देवी के श्राद्धकर्म में पूर्व विधायक ज्ञानेंद्र सिंह ज्ञानू पहुंचे। उन्होंने दिवंगत श्यामा देवी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा शोकाकुल परिजनों से मिलकर अपनी संवेदना व्यक्त की। इस दौरान उपस्थित लोगों ने भी दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

एसआईआर के मुद्दे पर इंडिया गठबंधन का प्रदर्शन जायज : नरेंद्र तांती

चुनाव आयोग के खिलाफ कार्रवाई की मांग जिले में आंदोलन तेज करने का ऐलान

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। दिल्ली के रामलीला मैदान में एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) के मुद्दे पर इंडिया गठबंधन की ओर से किए जा रहे प्रदर्शन को इंडियन एक्सक्लूसिव पार्टी के जिलाध्यक्ष सह महागठबंधन प्रत्याशी नरेंद्र तांती ने जायज ठहराया है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में कथित अनियमितताओं के खिलाफ आवाज उठाना लोकतंत्र की रक्षा के लिए जरूरी है।रविवार को दौलतपुर स्थित पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ आयोजित आवश्यक बैठक को संबोधित करते हुए नरेंद्र तांती ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर मतदाता सूची में व्यापक पैमाने पर अनियमितता होने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि इन अनियमितताओं की पुष्टि भी हो चुकी है। उन्होंने केंद्र सरकार से मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ कार्रवाई करने और उन्हें पद से बर्खास्त करने की मांग की।नरेंद्र तांती ने कहा कि मतदाता सूची में गड़बड़ी लोकतांत्रिक व्यवस्था और मतदाताओं के अधिकारों पर गंभीर सवाल खड़े करती है। उन्होंने आरोप लगाया कि लोकतंत्र की गरिमा बनाए रखने के लिए इस मामले में निष्पक्ष जांच और कड़ी कार्रवाई आवश्यक है।उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ कड़ी कार्रवाई नहीं होती, तब तक इंडिया गठबंधन के आह्वान पर उनकी पार्टी जिले में धरना-प्रदर्शन और आंदोलन को गति देती रहेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत करने तथा लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुट होकर संघर्ष करने की अपील की।बैठक में रणधीर कुमार, बिट्टू कुमार, उमेश कुमार, फिरोज आलम, वीरेंद्र कुमार गुप्ता, कुंदन तांती, बृजमोहन तांती, सुनील यादव, मीनू कुमारी, आदित्य कुमार, आशीष कुमार, आदर्श कुमार, सौरभ कुमार, सागर कुमार और आदित्य राज सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

संक्षिप्त खबरें

फाइनांस बैंक ने वृक्षारोपण कर मनाया स्थापना दिवस

विद्यापतिनगर एनएसबी। राजकीय डिग्री कॉलेज विद्यापतिनगर के परिसर में रविवार को यूनिटी स्मॉल फाइनांस बैंक ने अपनी पांचवी वर्षगाँठ पर वृक्षारोपण कार्यक्रम किया। इस अवसर पर बैंक कर्मियों ने परिसर में 20 पेड़ लगाया। इस मौके पर बैंक के आरएम मिथिलेश कुमार, सीएम ज्ञान सिंह यादव, बीएम मो फजले हक एवं समाजसेवी राम नरेश झा, बिपिन सिंह आदि थे।

वोट चोरी के मुद्दे पर इंडिया गठबंधन ने किया धरना-प्रदर्शन

की गांव-गांव में जागरूकता अभियान चलाने की घोषणा और ज्ञानेश कुमार और मोदी-शाह से इस्तीफे की मांग

समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी। दिल्ली के रामलीला मैदान में रविवार को इंडिया गठबंधन द्वारा आयोजित आंदोलन के समर्थन में समस्तीपुर शहर के स्टेशन चौक स्थित गांधी प्रतिमा स्थल पर इंडिया गठबंधन के कार्यकताओं ने धरना-सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कथित वोट चोरी के मुद्दे पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से इस्तीफे की मांग की गई। सभा की अध्यक्षता भाकपा , माकपा, भाकपा माले, राजद



एवं कांग्रेस के पांच सदस्यीय अध्यक्षमंडल ने की। इसमें सुरेंद्र प्रसाद सिंह, रामप्रीत पासवान, विनोद पासवान, रामसागर पासवान एवं डोमन राय शामिल थे। सभा को शत्रुघ्न राय पंजी, अशोक कुमार, उपेंद्र राय, दीनबंधु प्रसाद, दीपक यदुवंशी, शुशील राय, बच्चा राय, सुधीर कुमार देव, परमानंद मिश्र, अनील प्रसाद, मो० मुन्ना, शत्रुघ्न यादव, अनील कुमार महतो, तिलक सहनी, रामबृक्ष राय, हरिनारायण राय, रामप्रकाश यादव, डा० राम कुमार, मनोज कुमार गुप्ता, मो० सईद अंसारी, शत्रुघ्न प्रसाद, विश्वनाथ सिंह हजारी, मो० आतीब समेत दर्जनों वक्ताओं ने संबोधित किया। मुख्य वक्ता सभा को संबोधित करते हुए भाकपा के जिला सचिव सुरेंद्र कुमार सिंह मुन्ना ने वोट चोरी के मुद्दे को लोकतंत्र और मताधिकार से जुड़ा सवाल बताते हुए गांव-गांव में जागरूकता अभियान चलाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को लेकर आम लोगों के बीच व्यापक जनजागरण अभियान चलाया जाएगा।

आपसी विवाद में मारपीट, दो गांवों के पांच लोग जख्मी

कल्याणपुर/एनएसबी। प्रखंड क्षेत्र के दो अलग-अलग गांवों में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटनाओं में पांच लोग जख्मी हो गए। घटना के बाद परिजनों ने सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी), कल्याणपुर में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने उनका उपचार किया।घायलों की पहचान सोमनाहा गांव की पिंकी कुमारी तथा रतनपुर गांव के संतोष कुमार, अमरजीत कुमार, चंद्रजीत कुमार और शांति देवी के रूप में हुई है। सभी घायलों का सीएचसी में इलाज किया गया।इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. बीके ठाकुर ने बताया कि मारपीट की अलग-अलग घटनाओं में पांच लोग जख्मी हुए हैं। सभी का स्वास्थ्य केंद्र में उपचार किया गया है।

समस्तीपुर में राज्य स्तरीय अंतर प्रमंडलीय बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता का भव्य आगाज, पहले दिन मुंगेर और एकलव्य की टीम चमकी

समस्तीपु कार्यालय एनएसबी। शहर के पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, पू.म.रे. के खेल मैदान में रविवार को खेल का महाकुंभ शुरू हो गया। खेल विभाग, बिहार सरकार, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण एवं जिला प्रशासन, समस्तीपुर के संयुक्त तत्वावधान में छह दिवसीय राज्य स्तरीय अंतर प्रमंडलीय विद्यालय बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता का रंगारंग आगाज हुआ।



जिलाधिकारी ने किया उद्घाटन

प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर सदर अनुमंडल पदाधिकारी राकेश कुमार, एनडीसी रजनीश कुमार राय, ओएसडी अलीएकराम, जिला आपूर्ति पदाधिकारी अनिल कुमार, पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय के प्रधानाध्यापक जितेंद्र कुमार तथा जिला खेल पदाधिकारी विवेक कुमार शर्मा मंच पर मौजूद रहे। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा ने कहा कि बिहार सरकार बेटियों को खेल के क्षेत्र में आगे लाने के लिए प्रतिबद्ध है। ऐसे आयोजनों से ग्रामीण और शहरी क्षेत्र की प्रतिभावान बालिकाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच मिलता है। उन्होंने सभी टीमों को निष्पक्ष और खेल भावना से खेलने की शुभकामनाएं दीं।

तीन आयु वर्गों में होगा मुकाबला

जिला खेल पदाधिकारी विवेक कुमार शर्मा ने बताया कि यह प्रतियोगिता 6 दिनों तक चलेगी। इसमें पूरे बिहार के सभी प्रमंडलों से आई अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 आयु वर्ग की बालिका फुटबॉल टीमें हिस्सा ले रही हैं। सभी मुकाबले नॉकआउट आधार पर खेले जाएंगे। फाइनल मुकाबले के बाद विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

पहले दिन के मुकाबले में दिखा दमखम

प्रतियोगिता के पहले दिन अंडर-14 बालिका वर्ग के लीग मुकाबले खेले गए। पहले दिन के खेल में दर्शकों को रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। पहले मुकाबले में मुंगेर प्रमंडल की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। वहीं दूसरे मुकाबले में एकलव्य आवासीय विद्यालय की बालिकाओं ने अपने बेहतरीन तालमेल और तेज हमलों के दम पर जीत हासिल कर अगले दौर में प्रवेश किया। मैदान में छोटी बच्चियों के जोश और जुनून को देखकर दर्शकों ने खूब तालियां बजाईं। जिला प्रशासन द्वारा खिलाड़ियों के रहने, खाने और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओं अभियान के तहत भाजपा द्वारा समस्तीपुर बुद्धजीवी नागरिकों एवं युवाओं के साथ संवाद आयोजित

समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी। भाजपा बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष हरेराम चौधरी की अध्यक्षता में भाजपा द्वारा चलाए जा रहे लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओं अभियान के कार्यक्रम को लेकर होटल कैलाश इन में बुद्धजीवियों की संगोष्ठी आयोजित की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा बिहार प्रदेश के प्रवक्ता कुंतल कृष्णन ने कहा कि कांग्रेस और उनके सहयोगी दल पूरे भारत में झुठा नैरेटिव सेट करने का प्रयास कर रहे हैं। आमलोगों ने जिन मुद्दों को नकार दिया है वे उन्हीं को लेकर संवैधानिक संस्था और चुनाव आयोग पर सवाल उठाकर कांग्रेस और उनके सहयोगी गठबंधन चुनाव में मिल रहे पराजय की खीझ मिटा रहे हैं। इस प्रकार वे लोकतंत्र को कमजोर करते हुए आरजकता फैलाकर सत्ता में आना चाह रहे है। वहीं उन्होंने दूसरी ओर युवाओं से लोकतंत्र को मजबूत करने और आरजकता पैदा करने वाले का विरोध करने का आह्वान किया। इसी क्रम में भाजपा युवा मोर्चा द्वारा पटेल मैदान के निकट एक निजी परिसर में, मोर्चा जिलाध्यक्ष विमल कुमार गोलू की अध्यक्षता में आयोजित संगोष्ठी में कृष्णन, एमएलसी डॉ तरूण कुमार, विधायक वीरेंद्र कुमार पासवान, प्रो. विजय कुमार शर्मा, जिला महामंत्री सुनील कुमार गुप्ता, जिला मुख्य प्रवक्ता मुकेश कुमार सिंह, मनोज जायसवाल, प्रदीप साह शिवे, सुजय कुमार पासवान, सुशील चौबे, अरविंद कुमार, वीरेंद्र यादव, राजीव सुर्यवंशी आदि शामिल रहे।

नाना के दाह संस्कार से लौट रहे दो युवकों को बस ने कुचला, मचा कोहराम

समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी। मोहम्मदपुर कोआरी पंचायत के वार्ड संख्या एक स्थित दिगम्बरा गांव के दो युवकों की रविवार को बेगूसराय जिले के मोहनिया ढाला के निकट सड़क हादसे में मौत हो गई। मृतकों की पहचान गांव के कुंदन कुमार सिंह के पुत्र अंशु कुमार (22) और गोपाल सिंह के पुत्र गुलशन कुमार (22) के रूप में हुई है। घटना के बारे में बताया गया है कि दोनों युवक बाढ़ के करजान गांव में अंशु के नाना के दाह संस्कार में शामिल होने गए थे। वहां से रविवार को मोटर साइकिल से घर लौट रहे थे। इसी क्रम में मोहनिया ढाला के निकट



एक गड्ढे सामने आने से मोटर साइकिल का संतुलन बिगड़ गया और दोनों सड़क पर गिर गए। इस बीच करीब 1.30 बजे बेगूसराय से दलसिंहसराय की ओर आ रही एक तेज रफ्तार बस उन्हें कुचलते हुए भाग गई। जिससे दोनों युवकों की तत्काल घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई। दोनों अपने परिवार के दो भाइयों में बड़े पुत्र थे। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। घटना की जानकारी मिलते ही पूर्व जिला पार्षद, व जन सुराज पार्टी के क्षेत्रीय प्रभारी संजय कुमार सिंह ने मृतकों के परिजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त और शोक संतप्त परिवारों को ढांढ़स बंधाते हुए इस दुख की घड़ी में साथ खड़े होने का आश्वासन दिया।

केंद्रीय गृह मंत्री दक्षता पदक के लिए चयनित हुए एएसपी दिनेश कुमार पाण्डेय

दलसिंहसराय में एसडीपीओ रहते अपराध नियंत्रण के साथ ह्यऑपरेशन संस्कारह्ल से युवाओं को किया था जागरूक, क्षेत्र में खुशी की लहर



विद्यापतिनगर एनएसबी। बिहार एसटीएफ में पदस्थापित एडिशनल एसपी दिनेश कुमार पाण्डेय को उनकी कर्तव्यनिष्ठा, कार्यकुशलता और पुलिस सेवा में उत्कृष्ट योगदान के लिए केंद्रीय गृह मंत्री दक्षता पदक से सम्मानित करने के लिए चयनित किया गया है। देशभर में चयनित 490 पुलिसकर्मियों में बिहार के सात पुलिस पदाधिकारियों को इस सम्मान के लिए चुना गया है। इनमें दिनेश कुमार पाण्डेय का नाम शामिल होने से दलसिंहसराय अनुमंडल सहित विद्यापतिनगर क्षेत्र के लोगों में हर्ष का माहौल है। दिनेश कुमार पाण्डेय का दलसिंहसराय अनुमंडल में एसडीपीओ के रूप में कार्यकाल आज भी लोगों को याद है। इस दौरान उन्होंने अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में कई महत्वपूर्ण पहल की थी। उनकी कार्यशैली केवल अपराध नियंत्रण तक सीमित नहीं रही, बल्कि सामाजिक जागरूकता और युवाओं के चरित्र निर्माण पर भी विशेष जोर दिया।

एसडीपीओ रहते हुए उन्होंने विद्यालयों और शिक्षण संस्थानों में ह्यऑपरेशन संस्कारह्ल अभियान चलाया था। इसके माध्यम से विद्यार्थियों और युवाओं को नशे से दूर रहने, अनुशासन अपनाने तथा समाज और राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने के लिए प्रेरित किया जाता था। उनका मानना था कि युवाओं को सही दिशा देकर सामाजिक बुराइयों और अपराध की प्रवृत्ति पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकता है। श्री पाण्डेय अपनी अनुशासित दिनचर्या और फिटनेस के प्रति समर्पण के लिए भी जाने जाते रहे हैं। दलसिंहसराय में पदस्थापना के दौरान वे नियमित रूप से दलसिंहसराय से विद्यापतिनगर तक दौड़ लगाते थे। पुलिस सेवा की व्यस्तता के बावजूद उनका यह अभ्यास शारीरिक क्षमता और अनुशासन के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का परिचायक था। उनके दौड़ की इस आदत से जहां युवा प्रेरित होते थे वहीं अपराधियों में डर का माहौल बना रहता था। केंद्रीय गृह मंत्री दक्षता पदक के लिए चयनित होने पर क्षेत्र के लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त की है। राजीव कुमार, रत्न शंकर भारद्वाज, विकास कुमार गिरि सहित अन्य लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि उनकी इस उपलब्धि से दलसिंहसराय और विद्यापतिनगर क्षेत्र का गौरव बढ़ा है।

भाजपा ताजपुर दक्षिणी मंडल की मासिक संगठनात्मक बैठक संपन्न

ताजपुर एनएसबी। भारतीय जनता पार्टी ताजपुर दक्षिणी अंतर्गत माधोपुर दिघरुआ स्थित मंडल किसान मोर्चा अध्यक्ष पुरुषोत्तम सिंह के आवास पर मंडल अध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह की अध्यक्षता में मासिक संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक का संचालन मंडल महामंत्री धनु कुमार राय ने किया। बैठक में मन की बात कार्यक्रम की समीक्षा की गई। मंडल प्रभारी डॉ. ज्ञान शंकर कौशल जी के द्वारा सभी शक्ति केंद्र प्रभारी एवं शक्ति केंद्र अध्यक्षों की समीक्षा की गई। इस अवसर पर कार्यकताओं को संबोधित करते हुए मंडल प्रभारी ने कहा कि शक्ति केंद्र प्रमुख एवं बूथ अध्यक्ष संगठन की रीढ़ होते हैं। सभी शक्ति केंद्र प्रभारियों से आग्रह है कि संगठन की मजबूती के दृष्टिकोण से हर माह के तृतीय सप्ताह के तीन दिनों के अंदर शक्ति केंद्र बैठक सुनिश्चित करेंगे, जिसमें मन की बात कार्यक्रम



सभी बूथों पर हो इसकी चिंता बैठक में ही तय कर लेंगे। जिला महामंत्री मनोज कुमार सिंह भी संबोधित किया। मौके पर मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष शशिधर झा, संतोष दास, धनु कुमार राय, अमरेश कुमार चौरसिया, प्रद्युमन कुमार, आनंद कुमार गुप्ता, सत्यनारायण चौधरी, अमित कुमार, रणधीर पासवान, मुन्ना दास, गौरव कुमार, अजय कुमार सिन्हा, मुकेश पासवान, सुनील राम, धनेश्वर सिंह,संजीव साह आदि।

नियमितीकरण की मांग को लेकर डेटा इंट्री ऑपरेटरों ने निकाला रोड मार्च

29 वर्षों से कार्यरत कर्मियों को सरकारी कर्मचारी का दर्जा देने की मांग

समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी। बिहार राज्य डेटा इंट्री ऑपरेटर संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर रविवार को समस्तीपुर में डेटा इंट्री ऑपरेटरों, प्रोग्रामरों, स्टेनोग्राफरों और आईटी ब्वॉय/गर्ल कर्मियों ने रोड मार्च निकाला। सुबह 11 बजे राजपत्रित कर्मचारी महासंघ भवन से शुरू हुआ मार्च पुरानी बस स्टैंड स्थित चिह्नित धरना स्थल तक पहुंचा। इसमें विभिन्न विभागों और कार्यालयों में कार्यरत बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष कर्मियों ने भाग लिया।



इस दौरान कर्मियों ने राज्य सरकार से नियमितीकरण, सरकारी कर्मचारी का दर्जा देने और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग को नोडल विभाग घोषित करने की मांग उठाई। संयुक्त मोर्चा का दावा है कि राज्यभर में बेल्ट्रॉन के माध्यम से विभिन्न कोटि के करीब 20 हजार कर्मी कार्यरत हैं। इनमें कई कर्मी पिछले 29 वर्षों से लगातार अपनी सेवा दे रहे हैं।

मोर्चा के जिला अध्यक्ष अनुराग नंदन और सचिव सुमन सौरम ने कहा कि वर्ष 1997 से कार्यरत कई कर्मी बिना किसी सेवांत लाभ के सेवानिवृत्त हो चुके हैं। इसके बावजूद वर्तमान में कार्यरत कर्मियों को स्थायी प्रकृति के कार्यों और ऑनलाइन सेवाओं की जिम्मेदारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि इतने लंबे समय तक सेवा देने के बाद भी कर्मियों को मूलभूत सुविधाओं और सेवा सुरक्षा का लाभ नहीं मिल रहा है। उन्होंने राज्य सरकार से कर्मियों के लिए सेवा शर्त एवं नियमावली बनाने, सेवा सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा बेल्ट्रॉन कर्मियों के पद सृजित कर उन्हें यथाशीघ्र राज्यकर्मी का दर्जा देने की मांग की। साथ ही सर्वोच्च न्यायालय के आलोक में इस मामले पर शीघ्र नीतिगत निर्णय लेने का आग्रह किया।

संयुक्त मोर्चा ने सरकार से मांगों पर जल्द लिखित आदेश जारी करने की अपील की। रोड मार्च में जिले के विभिन्न कार्यालयों में कार्यरत डेटा इंट्री ऑपरेटर, प्रोग्रामर, स्टेनोग्राफर एवं आईटी ब्वॉय/गर्ल शामिल हुए।

पूर्व जिला परिषद सदस्य भागवत प्रसाद सिंह ने 200 से अधिक बच्चों के बीच बांटे पाठ्य सामग्री

शिक्षा के प्रति जागरूकता की अनूठी पहल : बच्चों को शिक्षा के प्रति किया प्रेरित

विद्यापतिनगर एनएसबी। शिक्षा के प्रति गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के बच्चों में जागरूकता बढ़ाने और उन्हें पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पूर्व जिला परिषद सदस्य सह वरिष्ठ समाजसेवी भागवत प्रसाद सिंह ने सराहनीय पहल की। उन्होंने रविवार को अपने आवास हरपुर बोचहा में 200 से अधिक गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद बच्चों के बीच कलम, कॉपी, किताब और बिस्कुट का वितरण किया। पाठ्य सामग्री पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। इस पहल से बच्चों और उनके अभिभावकों में भी काफी उत्साह देखा गया। इस अवसर पर भागवत प्रसाद सिंह ने कहा कि शिक्षा ही वह सबसे बड़ी पूंजी है, जिसके माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। गरीब परिवारों के बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं होती, जरूरत है तो उन्हें सही अवसर, प्रोत्साहन और संसाधन उपलब्ध कराने की। आर्थिक अभाव के कारण किसी भी बच्चे की पढ़ाई बाधित नहीं होनी चाहिए। हमारा प्रयास है कि जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा से जोड़कर उनके सपनों को नई उड़ान दी जाए। उन्होंने कहा कि बच्चों के हाथों में कलम और किताब देना केवल सामग्री का वितरण नहीं, बल्कि उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव मजबूत करने का एक छोटा सा प्रयास है। समाज के सक्षम लोगों को भी आगे आकर जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा में सहयोग करना चाहिए। उन्होंने बच्चों से मन लगाकर पढ़ाई करने, अनुशासन बनाए रखने और अपने माता-पिता एवं गुरुजनों का सम्मान करने की अपील की। साथ ही कहा कि आज के बच्चे ही कल के समाज और देश का भविष्य हैं। उन्हें शिक्षित और जागरूक बनाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में पूर्व पंचायत समिति सदस्य राजकुमार झा, इंजीनियर कौशल पांडेय, प्रो. संजीव कुमार सिंह, अशर्फी ठाकुर, दिलीप ठाकुर, लड्डू लाल दास, प्रेम कुमार सिंह, डॉ. अरविंद कुमार, भूषण सिंह, हरिहर गिरि सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे। उपस्थित लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के अन्य लोगों के लिए भी प्रेरणादायक बताया।



16वें शारदीय नवरात्र महोत्सव में कलाकारों एवं पूजा समितियों को किया गया सम्मानित

कला एवं संस्कृति मंत्री प्रमोद कुमार चन्द्रवंशी ने किया समारोह का उद्घाटन, देश के विभिन्न राज्यों से आए कलाकार हुए सम्मानित

दलसिंहसराय एनएसबी। विजुअल आर्ट फाउंडेशन, दलसिंहसराय के तत्वावधान में आयोजित 16वें शारदीय नवरात्र महोत्सव सह चतुर्थ श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के अंतर्गत रविवार को शहर स्थित अनन्या रेसीडेंसी में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में कला, संस्कृति, सामाजिक सहभागिता और धार्मिक परंपराओं का अद्भुत संगम देखने को मिला। मुख्य अतिथि बिहार विधानसभा के मुख्य सचेतक संजीव कुमार चौरसिया, कला एवं संस्कृति मंत्री प्रमोद कुमार चन्द्रवंशी, विधान पार्षद तरुण कुमार चौधरी, अनिल सिंह, विनोद कुमार समीर सहित अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के अध्यक्ष मो. सुलेमान ने की। मंच संचालन उत्सव जायसवाल, हीरो राजन एवं प्रो. संजीव प्रकाश ने किया।

इस अवसर पर कला एवं संस्कृति मंत्री प्रमोद कुमार चन्द्रवंशी ने बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक धरोहरों तथा कला-संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बिहार ऐतिहासिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यंत समृद्ध प्रदेश है। यहां की गौरवशाली विरासत को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है। बिहार संग्रहालय इस विरासत को विश्व पटल पर प्रस्तुत करने वाला एक महत्वपूर्ण संस्थान बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि महाकवि विद्यापति की पावन धरती पर पूजा समितियों एवं कलाकारों को सम्मानित करना उनके लिए गौरव और हर्ष



का विषय है। पूजा समितियां अपनी रचनात्मकता, समर्पण एवं सामाजिक सहभागिता से सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत बनाए रखती हैं, वहीं कलाकार अपनी प्रतिभा के माध्यम से समाज और संस्कृति को नई पहचान देते हैं। उन्होंने सभी सम्मानित प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

अन्य वक्ताओं ने कहा कि दलसिंहसराय में आयोजित यह महोत्सव कला, संस्कृति, सामाजिक सहभागिता एवं सम्मान की भावना को एक मंच पर जोड़ने की सराहनीय पहल है। ऐसे आयोजन क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करने के साथ-साथ कलाकारों और सामाजिक सरोकारों से जुड़े लोगों को प्रोत्साहित करते हैं। समारोह के दौरान फाउंडेशन की ओर से सभी अतिथियों को माला, चादर, पाग एवं स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया। वहीं, बच्चों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। राघवेंद्र प्रताप सिंह ने अपनी मनमोहक कथक नृत्य प्रस्तुति से उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। इस दौरान कृष्ण जन्मोत्सव एवं शारदीय नवरात्र के अवसर पर पूजा समितियों को सम्मानित किया गया। इस क्रम में शारदीय नवरात्र महोत्सव के अंतर्गत दुर्गा पूजा की सर्वश्रेष्ठ प्रतिमा श्रेणी, सर्वश्रेष्ठ पंडाल श्रेणी, विशेष आयोजन श्रेणी में विभिन्न समितियों एवं मूर्तिकारों को सम्मानित किया गया।

इसके अतिरिक्त हाजीपुर, लालगंज, मुजफ्फरपुर, समसा, मंसूरचक, बेगूसराय, लखीसराय, रोसड़ा, समस्तीपुर, ताजपुर रोड, ताजपुर, विद्यापतिनगर एवं मोहिउद्दीननगर सहित विभिन्न क्षेत्रों की पूजा समितियों को भी पाग, चादर एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

समारोह में बिहार के बाहर से आए कलाकारों एवं कला से जुड़े विशिष्ट व्यक्तित्वों को भी सम्मानित किया गया। इस क्रम में लखनऊ से पहुंचे राजेंद्र प्रसाद को 'कला प्रबुद्ध सम्मान' प्रदान किया गया। वहीं, रौशन कुमार राय, कौलेश कुमार, पिंटू प्रसाद, पंकज कुमार शर्मा, राघवेंद्र प्रताप सिंह एवं भूपेंद्र कुमार अस्थाना को 'कला रत्न सम्मान' से सम्मानित किया गया। रायपुर से आए अजय कुमार सोनी को 'वास्तु रत्न सम्मान' प्रदान किया गया।

इस अवसर पर समस्तीपुर जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी जूही कुमारी, बेगूसराय के पदाधिकारी श्याम सहनी, मुजफ्फरपुर से मुकेश कुमार सोना, कानपुर से सुमित ठाकुर, हाजीपुर से राजू कुमार, बेगूसराय से प्रवीण कुमार, मुजफ्फरपुर से सुजीत कुमार, चंदन प्रसाद, सुनीता शर्मा, नागेंद्र नाथ चौधरी, संतोष सुरेखा, जगदीश सिंह, आनंद कुमार, प्रो. अनिल कुमार गुप्ता, रूपक कौशल, सहित एवं दिलीप चौधरी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

मां दुर्गा की प्रतिमा से सोने के जेवर की चोरी पुलिस महकमे में मचा हड़कंप

किंजर (एनएसबी)। किंजर थाना क्षेत्र के पुनपुन नदी तट स्थित सूर्य मंदिर परिसर के बगल में मां दुर्गा मंदिर में शनिवार की देर रात अज्ञात चोरों ने प्रतिमा की सुरक्षा में लगे शीशे को तोड़कर माता के गले में पहनाए गए सोने के जेवर की चोरी कर ली। रविवार सुबह पूजा-अर्चना के लिए पहुंचीं महिला श्रद्धालुओं को मंदिर की सफाई के दौरान टूटे शीशे का पता चला। इसके बाद पुजारी और पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर किंजर थानाध्यक्ष अविनाश कुमार पुलिस बल के साथ पहुंचे और जांच की। एफएसएल टीम ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाने का प्रयास किया, लेकिन मंदिर की नियमित सफाई के कारण साक्ष्य प्रभावित होने की बात सामने आई। घटना की सूचना पर एसपी किरण कुमार गोरख जाधव, एसडीपीओ कुमार संजय एवं अंचल पुलिस निरीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने भी मंदिर पहुंचकर जांच की। एसपी ने सूर्य मंदिर परिसर और पुल निर्माण एजेंसी के बेस कैंप में सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्देश दिया। साथ ही यात्री विश्राम गृहों में रात के समय अनावश्यक जमावड़ा लगाने वाले युवकों से पूछताछ करने, उनकी तस्वीर व विवरण रखने तथा बाजार, बैंक, पेट्रोल पंप और एटीएम के आसपास पैदल गश्ती बढ़ाने का निर्देश दिया। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।



जांच करते एसपी।

संक्षिप्त खबरें

पानी में डूबने से 12 वर्षीय बच्ची की हुई मौत

शहरतेलपा (एनएसबी)। अरवल जिले के शहर तेलपा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत खड़ासिन के खुटमार गांव की 12 वर्षीय बच्ची सुनीता कुमारी की पानी में ही डूबने से मौत हो गई है।मृतका की पहचान- नामः सुनीता कुमारी, उम्र लगभग 12 वर्ष,पिताः बीरू राजवंशी- माताः इलायची देवी- निवासीः खुटमार, पंचायत खड़ासिन, के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार बीरू राजवंशी की कुल 4 बेटियां हैं, जिनमें सुनीता दूसरी बेटी थी। घटना के बाद परिवार में मातम का माहौल है और पूरे गांव में शोक की लहर है।स्थानीय लोगों के अनुसार बच्ची किसी कारणवश पानी में गई थी जहां डूबने से उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।तेलपा थाना पुलिस को मामले की जानकारी दी गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने लहराया परचम

मेहंदिया (एनएसबी) जिला स्तरीय युवा उत्सव-2026 के तहत आयोजित कविता लेखन प्रतियोगिता में राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, अरवल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्रा अनुप्रिया ने द्वितीय तथा छात्र आदर्श कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। अनुप्रिया सिविल इंजीनियरिंग की प्रथम सेमेस्टर की छात्रा हैं, जबकि आदर्श कुमार कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग के तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थी हैं। दोनों विद्यार्थियों की इस सफलता से महाविद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रणव कुमार ने दोनों विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि साहित्यिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियां विद्यार्थियों की रचनात्मकता, अभिव्यक्ति क्षमता और आत्मविश्वास को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। वहीं, महाविद्यालय की हिंदी साहित्य सभा की प्रभारी डॉ. शिप्रा सिन्हा ने भी विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।



सम्मान कारण करते छात्र।

एसपी ने किया किंजर थाना का निरीक्षण लंबित कांडों के निष्पादन का दिया आदेश

अरवल (एनएसबी)। पुलिस अधीक्षक किरण कुमार गोरख जाधव द्वारा किंजर थाना का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना परिसर की समग्र व्यवस्था, दैनिक कार्यप्रणाली, अभिलेखों के संधारण तथा विभिन्न प्रशासनिक एवं अनुसंधान संबंधी कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के क्रम में पुलिस अधीक्षक ने थाने के दैनिक कार्यों, अभिलेखों के रख-रखाव एवं अद्यतीकरण, लंबित कांडों की स्थिति तथा अनुसंधान की प्रगति का जायजा लिया। साथ ही, मालखाना, हवालात एवं थाना परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसपी ने लंबित कांडों की समीक्षा करते हुए उनके त्वरित, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन पर विशेष बल दिया। उन्होंने अनुसंधान कार्यों में तेजी लाने, साक्ष्यों के आधार पर विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर मामलों के निष्पादन की दिशा में प्रभावी पहल करने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त, थाना स्तर पर अनुशासन एवं पारदर्शिता बनाए रखने, अभिलेखों को सुव्यवस्थित एवं अद्यतन रखने तथा पुलिस कार्यों में जवाबदेही सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। क्षेत्र में विधि-व्यवस्था बनाए रखने, अपराध नियंत्रण हेतु सतर्कता बरतने तथा असामाजिक एवं आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी निगरानी रखने के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने आम नागरिकों की शिकायतों एवं समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनने तथा उनका त्वरित एवं निष्पक्ष निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने पुलिसकर्मियों को आमजन के साथ संवेदनशील, शालीन एवं सहयोगात्मक व्यवहार बनाए रखने तथा जनता के बीच पुलिस के प्रति विश्वास को और सुदृढ़ करने पर विशेष बल दिया। पुलिस आमजन की सुरक्षा, अपराध नियंत्रण, कांडों के त्वरित निष्पादन एवं प्रभावी विधि-व्यवस्था संधारण के लिए प्रतिबद्ध है।



थाना का निरीक्षण करते एसपी।

काजी बीघा में एक व्यक्ति ने की आत्महत्या, घरेलू विवाद बताया जा रहा कारण

टिकारी (एनएसबी)। आंती थाना क्षेत्र के काजी बीघा गांव में 44 वर्षीय व्यक्ति की आत्महत्या का मामला रविवार सुबह सामने आया है। मृतक की पहचान दिनेश चौधरी के रूप में हुई है। घटना शनिवार देर रात की बताई जा रही है। बताया जाता है कि घरेलू विवाद के कारण उन्होंने यह कदम उठाया। मृतक किसान थे, उनके दो पुत्र और दो पुत्री हैं। परिजनों ने शव का दाह संस्कार कर दिया है।

इमामगंज में मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन

गयाजी (एनएसबी)। वरीय पुलिस अधीक्षक, गया के निर्देशन में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, इमामगंज द्वारा मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। बैठक में वन विभाग के पदाधिकारी एवं अनुमंडल क्षेत्र के सभी थानाध्यक्ष उपस्थित रहे। बैठक के दौरान क्षेत्र में अफीम की अवैध खेती पर प्रभावी रोकथाम, अपराध नियंत्रण, गिरफ्तारी एवं बरामदगी की समीक्षा की गई। साथ ही लंबित वारंट एवं कुर्की का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने तथा अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करने हेतु सभी थानाध्यक्षों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

आई. एम. ए. हॉल में ₹जीरिएट्रीक क्लीनिक₹ का हुआ आयोजन



गयाजी (एनएसबी)। रविवार को लॉयंस क्लब गया जी द्वारा स्थानीय आई. एम. ए. हॉल में "जीरिएट्रीक क्लीनिक" का आयोजन किया गया। लायन डॉ. नन्द किशोर गुप्ता की अध्यक्षता में इस निःशुल्क चिकित्सा जाँच शिविर में कुल 50 रोगियों का विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा इलाज किया गया। जरूरत मंद रोगियों को निःशुल्क दवाएं भी उपलब्ध कराई गई। हृदय रोग से पीड़ित रोगियों के लिए ई. सी. जी. की भी व्यवस्था थी। सभी रोगियों का ब्लड शुगर जांच किया गया। शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. नन्द किशोर गुप्ता, डॉ. उमेश कुमार, फिजिशियन डॉ. चंद्र किरण, दंत चिकित्सक डॉ. श्रेया कुमारी अजय कुमार, ललन प्रसाद, राजू कुमार, पप्पू कुमार, राजेश कुमार मौजूद थे। सभी उपस्थित लोगों ने लायंस क्लब के इस प्रयास की भूरि भूरि प्रशंसा की।

लंपी रोग का कहर दर्जनों पशुओं की हुई मौत

मेहंदिया (एनएसबी)। जिले के विभिन्न प्रखंड क्षेत्रों में इन दिनों लंपी रोग का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। इस बीमारी की चपेट में आने से दर्जनों पशुओं की मौत हो चुकी है। खासकर गाय और उसके छोटे बच्चों में संक्रमण का असर अधिक देखने को मिल रहा है। पशुपालकों के अनुसार, लंपी रोग से पीड़ित होने के बाद कई पशु बच नहीं पा रहे हैं और असमय मौत का शिकार हो रहे हैं। लगातार हो रही पशुओं की मौत से पशुपालकों में भय और चिंता का माहौल है। प्रखंड क्षेत्र में भी इस बीमारी से पशुओं की मौत के मामले सामने आए हैं। मेहंदिया निवासी नागेंद्र शर्मा, बेलखरा निवासी कुंदन शर्मा तथा मझियावां निवासी सुनील शर्मा के पशुओं की लंपी रोग से मौत हो गई है। पशुओं की मौत से संबंधित पशुपालकों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है।

लोकतंत्र बचाओ व अराजकता हटाओ अभियान के हुआ चिंतन गोष्ठी का आयोजन



गोष्ठी में भाग लेते लोग।

कुर्था (एनएसबी)। स्थानीय प्रखंड क्षेत्र स्थित डाकबंगला में रविवार को लोकतंत्र बचाओ व अराजकता हटाओ अभियान के तहत प्रमुख नागरिकों की चिंतन गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष सुधीर शर्मा ने की, जबकि मंच का संचालन भाजपा जिला मंत्री राहुल वत्स ने किया।

इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) के मुद्दे पर विपक्षी दलों पर जनता को दिग्भ्रमित करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जब भी कांग्रेस चुनाव में हार का सामना करती है, तो वह अपनी हार के लिए किसी न किसी संस्था या चुनावी प्रक्रिया को जिम्मेदार ठहराने लगती है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट, चुनाव आयोग, ईवीएम और अब विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया पर सवाल उठाकर कांग्रेस और विपक्षी दल लोकतांत्रिक संस्थाओं की विश्वसनीयता पर संदेह पैदा करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या विपक्ष की ओर से उठाई जा रही आपत्तियां चुनावी प्रक्रिया को लेकर वास्तविक चिंताओं पर आधारित हैं या फिर इनके पीछे राजनीतिक उद्देश्य हैं। धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि चुनावी हार के बाद बिना ठोस सबूत के संस्थाओं पर आरोप लगाना लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रति जनता के विश्वास को प्रभावित कर सकता है। भारत एक आत्मविश्वास से भरा संप्रभु लोकतंत्र है और यहां लोकतांत्रिक संस्थाओं की मजबूती तथा जनता का विश्वास सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने के प्रयास सफल नहीं होंगे। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों के बीच लोकतांत्रिक व्यवस्था, चुनावी प्रक्रिया और देश की संवैधानिक संस्थाओं की भूमिका को लेकर विचार-विमर्श किया गया।

सीयूएसबी में राष्ट्रीय युवा संसद संवाद 2.0 का आयोजन



टिकारी (एनएसबी) । दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) के स्कूल ऑफ लॉ एंड गवर्नेंस द्वारा राष्ट्रीय युवा संसद ह्यसंवाद 2.0ह्ल का भव्य आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह के संरक्षण और विभागाध्यक्ष प्रो. अशोक कुमार के संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम में कुल 57 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

सांसद संजय जायसवाल ने किया संबोधित

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पश्चिम चंपारण के सांसद एवं प्राक्कलन समिति के अध्यक्ष डॉ. संजय जायसवाल उपस्थित रहे। उन्होंने प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि असहमति का अधिकार लोकतंत्र की आत्मा है। उन्होंने युवाओं से कहा कि ह्यआप क्या कहते हैंह्ल यह ह्यआप कितना जोर से कहते हैंह्ल से अधिक महत्वपूर्ण है। अच्छे अधिवक्ता बनने के लिए विषय का गहरा ज्ञान जरूरी है।

कुलपति प्रो. के. एन. सिंह ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए कहा कि वे रास्ता जानते भी हैं, दिखाते भी हैं और उस पर चलते भी हैं। युवा संसद में प्रधानमंत्री की भूमिका में 2047 तक विकसित भारत, आतंकवाद के विरुद्ध संकल्प, डिजिटल जनगणना और महिला आरक्षण जैसे विषय रखे गए। नेता प्रतिपक्ष ने बेरोजगारी और पेपर लीक का मुद्दा उठाया। प्रश्नकाल में विदेश, विधि, शिक्षा, कृषि, खेल और पर्यावरण से जुड़े प्रश्न पूछे गए। विधि मंत्री ने पॉक्सो के लिए 775 फास्ट ट्रैक कोर्ट के लक्ष्य की जानकारी दी, जबकि शिक्षा मंत्री ने एनईपी 2020 और पीएम विद्यालक्ष्मी योजना पर उत्तर दिए। उपाध्यक्ष के संचालन में पॉक्सो (संशोधन) विधेयक भी प्रस्तुत किया गया। समापन पर प्रतियोगिता के परिणाम घोषित किए गए। प्रथम स्थान ज्योति प्रियदर्शिनी (विदेश मंत्री), द्वितीय आकांक्षा (शिक्षा मंत्री), तृतीय अनिरुद्ध सिन्हा, चतुर्थ प्रज्ञा (अध्यक्ष), पंचम आर्यश्री (गृह मंत्री) और षष्ठम स्थान इरफान महरूफ को मिला। विजेताओं को कुलपति और मुख्य अतिथि ने पुरस्कृत किया।

लोंहार समाज के एसटी दर्जे की बहाली को लेकर कोंच में अधिकार सम्मेलन



टिकारी (एनएसबी)। लोहार आदिवासी संघर्ष मंच प्रखंड इकाई कोंच के तत्वावधान में रविवार को लोहार अधिकार सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता देवचरण विश्वकर्मा ने की, जबकि मंच संचालन पप्पू विश्वकर्मा ने किया। सम्मेलन में बिहार के लोहार समाज को अनुसूचित जनजाति का दर्जा एवं आरक्षण बहाल करने तथा केंद्र सरकार द्वारा एक्ट 23/2016 के अनुपालन की मांग प्रमुखता से उठाई गई। मंच के प्रदेश अध्यक्ष दीनानाथ विश्वकर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा एक्ट 23/2016 के माध्यम से लोहार समाज के हित में कदम उठाया गया है, जिसका समाज स्वागत करता है। उन्होंने कहा कि पूर्व में लागू एक्ट 48/2006 से उत्पन्न कानूनी विसंगतियों के कारण समाज को अपने संवैधानिक अधिकारों से वंचित होना पड़ा है।

स्काउट-गाइड कैडेटों को नशे से दूर रहने और स्वस्थ भारत के निर्माण में योगदान देने का दिलाया गया संकल्प



संकल्प लेते बच्चे।

अरवल (एनएसबी)। भारत स्काउट और गाइड जिला अरवल के तत्वावधान में +2 जीए उच्च विद्यालय, अरवल स्थित जिला कार्यालय में नशा मुक्ति अभियान पखवाड़ा के तहत नशा मुक्त समाज बनाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला संगठन आयुक्त राजेश कुमार ने की। इस अवसर पर जिला संगठन आयुक्त राजेश कुमार ने स्काउट और गाइड कैडेटों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा बच्चों, माता-पिता और पूरे परिवार को बर्बाद कर देता है। यह समाज को अंदर से खोखला बना देता है। इसलिए युवाओं को नशे से दूर रहकर समाज में जागरूकता फैलाने की जरूरत है। वहीं पीएम श्री उच्च विद्यालय करपी के स्काउट मास्टर दिनेश प्रसाद ने कहा कि स्वस्थ बच्चों के माध्यम से ही स्वस्थ भारत का निर्माण संभव है। राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित स्काउट मास्टर शकील अहमद ने कैडेटों से अपनी ऊर्जा पढ़ाई और खेलकूद में लगाने की अपील करते हुए कहा कि वे नशा मुक्त भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन एडवांस स्काउट मास्टर अभिषेक कुमार वर्मा ने किया। इस दौरान सभी स्काउट और गाइड कैडेटों को शपथ पत्र देकर सामूहिक रूप से नशा नहीं करने तथा नशा मुक्त समाज बनाने में सहयोग करने की शपथ दिलाई गई। इसके साथ ही आगामी 7 नवंबर को भारत स्काउट और गाइड का 76वां स्थापना दिवस मनाने की तैयारी को लेकर कैडेटों को अपने आसपास कम से कम एक पौधा लगाने के लिए प्रेरित किया गया।

डिजिटल हेल्थ रिकॉर्ड को बढ़ावा, 45.36% आबादी आभा आईडी से जुड़ी

गयाजी (एनएसबी)। जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ने की कवायद तेज कर दी गई है। मरीजों के स्वास्थ्य रिकॉर्ड को ऑनलाइन सुरक्षित रखने के लिए जांच और उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्रों पर पहुंचने वाले सभी लोगों की आभा आईडी बनाने पर जोर दिया जा रहा है। राज्य स्वास्थ्य समिति ने जिले को 7 नवंबर 2026 तक एएनएम-एसडी पोर्टल पर शत-प्रतिशत एंट्री सुनिश्चित करने का लक्ष्य दिया है।

अनुमानित आबादी का 45.36 प्रतिशत आइडी तैयार: डीपीएम स्वास्थ्य नीलेश कुमार ने बताया कि जिला की अनुमानित आबादी लगभग 53 लाख 57 हजार 152 है। अक्टूबर माह तक 45.36 प्रतिशत आभा आइडी तैयार किया जा चुका है। आभा आइडी तैयार करने में गया जिला राज्य भर में छठे स्थान पर है। जून माह तक 22 लाख 72 हजार 108 आभा आइडी तैयार किये गये। जूलाई माह में 59 हजार 31 आभा आइडी बने हैं। अगस्त में 45 हजार 256, सितंबर में 30 हजार आठ, अक्टूबर माह में 23 हजार 690 आभा

अक्टूबर माह तक कुल 24 लाख 30 हजार 93 आभा आइडी हुए तैयार

आइडी बने हैं। अक्टूबर माह तक कुल 24 लाख 30 हजार 93 आभा आइडी बन चुके हैं। आभा आईडी के माध्यम से मरीजों के स्वास्थ्य से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियों को डिजिटल रूप में सुरक्षित रखने की व्यवस्था की जा रही है। इससे मरीज के उपचार, जांच और स्वास्थ्य संबंधी रिकॉर्ड को व्यवस्थित तरीके से दर्ज करने में मदद मिलेगी। स्वास्थ्य विभाग का फोकस अधिक से अधिक लोगों को डिजिटल हेल्थ रिकॉर्ड की व्यवस्था से जोड़ने पर है।आयुष्मान सेतु ऐप के माध्यम से आभा आइडी बनाने का काम किया जाता है। इसके लिए अपना आधार एवं आधार से लिंक मोबाइल नंबर अपने पास रखने की सलाह दी। अपने मोबाइल फोन में गुगल प्ले स्टोर खोलकर आयुष्मान सेतु ऐप डाउनलोड एवं इंस्टॉल करें। ऐप खोलकर रजिस्टर पर क्लिक करें।अ इसके बाद रजिस्टर नाउ विकल्प पर क्लिक करें। अपना आधार नंबर दर्ज करें, आवश्यक सहमति प्रदान करें और नेक्स्ट पर क्लिक करें। आधार से लिंक मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी दर्ज करें तथा अपना आधार से जुड़ा मोबाइल नंबर दर्ज करें। आभा आइडी बनने के बाद अपना डिजिटल आभा कार्ड डाउनलोड कर सुरक्षित रखें।

आभा के पांच प्रमुख फायदों का गिनायाः आभा आइडी के पांच मुख्य फायदों को गिनाते हुए बताया कि इससे 5 प्रमुख फायदे मरीज की मेडिकल हिस्ट्री, डॉक्टर के पर्चे और जांच रिपोर्ट डिजिटल रूप में सुरक्षित रखी जा सकती हैं। अस्पताल में स्कैन एंड शेयर के माध्यम से जल्दी रजिस्ट्रेशन किया जा सकता है। डॉक्टर मरीज की सहमति से उसकी पुरानी मेडिकल हिस्ट्री देखकर बेहतर उपचार कर सकते हैं। मेडिकल रिपोर्ट और स्वास्थ्य संबंधी रिकॉर्ड को डिजिटल रूप में एक्सेस करना आसान होता है।अलग-अलग अस्पतालों में लिंक किए गए हेल्थ रिकॉर्ड को मरीज की सहमति से प्राप्त और साझा किया जा सकता है।

बच्चों में स्वच्छता की आदत डालें अभिभावक, घर से शुरू हो बदलाव : अबु फैसल

उर्दू प्राथमिक विद्यालय चातरघाट में आयोजित हुई अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी



गयाजी (एनएसबी)। नगर प्रखंड के उर्दू प्राथमिक विद्यालय चातरघाट में शनिवार को ह्यस्वच्छता हमारी संस्कृतिह्ल थीम पर अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता विद्यालय के प्रधान शिक्षक अबु फैसल ने की। संगोष्ठी में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं के अभिभावकों ने भाग लिया। इस दौरान स्वच्छता, स्वास्थ्य, पोषण, जल संरक्षण, अपशिष्ट प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। साथ ही बच्चों की शैक्षणिक प्रगति और उनके सर्वांगीण विकास में अभिभावकों की भूमिका को रेखांकित किया गया। प्रधान शिक्षक अबु फैसल ने कहा कि स्वच्छता केवल विद्यालय या घर तक सीमित विषय नहीं है, बल्कि इसे जीवनशैली और संस्कार का हिस्सा बनाना जरूरी है। बच्चों में बचपन से ही स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और जिम्मेदार नागरिक बनने की भावना विकसित की जानी चाहिए। इसके लिए विद्यालय के साथ-साथ अभिभावकों और समाज की सक्रिय भागीदारी भी आवश्यक है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने, आसपास सफाई रखने, पानी बचाने और कचरे का उचित निस्तारण करने के लिए प्रेरित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि ह्लस्वच्छता केवल साफ-सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारे संस्कार और जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा है। बच्चों में बचपन से ही स्वच्छता, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और जल बचाने की आदत विकसित करना जरूरी है। इसमें विद्यालय के साथ अभिभावकों की भूमिका भी बेहद महत्वपूर्ण है। जब शिक्षक और अभिभावक मिलकर प्रयास करेंगे, तभी बच्चों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सकेगा।

बच्चों की प्रगति में अभिभावकों की भूमिका अहम संगोष्ठी के दौरान शिक्षकों और अभिभावकों ने बच्चों की पढ़ाई, नियमित उपस्थिति, गृहकार्य और विद्यालय में होने वाली गतिविधियों को लेकर विचारों का आदान-प्रदान किया। शिक्षकों ने कहा कि बच्चों की शैक्षणिक उपलब्धियों को बेहतर बनाने के लिए विद्यालय और घर के बीच बेहतर समन्वय जरूरी है। अभिभावकों को बच्चों की पढ़ाई में रुचि लेने, उनकी दिनचर्या पर ध्यान देने और पढ़ाई के लिए घर में अनुकूल माहौल तैयार करने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यालय अवधि के बाद घर पर नियमित अध्ययन के लिए एक अध्ययन कोना (स्टडी कॉर्नर) विकसित करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया।

ई-कचरे के सुरक्षित निस्तारण के प्रति किया जागरूक : बैठक में ई-कचरे के प्रति जागरूकता और उसके उचित निस्तारण पर भी चर्चा हुई। प्रधान शिक्षक ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से निकलने वाले कचरे को सामान्य कचरे के साथ नहीं मिलाना चाहिए। इसके सुरक्षित संग्रह और निर्धारित व्यवस्था के तहत निस्तारण के प्रति बच्चों को भी जागरूक करना जरूरी है।

संक्षिप्त खबरें

स्वर्ण समाज की बैठक में हुई विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा

महुआ/एनएसबी। महुआ प्रखंड क्षेत्र के सिंघाड़ा नरसिंह स्थान के मंदिर परिसर प्रांगण में सवर्ण समाज ने एक बैठक का आयोजन किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता लक्ष्मेश्वर सिंह एवं संचालन मनीष राज ने किया। इस बैठक में शामिल लोगों ने मुख्य रूप से चर्चा करते हुए कहा कि वर्तमान में यूजीसी एससी एसटी एक्ट में सर्व समाज के हित के लिए बदलाव आवश्यक है इस पर सभी वरिष्ठ व युवाओं ने सुझाव विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। इस मौके पर पूर्व मुखिया संयोजक गौड़ीशंकर सिंह ,पूर्व मुखिया विश्वबंधु सिंह, हरिवंश ठाकुर ,अखिलेश कुमार सिंह, अधिवक्ता आनंद प्रकाश , अधिवक्ता शंकर सिंह ,पूर्व मंडल अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह , मंडल अध्यक्ष उमारंजन उर्फ रमैया सिंह प्रोफेसर रघुवंश सिंह, प्रभारी मिथुन सिंह मुकेश झा शिवाजी सिंह गौरी शंकर सिंह पूर्व प्रधानाध्यापक अनिरुद्ध सिंह, चंद्र मोहन सिंह, पूर्व सरपंच गजेंद्र सिंह शिवम सिंह धीरेंद्र सिंह धीरू दीपक कुमार सिंह पंकज कुमार सिंह, विनय कुमार विमल कुमोद कुमार सिंह सहदेव प्रसाद सिंह मुकेश कुमार सिंह , भोला प्रसाद सिंह संदीप कुमार सिंह अशोक कुमार सिंह, रामजन्म सिंह शशि भूषण शर्मा दिलीप कुमार सिंह बृज किशोर सिंह संजीत कुमार सिंह सुधीर कुमार राजीव रंजन कुमार दीपक कुमार सनोज सिंह, राजीव झा, एवं अन्य लोग उपस्थित थे।



11 नवम्बर को भगवान चित्रगुप्त पूजन मनाने का निर्णय

हाजीपुर/एनएसबी। नगर के बागमाली मोहल्ले में आगामी 11 नवंबर को श्री राम जानकी सह चित्रगुप्त मंदिर में समस्त प्राणियों के पाप पुण्य के लेखा-जोखा रखने वाले अक्षर देवता भगवान श्री चित्रगुप्त जी का पूजन एवं भंडारा एवं चित्रांश सम्मान समारोह का आयोजन करने का निर्णय बैठक में ली गई। बैठक में दिवाकर वर्मा, श्याम मोहन सहाय, मधुकर वर्मा, अधिवक्ता अमरदीप फूलन, राजकुमार दिवाकर, प्रणव प्रेम, लोजपा नगर अध्यक्ष मनोज सिन्हा, मुकुल कुमार सिन्हा, अवधेश कुमार सिंह, ऋतिक कुमार, पप्पू वर्मा ,सनी कुमार, आदित्य जयपुरिया, रौनक राज, अमित कुमार सिन्हा ,हिमांशु सिन्हा ने अपने-अपने विचार व्यक्त किया।



रोशनी वेल्फेयर सोसाईटी की ओर से दीप महोत्सव सह दीपावली मिलन समारोह का आयोजन

मंत्री रमा निषाद ने की उद्घाटन

हाजीपुर/एनएसबी। रोशनी वेल्फेयर सोसाईटी की ओर से दीप महोत्सव सह दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। नारायण वाटिका परिसर में आयोजित दीप महोत्सव कार्यक्रम का उद्घाटन मंत्री रमा निषाद ने दीप प्रज्वलित कर की।कार्यक्रम श्रीमती संगीता गुप्ता के अध्यक्षता में शुरू किया गया। सोसाईटी की सभी सदस्य ने मिलकर गणेश वंदना, लक्ष्मी जी की आरती की साथ कार्यक्रम की कार्यवाही शुरू हुई।मुख्य अतिथि श्रीमती रामा निषाद जी कार्यक्रम में दीप जलाने और बच्चो को पटाका छुड़ वाने से सावधानी बरतने की सलाह दी। कार्यक्रम में सोसाईटी की सदस्यों के लिए कई रंगीली, दीपसज्जा, आदि कई तरह के प्रतियोगिताओ आयोजन किया गया। सभी प्रतियोगिताओ में महिलाओ ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। मनभावन डिजाईन में तैयार रंगोली आकर्षक का केन्द्र बना रहा। इसके अलावा काउंटिक गेम, चेयर गेम. हाउजी गेम आदि प्रतियोगिताओं में सभी महिलाएं ने खूब मस्ती की।, कार्यक्रम में इन्दु कुमार, इन्दु कौशल, संगीता प्रभात,रीता श्रीवास्तव, ममता श्रीवास्तव, डा० निषा शुक्ला, सारिका शुक्ला, नुतन शुक्ला, डा० सपना, विनिता सिंह कंचन सिंह तारा राय माया राय, संगीता राय, विणा गुप्ता, अन्जु सिंह, अमृता साही सरिता किशोर अनिता जैशवाल, शिवानी कान्त पाठ, सिया सिंह, नेहा जरीवाल, चंचल सिंह, निर्मला सुमन आशाश्वती सहित सभी सदस्या उपस्थित थी। दीपावली मिलन समारोह में संस्था की सदस्यों ने एक दूसरे को दीपावली की बधाई देते हुए सुरक्षित दिपापली मनाने का संदेश दिया।



प्रभात फेरी निकाल नशा से दूर रहने का संकल्प

पटना सिटी/एनएसबी। नशा मुक्त विकसित भारत अभियान के तहत बड़ी पटन देवी पंचवटी कॉलोनी स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की ओर इकाई के प्रमुख बी.के. रानी दीदी के नेतृत्व में प्रभात फेरी निकाली गयी. प्रभात फेरी में शामिल लोगो ने नशा मुक्त समाज का निर्माण का संकल्प दिलाया. आयोजन में बबीता बहन, ज्योति बहन, निर्मला बहन, रीचा बहन, सुषमा माता, संगीता माता, डॉ. एन.सी. माथुर, मनीष भाई, सुनील भाई, विवेक भाई, नाग मनी भाई, प्रशांत भाई, खुशी बहन, तनवी बहन,बीके चंचल कुमार समेत अन्य शामिल थे. प्रमुख बी.के. रानी दीदी ने युवाओं को नशे से दूर रखना, स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए जागरूकता किया.

सुल्तानगंज में हथियार के साथ गिरफ्तार

पटना सिटी/एनएसबी। सुल्तानगंज थाना की पुलिस ने शनिचरा पुल नहर के पास एक युवक को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है. सुल्तानगंज थानाध्यक्ष कमलेश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर हुई छापेमारी में पुलिस टीम ने आलमगंज थाना के गुड़ की मंडी निवासी मोहन पासवान को शराब के नशे में हथियार के साथ गिरफ्तार किया. गिरफ्तार मोहन के पास से पुलिस ने एक देसी कट्टा,व दो कारतूस गोली बरामद किया है. थानाध्यक्ष के अनुसार गिरफ्तार युवक के खिलाफ आलमगंज थाना व अन्य थाना में पहले से अपराधिक मामले दर्ज है. पुलिस युवक से पूछताछ कर रही है.

जीवन संध्या वृद्धाश्रम में दीपावली मिलन

पटना सिटी/एनएसबी। दीपावली मिलन का आयोजन रविवार को गायघाट स्थित व्हीलर सेंटर मातृ शिशु कल्याण केंद्र में संचालित जीवन संध्या वृद्धाश्रम में रोटरी क्लब कंकड़बाग की ओर से चेयरमैन डॉ सुषमा कुमारी के नेतृत्व में मनायी गयी. लक्ष्मी पूजन से आरंभ हुए मिलन समारोह मे सदस्यों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी. आयोजन में डॉ ए खंडेलवाल,डॉ राकेश कुमार,अध्यक्ष डॉ शंकर नाथ,अजीत कुए सिन्हा, राज किशोर सिंह, किरण कुमारी, शम्भु नाथ सिंह, नितेश मिश्र,रेणु मऊआर,गोविन्द,डॉ सुजीत कुमार,डॉ रूपाश्री, शैलेश बंटी,आशीष कुमार, बिपिन कुए श्रीवास्तव, अंजनी,निरजा,डॉ रवि कुमार सिन्हा,संध्या सिन्हो,ए आरके जायसवाल,रिशी जायसवाल,अमिताभ,प्रियंका समेत अन्य उपस्थित थे. इस दौरान दीपावली का उपहार भी वितरण किया गया.

लोकतंत्र बचाने को प्रबुद्धजनों की संगोष्ठी

पटना सिटी/एनएसबी। प्रबुद्धजन समिति की ओर से लोकतंत्र बचाओ,अराजकता हटाओ अभियान के तहत मंगल तालाब स्थित पाटलिपुत्र परिषद में रविवार को गोष्ठी का आयोजन किया गया. गोष्ठी में विधायक रतनेश कुमार ने कहा कि अब समय आ गया है कि समाज के प्रबुद्ध जन कांग्रेस लगातार संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर करने, वोट चोरी के प्रलाप कर लोगों को गुमराह कर रही है. उसका पदार्फाश करेगे. आयोजन में डॉ शाह अद्धैत कृष्ण,जिलाध्यक्ष रूप नारायण मेहता, जिला प्रभारी प्रेम रंजन चतुर्वेदी,प्रो दिनेश पटेल,शशि शेखर रस्तोगी,अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष नवीन कुमार सिन्हा, डॉ त्रिलोकी प्रसाद गोलवार,नितिन कुमार रिंकु, प्रो. संजय श्रीवास्तव, गोविंद कानोडिया,डॉ प्रवीण साहु,मोहन चतुर्वेदी, संजीव यादव, सुरेश सिंह

तनिष्क शोरूम में 17 लाख की चोरी का खुलासा, फेक पेमेंट दिखाकर सोना उड़ाने वाला कैशियर गिरफ्तार

हाजीपुर/एनएसबी। हाजीपुर के तनिष्क शोरूम से 17 लाख के सोने के आभूषण चोरी मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने शोरूम के ही कैशियर मोहम्मद इरफान को गिरफ्तार किया है जिसने फेक पेमेंट अपडेट कर सोने के आभूषण गायब कर दिए थे। चोरी का पूरा सामान भी बरामद कर लिया गया है।मामला हाजीपुर के प्रतिष्ठित तनिष्क शोरूम का है। शोरूम प्रबंधन को स्टॉक मिलान के दौरान 17 लाख रुपये के आभूषण कम मिले। जब उठ्ठश और पेमेंट रिकॉर्ड खंगाले गए तो चौंकाने वाला खुलासा हुआ। शोरूम में कैशियर के पद पर काम करने वाले मोहम्मद इरफान ने सिस्टम में फेक पेमेंट अपडेट दिखाया था। पेमेंट सक्सेस दिखाकर उसने ग्राहक को बिना पैसे लिए ही सोने के आभूषण दे दिए थे, जबकि असल में वो आभूषण



उसने अपने सहयोगी के साथ मिलकर गायब कर दिए थे।मामले की शिकायत मिलते ही सदर थाना पुलिस ने जांच शुरू की। रउद्धड सदर-1 सुबोध कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। तकनीकी अनुसंधान और पूछताछ के बाद पुलिस ने मुख्य आरोपी कैशियर मोहम्मद इरफान को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी सोनपुर का रहने वाला है। पुलिस ने उसके पास से चोरी किए गए 17 लाख के सोने के आभूषण भी बरामद कर लिए हैं।रउद्धड सदर-1 सुबोध कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी इरफान शातिर तरीके से कई दिनों से इस तरह की हेराफेरी की योजना बना रहा था। उसने पेमेंट गेटवे में फर्जी एंट्री कर मैनेजमेंट को गुमराह किया। पुलिस के मुताबिक इस वारदात में उसका एक अन्य सहयोगी भी शामिल है जिसकी तलाश के लिए छापेमारी की जा रही है।फिलहाल गिरफ्तार कैशियर से पूछताछ जारी है और उसे न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही उसके फरार सहयोगी को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। तनिष्क जैसी बड़ी कंपनी में अंदर के ही कर्मचारी द्वारा इस तरह की चोरी से सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो गए हैं।

लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ प्रबुद्ध नागरिक संगोष्ठी का आयोजन



हाजीपुर/एनएसबी। राज नारायण कॉलेज परिसर में लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ प्रबुद्ध नागरिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के जिला संयोजक भाजपा के जिला उपाध्यक्ष मिथिलेश तिवारी एवं इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सुधीर कुमार ने किया ।मंच संचालन भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष राजीव ब्रह्मर्षि ने किया। इस अवसर पर हाजीपुर के माननीय विधायक अवधेश ने कहा कि लोकतंत्र में अराजकता का कोई स्थान नहीं हो सकता/ अराजकतावादी सोच रखने वालों को भाजपा कार्यकर्ता सड़क पर भी जवाब देंगे और सदन के पटल पर भी आज लोकतंत्र सुरक्षित हाथों में है और लोकतंत्र के प्रति जनता का विश्वास और देश के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी पर है ।राहुल गांधी न भारत के विकास को और नए देश की विरासत को आगे बढ़ने से रोक पाएंगे राहुल गांधी मतदाता सूची के शुद्धिकरण से परेशान क्यों है राहुल गांधी को घुसपैठियों से इतनी मोहब्बत क्यों है। इस अवसर पर धनंजय साहनी,सुमन सिंह ,एडवोकेट हीरा जी भाजपा के जिला महामंत्री रविंद्र सिंह कोषाध्यक्ष सतीश जायसवाल जिला मीडिया प्रभारी रंजीत बाबुल, विजय प्रकाश ,मंडल अध्यक्ष मुकेश कुशवाहा, राजेश चौधरी ,विक्रम जायसवाल ,सुबोध सिंह, राजू सोनी ,पवन यादव आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे ।

किए के कार्य लोगों को हमेशा याद रहती है : डॉ आसमा परवीन



महुआ/एनएसबी। महुआ नगर परिषद क्षेत्र के निवासी महुआ के युवा समाजसेवी राजकमल जयसवाल के पिता स्वर्गीय जित्तन प्रसाद जयसवाल के श्राद्ध कार्यक्रम सह शांति भोज में कई दिग्गज नेता, चिकित्सक और शिक्षाविद के साथ साथ अनेकों लोग पहुंचे और उनके तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने स्वर्गीय जीतन प्रसाद जायसवाल को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि इस दुनिया में लोगों का आना-जाना लगा रहता है।मृत्यु परम सत्य है इस बात को नकारा नहीं जा सकता है। भले ही लोग दुनिया को छोड़कर चले जाते हैं लेकिन उनके द्वारा किए गए कार्य को लोग हमेशा याद रखते हैं। हम सब को भी ऐसा कार्य करते रहना चाहिए जिससे लोगों के मन में सबों की यादें हमेशा बनी रहें। इस कार्यक्रम में डॉ. आसमां परवीन,चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. महेश चौधरी, डॉ. प्रमोद कुशवाहा, पूर्व सभापति प्रत्याशी अरुण कुमार सिंह,पूर्व मुखिया अजय भूषण दिवाकर,पूर्व वार्ड पार्षद अभिषेक कुमार जायसवाल,भगवान चौधरी,श्रीराम चौधरी,मुकेश ठाकुर, मिथुन सिंह चक्रवर्ती, राजा कुमार,दीपक जायसवाल, मोहन सिंह, कुणाल जायसवाल सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए।इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने स्वर्गीय जित्तन प्रसाद जयसवाल के व्यक्तित्व को याद करते हुए कहा कि वे एक सरल, सहृदय और समाजसेवी व्यक्ति थे। सभी ने शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।परिवार की ओर से आए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया।

अखिल भारतीय विश्वकर्मा लोहार समाज की बैठक में संगठन विस्तार

हाजीपुर/एनएसबी। अखिल भारतीय विश्वकर्मा लोहार समाज की एक संगठन बैठक हाजीपुर के रामआशीष चौक स्थित प्रधान कार्यालय में आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष अंजू शर्मा ने की, जबकि संचालन जिला प्रधान महासचिव धर्मनाथ शर्मा द्वारा किया गया।



बैठक को संबोधित करते हुए संगठन के संस्थापक विद्या सागर शर्मा ने कहा कि यह बैठक समाज के आत्मसम्मान, एकता और उज्ज्वल भविष्य की नींव को मजबूत करने का एक ऐतिहासिक अवसर है। उन्होंने कहा भगवान विश्वकर्मा के वंशज होने के नाते हमें अपनी महान विरासत पर गर्व होना चाहिए। हमारे पूर्वजों ने अपने हुनर और श्रम से इस सृष्टि के निर्माण में अतुलनीय योगदान दिया है। हमारा संगठन यह संकल्प लेता है कि समाज का कोई भी व्यक्ति पीछे न छूटे। हमें अपनी छोटी-छोटी दूरियों को मिटाकर एकता के सूत्र में बंधना होगा। संगठन के राष्ट्रीय महासचिव संतोष शर्मा ने समाज को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान दौर प्रतिस्पर्धा का है। यदि समाज में सही स्थान प्राप्त करना है, तो 'संगठन की शक्ति' को पहचानना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि बिखराव से कमजोरी आती है और एकता ही ताकत है। समाज के सक्षम और प्रबुद्ध लोगों को गरीब व मेधावी बच्चों की पढ़ाई में मदद के लिए आगे आना चाहिए, ताकि शिक्षा और अधिकारों की जानकारी समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँच सके। बैठक के दौरान संगठन की मजबूती और विस्तार के लिए निम्नलिखित पदाधिकारियों के मनोनयन की घोषणा की गई। बैठक में भगवानपुर महिला प्रखंड उपाध्यक्ष चांदनी देवी, प्रो० बीके शर्मा, संजू शर्मा, अनीता देवी, प्रतिमा देवी, ज्योति कुमारी, कार्यालय प्रभारी मुकेश शर्मा, अखिलेश्वर शर्मा, तारा देवी सहित सैंकड़ो की संख्या में सांगठन के कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

रक्तदान शिविर का आयोजन, रक्त वीर से सम्मानित किए गए डॉ अरविंद

हाजीपुर/एनएसबी। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा श्री राम वंशज के द्वारा एवं विश्व लता फाउंडेशन हेल्पिंग हैण्ड ट्रस्ट के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान महावीर कैंसर हॉस्पिटल पटना एवं होमी भाभा कैंसर हॉस्पिटल रिसर्च सेंटर के द्वारा रक्तदान का कलेक्शन किया गया। उद्घाटन हाजीपुर के विधायक अवधेश प्रसाद सिंह, अशोक कुमार सिंह ,वार्ड पार्षद अरुण कुमार सिंह के द्वारा किया गया। विधायक अवधेश सिंह ने सभी रक्त वीरों को दिल की गहराई से आशीर्वाद दिए और कहा कि यह कार्य हर समय करें। इसके लिए



अरविन्द कुमार सिंह को रक्त वीर सम्मान से सम्मानित किए जिन्होंने इसके पहले 40 बार अपना रक्तदान कर चुके हैं । रक्तदान शिविर में 50 से ज्यादा संख्या के रक्त वीरों ने अपने रक्त को दान किया इसमें प्रदेश अध्यक्ष डॉ अमित कुमार सिंह , प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ अरविंद कुमार सिंह , विकास सिंह, ऋतुराज सिंह, प्रेम सिंह, अमित सिंह योग गुरु,जितेंद्र सिंह, संजय सिंह , कुमार अभिषेक, एमआईटी कॉलेज के प्रोफेसर डॉ रेखा सिंह, रोशन सिंह, अभिषेक कुमार सिंह ,अंकित सिंह , रोशन राजपूत, राजेश कुमार सिंह जैसे अनेकों ने अपना रक्तदान को दान किया।

संत जोसेफ स्कूल में दीपावली पर पटाखे जलाने की सावधानियों की दी गई जानकारी

महनार/एनएसबी। दीपावली के अवसर पर सुरक्षित तरीके से त्योहार मनाने और आगजनी की घटनाओं से बचाव को लेकर अम्बेडकर चौक स्थित महनार संत जोसेफ स्कूल में अग्नि सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महनार अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी अनिल कुमार सिंह और संतोष कुमार के नेतृत्व में अग्निशमन विभाग की टीम ने विद्यार्थियों को आग से बचाव और सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक उदयशंकर जायसवाल, विद्यालय के प्राचार्य श्रीकांत जायसवाल, उपप्राचार्य पंकज कुमार, ऋतिक सिंह और विवेक कुमार मिश्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान टीम ने बच्चों को आग लगने के संभावित कारणों और उससे बचाव के तरीकों की जानकारी दी। विद्यार्थियों को बताया गया कि दीपावली में पटाखे जलाते समय विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। पटाखे हमेशा खुले स्थान पर जलाएं और ज्वलनशील पदार्थों के आसपास आतिशबाजी करने से बचें। बच्चों को बड़ों की देखरेख में



ही पटाखे जलाने की सलाह दी गई। अग्निशमन कर्मियों ने आग लगने की स्थिति में घबराने के बजाय सूझबूझ से काम लेने, सुरक्षित स्थान पर जाने और तत्काल अग्निशमन विभाग को सूचना देने की जानकारी दी। साथ ही अग्निशमन उपकरणों के महत्व और उनके उपयोग के बारे में भी बताया।

गुरुकुल क्लासेज में मार्गदर्शक सम्मान समारोह का भव्य आयोजन

हाजीपुर/एनएसबी। गुरुकुल क्लासेज कृष्णापुरी अंजानपीर चौक बगमली हाजीपुर में मार्गदर्शक सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया।इस अवसर पर प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन टेस्ट सीरीज को लेकर विस्तृत कंप्यूटर लैब का उद्घाटन किया गया। लैब और हॉल का उद्घाटन वैशाली के माननीय विधायक सिद्धार्थ पटेल एवं हाजीपुर के माननीय विधायक अवधेश सिंह ने किया। वही, सभागार में कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन जिले के वरीय पुलिस अधीक्षक शुभांक मिश्रा के द्वारा किया गया ' कार्यक्रम के आरम्भ में विद्यालय के संस्थापक नवलेश कुमार , प्राचार्य संतोष कुमार , और उप प्राचार्य चन्दन कुमार ने दीप प्रज्वलन के उपरांत माननीय अतिथियों का स्वागत मोमेंटो और अंग वस्त्र देकर किया ' इस अवसर पर छात्राओं ने अतिथियों का स्वागत बुके और स्वागत गान से किया। अपने संवाद में माननीय विधायक अवधेश कुमार सिंह ने गुरुकुल टीम के द्वारा विकसित शिक्षण प्रणाली और उसके उपलब्धियों की सराहना की और हाजीपुर में स्थानीय स्तर



पर इंजीनियरिंग और मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं में यहाँ के छात्र / छात्राओं के सफलता पर प्रकाश डाला ' वैशाली विधायक माननीय सिद्धार्थ पटेल ने संसथान के प्रभारी श्री चन्दन कुमार की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए अपने व्यक्तिगत अनुभव को साझा किया और अपने बच्चे के शिक्षा में उनके सहयोग की तारीफ की। जिले के वरीय पुलिस अधीक्षक श्री शुभांक मिश्रा ने शिक्षा के महत्व और शिक्षक तथा शिक्षण संस्थानों का आधुनिक समाज के नव निर्माण में योगदान पर प्रकश डाला ' उनके संवाद की सहजता और उनके शिक्षा प्रेम आई आई टी प्रवेश एवं शिक्षा के अनुभव ने उपस्थित लोगों को अत्यंत ही प्रभावित किया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए संस्थान के प्राचार्य संतोष कुमार ने कार्यक्रम के उदेश्यों और संस्थान के स्थापना के मूल उदेश्यों पर प्रकाश डाला ' कार्यक्रम में आगंतुक मार्गदर्शकों ने ऐसे छात्र/छात्राओं का नाम मंच से गिनवाया जो यहाँ पढ़कर आज अच्छे अच्छे संस्थानों में पहुंच चुके है। विद्यालय के संस्थापक ने विशेष तौर पर जिक्र किया कि नव्य मानवतावादी शिक्षण में आध्यात्मिक शिक्षण ही समाज में व्याप्त कुरीतियों पर लगाम लगाकर लोगों के जी में सुख और आनंद का सृजन करेगा।

संक्षिप्त खबरें

भूमि विवाद में दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष, चाकूबाजी में किशोर समेत दो घायल

कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) जमीन के एक पुराने विवाद ने रविवार को हिंसक रूप ले लिया।विशंभरपुर थाना क्षेत्र के तिवारी मटिहनिया गांव में पुराने भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई।इस दौरान चाकूबाजी की घटना में एक किशोर समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई।घायलों की पहचान तिवारी मटिहनिया गांव निवासी सुदामा तिवारी और प्रिंस कुमार के रूप में हुई है।दोनों घायल को परिवार वालों ने आनन-फानन में इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुचायकोट ले गए।वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। सुदामा तिवारी की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया,जबकि किशोर प्रिंस कुमार का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हुआ।मिली जानकारी के अनुसार, सुदामा तिवारी का गांव के ही एक अन्य पक्ष के साथ जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था।रविवार को इसी विवाद को लेकर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए।पहले कहासुनी हुई, लेकिन कुछ ही देर में मामला बढ़कर मारपीट तक पहुंच गया।इसी दौरान एक पक्ष की ओर से चाकू से हमला कर दिया गया, जिसमें सुदामा तिवारी और प्रिंस कुमार घायल हो गए।घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।पुलिस दोनों पक्षों के बीच विवाद के कारणों और चाकूबाजी की घटना की जांच कर रही है।



विद्यालय का ताला तोड़ आठ क्विंटल चावल ले उड़े चोर

भंडार कक्ष से 16 बोरा चावल की चोरी, प्रधानाध्यापक ने थाने में दिया आवेदन

कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) थाना क्षेत्र में चोरों ने अब सरकारी विद्यालय को भी निशाना बनाना शुरू कर दिया है।बिंदवालिया गांव स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय के भंडार कक्ष का ताला तोड़कर चोरों ने करीब आठ क्विंटल चावल पर हाथ साफ कर दिया।चोरी की इस घटना से विद्यालय की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं।घटना शनिवार की रात की बताई जा रही है।रविवार की सुबह विद्यालय पहुंचने पर प्रधानाध्यापक अरविंद कुमार मिश्रा को भंडार कक्ष का ताला टूटा मिला। अंदर रखे चावल के 16 बोरे गायब थे।इसके बाद उन्होंने डायल 112 पर फोन कर घटना की सूचना दी।सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन की।प्रधानाध्यापक ने बताया कि शुक्रवार की शाम विद्यालय बंद करने के बाद सभी शिक्षक अपने-अपने घर चले गए थे।शनिवार की सुबह विद्यालय पहुंचने पर चोरी की जानकारी मिली। पुलिस टीम के निर्देश पर उन्होंने कुचायकोट थाने में लिखित आवेदन देकर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।पुलिस आवेदन के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

सेमरा बाजार के पास बाइक से 135 टैट्रा पैक शराब जब्त, तस्कर गिरफ्तार

कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) कुचायकोट गोपालपुर थाना क्षेत्र के सेमरा बाजार के पास रविवार को उत्पाद विभाग की टीम ने जांच के दौरान 135 पीस टेट्रा पैक शराब के साथ एक बाइक सवार तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार तस्कर की पहचान स्थानीय थाना के पुरखास जिलेबिया मोड़ निवासी नूर आलम अंसारी के रूप में की गई है।मिली जानकारी के अनुसार, उत्पाद विभाग की टीम सेमरा बाजार के पास वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान उत्तर प्रदेश की तरफ से आ रहे एक बाइक सवार को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के क्रम में उसकी बाइक से 135 टेट्रा पैक से (27 लीटर) देशी शराब बरामद की गई। इसके बाद टीम ने शराब और बाइक जब्त करते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। उत्पाद पुलिस ने आरोपित से पूछताछ करने के बाद उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर उसे आगे की कार्रवाई के लिए न्यायालय में भेज दिया।



दो बाइक से 281 लीटर शराब बरामद, तस्कर फरार

कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) कुचायकोट विशंभरपुर थाना क्षेत्र के सिपाया कृषि फार्म स्थित डाक बंगला के समीप पुलिस ने छापेमारी कर दो बाइक से 1406 टेट्रा पैक शराब बरामद की।बरामद शराब की कुल मात्रा 281.2 लीटर बताई गई है।हालांकि, पुलिस को देखकर दोनों बाइक सवार तस्कर अपनी बाइक छोड़कर मौके से फरार हो गए।पुलिस ने शराब के साथ दोनों बाइक को जब्त कर लिया है।मिली जानकारी के अनुसार, विशंभरपुर पुलिस की एक टीम सिपाया कृषि फार्म के पास वाहनों की जांच कर रही थी।इसी दौरान दो बाइक सवार पुलिस को जांच करते देख डाक बंगला के समीप अपनी बाइक छोड़कर फरार हो गए।पुलिस ने संदेह होने पर दोनों बाइक की तलाशी ली तो उनसे 1406 टेट्रा पैक शराब बरामद हुई।इसके बाद पुलिस ने शराब और दोनों बाइक को जब्त कर लिया।पुलिस फरार तस्करों की पहचान करने के लिए बाइक के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर वाहन मालिकों का पता लगा रही है।साथ ही उनकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है।



फुलवरिया थाना में बच्चों संग मनाया गया एकता दिवस, देखा गया सीधा प्रसारण

फुलवरिया (दैनिक नवसंदेश) फुलवरिया थाना परिसर में शनिवार की संध्या राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों और पुलिसकर्मियों ने एक साथ सीधा प्रसारण देखा। कार्यक्रम थानाध्यक्ष कुंदन कुमार की देखरेख में संपन्न हुआ। थाना परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में थाने के पुलिसकर्मी और क्षेत्र के छोटे-छोटे छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चों में राष्ट्रीय एकता और अखंडता का संदेश देने के लिए इस प्रसारण का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में अनन्या कुमारी, अंकुश कुमार, टुटुक कुमार, दिव्यांशु कुमार, कार्तिक कुमार और लालबाबू यादव सहित कई छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। पैकौली बद्दो पंचायत के सरपंच उपेन्द्र यादव के सौजन्य से बच्चों को थाना परिसर में लाया गया था। थानाध्यक्ष कुंदन कुमार ने बच्चों को सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन और राष्ट्रीय एकता में उनके योगदान के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि एकता दिवस हमें यह सिखाता है कि विविधता में भी हम एक हैं। बच्चों को देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने की सिख दी गई। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने भी प्रसारण को ध्यानपूर्वक देखा और सुना। बच्चों में कार्यक्रम को लेकर काफी उत्साह देखा गया। पुलिस और बच्चों के बीच इस तरह के आयोजन से आपसी जुड़ाव भी बढ़ता है। अंत में सभी बच्चों को जलपान कराया गया और थानाध्यक्ष ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



उ.म वि. कुचायकोट बनेगा आदर्श, उन्नत शिक्षा और आधुनिक सुविधाओं से होगा विकसित

उन्नत शिक्षा, उज्ज्वल भविष्य योजना के तहत जिला स्तरीय कमेटी ने किया चयन, प्रखंड में अब दो विद्यालय शामिल

कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) सरकारी विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने और विद्यार्थियों को आधुनिक शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में कुचायकोट प्रखंड को एक और उपलब्धि मिली है।प्रखंड मुख्यालय स्थित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुचायकोट का चयन सरस्वती विद्या निकेतन आदर्श विद्यालय के रूप में किया गया है।अब इस विद्यालय को उन्नत शिक्षा, उज्ज्वल भविष्य योजना के तहत आदर्श विद्यालय के रूप में विकसित किया जाएगा।इसके साथ ही प्रखंड में इस योजना के तहत चयनित विद्यालयों की संख्या बढ़कर दो हो गई है।इससे पहले उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोनहुला का चयन भी इस योजना के तहत किया जा चुका है।जानकारी के अनुसार, जिले में पूर्व से चयनित सरस्वती विद्या निकेतन के अतिरिक्त आठ अन्य माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों का चयन जिला स्तरीय कमेटी द्वारा किया गया है।चयनित विद्यालयों में बरौली प्रखंड के उच्च विद्यालय हलवार पिपरा और हाई स्कूल देवापुर, बैकुंठपुर प्रखंड के सीनियर सेकेंडरी स्कूल बनौरा एवं गांधुआ, सिधवलिया प्रखंड के सीनियर सेकेंडरी स्कूल झंझवा, उचकागांव प्रखंड के जयराम प्रसाद तिवारी उच्च विद्यालय दहीभाता, थावे प्रखंड के अपग्रेड हाई स्कूल लछवार तथा कुचायकोट प्रखंड का उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुचायकोट बालक शामिल है।विद्यालय के प्रधानाध्यापक संजय कुमार ने बताया कि सरस्वती विद्या निकेतन के रूप में चयनित होने से विद्यालय में शैक्षणिक वातावरण को और बेहतर बनाने का अवसर मिलेगा।इसके तहत छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर शैक्षणिक माहौल और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य किया जाएगा।उन्होंने कहा कि विद्यालय का चयन शिक्षकों और विद्यार्थियों के लिए उत्साहवर्धक है।इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है।



(उ0 म0 विद्यालय कुचायकोट)

कार्यकर्ता कनवेंशन में किसानों की समस्याओं पर हुई चर्चा

भोरे (दैनिक नवसंदेश) रविवार को भोरे पंचायत भवन परिसर में अखिल भारतीय किसान महासभा के बैनर तले भोरे, कटेया और विजयीपुर प्रखंडों के किसान कार्यकताओं का कन्वेंशन आयोजित किया गया। इसमें खाद की कालाबाजारी, धान खरीद, सिंचाई और किसानों की जमीन से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर 6 नवंबर को भोरे, कटेया और विजयीपुर प्रखंड मुख्यालयों पर धरना-प्रदर्शन आयोजित किए जाने का निर्णय लिया गया। किसान महासभा के जिला संयोजक रविन्द्र कुशवाहा ने कहा कि बाजार में 1350 रुपए की डीएपी खाद 1900 से 2000 रुपये तक में बेची जा रही है। खाद की कालाबाजारी के कारण आलू, मक्का और गेहूं की बुआई के समय किसानों को परेशानी हो रही है। उन्होंने सरकार से कालाबाजारी पर रोक लगाने की मांग की।हथुआ अनुमंडल संयोजक राघव प्रसाद ने धान खरीद केंद्र शीघ्र खोलने और उनपर सरकारी समर्थन मूल्य पर खरीद की गारंटी करने, किसानों को अपनी उपज का उचित मूल्य दिलवाने की मांग की।

डीएम ने शुरू कराई धान की खरीद

छोटे किसानों के निबंधन और अधिप्राप्ति में तेजी लाने का निर्देश, यादवपुर शुक्ल पैक्स में धान अधिप्राप्ति कार्य का शुभारंभ, 3 प्रखंडों में अब तक 4 किसानों से 123 क्विंटल धान की खरीद

गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश) जिले में खरीफ विपणन मौसम 2026-27 के तहत धान अधिप्राप्ति कार्य का शुभारंभ आज जिला पदाधिकारी समीर सौरभ की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर यादवपुर शुक्ल पैक्स में किसानों से धान की खरीद की गई। इस दौरान जिला पदाधिकारी ने पैक्स में किसानों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं एवं धान खरीद की व्यवस्था का निरीक्षण भी किया गया। इस अवसर पर डीएम ने संबंधित पदाधिकारियों एवं पैक्स प्रबंधकों को किसानों का निबंधन सुनिश्चित करने, विशेषकर छोटे किसानों को निबंधन के लिए प्रोत्साहित करने तथा निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप धान अधिप्राप्ति में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अधिकाधिक किसानों को अधिप्राप्ति व्यवस्था से जोड़ते हुए उन्हें उनकी उपज का उचित मूल्य उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने पैक्स के कॉम्पोजिट यूनिट का भी निरीक्षण किया तथा वहां उत्पादित जेपी गोल्ड तेल की गुणवत्ता नियंत्रण प्रक्रिया की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने उत्पाद की गुणवत्ता बनाए रखने के साथ उसके प्रचार-प्रसार एवं व्यावसायिक गतिविधियों को बढ़ावा देने का निर्देश दिया, ताकि पैक्स की आय में वृद्धि हो और किसानों को भी इसका लाभ मिल सके। उल्लेखनीय है कि जिले के अन्य पैक्सों में भी धान अधिप्राप्ति कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। सूचना प्रेषण तक जिले के 3 प्रखंडों में 4 किसानों से कुल 123 क्विंटल धान की खरीद की जा चुकी है। इनमें थावे प्रखंड का लक्ष्वार पैक्स भी शामिल है। शेष प्रखंडों में भी धान अधिप्राप्ति कार्य प्रारंभ करने की कार्रवाई की जा रही है। जिला पदाधिकारी ने धान अधिप्राप्ति कार्य में पारदर्शिता, सुगमता एवं तेजी सुनिश्चित करने पर बल देते हुए निर्देश दिया कि पात्र किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो तथा निर्धारित प्रक्रिया के तहत अधिकाधिक किसानों से धान की खरीद सुनिश्चित की जाए।


(फीता काट कर उद्घाटन करते डीएम)

नशा मुक्ति अभियान को जीविका दीदियों ने निकाली जागरूकता रैली

बैकुंठपुर प्रखंड के सभी संकुल संघों में परिचर्चा

संगीत एवं सामूहिक शपथ के माध्यम से दिया नशामुक्त समाज का संदेश

गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश) बिहार सरकार के निदेर्शानुसार संचालित नशा मुक्त बिहार अभियान के तहत आज जीविका, गोपालगंज एवं प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, गोपालगंज के संयुक्त तत्वावधान में बैकुंठपुर प्रखंड के सभी संकुल संघों में व्यापक नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जीविका दीदियों एवं ब्रह्माकुमारी संस्थान की बहनों ने संयुक्त रूप से प्रभात फेरी एवं जागरूकता रैली निकाली। हाथों में नशा मुक्ति से संबंधित संदेशों और नारों के साथ गांव-मोहल्लों का भ्रमण कर आमजनों को नशे से दूर रहने तथा समाज को व्यसनमुक्त बनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर आयोजित परिचर्चा में नशे के कारण परिवार, स्वास्थ्य एवं सामाजिक जीवन पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। वक्ताओं ने कहा कि जीविका दीदियों की सक्रिय भागीदारी से परिवार एवं समुदाय स्तर पर नशा मुक्ति के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सकती है। कार्यक्रम में संगीत एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से भी नशा मुक्ति का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित सभी जीविका दीदियों, कर्मियों एवं सदस्यों ने स्वयं नशे से दूर रहने तथा अपने परिवार और समाज को हर प्रकार के व्यसन से मुक्त रखने की सामूहिक शपथ ली। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जीविका दीदियां, ग्राम संगठन एवं संकुल स्तरीय कैडर, जीविका के जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी तथा मद्य निषेध विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।



श्रीपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, लग्जरी कार से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद

कार का दरवाजा खोलते ही उड़े पुलिस के होश

598.5 लीटर शराब की बड़ी खेप जब्त

फुलवरिया (दैनिक नवसंदेश) श्रीपुर पुलिस को शराब तस्करों के खिलाफ एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने एक गुप्त सूचना के आधार पर क्षेत्र के चैबे परसा चारमोहानी के समीप वाहन जांच के दौरान एक लग्जरी कार को जब्त कर भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की। हालांकि, कार्रवाई के दौरान पुलिस को चकमा देकर शराब तस्कर मौके से भागने में सफल रहे। पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर आगे की छानबीन शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि एक लग्जरी कार के माध्यम से अवैध शराब की बड़ी खेप ले जाई जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चैबे परसा चारमोहानी के पास सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इसी दौरान एक संदिग्ध लग्जरी कार आती दिखी। पुलिस को देखकर तस्करों ने चालाकी दिखाई और वाहन छोड़कर अंधेरे व अफरा-तफरी का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। पुलिस बल शराब से लदी लग्जरी कार को खींचकर श्रीपुर थाना परिसर ले आई। जब थाना परिसर में कार की तलाशी ली गई और उसे खोला गया, तो उसमें करीने से छिपाकर रखी गई 598।5 लीटर विदेशी शराब की खेप देखकर पुलिसकर्मी भी हैरान रह गए। इतनी बड़ी मात्रा में शराब की मौजूदगी ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं कि आखिर यह खेप कहां खपाने की योजना थी। फिलहाल पुलिस ने कार मालिक और फरार तस्करों के खिलाफ बिहार उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली है। पुलिस गाड़ी के नंबर व अन्य कागजातों के आधार पर वाहन मालिक का पता लगाने और फरार तस्करों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी कर रही है।



भोरे में साहित्यिक संगोष्ठी सह सम्मान समारोह आयोजित

डॉ जगदीश मिश्रा की पुस्तक मेघदूतम का हुआ विमोचन

भोरे (दैनिक नवसंदेश) स्थानीय प्रखंड मुख्यालय स्थित राजनारायण स्मारक प्रोजेक्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में रविवार को बौद्धिक विकास मंडल के तत्वावधान में एक गरिमामयी साहित्यिक संगोष्ठी सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस विचार गोष्ठी का मुख्य विषय विकसित भारत, हिंदी एवं लोक साहित्य रखा गया था। कार्यक्रम में साहित्य, शिक्षा और संस्कृति जगत से जुड़े कई गणमान्य विद्वानों व प्रबुद्धजनों का जुटान हुआ। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि गोरखपुर विश्वविद्यालय के पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. रामदेव शुक्ल, पूर्व प्राचार्य रमाशंकर सिंह, प्रो. बद्री नारायण सिंह और प्रो. डॉ. उदय शंकर पांडेय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इसके उपरांत सभी अतिथियों ने विद्यालय के संस्थापक स्व. लक्ष्मण खां की प्रतिमा पर श्रद्धापूर्वक माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इसके बाद विद्यालय की छात्राओं ने सुमधुर स्वर में सरस्वती वंदना और स्वागत गान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण के रूप में डॉ. जगदीश मिश्रा द्वारा रचित नई पुस्तक मेघदूतम का विधिवत विमोचन किया गया। विमोचन के बाद संगोष्ठी के मुख्य विषय पर वक्ताओं ने विस्तार से अपने विचार रखे। विद्वानों ने कहा कि भारत को एक विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित करने में हमारी मातृभाषा हिंदी और समृद्ध लोक साहित्य की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। लोक साहित्य हमारी सांस्कृतिक जड़ों को मजबूत करता है और आधुनिक पीढ़ी को अपनी परंपराओं से जोड़ता है। समारोह की अध्यक्षता पूर्व प्रधानाध्यापक अखिलेश्वर पांडेय ने की, जबकि मंच संचालन जितेंद्र द्विवेदी ने कुशलतापूर्वक किया। कार्यक्रम की शुरूआत में शत्रुघ्न गुप्ता ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया, वहीं बौद्धिक विकास मंडल के सचिव डॉ. मनकेश्वर दत्त राय ने संस्था का प्रतिवेदन पढ़कर सुनाया। इस अवसर पर डॉ. विजय प्रकाश त्रिपाठी, कवि संजय मिश्र संजय, सुभाष पांडेय, हरिहर प्रसाद कुंवर, गीता द्विवेदी, सदानंद तिवारी, माला त्रिपाठी मलांशी, पारस नाथ सिंह सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, छात्र-छात्राएं और स्थानीय साहित्यप्रेमी उपस्थित रहे।

भोरे में 18.50 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार, दो साथी फरार

भोरे (दैनिक नवसंदेश) भोरे थाना क्षेत्र अंतर्गत सिसई टोला रामनगर में पुलिस ने छापेमारी कर 18.50 ग्राम स्मैक जैसे मादक पदार्थ के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान सिसई टोला रामनगर निवासी धनंजय भगत के पुत्र आदर्श कुमार कुशवाहा के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, दिवा गश्ती के दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि सिसई टोला रामनगर स्थित बथान के समीप मादक पदार्थ की खरीद-बिक्री की जा रही है। सूचना मिलते ही भोरे थानाध्यक्ष रोहिणी उपाध्याय के नेतृत्व में पुलिस बल ने मौके पर पहुंचकर छापेमारी की। पुलिस टीम को देखते ही वहां मौजूद तीन लोग भागने लगे, जिनमें से जवानों ने घेराबंदी कर एक युवक को दबोच लिया, जबकि दो अन्य भागने में सफल रहे। मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में जब पकड़े गए युवक की तलाशी ली गई, तो उसकी हाफ पैंट की दाहिनी जेब से पॉलीथिन में रखा स्मैक जैसा पदार्थ मिला। इलेक्ट्रॉनिक तराजू से तौलने पर उसकी कुल मात्रा 18.50 ग्राम पाई गई।

बीपीएस कॉलेज में जी$4 भवन का मंत्री सुनील कुमार ने किया भूमिपूजन

कहा- आधुनिक तकनीक और किताबों से जुड़े छात्र

भोरे (दैनिक नवसंदेश) प्रखंड मुख्यालय स्थित बीपीएस कॉलेज परिसर में रविवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान 26.89 करोड़ की लागत से कॉलेज में बनने वाले अत्याधुनिक जी$4 (भूतल समेत चार मंजिला) नए भवन का विधिवत भूमिपूजन संपन्न हुआ। इस बहुमंजिला भवन में साइंस ब्लॉक, आधुनिक पुस्तकालय और प्रशासनिक कार्यालयों का निर्माण कराया जाएगा।

भवन का भूमिपूजन बिहार सरकार के ग्रामीण कार्य विभाग मंत्री सुनील कुमार ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना कर किया। इस मौके पर उनके साथ जयप्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा के कुलपति प्रो. परमेंद्र वाजपेयी, पूर्व प्राचार्य प्रो. (डॉ.) उदय शंकर पांडेय तथा वर्तमान प्राचार्य प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार सुमन मुख्य रूप से मौजूद रहे। भूमिपूजन के उपरांत उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि कॉलेज का बुनियादी ढांचा सुदृढ़ होने से क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को बेहतर शैक्षणिक माहौल मिलेगा। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा में सत्र को पूरी तरह नियमित करना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि आज का दौर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और डिजिटल लाइब्रेरी का है, लेकिन तकनीक के साथ-साथ किताबों का महत्व कभी कम नहीं हो सकता। उन्होंने कॉलेज प्रशासन को सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत आसपास के गांवों को गोद लेकर वहां शिक्षा व जागरूकता अभियान चलाने का भी आह्वान किया। समारोह को संबोधित करते हुए जयप्रकाश विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो। परमेंद्र वाजपेयी ने बीपीएस कॉलेज में लगातार हो रहे विकास कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में स्थित यह महाविद्यालय शिक्षा और अनुशासन के क्षेत्र में मिसाल पेश कर रहा है। नए साइंस ब्लॉक और लाइब्रेरी के बनने से विज्ञान के विद्यार्थियों और शोधार्थियों को काफी सहूलियत होगी। कार्यक्रम में अमित सिंह, चंद्रिका सिंह, हरेश सिंह, उप प्रमुख दीपू मिश्रा, जेडीयू प्रखंड अध्यक्ष विंदा कुशवाहा, नितेंद्र राय, अमित मिश्रा उर्फ भोला, कुंज बिहारी मिश्र, मुखिया विजय तिवारी, राजीव रंजन तिवारी, राजेंद्र द्विवेदी, विश्वरंजन स्वरूप पाठक, अरविंद सिंह, संतोष कुशवाहा, इकरामुद्दीन सिद्दीकी, सत्यम कुमार, चंदन यादव, अमरेंद्र तिवारी समेत कॉलेज के कई प्राध्यापक, कर्मी और स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित थे।


(भूमिपूजन करते मंत्री सुनील कुमार, कुलपति परमेंद्र वाजपेयी)